अधिकतम 19 डिग्री से.
न्यूनतम 07 डिग्री से.
सूर्योदय 7.19
सूर्यास्त 5.28
सोना 24 कैरेट: 1,40,170.00
चांदी (प्रति किलो): 2,40,000
सेंसेक्स : 85,041.45
अमेरिका : 89.83
कैनेडियन : 65.63
आस्ट्रेलिया : 60.22

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




बातों बातों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

अक्सर वही रिश्ते लाजवाब होते हैं, जो अहसानों से नहीं अहसासों से बने होते हैं।


वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 27 दिसंबर, 2025 | पौष शुक्ल पक्षः सप्तमी/अष्टमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 357 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### पंजाब कैबिनेट की बैठक 29 को

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब सरकार ने 29 तारीख को कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। मीटिंग दोपहर 12 बजे चंडीगढ स्थित सीएम आवास पर होगी। यह मीटिंग मनरेगा पर होने वाले स्पेशल सेशन से ठीक पहले बुलाया गया। वहीं, माना जा रहा है कि सेहत बीमा योजना को व विभिन्न विभागों में भर्ती संबंधी कई मुद्दों पर फैसला हो सकता है।

### पाक ने एलओसी पर तैनात किए एंटी-ड्रोन सिस्टम

**इस्लामाबाद (अप्रस)।** पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा कदम उठा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने एलओसी पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की हैं, जो कोटली-भिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं। इसका मकसद एलओसी के पास हवाई निगरानी और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता मजबूत करना है। दरअसल, स्पाइडर एंटी-ड्रोन सिस्टम रेडियो फ्रीक्वेंसी के जरिए ड्रोन का पता लगाता है और करीब 10 किलोमीटर तक छोटे ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन पहचान सकता है।

**शहीदी सभा के अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में माथा टेका**

# छोटे साहिबजादों की कुर्बानी ने मानवता को अन्याय, दमन और जुल्म के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी: सीएम मान

> कहा- पंजाब सरकार ने शहीदी सभा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए व्यापक प्रबंध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहगढ़ साहिब, 26 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार सुबह ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होकर माता गुजरी जी और छोटे साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह तथा बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा पंजाब इन दिनों को 'शोक के दिनों' के रूप में मनाता है, क्योंकि इन्हीं दिनों में अत्याचारी शासकों द्वारा छोटे साहिबज़ादों को जीवित ही दीवार में चिनवा दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस अद्वितीय और अनुपम कुर्बानी पर पूरी दुनिया को गर्व है, जो न केवल पंजाबियों और देशवासियों के लिए, बल्कि विश्व भर में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शहादत सभा के दौरान लगभग 50 लाख श्रद्धालु फतेहगढ़ साहिब पहुंचकर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये महान कुर्बानियां मानवता के इतिहास में बेमिसाल हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को ज़बर, ज़ुल्म और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की एक-एक इंच भूमि पवित्र है, इसी कारण बड़ी संख्या में लोग इस पावन स्थल पर नमन करने आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पवित्र धरती केवल सिखों के लिए ही नहीं, बल्कि समूची मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। बाबा ज़ोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की महान कुर्बानी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरात्मा की आवाज़ के अनुसार धर्म अपनाने के मानव अधिकार की रक्षा के लिए छोटे साहिबज़ादों द्वारा दी गई यह लासानी कुर्बानी मानव इतिहास की अद्वितीय घटना है। उन्होंने कहा कि सिख इतिहास में इस शहादत को 'नन्ही जानों का बड़ा साका' कहा जाता है। भले ही इस घटना को घटित हुए तीन शताब्दियों से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज भी समूचा सिख जगत इसकी पीड़ा को गहराई से महसूस करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने परमात्मा के समक्ष पंजाब की चढ़दी कला, सद्भावना, शांति और भाईचारे की साझी मूल्यों को और मजबूत करने की अरदास की है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि अकाल पुरख ने उन्हें राज्य की सेवा का अवसर प्रदान किया है। दुनिया भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि संगत के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, यातायात, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य इंतजाम व्यापक स्तर पर किए गए हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शहीदी सभा के अवसर पर संगत के लिए व्यवस्थाएं करना सरकार का प्रथम कर्तव्य है और इस नेक कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।



### श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहादत दिवस भी श्रद्धा से मनाया जा रहा है

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहादत दिवस भी अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब जी के शहादत दिवस के अवसर पर नवंबर माह में श्री आनंदपुर साहिब की पावन धरती से सिखों के तख्त साहिबानों से जुड़े तीन शहरों को पवित्र शहरों का दर्जा देने की घोषणा की गई थी। उन्होंने बताया कि अमृतसर शहर के आंतरिक क्षेत्र (वॉल्ड सिटी), तलवंडी साबो और श्री आनंदपुर साहिब को पवित्र शहरों का दर्जा देने के लिए अधिसूचना जारी कर इस निर्णय को लागू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया भर में बसे सिखों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। छोटे साहिबज़ादों की शहादत के दिवस को 'वीर बाल दिवस' नाम देने को लेकर उठे विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जब यह नाम रखने का फैसला लिया था तो शिरोमणि अकाली दल ने बाकायदा ट्वीट करके इसका समर्थन किया था परंतु संगत के विरोध के कारण इससे पीछे हट रहा है।

**गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में हरियाणा के मुख्यमंत्री हुए नतमस्तक**

# साहिबज़ादों का बलिदान आज भी समाज को संदेश देता है कि उम्र नहीं, बल्कि संकल्प ही इतिहास रचता: सीएम सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** इतिहास के सबसे करुण और प्रेरक अध्यायों में दर्ज साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब पहुंचे। यह वही पावन धरती है जहां धर्म, सत्य और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादों–बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी ने अल्पायु में ही सर्वोच्च बलिदान दिया। वीर बाल दिवस छोटे साहिबजादों को स्मरण करने और भावी पीढ़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा देने का महान दिवस है।

मुख्यमंत्री ने उस ऐतिहासिक स्थल पर माथा टेका, जहां अत्याचार के सामने झुकने से इनकार करने पर साहिबजादों को दीवार में चुनवा दिया गया था। मुख्यमंत्री ने नतमस्तक होकर बाल्यावस्था में ही प्रदर्शित की गई उस नैतिक दृढ़ता और आस्था को नमन किया, जिसने सम्पूर्ण मानवता को साहस और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। धर्म, आस्था व मानवता की सेवा का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री स्वयं गुरुद्वारा परिसर में सेवा भी की।

गुरुद्वारा परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच यह क्षण स्मरण कराता रहा कि वीरता केवल युद्ध भूमि में नहीं, बल्कि सत्य और विश्वास पर अडिग रहने में भी निहित होती है। साहिबजादों का बलिदान आज भी समाज को यह संदेश देता है कि उम्र नहीं, बल्कि संकल्प ही इतिहास रचता है। वीर बाल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री की यह श्रद्धांजलि उस सामूहिक चेतना को पुनः जागृत करती है, जो नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक मूल्यों, नैतिक साहस और मानवीय गरिमा से जोड़ने का कार्य करती है।



### गुरुद्वारा शहीद बाबा मोतीराम मेहरा में भी की अरदास

मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा शहीद बाबा मोतीराम मेहरा में पहुंचे और वहां माथा टेका और अरदास की। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादों—बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी—को सरहिंद के नवाब द्वारा ठंडे बुर्ज में कैद रखा गया था। ऐसे समय में बाबा मोतीराम मेहरा ने मानवता की आवाज़ को अपने अंतःकरण में सर्वोपरि रखा। कठोर प्रतिबंधों और मृत्यु के भय के बावजूद, बाबा मोतीराम मेहरा ने साहिबजादों को दूध की सेवा की। मुख्यमंत्री ने बाबा मोतीराम मेहरा के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह बलिदान केवल सिख इतिहास का अध्याय नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक शाश्वत संदेश है—कि सत्य और करुणा की राह पर चलने वाला व्यक्ति कभी पराजित नहीं होता। आज गुरुद्वारा शहीद बाबा मोतीराम मेहरा श्रद्धा और सम्मान का केंद्र है। यहाँ आने वाला हर श्रद्धालु उस निस्वार्थ सेवा को नमन करता है, जिसने यह सिखाया कि सच्चा धर्म दूसरों के दुख में सहभागी होना है। यह स्थल याद दिलाता है कि साहस तलवार से नहीं, बल्कि करुणा से जन्म लेता है।




**पंजाब-हरियाणा बार काउंसिल चुनावों का ऐलान**

# 17 मार्च को चंडीगढ़ तो 18 को हरियाणा के जिलों में होगी वोटिंग

> एसीएस सुमिता मिश्रा ने ली जिला उपायुक्तों की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** पंजाब-हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव मार्च-2026 में आयोजित किए जाएंगे। चंडीगढ़ में मतदान 17 मार्च को होगा, जबकि हरियाणा के विभिन्न जिलों में जिला स्तर पर चुनाव 18 मार्च को संपन्न होंगे। न्याय प्रशासन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने शुक्रवार को राज्य भर में चुनावों के सुचारू संचालन के लिए सभी उपायुक्तों को आवश्यक प्रशासनिक एवं लॉजिस्टिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बार काउंसिल के रिटर्निंग ऑफिसर ने मतदान प्रक्रिया की निगरानी एवं संचालन हेतु राजस्व विभाग के अधिकारियों की तैनाती का अनुरोध किया है। इसके लिए सभी उपायुक्तों को समयबद्ध तैनाती और समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए जाएंगे।

बार काउंसिल के चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष में आयोजित किए जाते हैं। राज्य प्रशासन ने निर्धारित कार्यक्रम और प्रक्रियाओं के सख्त पालन पर जोर देते हुए पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की बात कही है। सभी उपायुक्तों को मतदान कार्यक्रम की समय पर तैयारी, मतदाता सूचियों का संकलन, उपयुक्त मतदान केंद्रों की पहचान तथा आवश्यक बुनियादी ढांचे और सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा प्रबंधों, मतदाता सुविधा उपायों और मतदान प्रक्रिया की रियल-टाइम निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि किसी भी चुनौती का त्वरित समाधान किया जा सके। प्रशासन ने रिटर्निंग ऑफिसर को पूर्ण सहयोग प्रदान करने और प्रत्येक पात्र अधिवक्ता को अनुकूल वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

डॉ.सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा सरकार इस दायित्व को अत्यंत गंभीरता से ले रही है और चुनाव संचालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की बेहतरीन प्रशासनिक क्षमता और विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं के आयोजन का अनुभव बार काउंसिल चुनावों को दक्षता, पारदर्शिता और निष्पक्षता का आदर्श बनाने में सहायक होगा।






**जागरुकता**

**चिट्टे के विरुद्ध बिलासपुर में उमड़ा जन सैलाब**

# चिट्टा कोई साधारण नशा नहीं, बल्कि बच्चों की मुस्कान छीनने वाला जहर: सीएम

### कोटला बड़ोग पुनर्वास केंद्र के लिए जारी किए 20 करोड़ रुपए: सीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बिलासपुर। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन के तहत आज बिलासपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) से लुहणु मैदान तक आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन का नेतृत्व किया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसमें भारी संख्या में विद्यार्थी, जन प्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। पूरा बिलासपुर शहर चिट्टा विरोधी नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने वॉकथॉन आरम्भ होने से पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर में उपस्थित लोगों को चिट्टे और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ जागरूकता शपथ भी दिलाई।

लुहणु मैदान में उपस्थित जनसैलाब को सम्बोधित करते हुए श्री सुक्खू ने समाज के प्रत्येक वर्ग से चिट्टे के खिलाफ जन-आन्दोलन का हिस्सा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की चिट्टे के खिलाफ लड़ाई इसलिए है क्योंकि यह हमारे बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि समाज में बदलाव हमेशा युवाओं ने ही लाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस बार भी युवा ही हमारे साथ मिलकर हिमाचल को चिट्टे से मुक्त करेंगे।

श्री सुक्खू ने कहा कि चिट्टा कोई साधारण नशा नहीं है, बल्कि यह ऐसा जहर है, जो बच्चों की मुस्कान छीन लेता है और युवाओं के सपनों को जला देता है तथा परिवारों तथा समाज को तबाह कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ 15 नवंबर को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से चिट्टे के खिलाफ जन-आंदोलन की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में एंटी चिट्टा वालंटियर योजना आरम्भ करने जा रही है। इस योजना के तहत कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, एनसीसी, एनएसएस, युवा क्लबों और समाज के जागरूक युवाओं को एंटी-चिट्टा वॉलंटियर के रूप में जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें इस लड़ाई के खिलाफ योद्धा बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है और नशे के शिकार व्यक्तियों के लिए पुनर्वास पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला के कोटला बड़ोग में बन रहे पुनर्वास केंद्र के लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की कार्रवाई सिर्फ भाषणों, नारों और वॉकथॉन तक सीमित नहीं है बल्कि ठोस इरादों और परिणामों के साथ इसे धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 17 से 19 नवंबर को राज्यव्यापी नाका अभियान में 208 विशेष नाके, 27,982 वाहनों की गहन जांच, कई एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज तथा 33 गिरफ्तारियां की गई।



### मुख्यमंत्री ने बिलासपुर को 110 करोड़ रुपये की दी सौगात

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बिलासपुर जिले के अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बिलासपुर में लगभग 110 करोड़ रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर शहर के लिए 93.30 करोड़ रुपये की मल निकासी योजना के निर्माण कार्य तथा पुलिस लाइन बिलासपुर में 12.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले स्टाफ क्वार्टरों की आधारशिला रखी। उन्होंने पीएमकेकेकेवाई योजना के तहत बिलासपुर एवं घुमारवीं नगर क्षेत्र के लिए 4.38 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित सीसीटीवी मैट्रिक्स डीएमएफटी (नेत्रम सर्विलांस व क्राइम रिस्पोंस सेंटर) का उद्घाटन किया।

# *जेल विभाग पंजाब में सुधार, नवाचार और कैदी सशक्तिकरण का वर्ष रहा 2025 : लालजीत सिंह भुल्लर

कहा— बीते वर्ष के दौरान पंजाब की जेलों को स्वच्छ वातावरण से लेकर उच्च-तकनीकी सुरक्षा तक पुनर्परिभाषित किया गया

जेलों के लिए 126 करोड़ रुपये की लागत से एआई आधारित सीसीटीवी, एक्स-रे बैगेज स्कैनर आदि उपकरणों की खरीद प्रक्रिया जारी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** पंजाब जेल विभाग ने आज अपनी वर्ष-अंत उपलब्धि रिपोर्ट जारी करते हुए उन विभिन्न पहलों को उजागर किया, जिनके माध्यम से राज्य की सुधारात्मक संस्थाओं को पुनर्वास, स्थिरता और आधुनिक सुरक्षा के केंद्रों में परिवर्तित किया गया है।

पंजाब के जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पंजाब सरकार जेल विभाग के भीतर मानवीय दृष्टिकोण वाली पहलों का विस्तार करने, तकनीक के माध्यम से सुरक्षा को मजबूत करने तथा कैदियों को हुनरमंद बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चालू वर्ष के दौरान पंजाब की जेलों को स्वच्छ वातावरण से लेकर उच्च-तकनीकी सुरक्षा तक पुनर्परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें जीवन को दोबारा संवारने का अवसर देने पर रहा है।'

वर्ष 2025 की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी देते हुए लालजीत सिंह भुल्लर ने बताया कि कैदियों को खेल भावना और शारीरिक फिटनेस की ओर प्रेरित करने के लिए पंजाब जेल ओलंपिक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जेलों में पौधारोपण अभियान से कई स्थान हरियाली में तब्दील हुए हैं, जिससे ÷स्वच्छ और हरित÷ दृष्टिकोण को और मजबूती मिली है।

जेल मंत्री ने बताया कि जेलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए गोर्शियां कादरबख्श, लुधियाना में 100 करोड़ रुपये की लागत से नई उच्च-सुरक्षा जेल का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार मोहाली में 'जेल भवन' मुख्यालय का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

कैबिनेट मंत्री ने वर्ष 2025 की पहलों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में 815 वार्डर और 32 मैट्रन की भर्ती की जा चुकी है। इसके अलावा 175 वार्डर और 4 मैट्रन की भर्ती शीघ्र पूर्ण होने वाली है। साथ ही 13 डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ग्रेड-2, 29 सहायक सुपरिंटेंडेंट, 451 वार्डर और 20 मैट्रन की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है, जो जल्द ही पूरी हो जाएगी। इसके अतिरिक्त पेस्को के 509 अन्य कर्मचारियों की भर्ती की जा चुकी है और 359 और पेस्को कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र की जा रही है। इसके अलावा केंद्रीय जेल बठिंडा में सीआरपीएफ की एक और कंपनी तैनात कर दी गई है।

### 13 संवेदनशील जेलों में लगाए जा रहे हैं उच्च ऊर्जा जैमर

उन्होंने बताया कि चालू वर्ष के दौरान आधुनिक सुरक्षा उपकरण जैसे एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित सीसीटीवी, एक्स-रे बैगेज स्कैनर, बॉडी-वॉर्न कैमरे आदि, 126 करोड़ रुपये की लागत से जेलों के लिए खरीदे जा रहे हैं। जेलों में मोबाइल फोन के उपयोग को रोकने के लिए उच्च-ऊर्जा जैमर पंजाब की 13 संवेदनशील जेलों में लगाए जा रहे हैं।

### कैदियों द्वारा 9 पेट्रोल पंप संचालित किए गए

जेल मंत्री ने आगे बताया कि कैदियों द्वारा संचालित 9 पेट्रोल पंप लुधियाना, फिरोजपुर, होशियारपुर, पटियाला, नाभा, रोपड़, फाजिल्का, नई जेल नाभा और संगरूर में शुरू किए गए हैं। इसके अलावा आने वाले समय में 3 और पेट्रोल पंप चालू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब की जेलों में वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, ब्यूटीशियन, सिलाई आदि जैसे कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत 11 जेलों में आईटीआई खोलकर कोर्स शुरू किए गए हैं, जिनके माध्यम से लगभग 1016 बंदियों को प्रमाणित प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

# वीर बाल दिवस की तुलना में साहिबज़ादों का बलिदान दिवस छोटे साहिबज़ादों को सच्ची श्रद्धांजलि: अमन अरोड़ा

सिख संगत की भावनाओं के मद्देनजर पंजाब के मुख्यमंत्री और सांसद पहले ही नाम परिवर्तन की वकालत कर चुके हैं



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फ़तेहगढ़ साहिब, 26 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने शुक्रवार सायं कहा कि साहिबज़ादों का बलिदान दिवस नाम, वीर बाल दिवस की तुलना में छोटे साहिबज़ादों की अतुलनीय शहादत को स्मरण करने का कहीं अधिक उपयुक्त और मर्यादापूर्ण माध्यम है, क्योंकि यह सिख संगत की गहन भावनाओं के साथ पूर्णतः सामंजस्य रखता है।

अमन अरोड़ा ने सांसद मलविंदर सिंह कंग एवं गुरमीत सिंह 'मीत हेयर' के साथ गुरुद्वारा श्री फ़तेहगढ़ साहिब में माथा टेककर बाबा जोरावर सिंह जी, बाबा फ़तेह सिंह जी और माता गुजरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि साहिबज़ादों की शहादत विश्व इतिहास का एक अद्वितीय अध्याय है, जो धर्म, साहस और अडिग आस्था के सर्वोच्च आदर्शों को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान तथा सांसदों द्वारा भी वीर बाल दिवस का नाम बदलकर साहिबज़ादों का बलिदान दिवस किए जाने की आवश्यकता पर पहले ही स्पष्ट रूप से बल दिया जा चुका है, ताकि देश-विदेश में बसे सिख समुदाय की सामूहिक भावनाओं और धार्मिक संवेदनशीलता का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

अमन अरोड़ा ने कहा कि अत्यंत कम आयु में छोटे साहिबज़ादों द्वारा दी गई शहादत आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है तथा यह अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध दृढ़ता से खड़े रहने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह बलिदान गाथा सदैव राष्ट्र की सामूहिक चेतना में अंकित रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि फ़तेहगढ़ साहिब, सिख इतिहास का एक पवित्र स्थल होने के नाते, दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार द्वारा दी गई अतुलनीय कुर्बानियों की सतत स्मृति दिलाता है, जिनकी धर्मनिष्ठा, वीरता और निस्वार्थता की विरासत आज भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी मार्गदर्शन कर रही है। इस अवसर पर विधायक लखबीर सिंह राय, रुपिंदर सिंह हैप्पी और देविंदरजीत सिंह लाडी ढोस, पर्यटन विभाग के सलाहकार दीपक बाली तथा उपायुक्त डॉ. सोना थिंद भी उपस्थित थे।

# युद्ध नशों विरुद्ध': 300वें दिन 2.8 किलोग्राम हेरोइन सहित 84 नशा तस्कर किए काबू

'डी-एडिक्शन' के तहत 27 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया गया प्रेरित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए छेड़ी गई मुहिम ' युद्ध नशों विरुद्ध' को लगातार 300वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 327 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पूरे राज्य में 63 एफआईआर दर्ज कर 84 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 300 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 41,881 हो गई है। इस छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 2.8 किलोग्राम हेरोइन, 1 किलोग्राम अफीम, 518 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 8,890 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ इस मुहिम की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस अभियान के दौरान 64 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 900 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 327 छापे मारे। दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 360 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

राज्य सरकार द्वारा नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति–इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) लागू की गई है। इसी क्रम में पंजाब पुलिस ने 'डी-एडिक्शन' के तहत आज 27 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

## उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री की एमएसएमई के साथ बैठक

# कंपनियों ने पंजाब में निवेश और विस्तार योजनाओं की घोषणा की

पंजाब सरकार एम.एस.एम.ई. और निवेश के लिए राज्य को पसंदीदा गंतव्य बनाने हेतु निरंतर संवाद, समयबद्ध सुविधाएँ और उद्योग-अनुकूल सुधारों के लिए प्रतिबद्धः संजीव अरोड़ा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने आज एम.एस.एम.ई. (लघु, छोटे और मध्यम उद्यम) क्षेत्र पर केंद्रित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्यभर के एम.एस.एम.ई. के लिए सहायक, पारदर्शी और अनुकूल वातावरण सृजित करने के प्रति पंजाब सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने एम.एस.एम.ई. को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे उपायों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके अंतर्गत सुदृढ़ नीतिगत समर्थन, सरल एवं समयबद्ध नियामक प्रक्रियाएँ तथा 'इन्वेस्ट पंजाब' के माध्यम से परियोजनाओं को त्वरित मंज़ूरियाँ और उनके सुचारु क्रियान्वयन में सहायता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. पंजाब की औद्योगिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो रोजगार सृजन, नवाचार और संतुलित क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि सरकार उद्योग भागीदारों के साथ उनकी आवश्यकताओं और चुनौतियों को समझने के लिए निरंतर संपर्क में है और उद्यमों को प्रक्रियागत बाधाओं के बजाय विकास और उत्पादकता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने निरंतर संवाद, समय पर सुविधाएँ और उद्योग-पक्षीय सुधारों के माध्यम से एम.एस.एम.ई. के साथ मिलकर काम करने के राज्य सरकार के संकल्प को दोहराया, ताकि पंजाब उद्यम और निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बना रहे।

इस दौरान भागीदार कंपनियों के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार से जुड़ने के बाद अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए और अब तक प्रदान की गई सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने पंजाब में अपने भावी निवेश और विस्तार योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। इन कंपनियों ने ऑटो कंपोनेंट्स, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, कोल्ड चेन एवं कृषि-आधारभूत संरचना तथा नवीकरणीय ऊर्जा निर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 400 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावित निवेश की जानकारी दी। इन निवेशों से पंजाब के एम.एस.एम.ई. इकोसिस्टम को और मजबूती मिलेगी तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।


उल्लेखनीय है कि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित प्रतिनिधियों में लूथरा कोल्ड स्टोरेज से श्री राघव लूथरा एवं श्री डेनिस लूथरा, कोवा फास्टनर्स से श्री ऋषि गुप्ता, जय पार्वती फोर्ज से श्री एस.एस. चौहान, मोहाली लॉजिस्टिक्स से श्री हरवीर सिंह तथा रोशनी रिन्यूएबल्स एल.एल.पी. के निदेशक श्री जसपाल सिंह शामिल थे।

### कंपनी-वार निवेश प्रस्ताव

जय पार्वती फोर्ज (ऑटो कंपोनेंट्स), एस.ए.एस. नगर – ?300 करोड़ रुपए, कोवा फास्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड (ऑटो कंपोनेंट्स/फास्टनर), लुधियाना – 50 करोड़ रुपए, लूथरा कोल्ड स्टोरेज (कोल्ड चेन/एग्री-लॉजिस्टिक्स), लुधियाना – 10–12 करोड़ रुपए, मोहाली लॉजिस्टिक्स (वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स), एस.ए.एस. नगर – 10 करोड़ रुपए, रोशनी रिन्यूएबल्स एल.एल.पी. (नवीकरणीय ऊर्जा–सोलर मैन्युफैक्चरिंग), फतेहगढ़ साहिब – 100 करोड़ रुपए (चरण–I) तथा आगामी चरणों में 300 करोड़ रुपए।

# फॉर्च्यूनर कार जाली दस्तावेजों पर बेची, पुलिस ने किया मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 26 दिसंबर।** जीरकपुर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला फॉर्च्यूनर कार के जाली दस्तावेज तैयार कर उसे आगे बेचने से जुड़ा है। पीड़ित राकेश कुमार यादव निवासी शाही माजरा फेज-5 मोहाली ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी थी।

शिकायत के अनुसार राकेश कुमार यादव पेशे से प्रॉपर्टी डीलर हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में चंडीगढ़ स्थित एक ऑटोमोबाइल कंपनी से फॉर्च्यूनर कार खरीदी थी, जिसकी डाउन पेमेंट आठ लाख रुपये दी गई और शेष राशि का लोन लिया गया। कार पर अस्थायी नंबर लगा हुआ था, क्योंकि वह वीआईपी नंबर लेना चाहते थे।

जनवरी 2025 में पैसों की जरूरत पड़ने पर राकेश की मुलाकात प्रॉपर्टी कारोबारी शिव कुमार सूद से हुई। आरोप है कि शिव कुमार सूद ने 15 लाख रुपये देने के बदले कार को एक महीने के लिए गारंटी के तौर पर अपने पास रख लिया। इस दौरान पीड़ित से खाली आरसी ट्रांसफर फॉर्म पर हस्ताक्षर भी करवा लिए गए। बाद में न तो पूरी रकम दी गई और न ही कार वापस की गई।

अक्टूबर 2025 में पीड़ित को पता चला कि उसकी कार पर हिमाचल प्रदेश का स्थायी नंबर लग चुका है और कार को गाजियाबाद के एक मोटर डीलर के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया है। जांच में सामने आया कि जाली दस्तावेज तैयार कर कार का पंजीकरण करवाया गया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर शिव कुमार सूद, अनिल निवासी पंचकूला और गाजियाबाद के कार डीलर बिट्टू चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच जारी है और जांच के दौरान यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 04:00 PM ONWARDS — DATE:26/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 COLT FRIDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
B 97432

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
75438 76101 85193 85528 93870

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)
5779 9357

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
0485 3792 4560 6906 7797

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
1036 4108 5851 6499 8625

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
2163 2273 3238 3863 5425

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0050 | 0058 | 0071 | 0097 | 0105 | 0122 | 0148 | 0204 | 0220 | 0227 |
| 0252 | 0254 | 0258 | 0276 | 0278 | 0280 | 0284 | 0330 | 0385 | 0399 |
| 0412 | 0430 | 0435 | 0454 | 0462 | 0479 | 0487 | 0522 | 0531 | 0537 |
| 0553 | 0589 | 0627 | 0642 | 0646 | 0654 | 0660 | 0670 | 0690 | 0692 |
| 0695 | 0713 | 0739 | 0749 | 0754 | 0767 | 0785 | 0797 | 0798 | 0801 |
| 0804 | 0842 | 0870 | 0871 | 0888 | 0893 | 0937 | 0941 | 0951 | 0952 |
| 0964 | 0969 | 0995 | 0996 | 1003 | 1018 | 1063 | 1081 | 1114 | 1120 |
| 1121 | 1130 | 1170 | 1177 | 1178 | 1213 | 1216 | 1217 | 1234 | 1240 |
| 1271 | 1276 | 1287 | 1290 | 1295 | 1328 | 1341 | 1367 | 1369 | 1380 |
| 1396 | 1404 | 1444 | 1470 | 1510 | 1528 | 1529 | 1536 | 1539 | 1547 |
| 1569 | 1623 | 1635 | 1677 | 1706 | 1729 | 1731 | 1756 | 1758 | 1790 |
| 1829 | 1853 | 1892 | 1912 | 1927 | 1929 | 1991 | 2008 | 2015 | 2049 |
| 2087 | 2097 | 2112 | 2122 | 2126 | 2166 | 2178 | 2182 | 2195 | 2220 |
| 2245 | 2254 | 2262 | 2266 | 2270 | 2290 | 2321 | 2345 | 2359 | 2404 |
| 2416 | 2418 | 2419 | 2421 | 2434 | 2444 | 2456 | 2468 | 2469 | 2470 |
| 2516 | 2521 | 2538 | 2542 | 2544 | 2562 | 2592 | 2599 | 2652 | 2653 |
| 2684 | 2705 | 2714 | 2715 | 2719 | 2759 | 2766 | 2777 | 2784 | 2789 |
| 2810 | 2814 | 2843 | 2844 | 2855 | 2866 | 2868 | 2877 | 2880 | 2885 |
| 2903 | 2950 | 2952 | 2956 | 2975 | 3030 | 3039 | 3045 | 3057 | 3063 |
| 3073 | 3087 | 3092 | 3094 | 3099 | 3132 | 3138 | 3149 | 3155 | 3173 |
| 3191 | 3213 | 3214 | 3219 | 3234 | 3255 | 3274 | 3282 | 3293 | 3301 |
| 3308 | 3335 | 3358 | 3364 | 3366 | 3369 | 3370 | 3371 | 3374 | 3388 |
| 3399 | 3400 | 3424 | 3434 | 3461 | 3464 | 3465 | 3488 | 3526 | 3534 |
| 3541 | 3548 | 3561 | 3570 | 3604 | 3616 | 3622 | 3628 | 3630 | 3638 |
| 3680 | 3683 | 3691 | 3706 | 3711 | 3713 | 3721 | 3726 | 3728 | 3744 |
| 3752 | 3778 | 3782 | 3822 | 3826 | 3835 | 3847 | 3854 | 3876 | 3888 |
| 3890 | 3909 | 3914 | 3923 | 3930 | 3941 | 3956 | 3982 | 3985 | 3986 |
| 4017 | 4022 | 4032 | 4047 | 4064 | 4083 | 4084 | 4116 | 4161 | 4167 |
| 4199 | 4207 | 4220 | 4235 | 4245 | 4248 | 4249 | 4261 | 4285 | 4286 |
| 4308 | 4341 | 4353 | 4395 | 4441 | 4445 | 4474 | 4478 | 4484 | 4502 |
| 4505 | 4510 | 4511 | 4518 | 4530 | 4534 | 4547 | 4603 | 4610 | 4627 |
| 4629 | 4646 | 4649 | 4650 | 4708 | 4723 | 4733 | 4734 | 4756 | 4759 |
| 4767 | 4774 | 4778 | 4781 | 4795 | 4832 | 4850 | 4865 | 4883 | 4894 |
| 4897 | 4918 | 4923 | 4929 | 4955 | 4959 | 4975 | 4978 | 4994 | 5006 |
| 5023 | 5027 | 5033 | 5035 | 5037 | 5041 | 5047 | 5052 | 5063 | 5095 |
| 5099 | 5130 | 5131 | 5133 | 5139 | 5151 | 5164 | 5179 | 5193 | 5199 |
| 5200 | 5204 | 5207 | 5231 | 5241 | 5270 | 5273 | 5274 | 5281 | 5311 |
| 5320 | 5333 | 5338 | 5374 | 5427 | 5464 | 5485 | 5531 | 5533 | 5548 |
| 5557 | 5559 | 5581 | 5594 | 5611 | 5675 | 5678 | 5690 | 5719 | 5754 |
| 5758 | 5766 | 5789 | 5810 | 5815 | 5825 | 5827 | 5844 | 5863 | 5871 |
| 5882 | 5883 | 5884 | 5895 | 5898 | 5914 | 5928 | 5930 | 5954 | 5955 |
| 5966 | 5973 | 5975 | 5999 | 6005 | 6013 | 6038 | 6062 | 6063 | 6077 |
| 6080 | 6089 | 6104 | 6109 | 6115 | 6119 | 6135 | 6162 | 6165 | 6196 |
| 6207 | 6208 | 6218 | 6273 | 6281 | 6289 | 6294 | 6317 | 6320 | 6324 |
| 6339 | 6351 | 6372 | 6387 | 6396 | 6405 | 6406 | 6412 | 6424 | 6433 |
| 6440 | 6469 | 6490 | 6540 | 6542 | 6582 | 6592 | 6602 | 6610 | 6615 |
| 6635 | 6664 | 6670 | 6674 | 6680 | 6712 | 6733 | 6748 | 6768 | 6780 |
| 6788 | 6807 | 6813 | 6814 | 6829 | 6832 | 6854 | 6861 | 6868 | 6871 |
| 6890 | 6904 | 6916 | 6925 | 6927 | 6949 | 6951 | 6957 | 6996 | 7001 |
| 7005 | 7010 | 7021 | 7036 | 7039 | 7043 | 7053 | 7124 | 7137 | 7142 |
| 7161 | 7167 | 7168 | 7170 | 7183 | 7184 | 7192 | 7199 | 7209 | 7218 |
| 7223 | 7226 | 7234 | 7272 | 7323 | 7334 | 7356 | 7391 | 7396 | 7397 |
| 7418 | 7419 | 7427 | 7446 | 7461 | 7482 | 7491 | 7505 | 7507 | 7509 |
| 7530 | 7552 | 7575 | 7578 | 7583 | 7589 | 7629 | 7721 | 7730 | 7756 |
| 7768 | 7789 | 7798 | 7808 | 7809 | 7832 | 7836 | 7845 | 7897 | 7913 |
| 7916 | 7920 | 7926 | 7934 | 7939 | 7945 | 7966 | 7967 | 7974 | 7976 |
| 7979 | 7990 | 7992 | 8019 | 8025 | 8026 | 8028 | 8030 | 8038 | 8042 |
| 8092 | 8102 | 8106 | 8133 | 8140 | 8152 | 8172 | 8194 | 8230 | 8232 |
| 8243 | 8300 | 8312 | 8322 | 8336 | 8341 | 8345 | 8346 | 8349 | 8355 |
| 8357 | 8381 | 8389 | 8403 | 8404 | 8405 | 8424 | 8435 | 8437 | 8463 |
| 8465 | 8492 | 8497 | 8541 | 8546 | 8555 | 8573 | 8577 | 8619 | 8662 |
| 8675 | 8717 | 8733 | 8755 | 8757 | 8763 | 8764 | 8775 | 8806 | 8819 |
| 8832 | 8855 | 8856 | 8928 | 8951 | 8954 | 8964 | 8967 | 8987 | 9001 |
| 9015 | 9024 | 9033 | 9047 | 9055 | 9056 | 9083 | 9119 | 9125 | 9128 |
| 9196 | 9234 | 9243 | 9252 | 9257 | 9262 | 9266 | 9269 | 9283 | 9303 |
| 9323 | 9337 | 9347 | 9350 | 9358 | 9364 | 9369 | 9408 | 9409 | 9411 |
| 9433 | 9478 | 9499 | 9500 | 9511 | 9520 | 9521 | 9522 | 9554 | 9555 |
| 9565 | 9585 | 9586 | 9615 | 9618 | 9626 | 9715 | 9716 | 9720 | 9729 |
| 9736 | 9737 | 9755 | 9758 | 9779 | 9786 | 9796 | 9804 | 9811 | 9821 |
| 9834 | 9857 | 9862 | 9872 | 9883 | 9936 | 9942 | 9946 | 9962 | 9991 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# 314 करोड़ की सहायता से अनाथ एवं आश्रित बच्चों का भविष्य मजबूत: डॉ. बलजीत कौर

2.37 लाख बच्चों को मिली आर्थिक सुरक्षा

बच्चों की भलाई मान सरकार की पहली प्राथमिकता



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के हर वर्ग की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी के तहत आश्रित एवं अनाथ बच्चों के सुरक्षित, सम्मानजनक और सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा अब तक राज्य के आश्रित एवं अनाथ बच्चों के लिए 314.22 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की जा चुकी है, जिससे हजारों बच्चों के जीवन में सुरक्षा और स्थिरता आई है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत राज्य के 2 लाख 37 हजार 406 आश्रित एवं अनाथ बच्चों को नियमित वित्तीय सहायता दी जा रही है, ताकि ये बच्चे आर्थिक सहारे के साथ शिक्षा प्राप्त कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ सकें।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि आश्रित एवं अनाथ बच्चे केवल सरकारी आंकड़े नहीं हैं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा कि मान सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी बच्चा मजबूरी, उपेक्षा या आर्थिक कमजोरी के कारण अपनी पढ़ाई और सपनों से वंचित न रहे। पंजाब सरकार हर ऐसे बच्चे के साथ संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ खड़ी है।

कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि इस योजना का लाभ वे बच्चे ले सकते हैं जिनकी आयु 21 वर्ष से कम है और जिनके माता-पिता या तो दोनों नहीं रहे, या दोनों घर से अनुपस्थित हैं, या शारीरिक एवं मानसिक रूप से अक्षम होने के कारण परिवार की देखभाल करने में असमर्थ हैं।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मान सरकार की यह पहल केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के हर बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुनहरे भविष्य की ओर ले जाने की स्पष्ट और दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# स्कूटी सवार दो बदमाशों ने पैदल ड्यूटी पर जा रही युवती का पर्स छीनने का किया प्रयास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर, 26 दिसंबर।** बलटाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह झपटमारी की कोशिश को एक युवती की हिम्मत और राहगीरों की मुस्तैदी ने नाकाम कर दिया। स्कूटी सवार दो बदमाशों ने पैदल ड्यूटी पर जा रही युवती का पर्स छीनने का प्रयास किया, लेकिन एक आरोपी मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया।

दफरपुर गांव निवासी 23 वर्षीय मीनाक्षी बलटाना के सैनी विहार स्थित एक कंपनी में अकाउंटेंट है। वह शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे पैदल ड्यूटी पर जा रही थी। जैसे ही वह वेडिंग रिसॉर्ट के पास पहुंची, पीछे से आए स्कूटी सवार दो युवकों ने पर्स छीनने के लिए झपट्टा मारा।

मीनाक्षी ने साहस दिखाते हुए पर्स को मजबूती से पकड़ लिया। इस दौरान स्कूटी चालक ने रफ्तार बढ़ा दी, जिससे मीनाक्षी संतुलन बिगड़ने पर सड़क पर गिर गई और उसके घुटने में गंभीर चोट आई। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की। धक्का-मुक्की के बीच एक बदमाश भागने में सफल रहा, जबकि दूसरे को लोगों ने दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोशन लाल निवासी भबात के रूप में हुई है। उसने फरार साथी का नाम शंकर बताया है।

# उत्तराखंड के राज्यपाल ने वीर बाल दिवस को समर्पित हरप्रीत संधू की साहित्यिक चित्रकला का किया लोकार्पण

फ़तेहगढ़ साहिब स्थित छोटे साहिबज़ादों की अतुलनीय शहादत से जुड़े पवित्र ऐतिहासिक गुरुधामों को दर्शाने वाला यह ब्रोशर राज्य सूचना आयुक्त, पंजाब हरप्रीत संधू द्वारा तैयार किया गया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/देहरादून, 26 दिसंबर।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने आज छोटे साहिबज़ादों बाबा ज़ोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी तथा गुरु गोबिंद सिंह जी की पूजनीय माता माता गुजरी जी की अतुलनीय शहादत की पवित्र स्मृति में लोक भवन, देहरादून में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह के दौरान वीर बाल दिवस को समर्पित एक साहित्यिक चित्रकला ब्रोशर का लोकार्पण किया।

यह ब्रोशर राज्य सूचना आयुक्त, पंजाब हरप्रीत संधू द्वारा तीन पवित्र गुरुधामों की आध्यात्मिक गरिमा और ऐतिहासिक महत्त्व को दर्शाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। ब्रोशर में फ़तेहगढ़ साहिब, पंजाब में स्थित उन तीन ऐतिहासिक गुरुधामों को दर्शाया गया है–गुरुद्वारा ठंडा बुर्ज, जहाँ माता गुजरी जी और छोटे साहिबज़ादों को वर्ष 1705 में शहादत से पूर्व भीषण ठंड में रखा गया; गुरुद्वारा फ़तेहगढ़ साहिब, जहाँ छोटे साहिबज़ादों बाबा ज़ोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी को ज़िंदा दीवार में चुनवाकर शहीद किया गया; तथा गुरुद्वारा जोती स्वरूप, जहाँ छोटे साहिबज़ादों और माता गुजरी जी का शहादत उपरांत अंतिम संस्कार किया गया। ये तीनों गुरुधाम फतेह गढ़ साहिब, पंजाब में सशोभित हैं।

इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त, पंजाब हरप्रीत संधू द्वारा उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को ÷गुरु तेग़ बहादुर साहिब की आध्यात्मिक यात्रा÷ शीर्षक से धार्मिक विरासत पर आधारित एक पुस्तक भेंट की गई। साथ ही गुरु तेग़ बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित एक दस्तावेज़ी फ़िल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें नौवें सिख गुरु के जन्म से लेकर शहादत तक की ऐतिहासिक यात्रा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया।

उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने छोटे साहिबज़ादों और गुरु तेग़ बहादुर साहिब की शहादत से जुड़ी ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत से उत्तराखंड के विभिन्न समुदायों को परिचित कराने हेतु राज्य सूचना आयुक्त, पंजाब हरप्रीत संधू द्वारा की गई इस सराहनीय और दूरदर्शी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# हरियाणा विधानसभा में शीतकालीन सत्र के गवाह बने 588 विद्यार्थी

## 23 घंटे चली शीतकालीन सत्र की कार्यवाही, स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने जारी की रिपोर्ट

सत्र में कुल 16 विधेयक हुए पारित, 74 विधायकों ने रखी अपनी बात

शून्यकाल में कांग्रेस के सर्वाधिक विधायक बोले

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदेश की जनता से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई तथा 16 विधेयक पारित किये गए। शुक्रवार को चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने शीतकालीन सत्र पर रिपोर्ट जारी की।

उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान चुनाव सुधार से उत्पन्न हुई स्थिति और वंदे मातरम् जैसे राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। तीन दिन में आयोजित 4 बैठकों में कुल 23 घंटे 45 मिनट कार्यवाही चली, जिसकी कार्य उत्पादकता 100 प्रतिशत से अधिक रही। सत्र के दौरान सभी 74 विधायकों ने शिरकत की, इसमें मुख्यमंत्री, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मंत्रियों की संख्या अलग से है।

18 से 22 दिसंबर तक चले सत्र के दौरान विधायकों की सक्रियता दिखाई दी। विधायकों की ओर से अध्यादेशों को निरस्त करने तथा संशोधन के नोटिस प्राप्त हुए। विपक्ष की ओर से उठाए गए प्रत्येक विषय पर किसी न किसी रूप में चर्चा की गई। सत्र का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ तथा समापन राज्य गीत और राष्ट्र गीत के साथ हुआ।

विस अध्यक्ष ने बताया कि शून्यकाल की कार्यवाही तीन दिन रही जो 3 घंटे 18 मिनट चली। इस कार्यवाही में 70 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिनमें कांग्रेस के 33 सदस्य 94 मिनट तक बोले। भाजपा के 32 सदस्यों ने 91 मिनट तक अपनी बात रखी, इनेलो के 2 सदस्यों ने 6 मिनट तथा तीन निर्दलीय विधायकों ने 7 मिनट तक बात रखी।

तीन दिन में प्रश्नकाल के दौरान 81 तारांकित प्रश्न स्वीकृत किए गए जिनमे से ड्रा की प्रक्रिया के बाद 47 प्रश्नों के मौखिक जवाब कार्यवाही के दौरान दिए गए। इनमें कांग्रेस के 22, भाजपा के 14, इनेलो के 2 तथा 2 निर्दलीय विधायकों के प्रश्न थे। वहीं, 30 अतारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए जिनके जवाब सदन पटल पर दिए गए।

कांग्रेस के 33 विधायकों की ओर से नियम 65 के तहत प्रदेश सरकार के विरुद्ध अनेक विषयों पर आधारित अविश्वास प्रस्ताव आया। इस प्रस्ताव पर 19 दिसंबर को चार घंटे 40 मिनट चर्चा चली इसमें 17 विधायकों ने भाग लिया। कांग्रेस के 8 विधायकों ने 87 मिनट तक विस्तार से अपनी बात रखी। भाजपा के 6 सदस्य 69 मिनट बोले जबकि सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 109 मिनट में जवाब दिया। इनेलो के 2 सदस्य 15 मिनट बोले।

इनेलो की तरफ से एक ध्यानाकर्षण सूचना को स्वीकार किया गया। प्रदेश के स्कूलों/ प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित शिक्षकों/अनुदेशकों की कमी बारे इस नोटिस पर 18 दिसंबर को चर्चा की गई। नेता प्रतिपक्ष के रूप में भूपेंद्र हुड्डा की नियुक्ति उपरांत विधान सभा में मान्यता मिलने की सूचना भी सदन में दी गई।

संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा की ओर से 18 दिसंबर को पेश किए गए सरकारी प्रस्ताव में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में चर्चा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के स्वीकार करने पर उसी दिन इस पर विस्तृत चर्चा करवाई। भाजपा विधायक घनश्याम दास और योगेन्द्र राणा की ओर से नियम 84 के तहत प्रस्तुत प्रस्ताव में 'राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम' पर तथा भाजपा मुख्य सचेतक राम कुमार कश्यप और विधायक योगेन्द्र राणा की ओर से 'मतदाता सूची बनाने से संबंधित चल रहे चुनाव सुधारों से उत्पन्न स्थिति' पर क्रमश- 19 और 22 दिसंबर को चर्चा हुई। इन चुनाव सुधारों से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के दौरान कांग्रेस ने सदन का बहिष्कार किया। इस मामले में संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा की ओर से प्रस्तुत निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। सत्र के दौरान कुल 1058 दर्शक विधान सभा देखने पहुंचे, जिनमें 588 विद्यार्थी, 201 स्पीकर गैलरी और 269 दर्शक दीर्घा में थे।

## योगी सरकार की तर्ज़ पर नायब सरकार भी किसानों को 6 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दे: राजीव आर्य

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 26 दिसंबर।** युवा भाकियू हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने हरियाणा की नायब सरकार से मांग की है कि यूपी सरकार की तर्ज पर अब हरियाणा में भी किसानों को सस्ती दरों पर कृषि ऋण मुहैया करवाया जाए। हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु एवं सीमांत किसानों को बड़ी सौगात देते हुए उनके लिए कृषि ऋण की ब्याज दर घटाकर मात्र 6 प्रतिशत करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह ऋण मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत भूमि विकास बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि शेष ब्याज का भार राज्य सरकार स्वयं वहन करेगी। कस्बे में बातचीत करते हुए किसान नेता राजीव आर्य ने कहा कि योगी सरकार का यह फैसला किसानों के हित में एक ऐतिहासिक कदम है। सरकार का उद्देश्य किसानों को साहूकारों और महंगे निजी ऋण से मुक्ति दिलाना तथा खेती को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। इस निर्णय से खास तौर पर छोटे और सीमांत किसानों को राहत मिलेगी, जो सीमित संसाधनों में खेती करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में अब हरियाणा में भी नायब सरकार से ऐसी ही पहल करने की मांग की जा रही है। जिस प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के प्रति संवेदनशीलता दिखा रही है, उसी तरह हरियाणा सरकार को भी अपने किसानों के प्रति भरोसा जताना चाहिए। हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा खेती पर निर्भर है। बढ़ती लागत, खाद-बीज और डीज़ल के दामों के बीच सस्ते ऋण की सुविधा किसानों के लिए बेहद जरूरी हो गई है। युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने कहा कि यदि हरियाणा सरकार भी किसानों को 6 प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराती है, तो इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि राज्य की कृषि उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। किसान नेता राजीव आर्य का कहना है कि योगी सरकार का यह मॉडल हरियाणा के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि सैनी सरकार किसानों की इस मांग पर क्या रुख अपनाती है और क्या हरियाणा के किसानों को भी जल्द कोई बड़ा तोहफ़ा मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाविप ने दो स्कूलों के 150 बच्चें को बांटी गर्म जर्सियां: नवीन




**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** भारत विकास परिषद शाखा लाडवा ने भीषण सर्दी को देखते हुए शुक्रवार को लाडवा के दो सरकारी स्कूलों में जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जर्सी वितरण कार्यक्रम में परिषद द्वारा दोनों स्कूलों के गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को गर्म जर्सियां दी गई। यह जानकारी प्रकल्प प्रमुख नवीन गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोट एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला मेहरा में जर्सी वितरण किया गया। इन दोनों स्कूलों के करीब 150 गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को गर्म जर्सियां वितरित की गई, ताकि उनको स्कूल में पढ़ाई करते समय कोई दिक्कत न आए। स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर स्कूल प्रशासन की और से परिषद सदस्यों का स्वागत किया तथा इस नेक कार्य के लिए संस्था के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। परिषद के अध्यक्ष अमन गोयल ने परिषद की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा विद्यालय प्रशासन को भरोसा दिया कि आगे भी जरूरत के समय हम मदद के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर सचिव संजीव मंगला, लवीश गोयल, रमित गर्ग, पंकज गोयल, दीपक सोनी सहित स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

### वीर बाल दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, रोहतक द्वारा संचालित आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को देश के महान बलिदानियों के जीवन, त्याग और राष्ट्रभक्ति से अवगत कराना रहा। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 200 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक समझ का परिचय दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीना गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में चारों साहिबजादों एवं माता गुजरी कौर के जीवन, बलिदान और साहस से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इन प्रश्नों के माध्यम से छात्राओं के ज्ञान के साथ-साथ उनके चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में कक्षावार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को शीघ्र ही सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर आर्य समाज नरवाना के प्रधान चंद्रकांत आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि चारों साहिबजादों की शहादत राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उनका बलिदान देशभक्ति, साहस और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को ऐसे ऐतिहासिक प्रसंगों से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझ सकें। चंद्रकांत आर्य ने आगे बताया कि आर्य समाज नरवाना द्वारा काकोरी कांड के शहीदों, शहीद उधम सिंह तथा चारों साहिबजादों की शहादत को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से शहीदी सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस दौरान विभिन्न जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।

## बाल साहिबजादों व शहीद उधम सिंह का जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्रोत: बेनीवाल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 26 दिसंबर।** जाट बीएड कॉलेज में वीर बाल दिवस व शहीद उधम सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनीवाल ने समस्त कार्यकारिणी के साथ शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह ढिल्लों व समस्त स्टाफ सदस्यों ने प्रबंधन समिति का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि छोटी सी आयु में अपने प्राणों का बलिदान देना कोई छोटी बात नहीं है। इसके साथ-साथ उन्होंने शहीद उधम सिंह की जन्म जयंती पर उन्हें भी स्मरण किया और कहा कि देश को आजादी दिलाने में शहीद उधम सिंह ने जो योगदान दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता। प्राचार्य डॉ दिनेश ढिल्लों ने भी शहादत दिवस पर वीर बाल शहीदों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने बताया कि जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला जनरल डायर को उसी के देश में जाकर हत्या कर लिया। प्राध्यापक चंद्र प्रकाश ने साहिबजादों के बलिदान पर विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में अंजू ढुल, राजेश ढुल व मोनिका ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाईटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन व कार्यकारिणी सदस्य सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, दलबीर कैरों, महावीर राविश, महावीर कुंडू, कुलदीप सिंह, विक्रम सोंगल, रजत रापडिया, जसवीर मानस, राजपाल गुहणा, सनी चौशाला, स्वतंत्र पाल सिंह, कॉलेज स्टाफ सदस्य वीरेंद्र कुंडू, सिकंदर, धीरज कुमार, सुरेंद्र सिह आदि उपस्थित रहे।

## पाइट कॉलेज में सरताज के गीतों से होगा नए साल का आगाज 30 को

**पानीपत (अप्रस/मनदीप कुमार)।** नए बरस 2026 का स्वागत सतिंदर सिंह सरताज के रूहानी गीतों से होगा। गायक, गीतकार, कवि एवं अभिनेता सतिंदर सिंह सरताज पानीपत में हेरिटेज इंडिया टूर पर आ रहे हैं। 30 दिसंबर को शाम सात बजे समालखा में पानीपत इंस?टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक?नॉलोजी के ग्राउंड में सतिंदर सिंह सरताज के गीतों की शाम सजेगी। फ?िरदौस प्रोडक?शन कंपनी के मार्केटिंग हेड अभिषेक गर्ग ने बताया कि सतिंदर सिंह सरताज के प्रशंसक दुनियाभर में हैं। हाल ही में हरियाणा के मुख?यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरताज के साथ उनका गीत हिंद की चादर सुना था। इस गीत को यूट्यूब पर अब तक 27 मिलियन से अधिक लोग देख और सुन चुके हैं। सतिंदर सिंह सरताज हेरिटेज इंडिया टूर कर रहे हैं। देश के अलग-अलग राज्यों के जिलों में वह अपने गीतों से प्रशंसकों का दिल जीत रहे हैं। पानीपत में आने से पहले 28 दिसंबर को दुबई में उनकी आवाज गूंजेगी। पानीपत के बाद 31 दिसंबर को चंडीगढ़ में अपने गीतों से हजारों लोगों को सराबोर करेंगे।

## ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास को नई उड़ान: महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 26 दिसंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहजादपुर में खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शहजादपुर विनीत सूद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे न केवल महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी कर पाती हैं।

प्रतियोगिता में विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया-

300 मीटर दौड़ में मुस्कान (बनौदी) प्रथम, नाजिया (बनौदी) द्वितीय तथा मन्नू (बनौदी) तृतीय स्थान पर रहीं।

400 मीटर दौड़ में स्नेहा (जटवाड़) प्रथम, टीना (पतरेहड़ी) द्वितीय एवं सुमन (बड़ी बस्सी) तृतीय स्थान पर रहीं।

साइकिल रेस में गुरमीत (खुर्द) ने प्रथम, गुलशन (रछेड़ी) ने द्वितीय तथा शिवानी (घडोली) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर चाल में मंजू (चतान) प्रथम, निरु (पतरेहड़ी) द्वितीय एवं ममता (चतान) तृतीय स्थान पर रहीं।

डिस्कस थ्रो में निरु (पतरेहड़ी) प्रथम, परमजीत (चतान) द्वितीय तथा रूपा (चतान) तृतीय स्थान पर रहीं।

म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में परमजीत (चतान) प्रथम, निरु (पतरेहड़ी) द्वितीय एवं रेखा (गणेशपुर) तृतीय स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुपरवाइजर अरविंदर कौर, मनप्रीत कौर तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। पीटीआई राजकुमार (खानपुर ब्राह्मण) नरेश तथा संदीप सिंह (डीपीई) ने रेफरी की भूमिका निभाई।

इस अवसर पर सीएचसी शहजादपुर से खुशबू एवं अमित राणा सहित आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर उपस्थित रहीं।

## जब इंदिराजी ने अटल जी की सभा को विफल करने के लिए बाबी फिल्म दूरदर्शन पर चलाई थी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 26 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जिले में सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन आदर्शों को याद किया गया। अटल पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री से जुड़े दो किस्सों का भी वर्णन किया। जिसमें एक आपातकाल से जुड़ा था तो दूसरा राजस्थान के मंच से। आपातकाल का दौर लोकतंत्र के लिए सबसे कठिन समय रहा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मीडिया के साथ बातचीत में आपातकाल के समय का एक किस्सा साझा किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान सरकार का पूरा शिकंजा था। उस समय न आम लोगों को बोलने की आजादी थी और न ही मीडिया को स्वतंत्रता। उन्होंने बताया कि, पांच साल के कार्यकाल की बजाय छह साल का कार्यकाल कर दिया गया था। उस दौर में तत्कालीनतत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को यह गलतफहमी हो गई थी कि अब उनका कुछ भी नहीं बिगड़ेगा। बाद में किसी दबाव में आकर आपातकाल की समाप्ति की घोषणा कर दी गई। रामलीला मैदान की ऐतिहासिक सभा का जिक्रमनोहर लाल ने बताया कि आपातकाल समाप्त होने के बाद चुनाव से पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी सभा बुलाई गई थी, जिसके वह स्वयं प्रत्यक्षदर्शी थे। उस समय वह बहुत अधिक सक्रिय नहीं थे, लेकिन सभा का दृश्य आज भी स्मरण में है। उस सभा में जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी सहित देश के बड़े-बड़े नेता एकत्रित हुए थे। सरकार ने लोगों को सभा में शामिल होने से रोकने के लिए हर तरफ अवरोधन कर दिए थे, लेकिन इसके बावजूद लोग लगातार सभा स्थल की ओर बढ़ रहे थे।केंद्रीय मंत्री ने बताया कि शाम के समय लोगों को सभा में जाने से रोकने के लिए सरकार ने टेलीविजन पर बॉबी फिल्म का प्रसारण करवा दिया था।

## अवैध कॉलोनियों को न पनपने दिया जाए: एडीसी

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** एडीसी योगेश कुमार मेहता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर अंकुश लगाया जाए। जिला में किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों को न पनपने दिया जाए। ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखें, जो बार-बार समझाने के बाद भी न माने, तो उनके खिलाफ कार्रवाही अमल में लाई जाए। बैठक में डीटीपी गुंजन वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से डेम्यूलेशन प्रोग्राम के तहत नवंबर व दिसंबर माह में जिलें के कांट्रोल्ड एरिया- अर्बन एरिया की 13 अवैध कॉलोनियों में तोडफ़ोड़ की कार्रवाही की गई । इसी प्रकार से 35 अवैध निर्माण को धवस्त किया गया। उन्होंने बताया कि 16 के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस विभाग को भेजा गया और 35 को रिकवरी नोटिस भेजे गए है।

## शहीद उधम सिंह का साहस प्रत्येक भारतीयों के दिलों में बसा: रामचंद्र जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 26 दिसंबर।** हैफेड के पूर्व डायरैक्टर एवं समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने भारत माता के वीर सपूत, अमर शहीद और महान क्रांतिकारी सरदार उधम सिंह की जयंती पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक उनके बलिदान को नमन को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि शहीद उधम सिंह के आदर्शो को युवा जीवन में ग्रहण करें। शहीद उधम सिंह का जीवन प्रेरणादायी है। नई पीढ़ी को यह जाना चाहिए कि देश की आजादी के लिए युवा क्रांतिकारियों ने कितना बलिदान किया था। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह का साहस प्रत्येक भारतीयों के दिलों में बसा है। देश की आजादी के लिए शहादत देने वाले इन सूरमाओं का कर्ज कभी नहीं उतार सकते। देश इन शहीदों की कुर्बानियों को कभी भुला नहीं सकता। रामचंद्र जडौला ने कहा कि सरदार उधम सिंह का जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब में हुआ था। वे जलियांवाला बाग हत्याकांड के प्रत्यक्षदर्शी थे, जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। इस अमानवीय घटना ने उनके मन में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आजादी की ज्वाला प्रज्वलित कर दी। उन्होंने संकल्प लिया कि वे निर्दोष भारतीयों के खून का बदला अवश्य लेंगे। पूर्व हैफेड डायरैक्टी रामचंद्र जडौला ने कहा कि अपने दृढ़ संकल्प को पूरा करते हुए सरदार उधम सिंह ने वर्ष 1940 में लंदन के कैक्सटन हॉल में ब्रिटिश अधिकारी माइकल ओ'डायर को गोली मारकर जलियांवाला बाग नरसंहार का प्रतिशोध लिया। यह कृत्य केवल बदले की भावना नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए किया गया साहसिक कदम था।

## सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा: धर्मवीर सिंह

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 26 दिसंबर।** सांसद नवीन जिन्दल के विज़न और उनकी खेल भावना ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर कुल तीन लाख तीस हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। यह संख्या अपने आप में बताती है कि इस आयोजन ने कितने बड़े स्तर पर युवाओं को खेलों से जोड़ा। इनमें से एक लाख खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें लगभग पचपन प्रतिशत प्रतिभागी लड़कियां और पैंतालीस प्रतिशत लड़के रहे। इस प्रकार सांसद खेल महोत्सव 2025 ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की नारी शक्ति को एक सशक्त और सम्मानजनक मंच प्रदान किया।

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में हुए सांसद खेल महोत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत 14 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, रस्सीकूद, रस्साकशी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, तीरंदाजी, खो-खो, हॉकी, निशानेबाजी और बॉडी बिल्डिंग आदि शामिल रहीं। इन खेलों की प्रतियोगिताएं क्षेत्र के कुल 35 विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई, जिससे गांव-गांव और शहर-शहर तक खेल का उत्साह देखने को मिला। इस खेल महोत्सव के दौरान 200 से अधिक कोच एवं सपोर्ट स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। खेल मैदानों पर उमड़ी भीड़ और खिलाड़ियों के जोश ने दर्शाया कि खेल संस्कृति अब जन-आंदोलन का रूप ले रही है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के इस सांसद खेल महोत्सव की एक और बड़ी विशेषता इसका त्रिस्तरीय आयोजन मॉडल रहा।

## विकसित भारत-जी राम जी योजना किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी: चौहान

किसान दिवस पर किया किसानों को सम्मानित

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 26 दिसंबर।** भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चैधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री शिवराज सिंह चैहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली ने किसानों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विकसित भारत-जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस योजना के माध्यम से भविष्य में किसानों एवं कामगारों को होने वाले लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा अब बेरोजगारी भत्ते के लिए बेहतर प्रावधान, समय पर मजदूरी का भुगतान और देरी होने पर मुआवजा, ग्राम सभा द्वारा विकसित ग्राम पंचायत योजना एवं 125 दिन की रोजगार गारंटी का प्रावधान है। भागीरथ चौधरी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, ने भी किसानों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विकसित भारत-जी राम जी योजना का उद्देश्यों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि किसानों और श्रमिकों के लिए तकनीक के जरिए सशक्तिकरण, बेरोजगारी भत्ते के लिए बेहतर प्रावधान जैसी योजनाओं शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम को डॉ. देवेश चतुर्वेदी, सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने रेखांकित किया। डॉ. राजबीर सिंह, उपमहानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट ने सभी अनुसंधान संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों एवं कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से किसानों एवं कामगारों के बीच उपरोक्त योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग एवं आश्वासन प्रदान किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने की। इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय कृषि की प्रगति में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गेहूँ एवं जौ जैसी प्रमुख फसलों के सतत उत्पादन, उन्नत किस्मों के विकास तथा नवीन तकनीकों के प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने हेतु संस्थान निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के लिए विकसित नवीनतम गेहूँ एवं जौ की उन्नत किस्मों, समन्वित फसल प्रबंधन, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य एवं जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। साथ ही किसानों के साथ एक संवाद सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के दौरान कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं नवाचार करने वाले 30 महिला एवं पुरुष किसानों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड एवं हरियाणा से आए 150 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वय एवं मंच संचालन का दायित्व डॉ. अनुज कुमार द्वारा सफलतापूर्वक निभाया गया। कार्यक्रम के अंत में किसानों के योगदान को नमन करते हुए यह संकल्प लिया गया कि भाकृअनुप-भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल किसानों के हित में अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करता रहेगा।

# राखीगढ़ी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए केंद्रीय बजट में 500 करोड़ का प्रावधान: नायब सैनी

## राखीगढ़ी को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए हरियाणा सरकार कर रही ठोस प्रयास

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए आत्मविश्वास से निरंतर बढ़ रहा आगे
- राखीगढ़ी को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के प्रयास जारी: मुख्यमंत्री
- राखीगढ़ी और राखी शाहपुर गांवों को 21-21 लाख रुपये का अनुदान देने की करी घोषणा




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत की प्राचीनतम और गौरवशाली सभ्यता की साक्षी राखीगढ़ी को देश के एक प्रतिष्ठित वैश्विक पहचान वाले स्थल के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार भी राखीगढ़ी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व को समझते हुए इसे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री आज भारत की प्राचीनतम सभ्यता की धरोहर पावन भूमि राखीगढ़ी में आयोजित दूसरे राज्य स्तरीय राखीगढ़ी महोत्सव के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हड़प्पा ज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन किया। महोत्सव में शिल्प मेला, विरासत दौड़, वर्कशॉप, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रामीण खेलकूद, प्रश्नोत्तरी व रंगोली तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वयं भी महोत्सव में शुरू हुई अलग अलग गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याना भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राखीगढ़ी पंचायत द्वारा प्रस्तुत की गई सभी 13 मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र पूरा करवाया जाएगा। इसी प्रकार राखी शाहपुर पंचायत द्वारा रखी गई पांच मांगों को भी संबंधित विभागों को प्रेषित कर पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राखीगढ़ी एवं राखी शाहपुर गांवों को 21-21 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा भी की।

उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विशेष पहचान प्राप्त है। यह वही भूमि है, जहां हजारों वर्ष पूर्व विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक हड़प्पा सभ्यता का उत्कर्ष हुआ। यहां हुई खुदाइयों से प्राप्त अवशेष यह प्रमाणित करते हैं कि उस काल में राखीगढ़ी एक बड़ा औद्योगिक एवं व्यापारिक केंद्र था, जहां सुव्यवस्थित नगर नियोजन, स्वच्छता व्यवस्था और जल प्रबंधन की अद्भुत व्यवस्था थी। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिंधु-सरस्वती सभ्यता का यह महान केंद्र आज पूरे विश्व को यह संदेश देता है कि भारत की जड़ें कितनी गहरी, वैज्ञानिक और समृद्ध रही हैं। विश्व की सबसे बड़ी और विकसित प्राचीन नगर सभ्यता का महत्वपूर्ण केंद्र हरियाणा में स्थित होना प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और राखीगढ़ी जैसे पुरातात्विक स्थल भारत की गौरवशाली परंपरा के प्रतीक हैं। यह नया भारत है, जो अपने अतीत से प्रेरणा लेकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत सम्पदाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। राखीगढ़ी महोत्सव के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि महोत्सव के माध्यम से सरकार का उद्देश्य न केवल इस स्थान के पुरातत्व महत्व को उजागर करना है, बल्कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियो, प्रदर्शन, शैक्षणिक संवाद और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से विरासत को जन-जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में विधायक रणधीर पनिहार, विरासत एवं पर्यटन विभाग के निदेशक डॉ अमित खत्री, हड़प्पा ज्ञान केंद्र के निदेशक प्रोफेसर वसंत शिंदे,पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, सोनू सिहाग, प्रवीण पोपली, सुरेंद्र पूनिया, जवाहर सैनी, अशोक सैनी सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर - रणबीर गंगवा

इससे पहले हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री श्री रणवीर गंगवा ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की वर्षों पुरानी हांसी को जिला बनाए जाने की मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। श्री गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विज़न देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का है और उन्हें विश्वास है कि यह लक्ष्य समय से पहले ही प्राप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश और देश में विकास की गति निरंतर तेज़ी से आगे बढ़ रही है।

**हड़प्पा काल की भारतीय संस्कृति की विरासत का इतिहास इंटरनेशनल मैप पर आया:** विरासत एवं पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का अभिनंदन किया और विभाग के विजन तथा राखीगढ़ी के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी केवल पुरातात्विक स्थल नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन और सतत सभ्यता का जीवंत साक्षी है। यह 6000 वर्ष से भी अधिक पुरानी उन्नत नगर योजना, सामाजिक संगठन और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करता है।

### प्रदेश सरकार राखीगढ़ी को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एवं शोध केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राखीगढ़ी को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एवं शोध केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां विश्वस्तरीय पुरातत्व संग्रहालय, शोध संस्थान, पर्यटक सुविधाएं तथा आधुनिक आधारभूत ढांचे का विकास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भारत की प्राचीन सभ्यता से परिचित कराना और हरियाणा की समृद्ध संस्कृति का अनुभव कराना है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राखीगढ़ी की खुदाई से यह भी स्पष्ट होता है कि प्राचीन समाज में महिलाओं को सम्मान और समान अवसर प्राप्त थे। आज हरियाणा की बेटियां उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए खेल, शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन और सेना में देश का नाम रोशन कर रही हैं। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ी अनेक योजनाएं लागू कर रही है।

### राखीगढ़ी को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के प्रयास जारी

उन्होंने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार हरियाणा में लगभग 100 ऐसे स्थल हैं, जो ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व रखते हैं। इनमें रोहतक का फरमाणा, भिवानी का मिताथल, कैथल का बालू और फतेहाबाद का बनावाली प्रमुख हैं। राखीगढ़ी सहित इन सभी स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए विशेष परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। राखीगढ़ी को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां 22 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक संग्रहालय का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त नूंह की पुरानी तहसील बिल्डिंग, लोहारू का किला और तावडू के मकबरा परिसर को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। पंचकूला के सेक्टर-5 में अत्याधुनिक पुरातात्विक संग्रहालय तथा अग्रोहा स्थल का भी विकास किया जा रहा है।

### 7,000 वर्ष पुरानी राखीगढ़ी सभ्यता ने विश्व को आधुनिक नगर व्यवस्था का दिखाया मार्ग: डॉ. अरविंद शर्मा

हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज राखीगढ़ी में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें देश के कोने-कोने से कलाकार भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 7,000 वर्ष पुरानी राखीगढ़ी सभ्यता ने विश्व को आधुनिक नगर व्यवस्था का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गन्ने का सर्वाधिक 415 रुपये प्रति क्विंटल का भाव निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि आज वीर बाल दिवस के अवसर पर वीर साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान से प्रेरणा मिल सके।

---

# साहिबजादों की शहादत को याद कर पूरी ट्राईसिटी में जगह-जगह लगाया लंगर

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** ट्राईसिटी में शुक्रवार को साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए अरदास कर लंगर का आयोजन किया गया। बाल शहीदी दिवस पर सपरून मोहाली के गांव सोहाना में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बलविन्द्र सिंह बिंदा, जगदीप सिंह जग्गी, गुरबाज सिंह, सरबजीत सिंह, पूर्व नगर पार्षद सुरिन्द्र सिंह, दिशा सोहाना, दिशा लखनौर, मंगत सिंह व दविन्द्र सिंह ने चारों साहिबजादों की अमर शहादत को नमन किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहादत को याद करने के बाद उक्त सभी ने लंगर लगाया, जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# हरियाणा में डी.फार्मेसी के पंजीकृत प्रमाण-पत्रों की वैधता बढ़ी

- अब 31 दिसंबर 2026 तक होंगे मान्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद ने डी.फार्मेसी 2022-23 बैच के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) द्वारा फार्मेसी एग्जिट परीक्षा से संबंधित जारी नए निर्देशों के अनुरूप, परिषद ने उक्त बैच के अभ्यर्थियों को जारी पंजीकरण प्रमाण-पत्रों की वैधता बढ़ाने का आदेश जारी किया है।

हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद की रजिस्ट्रार अंकिता अधिकारी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में बताया कि डी.फार्मेसी 2022-23 बैच के सभी पात्र उम्मीदवारों के पंजीकरण प्रमाणपत्र की वैधता अब 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि संबंधित अभ्यर्थियों के ऑनलाइन खातों में यह संशोधन किया जाएगा और बढ़ी हुई वैधता दर्शाने वाले अपडेटिड पंजीकरण प्रमाण-पत्र नियत समय पर जारी कर दिए जाएंगे। इस कदम से डी. फार्मेसी विद्यार्थियों को परीक्षा एवं व्यावसायिक प्रक्रियाओं में अनावश्यक बाधाओं से राहत मिलेगी। हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद द्वारा जारी इस आदेश को फार्मेसी शिक्षा एवं पंजीकरण से जुड़े विद्यार्थियों के हित में एक अहम निर्णय माना जा रहा है। परिषद ने सभी संबंधित उम्मीदवारों से अपील की है कि वे अपने ऑनलाइन खातों पर अपडेटिड जानकारी पर नज़र बनाए रखें।

# चंडीगढ़ में दो अलग अलग मामलो में साइबर ठगों ने ठगी की, मामला दर्ज

- एक मामले में करोड़ों रुपए की ठगी और दूसरे में लाखों रुपए की
- चालान के फर्जी लिंक से फोन किया हैक

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** शहर में आए दिन लगातार ठगी के मामले प्रकाश में आ रहे है। शातिर ठग अलग अलग मामलो में भोलेभाले लोगों को अपना शिकार बना रहे है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। यहां ठगो ने दो अलग अलग मामलो में ठगी की है।एक मामले में करोड़ों रुपए की और दूसरे में लाखों रुपए की ठगी हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चालान के नाम पर भेजा लिंक, फोन हैक:** शिकायतकर्ता मलोया निवासी ने पुलिस को बताया कि वह टेलीकॉम कंपनी में तैनात है।19 अक्तूबर 2025 को उसके मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप मैसेज आया था। जिसमें परिवहन एप का लिंक भेजा गया था। मेसेज में लिखा गया था कि उनकी गाड़ी का चालान पेंडिंग है। शिकायतकर्ता ने अनुसार वास्तविक में उनका एक चालान पेंडिंग था। इसलिए उन्होंने मैसेज पर आए लिंक पर क्लिक कर दिया। लिंक ओपन करते ही उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। फोन का कोई भी फंक्शन काम नहीं कर रहा था। शक होने पर उन्होंने तुरंत मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर दिया।अगले दिन 20 अक्तूबर को पीड़ित ने फोन ऑन किया तो उनके मोबाइल फोन पर कई ओटीपी आए हुए थे।जब उन्होंने अपने बैंक खाते की जानकारी हासिल की तो खाते से 3 लाख 26 हजार रुपए निकाले जा चुके थे। पुलिस को तुरंत शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

यह मामला क्रेडिट कार्ड से जुड़ा हुआ बताया गया। निवेश के नाम पर 1.03 करोड़ की ठगी। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पीड़िता महिला सैक्टर 61 निवासी ने पुलिस को बताया कि उसके पास दो इंटरनेशनल बैंक अकाउंट है। शिकायत के अनुसार उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने अपने आप को कानूनी सलाहकार बताया। उसने पीड़िता को कॉइन बेचने और निवेश करने की सलाह दी।और भरोसा दिलाया कि इसमें अच्छा मुनाफा होगा।और उसके बैंक खाते भी चालू हो जाए गए। झांसे में आकर पीड़िता ने बैंक में पैसे ट्रांसफर कर दिए।बाद में पीड़िता को पता चला कि उसके साथ करोड़ो रुपए की ठगी हो गई।अज्ञात ने पीड़िता महिला से कुल मिलाकर एक करोड़ 3 लाख 53 हजार रुपए की ठगी की है।


## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है-

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई-कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | ई-नीलामी के लिए दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08 रेलवे स्टेशन पर पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख-रखाव के ठेका | UMB-PnUToi10-25 | शिमला (PF No- 1A), राजपुरा (PF No- 1), अंबाला शहर, अबोहर, कालका, संगरूर, अंब-अंदौरा एवं धुरी | 01.01.2026 को 12:00 बजे |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें। 4006/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6818



## पार्सल स्थान हेतु ई-नीलाम लीजिंग

लामडिंग मंडल से यात्रा प्रारंभ करने वाली रेलगाड़ियों में एसएलआर की 03 वर्षीय लीजिंग ठेका के लिए ई-नीलाम। **विवरण:** एसएलआर कोच में पार्सल स्थान (सिंगल कम्पार्टमेंट), **श्रेणी:** पार्सल एसएलआर, **रेट यूनिट:** प्रति ट्रिप में लाइसेंसिंग शुल्क।

**आक्सन कैटलॉग संख्या. LEASE-LMG-58-25**

| एसईक्यू स. | एलओटी संख्या. | ट्रिपस |
|---|---|---|
| एए/1 | 15634-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-बीकेएन-25-3 | 157 |
| एए/2 | 15077-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-जीटीएनआर-25-1 | 157 |
| एए/3 | 15603-एसएलआर-एफ2-जीएचवाई-लिड्डू-25-2 | 1096 |
| एए/4 | 15602-एसएलआर-एफ2-जीएचवाई-डीबीबी-25-2 | 1096 |
| एए/5 | 15669-एसएलआर-एफ2-जीएचवाई-डीबीआरजी-25-2 | 1096 |
| एए/6 | 15602-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-डीबीबी-25-2 | 1096 |
| एए/7 | 15632-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-बीएमई-25-2 | 157 |
| एए/8 | 15653-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-जेएटी-25-2 | 157 |
| एए/9 | 15648-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-एलटीटी-25-2 | 157 |
| एए/10 | 22512-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-एलटीटी-25-2 | 157 |
| एए/11 | 15815-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-डीकेजीएन-25-2 | 1096 |
| एए/12 | 15669-एसएलआर-आर1-जीएचवाई-डीबीआरजी-25-2 | 1096 |
| एए/13 | 15602-एसएलआर-आर1-जीएचवाई-डीबीबी-25-2 | 1096 |
| एए/14 | 15640-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-पुरी-25-1 | 157 |
| एए/15 | 15668-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-जीआईएमबी-25-1 | 157 |
| एए/16 | 15662-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-आरएनसी-25-1 | 157 |
| एए/17 | 19306-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-डीएईएन-25-1 | 157 |
| एए/18 | 12518-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-केओएए-25-2 | 157 |
| एए/19 | 15644-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-पुरी-25-2 | 157 |
| एए/20 | 15754-एसएलआर-एफ2-जीएचवाई-एपीडीजे-25-2 | 1096 |
| एए/21 | 15665-एसएलआर-एफ2-जीएचवाई-एमएक्सएन-25-4 | 1096 |
| एए/22 | 15665-एसएलआर-आर1-जीएचवाई-एमएक्सएन-25-2 | 1096 |
| एए/23 | 15669-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-डीबीआरजी-25-2 | 1096 |
| एए/24 | 12552-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-एसएमवीबी-25-1 | 157 |
| एए/25 | 15651-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-जेएटी-25-2 | 157 |
| एए/26 | 13247-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-एआरए-25-2 | 627 |
| एए/27 | 15603-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-लिड्डू-25-2 | 1096 |
| एए/28 | 15815-एसएलआर-एफ2-जीएचवाई-डीकेजीएन-25-2 | 1096 |
| एए/29 | 15620-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-गया-25-1 | 157 |
| एए/30 | 15636-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-ओखा-25-2 | 157 |
| एए/31 | 12510-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-एसएमवीबी-25-2 | 471 |
| एए/32 | 15754-एसएलआर-आर1-जीएचवाई-एपीडीजे-25-2 | 1096 |
| एए/33 | 15815-एसएलआर-आर1-जीएचवाई-डीकेजीएन-25-2 | 1096 |
| एए/34 | 19616-एसएलआर-एफ1-केवाईक्यू-यूडीजेड-25-1 | 157 |
| एए/35 | 12088-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-एनएचएलएन-25-2 | 469 |
| एए/36 | 15754-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-एपीडीजे-25-2 | 1096 |
| एए/37 | 15665-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-एमएक्सएन-25-2 | 1096 |
| एए/38 | 22449-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-एनडीएलएस-25-2 | 314 |

नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समय: 08-01-2026 तारीख के 11.00 घंटे में एवं बंद होने का समय: 17.40 घंटे में।

**आक्सन कैटलॉग संख्या. LEASE-LMG-59-25**

| एसईक्यू स. | एलओटी संख्या./श्रेणी | ट्रिपस |
|---|---|---|
| एए/1 | 15630-एसएलआर-एफ1-एसएचटीटी-टीबीएम-25-1 | 157 |
| एए/2 | 15609-एसएलआर-एफ1-जीएचवाई-एसएएनजी-25-2 | 1096 |
| एए/3 | 12504-एसएलआर-एफ1-एजीटीएल-एसएमवीबी-25-1 | 314 |
| एए/4 | 15418-एसएलआर-आर1-एसएचटीटी-एपीडीजे-25-1 | 470 |
| एए/5 | 13126-एसएलआर-एफ1-एसएनजी-केओएए-25-1 | 470 |
| एए/6 | 12520-एसएलआर-एफ1-एजीटीएल-एलटीटी-25-1 | 157 |
| एए/7 | 15641-एसएलआर-एफ1-एससीएल-एनटीएसके-25-1 | 157 |
| एए/8 | 15618-एसएलआर-एफ1-डीएलबीआर-जीएचवाई-25-1 | 470 |
| एए/9 | 15663-एसएलआर-एफ1-एजीटीएल-एससीएल-25-3 | 1096 |
| एए/10 | 13182-एसएलआर-एफ1-एसएचटीटी-केओएए-25-1 | 156 |
| एए/11 | 15626-एसएलआर-एफ1-एजीटीएल-डीजीएचआर-25-1 | 157 |
| एए/12 | 20501-एसएलआर-एफ1-एजीटीएल-एएनवीटी-25-1 | 157 |
| एए/13 | 15817-एसएलआर-एफ1-एलकेएचबी-एनएचएलएन-25-1 | 1096 |
| एए/14 | 15616-एसएलआर-आर1-एससीएल-जीएचवाई-25-1 | 1096 |
| एए/15 | 15618-एसएलआर-आर1-डीएलबीआर-जीएचवाई-25-1 | 470 |
| एए/16 | 15610-एसएलआर-एफ1-एसएनजी-जीएचवाई-25-1 | 1096 |
| एए/17 | 15664-एसएलआर-एफ1-एससीएल-एजीटीएल-25-2 | 1096 |
| एए/18 | 12502-एसएलआर-एफ1-एजीटीएल-केओएए-25-1 | 157 |
| एए/19 | 14619-एसएलआर-एफ1-एजीटीएल-एफजेडआर-25-1 | 157 |
| एए/20 | 12516-एसएलआर-एफ1-एससीएल-सीबीई-25-1 | 157 |
| एए/21 | 15418-एसएलआर-एफ1-एसएचटीटी-एपीडीजे-25-1 | 470 |
| एए/22 | 15418-एसएलआर-एफ2-एसएचटीटी-एपीडीजे-25-1 | 470 |
| एए/23 | 15618-एसएलआर-एफ2-डीएलबीआर-जीएचवाई-25-1 | 470 |
| एए/24 | 13176-एसएलआर-एफ1-एससीएल-एसडीएएच-25-3 | 470 |
| एए/25 | 13174-एसएलआर-एफ1-एसबीआरएम-एसडीएएच-25-4 | 627 |
| एए/26 | 15616-एसएलआर-एफ1-एससीएल-जीएचवाई-25-1 | 1096 |
| एए/27 | 12508-एसएलआर-एफ1-एससीएल-टीबीएम-25-1 | 157 |
| एए/28 | 15616-एसएलआर-एफ2-एससीएल-जीएचवाई-25-1 | 1096 |
| एए/29 | 20507-एसएलआर-एफ1-एसएनजी-एएनवीटी-25-1 | 157 |

**नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समय** 09-01-2026 तारीख के 11.00 घंटे में एवं **बंद होने का समय** 16.10 घंटे में। प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड 30 मिनट। लॉट अनुसार बंद होने का समय आईआरईपीएस के ई-ऑक्सन मॉड्यूल में अवलोकन कर सकते हैं।

**नोट** विस्तृत जानकारी के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं को आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in में ई-नीलाम लीजिंग मॉड्यूल अवलोकन करने की सलाह दी जाती है।

मंडल रेलवे प्रबंधक (सी), लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

AP-6800


# वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में संजय टंडन ने माथा टेका

## चारों साहिबजादों की शहादत को समर्पित है वीर बाल दिवस: संजय टंडन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** सिक्ख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के शहीदी दिवस की याद में मनाये जा रहे वीर बाल दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में श्री सुखमनी साहिब के पाठ, शब्द कीर्तन और लंगर आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भाग लिया और कीर्तन श्रवण किया और लंगर की सेवा की।

संजय टंडन ने भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा मनीमाजरा में आयोजित किये गए श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ एवं कीर्तन में हाज़िरी भरी। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर 22 में चंडीगढ़ रोटरी ट्राइसिटी द्वारा आयोजित लंगर सेवा, सेक्टर 20, चंडीगढ़ में यूथ क्लब 20 द्वारा आयोजित चाय सेवा के लंगर और पालिका बाजार सेक्टर 19 में लंगर की सेवा की और साथ ही साहिबजादों के ऊपर प्रदर्शित की गयी फिल्म को भी देखा।

कार्यक्रमों में उपस्थित संगत को सम्बोधित करते हुए संजय टंडन ने कहा कि देश और धर्म की रक्षा के लिए सिक्ख धर्म के गुरुओं ने न केवल अपनी कुर्बानी दी बल्कि दसवीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने तो अपने चारों साहिबजादों के साथ साथ अपने पूरे परिवार को ही इसके ऊपर न्योछावर कर दिया पर अपना धर्म नहीं छोड़ा। 17 वर्ष के बाबा अजीत सिंह और 13 वर्ष के जुझार सिंह चमकौर की जंग मुगलों से लड़ते हुए 22 दिसम्बर 1704 को और शहीद हो गए वहीं 27 दिसंबर को महज 8 वर्ष के बाबा जोरावर सिंह और मात्र 5 वर्ष के बाबा फतेह सिंह को सरहंद के सूबेदार वजीर खान ने जिंदा दीवारों में चिनवा दिया था परन्तु चारों शहीदों ने देश और धर्म की रक्षा की खातिर अपने आप को कुर्बान करना तो मंजूर किया पर जुल्मियों के आगे सर नहीं झुकाया। जिन बच्चों के अभी खेलने कूदने के दिन थे वो मुगलों के अत्याचार के शिकार हुए धर्म की खातिर कुर्बान हुए। ऐसे बलिदानी महापुरुषों को उनके बलिदान के लिए शत शत नमन है। हम सभी को अपने बच्चों को ऐसे वीर योद्धाओं की गाथाओं से अवगत करवाना अति आवश्यक है ताकि वे भी जान सकें कि आज हमारा देश और हमारा धर्म जिसकी हम पालना कर रहे हैं वो इन शहीदों की ही देन है। इसको संजोय रखना और इसकी रक्षा करने वालों को हमें सदा याद रखना होगा ताकि हमारी भावी पीढ़ी इस से प्रेरणा लेती रहे।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-10-2025-26

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि/उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेन्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-10-2025-26 | अंबाला डिवीजन में ब्रेकडाउन गाड़ियों और टावर वैगनों के लिए 3 साल की अवधि के लिए सालाना कॉम्प्रिहेंसिव मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट हेतु कार्य। | 19.01.2026 | ₹ 4,62,09,502.78/- | ₹ 3,81,100/- | 36 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal - NIL (₹ 10,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है।
2. निविदाकार के पास ई- निविदा में भाग लेने के लिए क्लास - III Digital Signature Certificate होनी चाहिए।
3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे।
4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू है एवं इस प्रकार है: "OEM and their authorized dealers" OR "Manufacturer of Tower Wagon" OR Five years experience in Repair/Overhauling of "Engines of same capacity or above as used in Tower wagon / Transmission system of similar capacity or above as used in Tower wagon".
5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

संख्या: ETrU-T-10-2025-26 दिनांक 26.12.2025 4004/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### हरियाणा बना 'आउटसाइडर्स का स्वर्ग', स्थानीय युवाओं के सपने कुचले: अनुराग ढांडा

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा सरकार को घेरते हुए कहा है कि सरकार हरियाणा के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। हरियाणा को 'आउटसाइडर्स का स्वर्ग' बना दिया है, जहां स्थानीय युवाओं को सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन जब नौकरी देने की बारी आती है तो उन्हें बाहर कर दिया जाता है। अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि हरियाणा के लड़के-लड़कियां सालों मेहनत करते हैं, पढ़ाई करते हैं, परीक्षा देते हैं, लेकिन बीजेपी की नीतियां उन्हें बेरोजगार बनाकर घर बैठा देती हैं। उन्होंने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती 2025 का हवाला देते हुए कहा कि सच्चाई खुद आंकड़े बता रहे हैं। जनरल कैटेगरी की 153 पोस्टों में से 106 पोस्ट बाहर के लोगों को दे दी गईं, यानी 70 प्रतिशत से ज्यादा नौकरियां आउटसाइडर्स को सौंप दी गईं। एई इलेक्ट्रिकल्स की लिस्ट में 214 जनरल कैंडिडेट्स में सिर्फ 29 हरियाणा के होना यह दिखाता है कि सरकार ने हरियाणवी युवाओं को पूरी तरह किनारे कर दिया है। अनुराग ढांडा ने कहा कि जानबूझकर डोमिसाइल की शर्त 15 साल से घटाकर सिर्फ 5 साल कर दी, ताकि बाहर के लोग आसानी से हरियाणा की सरकारी नौकरियों पर कब्जा कर सके। आज हरियाणा में युवाओं का भविष्य 3-4 लाख रुपये में बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा के युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है और इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने मांग की कि इस भर्ती की तुरंत निष्पक्ष जांच हो, हरियाणवी युवाओं को सरकारी नौकरियों में पूरी प्राथमिकता दी जाए और सभी पेपर लीक मामलों की जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

# स्टार्ट-अप नीति लागू हो चुके आठ माह, लाभ कागजों तक सीमित

- बड़े शहरों जैसा तेज विकसित नहीं हो पा रहा चंडीगढ़ में स्टार्ट-अप इको-सिस्टम
- स्थानीय नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाना उद्देश्य
- क्रियान्वयन के अंतिम दिशानिर्देश तैयार हो रहे
- ऑनलाइन पोर्टल (स्टार्ट इन चंडीगढ़) और प्रोत्साहन जारी करने की प्रक्रिया अभी चल रही




अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** कई वर्षों के इंतज़ार के बाद चंडीगढ़ की स्टार्टअप नीति अब ज़मीन पर उतरती दिखाई दे रही है। वर्ष 2025 में औपचारिक रूप से लागू की गई इस नीति को लेकर हाल के महीनों में कुछ सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, हालांकि अब भी कई प्रशासनिक और व्यावहारिक बाधाएँ सामने आ रही है। चंडीगढ़ प्रशासन की एक उच्चस्तरीय समिति ने हाल ही में स्टार्टअप नीति के क्रियान्वयन दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय नीति को वास्तविक रूप से लागू करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। इसके तहत 1 जनवरी 2026 से स्टार्टअप्स को सब्सिडी और वित्तीय प्रोत्साहन मिलने की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा, स्टार्टअप इकोसिस्टम को मज़बूत करने के लिए कई पहलें भी की गई हैं। चंडीगढ़ प्रशासन और पंजाब विश्वविद्यालय ने क्रिएट योर स्टार्टअप कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत युवाओं को प्रशिक्षण और मेंटरशिप दी जा रही है।

विभिन्न औद्योगिक और शैक्षणिक मंचों पर स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए सम्मेलन और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हालांकि नीति को लेकर उत्साह है, लेकिन इसके पूर्ण क्रियान्वयन में अब भी कुछ बड़ी समस्याएँ हैं। नीति को अंतिम रूप देने में लगभग 7 साल लग गए और अब भी इसके कई लाभ कागज़ों तक सीमित हैं।

स्टार्टअप पोर्टल की कमी की वजह से लंबे समय तक ऑनलाइन पोर्टल और आवेदन प्रक्रिया शुरू न होने के कारण उद्यमी लाभ के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे थे। प्रशासनिक प्रक्रियाएँ भी धीमी रही हैं। सब्सिडी स्वीकृति, दिशानिर्देशों की अधिसूचना और विभागीय मंज़ूरियों में भी देरी देखने को मिली है। पॉलिसी को लेकर कहें कि इकोसिस्टम अभी कमजोर है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। बेंगलुरु, पुणे या हैदराबाद जैसे शहरों की तुलना में चंडीगढ़ का स्टार्टअप नेटवर्क अभी शुरुआती दौर में है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्रशासन समयबद्ध तरीके से पोर्टल, सब्सिडी वितरण और मेंटरशिप ढांचे को मज़बूत करता है, तो चंडीगढ़ उत्तर भारत का एक उभरता हुआ स्टार्टअप हब बन सकता है। फिलहाल, नीति से जुड़े लाभों की शुरुआत भले ही नज़दीक हो, लेकिन ज़मीनी स्तर पर प्रभाव दिखने में अभी थोड़ा और इंतज़ार करना पड़ सकता है।

## 29 अप्रैल 2025 को लागू हुई नीति

चंडीगढ़ प्रशासन ने 29 अप्रैल 2025 को चंडीगढ़ स्टार्ट-अप पॉलिसी 2025 को आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया, जिसे लगभग 7 साल की देरी के बाद लागू किया गया। नीति का उद्देश्य स्थानीय नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाना है। सबसे बड़ी बात यह है कि नीति अभी तक पूरी तरह से सक्रिय नहीं हुई हालांकि नोटिफ़ाइड हो चुकी है। बताया जा रहा है कि क्रियान्वयन की अंतिम दिशानिर्देश (गाइडलाइंस) तैयार हो रहे हैं। ऑनलाइन पोर्टल (स्टार्ट इन चंडीगढ़) और प्रोत्साहन जारी करने की प्रक्रिया अभी चल रही है। अभी तक किसी स्टार्टअप को वित्तीय सहायता नहीं दी गई है (दिसंबर 2025 तक) क्योंकि लागू करने के लिए कमेटी, नियम और पोर्टल की मंजूरी बाकी थी। कई रिपोर्टों के अनुसार, मुख्य सचिव द्वारा दिशा-निर्देशों को मंजूरी दी जा चुकी है और अब जनवरी 2026 से स्टार्टअप सब्सिडी के लिए आवेदन खोलने की तैयारी की जा रही है। इसे वर्तमान में अंतिम प्रक्रिया में देखा जा रहा है। नई स्टार्ट-अप नीति को प्रशासन की पॉजिटिव पहल के तौर पर बताया जा रहा है। नीति का उदय स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देगा। इसका मकसद वित्तीय और तकनीकी सहायता का फ़ोकस, महिला व चिन्हित समूहों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन है। इन्वेस्ट इंडिया के तहत स्टार्ट अप पॉलिसी में कुछ चुनौतियाँ भी है। नीति अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं हुई। वर्तमान में कोई वित्तीय लाभ जारी नहीं हुआ। स्टार्टअप इकोसिस्टम की वास्तविक गति राष्ट्रीय स्तर के बड़े शहरों जैसा तेज़ नहीं है लेकिन विकास फिलहाल जारी है।

## नए विचारों, उत्पादों और प्रक्रियाओं को बाजार में लाना उद्देश्य

नीति इस उद्देश्य से तय की गई ताकि नए विचारों, उत्पादों और प्रक्रियाओं को बाजार में लाया जा सके। कम से कम 200 नए स्टार्टअप्स का निर्माण (पिछले 5 साल में)किया जा सके। स्टार्टअप्स को वित्तीय (ग्रांट, सब्सिडी) और गैर-वित्तीय ( मेंटरशिप,इंक्यूबेशन इत्यादि ) सहायता प्रदान की जा सके। शोध आधारित नवाचार को प्रोत्साहित किया जा सके। रोजगार के नए अवसर (नौकरी सृजन)पैदा किये जा सकें। सहयोग (इंडस्ट्री-एकेडीमिया) को बढ़ावा दिया जा सके। स्टार्ट-अप नीति के तहत डीपीआईआईटी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप,चंडीगढ़ में पंजीकृत/ऑफिस वाला स्टार्टअप रहेंगे। ये दोनों श्रेणियाँ लाभ के लिए आवेदन कर सकेंगे। इनवेस्ट इंडिया के तहत वित्तीय एवं गैर-वित्तीय सहायता (इंसेंटिव्स)शामिल हैं। नीति के तहत वित्तीय सहायता में वित्तीय सहायता, चरण,सहायता का विवरण, आइडिया स्टेज (विचार स्तर) शामिल हैं। इस नीति के तहत टॉप 20 स्टार्ट-अप को 2 लाख; अगले 50 को 1 लाख (वार्षिक प्रतियोगिता), सीड स्टेज (बीज स्तर) पर एक स्टार्टअप को 7 लाख तक, कमर्शियेलाइजेशन (बाजार में उतारना)के तहत 12 लाख तक, महिला / ट्रांस नेतृत्व वाले स्टार्टअप में अतिरिक्त 2 लाख, को-वर्किंग स्टार्टअप में किराया सब्सिडी 5,000/ माह तक (कुछ अवधि के लिए)शामिल है। इन प्रोत्साहनों का लक्ष्य स्टार्टअप को शुरुआती कठिनाइयों से उभारकर विकसित करना है। गैर-वित्तीय सहायता के तहत इन्क्यूबेशन (इंक्यूबेशन) में सहायता, कार्यशालाएँ और नेटवर्किंग कार्यक्रम, ट्रेनिंग व सलाह, तकनीकी सहायता (सर्टिफिकेशन, पेटेंट री-इंबर्समेंट आदि), कार्यान्वयन स्थिति (क्या लागू हो रहा है?)

## चंडीगढ़ में स्टार्टअप्स की संख्या (अक्टूबर-दिसंबर 2025 तक)

-633 डीडीआईआईटी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स चंडीगढ़ में हैं जो 10 वर्षों में 10 से बढ़कर 633 तक पहुँच गए हैं।
- इन स्टार्टअप्स ने अब तक लगभग 6,260 नौकरियाँ पैदा की हैं।
-उनके बीच 297 स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक/साझेदार भी है।
-हालांकि चंडीगढ़ से अब तक कोई यूनिकॉर्न (1 अरब डॉलर मूल्य कंपनी) नहीं निकली है।

यह संख्या डीपीआईआईटी के मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की है जो स्टार्ट-अप इंडिया पहल के तहत मान्यता प्राप्त होते हैं।



**प्रशासन में स्टार्ट-अप इंचार्ज पवित्र सिंह** : वोकेशनल गाइडलाइंस एक दो दिन में नोटीफाई हो जाएंगी। इसमें पूरा प्रोसिजर होगा कि स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन का क्या और कै से प्रोसेस होगा। कौन से पोर्टल पर अप्लाई करना होगा।



**पंजाब यूनिवर्सिटी की वीसी प्रो. रेनू विग:** चंडीगढ़ प्रशासन और पंजाब विश्वविद्यालय ने क्रिएट योर स्टार्टअप कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत युवाओं को प्रशिक्षण और मेंटरशिप दी जा रही है। उम्मीद है कि इससे चंडीगढ़ में स्टार्ट-अप कल्चर विकसित होगा।



**स्टार्टअप जिप्पी एआई के सीईओ परमिंदर सिंह:** चंडीगढ़ प्रशासन की ये पहले स्वागतयोग्य है। प्रशासन स्टार्ट-अप कल्चर को बढ़ावा दे रहा है। इससे न केवल सेक्टर में निवेश होगा बल्कि नई नौकरियां भी मिलेंगी। नए स्टार्ट-अप को जो प्रोत्साहन पैसे या प्रशासनिक छूट के तौर पर दिया जा रहा है उससे आने वाले समय में चंडीगढ़ स्टार्ट-अप के क्षेत्र में आगे दिखाई देगा।



**पंजाब यूनिवर्सिटी के डीएसटी इनेबलिंग सेंटर कोर्डिनेटर प्रो. मनु शर्मा:** बेंगलुरु, पुणे या हैदराबाद जैसे शहरों की तुलना में चंडीगढ़ का स्टार्टअप नेटवर्क अभी शुरुआती दौर में है। यदि प्रशासन समयबद्ध तरीके से पोर्टल, सब्सिडी वितरण और मेंटरशिप ढांचे को मज़बूत करता है, तो चंडीगढ़ उत्तर भारत का एक उभरता हुआ स्टार्टअप हब बन सकता है। पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन का हर संभव सहयोग कर रही है।

# जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी

## कोर्ट परिसर को खाली कराकर पुलिस का सर्च ऑपरेशन, एरिया की घेराबंदी

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** शुक्रवार दिन दिहाड़े दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया।जब चंडीगढ़ सैक्टर-43 स्थित जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। वहीं बम की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस के भी हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस टीम और बम स्क्वायड के साथ डीएसपी-एसपी सहित कई आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्परता के साथ कोर्ट परिसर को खाली कराते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। लगभग एक घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को बम या कुछ भी संदिग्ध बमनुमा जैसी चीज नहीं मिली है। हालांकि इस दौरान अफरातफरी का माहौल बना रहा। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए आईएसबीटी सैक्टर 43 चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर आशा देवी ने मामले को लेकर हर एंगल से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



सर्च ऑपरेशन के दौरान एरिया की घेराबंदी रखी गई।

बम की सूचना के बाद जिला अदालत परिसर में सर्च ऑपरेशन के दौरान स्थानीय पुलिस टीम व बम स्क्वायड के साथ-साथ डॉग स्क्वायड,आपरेशन सेल,जैसी तमाम यूनिटें भी मौके पर तैनात रहीं। इसके साथ ही एम्बुलेंस और फायरब्रिगेड की गाड़ियां भी पहुंचीं हुई थीं।जिला अदालत परिसर और उसके आसपास का एरिया भी सील कर दिया गया। किसी को भी अदालती परिसर के नजदीक आने की इजाजत नहीं दी गई। पुलिस ने पूरी एहतियात बरतते हुए सभी तरह के सुरक्षा इंतजाम किए। बम की तलाश के लिए चप्पे-चप्पे पर तलाशी ली गई।

### ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई

जानकारी मिल रही है कि, ईमेल के जरिए बम की यह धमकी दी गई। धमकी में कहा गया कि अदालत को बम से उड़ा दिया जाएगा। हालांकि,बम होने की सूचना अफवाह साबित हुई है। पहले से ही यह आशंका जताई जा रही थी कि दहशत फैलाने के लिए यह किसी की शरारत या साजिश भी हो सकती है। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और जरूरी कार्रवाई की। पुलिस अब ईमेल की जांच कर रही है न यह जान रही है कि धमकी देने वाला कौन है? पुलिस अपनी तरफ से अपनी पूरी जांच और छानबीन के बाद ही राहत की सांस लेगी। वहीं इस धमकी के बाद चंडीगढ़ जिला अदालत के साथ-साथ पंचकूला जिला अदालत और पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में अलर्ट जारी है और सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### जिला अदालत को पहले भी मिल चुकी धमकी

यह कोई पहली बार नहीं है जब चंडीगढ़ जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिली हो। इससे पहले भी जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। वहीं पहले भी सर्च ऑपरेशन में कोई बम नहीं मिला। वहीं केवल जिला अदालत ही नहीं बल्कि चंडीगढ़ स्थित पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट, हरियाणा सचिवालय, हरियाणा सीएम आवास को भी इस तरह की धमकी मिल चुकी है। जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बनता रहा और हर बार पुलिस टीम और बम स्क्वायड ने गहन सर्च ऑपरेशन चला छानबीन की कार्रवाई भी की।

# जनता की शिकायत का तुरंत समाधान करने के लिए प्रशासक का आभार जताया

- वहीं अब सेक्टर 37/38 छोटे राउंड अबाउट/क्रॉसिंग पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की मांग

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट लेवल एडवाइजरी और मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य बीएम खन्ना ने सेक्टर 38 निवासी 38 डी का बिल कलेक्टर को संपर्क सेंटर में शिफ्ट करने पर महामहिम का तय दिल से आभार जताया है।जो प्रशासन ने 2014 में ये बिल कलेक्टर सेंटर सेक्टर 38 डी लोगो की सुविधा के लिए लगाया था। अब आबादी बसने के हिसाब से ये बहुत छोटा महसूस हो रहा था।अब लोगों की रहनुमाई में इसको संपर्क सेंटर में बदल दिया है। जिससे इलाका वासिओं को बिल जमा कराने में मुश्किल नहीं होगी।खन्ना का कहना है कि संपर्क केंद्र के साथ शिफ्ट



करके और इंटीग्रेट करके आपके समय पर लिए गए फैसले से लोगों की सुविधा में काफी सुधार हुआ है।जिससे बैठने की पर्याप्त जगह,सही शेल्टर और खराब मौसम की स्थिति से सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।खासकर महिलाओं,सीनियर सिटीजन और अन्य लोगों को फायदा हुआ।वही दूसरी और बीएम खन्ना ने चंडीगढ़ प्रशासक से अनुरोध किया है कि नजदीक गुरुद्वारा साहिब सैक्टर 37/38 के चौराहे के पास ट्रैफिक सिग्नल ना होने के कारण सुबह और शाम को आए दिन जाम जग जाता है।और काफी भीड़ भाड़ हो जाती है।इस व्यस्त क्रॉसिंग पर ट्रैफिक सिग्नल न होने के कारण पैदल चलने वालों और गाड़ी चलाने वालों दोनों के लिए सुरक्षित रूप से पार करना बहुत मुश्किल हो जाता है।ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की लगातार कोशिशों के बावजूद,वाहनों की आवाजाही को कंट्रोल करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है।जिससे अव्यवस्था,देरी,संभावित सुरक्षा खतरे और दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।हमारी राय में, इस महत्वपूर्ण जंक्शन पर व्यवस्थित ट्रैफिक प्रवाह सुनिश्चित करने और सार्वजनिक सुरक्षा की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे काम करने वाला पूरी तरह से ऑटोमैटिक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाना सबसे प्रभावी और टिकाऊ समाधान है।आप संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने और बड़े जनहित में इस चौराहे पर जल्द से जल्द फंक्शनल ट्रैफिक लाइट लगाने का निर्देश दें।

## न्यूज ब्रीफ

### शहर में बेखौफ चोरों का आतंक, तीन अलग-अलग जगहों पर चोरी की वारदातें

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** शहर में शातिर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए बेखौफ होकर तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया और फरार हो गए। तीनों मामलों की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पहले मामले में सेक्टर-7 निवासी जसमीत सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि 24 दिसंबर को अज्ञात चोर उनके घर से लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में 6 गोल्ड बैंगल, डायमंड गोल्ड सेट, गोल्ड चेन, रिंग, ईयररिंग्स, व्हाइट मोती गोल्ड सेट, तीन डायमंड रिंग, दो डायमंड पेंडेंट सेट, सहारा, गोल्ड चेन और 1.5 लाख रुपये की नकदी शामिल है। सूचना मिलते ही थाना-26 पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। दूसरे मामले में मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स निवासी रिटायर्ड सुखविंदर सिंह ने बताया कि 20 दिसंबर को अज्ञात चोर उनके घर से आयरन गेट, दो आयरन स्टैंड और पॉट्स चोरी कर ले गए। मामले की शिकायत थाना मनी माजरा पुलिस को दी गई, जहां अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। तीसरे मामले में सेक्टर-36 निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से सेक्टर-34 स्थित श्याम फैशन मॉल गई थी और अपनी चंडीगढ़ नंबर की कार बाहर खड़ी की। लौटने पर कार का शीशा टूटा मिला और अंदर रखा बैग गायब था। बैग में एप्पल आईपैड, एयरपोड्स, दो सनग्लास, डायमंड ईयररिंग्स, सिल्वर चेन, मेकअप किट और करीब 67 हजार रुपये की नकदी थी। थाना-34 पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़ में गूंजा डीएवी स्कूल-बीबीएमबी विवाद, बीबीएमबी कार्यालय घेरने जा रहे प्रदर्शनकारी पीयू में डिटेन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के तलवाड़ा स्थित डीएवी स्कूल से जुड़ा विवाद अब चंडीगढ़ तक पहुंच गया है। स्कूल प्रबंधन को लेकर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) और स्थानीय लोगों के बीच चल रहा विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को और तेज हो गया, जब संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के कार्यकर्ता चंडीगढ़ स्थित बीबीएमबी स्टेट कार्यालय के बाहर धरना देने के लिए रवाना हुए। हालांकि प्रदर्शनकारियों को बीबीएमबी कार्यालय पहुंचने से पहले ही पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) परिसर में पुलिस ने डिटेन कर लिया और उन्हें पुलिस चौकी में बैठा दिया गया। इसके बाद जेएसी कार्यकर्ताओं और पीयू के छात्रों ने पुलिस चौकी के बाहर ही धरना शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में चंडीगढ़ पुलिस बल तैनात किया गया है।

तलवाड़ा का डीएवी स्कूल पिछले करीब 40 वर्षों से बीबीएमबी और डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी (डीएवीसीएमसी), नई दिल्ली के सहयोग से संचालित हो रहा है। बीबीएमबी का कहना है कि स्कूल पर हर साल 5 करोड़ से अधिक का खर्च आ रहा है, जो लगातार बढ़ रहा है। हालिया ऑडिट रिपोर्ट में पंजाब समेत साझेदार राज्यों ने स्कूल को घाटे में चलाने पर आपत्ति जताई है। इसी के चलते बीबीएमबी स्कूल का प्रबंधन नो प्रॉफिट, नो लॉस मॉडल पर ओपन बिडिंग के जरिए किसी नए निजी प्रबंधन को सौंपने की योजना बना रहा है।



### 10 दिसंबर से जारी है आंदोलन

बीबीएमबी के इस प्रस्ताव के विरोध में शिक्षक, अभिभावक, छात्र और स्थानीय लोग संयुक्त कार्रवाई समिति के बैनर तले आंदोलन कर रहे हैं। जेएसी ने 10 दिसंबर 2025 से स्कूल परिसर में 24 घंटे का धरना शुरू किया था, जो 23 दिसंबर तक 14वें दिन में प्रवेश कर गया। 20 दिसंबर को सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने स्कूल परिसर से बीबीएमबी के चीफ इंजीनियर कार्यालय तक मार्च निकालकर जोरदार विरोध दर्ज कराया।

### चंडीगढ़ में बड़े प्रदर्शन का ऐलान

आंदोलन को और तेज करते हुए जेएसी ने 26 दिसंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-19 स्थित बीबीएमबी चेयरमैन कार्यालय के बाहर बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया था। इसी कड़ी में शुक्रवार को कार्यकर्ता चंडीगढ़ पहुंचे, लेकिन उन्हें पीयू में ही डिटेन कर लिया गया जिनमें कांग्रेस के एनएसयूआई संगठन से जुड़े नेता सन्नी मेहता भी थे।

### पक्षपात के आरोप, डीएवी प्रबंधन बनाए रखने की मांग

जेएसी संयोजक रोहित डडवाल के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में शिवम बख्शी और प्रो. हर्ष मेहता समेत कई वक्ताओं ने बीबीएमबी पर पक्षपात के आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बीबीएमबी किसी आर्थिक रूप से कमजोर स्थानीय संस्थान को लाभ पहुंचाने के लिए वर्षों से स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने वाले डीएवी प्रबंधन को हटाना चाहता है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी बताया कि डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी ने 18 दिसंबर को बीबीएमबी को पत्र लिखकर बिना किसी वित्तीय सहायता के भी स्कूल चलाने की इच्छा जताई थी। इसके बावजूद निजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाए जाने को वे अनुचित बता रहे हैं। फिलहाल चंडीगढ़ में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है, और प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं।

# मेयर चुनाव के पहले ही दलबबदल की मुहिम शुरू

- एक-दो और पार्षद भी भाजपा में हो सकते हैं शामिल: मल्होत्रा
- आम आदमी पाटी की दो महिला पार्षद थाम चुकीं हैं भाजपा का दामन

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ में अगले मेयर चुनाव के पहले ही दल-बदल की मुहिम शुरू हो गई है। विगत दिनों भाजपा ने आम आदमी पार्टी के दो पार्षदों को तोड़कर अपनी पार्टी में शामिल होने की घोषणा कर दी। भाजपा के सेक्टर 33 स्थित कार्यालय में बड़े गर्मजोशी के साथ आप पार्षद सुमन और पूनम को भाजपा में शामिल होने का समारोह चर्चाओं में रहा। इस अवसर पर भाजपा के चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जतिंदरपाल मल्होत्रा और पार्टी के वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता संजय टंडन भी मौजूद रहे।

इस समारोह में अपने संबोधन के दौरान भाजपाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि अभी दो पार्षदों ने भाजपा का दामन थामा है। उन्हें उम्मीद है कि बहुत जल्द कुछ और पार्षद भाजपा में शामिल हो सकते हैं। किंतु उन्होंने यह नहीं बताया कि आम आदमी पार्टी के होंगे या कांगेस के। चूंकि विपक्ष में यही दोनों दल हैं, जो अब तक एक-दूसरे के साथ मेयर चुनाव में एक-साथ भाजपा को टक्कर देने की बात करते रहे थे।

भाजपा ने चली तुरुप की चाल: विपक्ष की बात सच होती, इससे पहले ही भाजपा ने तुरुप की ऐसी चाल चली कि सबके सब देखते ही रह गये। कांग्रेस आला कमान की तरफ से बयान आया कि भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति करती है। यह देश, प्रदेश सभी स्तर पर चल रहा है। दूसरी तरफ भाजपा नेतृत्व की तरफ से कहा गया कि आप के दोनों पार्षदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है।

**संख्या बल बराबर:** मौजूदा हालात में नगर निगम में वोटों की कुल संख्या 36 है। आप के दो पार्षदों के भाजपा में जाने से सत्तापक्ष और विपक्ष में आंकड़ा बराबर हो गया है। किंतु अब कोई अन्य पार्षद भाजपा के पाले में आता है तो उनका पलड़ा भारी हो सकता है।

### मेयर का चुनाव पांच वर्ष के लिए प्रत्यक्ष रूप से हो: मनीष तिवारी



नगर सांसद मनीष तिवारी इन दिनों छुट्टियां बिताने देश में गये हुए हैं। उन्होंने नगर निगम के मौजूदा सिनेरियों के ऊपर ट्वीट किया है कि यही कारण है कि नगर निगम चंडीगढ़ का मेयर 5 वर्षों के लिए होगों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुने जाने की जरूरत है।

### भाजपा ने असली रंग दिखाया: लक्की



चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने फिर असली रंग दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष से चिपके रहने के लिए खुल्लमखुल्ला हार्सट्रेडिंग जैसे अनैतिक हथकंडों का सहारा लिया है। इस तरह की गतिविधियां भाजपा की सत्ता की भूख को उजागर करती है।

### मेयर चुनाव हर वर्ष एक जनवरी को हो: देवशाली



दूसरी तरफ भाजपा के पूर्व पार्षद एवं पार्टी के नेता शक्ति प्रकाश देवशाली ने नगर प्रशासक को पत्र लिखकर मांग की है कि मेयर सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव हर वर्ष पहली जनवरी को ही सुनिश्चित रूप से कराये जाएं, ताकि निर्वाचित टीम को संविधान और कानून की मंशा के अनुरूप पूरे एक वर्ष का प्रभावी कार्यकाल मिल सके। पत्र में कहा गया है कि मौजूदा रिवायत के अंतर्गत अक्सर चुनावों की तिथि जनवरी माह के उत्तरार्ध या अंत में तय की जाती है। इसके चलते मेयर एवं अन्य शीर्ष पदाधिकारियों को व्यावहारिक रूप से एक वर्ष से कम अवधि के लिए ही पद पर कार्य करने का अवसर मिलता है, जो न केवल निगम प्रशासन की स्थिरता को प्रभावित करता है, बल्कि दीर्घकालिक विकास योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन पर भी प्रतिकूल असर डालता है।

### पिछला मेयर चुनाव नहीं भूली जनता: विजयपाल



विजयपाल सिंह ने कहा है कि देश की जनता पिछला मेयर चुनाव नहीं भूली है। सबने देखा था कि किस तरह वोटों के साथ छेड़छाड़ की गई थी। उससे पिछले मेयर चुनाव में वोट चोरी के मामले के पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था 'सुप्रीम कोर्ट इज वाचिंग' इसके बावजूद भाजपा ने कोई सबक नहीं लिया। भाजपा में शामिल होते समय पार्षद सुमन शर्मा द्वारा इसे 'घर वापसी' बताया जाना पूर्ण रूप से पाखंड है।

### लोकतंत्र पर खुला हमला: आप

आम आदमी पार्टी की तरफ से कहा गयाहै कि चंडीगढ़ नगर निगम में लोकतंत्र पर खुला हमला किया गया है। भाजपा को जनादेश पर भरोसा नहीं है, इसलिए पैसे, दबाव और पद के बल पर निर्वाचित पार्षदों को तोड़ने की राजनीति की जा रही है। चंडीगढ़ प्रदेशाध्यक्ष

### कांग्रेस ने गठबंधन तोड़ा

अंत में चंडीगढ़ कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ अपना अलायंस (गठजोड़) तोड़ लिया है। उनके पार्टी प्रधान का कहना है कि अगला मेयर चुनाव वह अपने दम बूते पर लड़ेगी।

### निगम सदन में संख्या बल

पहले भाजपा-16, आप-13, कांग्रेस-6, सांसद-1 और अब भाजपा 18, आप-11, कांग्रेस-6 और सांसद एक। यदि इस बार हाथ खड़े कर मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव कराये गये तो भाजपा की तीनों पदों पर पक्की जानी जा रही है। फिलहाल उक्त तीनों पदों की शाख दांव पर लगी है।

सम्पादकीय

# पंजाब में दस लाख तक मुफ्त इलाज योजना बचाएगी जीवन

पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने राज्य के निवासियों को दस लाख रुपये तक निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध करवा कर जो पुनीत कार्य किया है, उसके लिए सरकार को साधुवाद दिया जाना चाहिए। पंजाब की आप सरकार राज्य में मुफ्त बिजली उपलब्ध करवा रही है, जिससे लाखों परिवारों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है, वहीं अब चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा कर भी जनसेवा का ऐसा अनूठा उदाहरण सरकार ने पेश किया है, जोकि पूरे देश में मॉडल बन चुका है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना का आरंभ पहली जनवरी से होने जा रहा है। निश्चित रूप से इस योजना के आरंभ होने के बाद पंजाब में चिकित्सा सेवाओं में और बड़ा इजाफा होगा। राज्य में सरकारी और निजी अस्पतालों में इस योजना के तहत इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। मान सरकार ने मोहल्ला क्लीनिकों के माध्यम से चिकित्सा सेवाओं में जो क्रांति उत्पन्न की थी, अब मुख्यमंत्री चिकित्सा योजना के जरिये जनता को और बड़ा लाभ प्रदान किया जाएगा।

**गौरतलब है कि इससे पहले पंजाब के सरकारी अस्पतालों और आम आदमी क्लीनिकों से इलाज लेने वाले लोगों के लिए इसकी सहुलियत दी गई है कि उन्हें व्हाट्सएप पर ही उनके इलाज के संबंध में सभी अपडेट हासिल हो रही हैं। सरकार का यह कदम वास्तव में मील का पत्थर साबित हो रहा है, क्योंकि जन सेवाओं का मतलब ही यह है, कि जिनसे जनता को तुरंत और वास्तविक सुविधा हासिल हो सके। आम आदमी क्लीनिकों ने पहले ही जनता की सेवा में अपार योगदान दिया है, क्योंकि अस्पतालों में लाइनों में लगने की अब जरूरत नहीं रह गई है, अपितु अपने आसपास ही ऐसे मोहल्ला क्लीनिक तलाश कर वहां से इलाज हासिल किया जा सकता है। प्रदेश के 881 आम आदमी क्लीनिकों को व्हाट्सएप चैटबॉट से जोड़ने से चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति आ चुकी है, क्योंकि इससे जहां सही आंकड़े सरकार के पास उपलब्ध हो रहे हैं।**

गौरतलब है कि इससे पहले पंजाब के सरकारी अस्पतालों और आम आदमी क्लीनिकों से इलाज लेने वाले लोगों के लिए इसकी सहुलियत दी गई है कि उन्हें व्हाट्सएप पर ही उनके इलाज के संबंध में सभी अपडेट हासिल हो रही हैं। सरकार का यह कदम वास्तव में मील का पत्थर साबित हो रहा है, क्योंकि जन सेवाओं का मतलब ही यह है, कि जिनसे जनता को तुरंत और वास्तविक सुविधा हासिल हो सके। आम आदमी क्लीनिकों ने पहले ही जनता की सेवा में अपार योगदान दिया है, क्योंकि अस्पतालों में लाइनों में लगने की अब जरूरत नहीं रह गई है, अपितु अपने आसपास ही ऐसे मोहल्ला क्लीनिक तलाश कर वहां से इलाज हासिल किया जा सकता है। प्रदेश के 881 आम आदमी क्लीनिकों को व्हाट्सएप चैटबॉट से जोड़ने से चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति आ चुकी है, क्योंकि इससे जहां सही आंकड़े सरकार के पास उपलब्ध हो रहे हैं, वहीं इसका भी त्वरित गति से आकलन हो पा रहा है कि कहां, किस रोग के मरीज ज्यादा हैं और उनके समुचित इलाज के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं।

वास्तव में पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिस प्रकार स्वास्थ्य सेवाओं का प्रारूप बदल दिया है, वह काबिले तारीफ है और यह पंजाब के लोगों के स्वास्थ्य को कायम रखने एवं बेहतर बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। बीते समय में 58 अत्याधुनिक सेवाओं से युक्त एंबुलेंस को संचालित किया गया है। इसका मकसद राज्य के दूर दराज के इलाकों में लोगों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है। इसी दौरान सड़क सुरक्षा फोर्स के वाहनों को भी तैनात किया गया है। हाईवे पर यह फोर्स आपात काल में वाहन चालकों को मदद मुहैया कराती है। पंजाब में यह अनुपम प्रयोग है, क्योंकि हाईवे पर हादसों की रोकथाम के साथ उन हादसों के शिकार हुए लोगों को तुरंत मेडिकल मदद मुहैया कराना आवश्यक है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार जिस प्रकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए आयाम स्थापित कर रही है, वे प्रदेश की जनता के कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय कदम साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री मान के द्वारा जिस प्रकार से राज्य में विकास कार्यों की शुरुआत की गई है, उससे राज्य विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है और अब वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब देश में विकसित राज्यों में शुमार होगा। पंजाब के चार जिलों में 100-100 सीट के मेडिकल कॉलेज भी निर्मित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, उद्योग एवं राजस्व आदि जुटाने के संदर्भ में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिनकी बदौलत अब पंजाब गतिमान नजर आ रहा है। आम आदमी पार्टी सरकार ने शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में भारी रियायतें जनता को प्रदान की हैं, इससे जनता का जीवन सुखद हुआ है। बिजली की दरों में रियायत भी ऐसा ही फैसला है, इससे पंजाब के निम्न और मध्यम वर्ग पर महंगाई की मार कम हुई है और उसको अपने दूसरे खर्च निपटाने में आसानी हो रही है। मान सरकार ने पूरे राज्य में परिवर्तन का जैसा माहौल बनाया है, उसके बाद से शिक्षा, चिकित्सा, सरकारी क्षेत्र, रोजगार, पुलिस, उद्योग, बिजली, कृषि आदि में बदलाव साफ नजर आ रहा है। एक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा और क्या हो सकती है कि वह जनता की भलाई के लिए काम करे।

# अधूरा बचपन, अधीर संबंध और आत्म-सुरक्षा

दैनिक अर्थ प्रकाश



स्पिरिचुअल हीलर
सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण
गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक

मनुष्य के जीवन में संबंध केवल बाहरी जुड़ाव नहीं, बल्कि आत्मा की गहनतम यात्रा का साधन हैं। यही कारण है कि हम प्रेम की ओर आकर्षित होते हैं,परंतु यही प्रेम जब भय, असुरक्षा और आश्रय की मांग से घिर जाता है, तब वह संबंध को पोषित करने के बजाय संबंध को थका देता है। इसे 'आश्रित मन' कहा जाता है, ऐसा मन जिसे बचपन में आश्वासन नहीं मिला, जो कभी भी अपने अभिभावकों से पूरी सुरक्षा का अनुभव नहीं कर पाया। इसलिए वह मन वयस्क होने पर भी उसी सुरक्षा की खोज करता रहता है, कभी साथी के पास, कभी परिवार में, कभी समाज में।

बचपन की इस छाया से वयस्क जीवन के संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब शिशु को अपने माता-पिता से समय पर स्पर्श, ध्यान, प्रेम और भरोसा मिलता है, तब उसका भावनात्मक जन्म सुरक्षित होता है। परंतु यदि यह जन्म असुरक्षित, अधूरा, या टूटा हुआ हो, तो यही टूटी हुई संरचना आगे चलकर संबंधों में चिंता, भय और निर्भरता के रूप में प्रकट होती है। असलियत यह है कि बचपन की कमी को वयस्क संबंध पूरा नहीं कर सकते, इसीलिए जब व्यक्ति में ऐसे जुड़ाव की चाहत होती है जिसमें बहुत ज्यादा चिंता शामिल हो, छोड़ दिये जाने का डर शामिल हो तो वह अपने साथी से सामान्य से अधिक आश्वासन चाहता है। उसे लगता है कि कहीं साथी छोड़ न दे, कहीं प्रेम कम न हो जाए, कहीं वह अकेला न पड़ जाए। मन इतना भयभीत हो जाता हैकि वह सबसे प्रिय व्यक्ति के साथ चिपक कर रहने लगता है।

एक स्पिरिचुअलहीलर के रूप में मैंने महसूस किया है कि आश्रित मन में तीन मुख्य वृत्तियाँ दिखती हैं। सबसे पहली वृत्ति है छोड़ दिए जाने का भय, और यह भय इतना गहरा है कि मन बार-बार भविष्य की कल्पना करता है --अगर वह मुझे छोड़ दे तो? अगर उसे कोई और मिल गया तो? यह कल्पना इतनी गहरी हो जाती है कि वास्तविकता भी धुंधली पड़ने लगती है। इसी कारण उसे अतिरिक्त आश्वासन की आवश्यकता महसूस होती है और व्यक्ति बार-बार पुष्टि चाहता है -क्या तुम मुझसे प्यार करते हो? क्या तुम नाराज़ तो नहीं? क्या तुम मुझे छोड़तो नहीं दोगे? यह प्रश्न साथी को थकाता है, अंततः यह भावनात्मक उथल-पुथल में बदल जाता है और छोटी-छोटी बातों में भी चिंता बढ़ जाती है। यह सब इसलिए नहीं कि व्यक्ति गलत है, बल्कि इसलिए कि उसका मन अधूरा है और वह अधूरापन प्रेम से भरना चाहता है। परिणाम यह होता है कि संबंध में संघर्ष उत्पन्न होने के आसार बढ़ जाते हैं। जब रिश्ते में एक साथी भावनात्मक रूप से अतिशय आश्रित होता है और दूसरा तुलनात्मक रूप से स्वतंत्र, तो संघर्ष स्वाभाविक है। आश्रित साथी अधिक निकटता चाहता है, दूसरा साथी थोड़ी-सी दूरी भी चाहता है। यहीं कठिनाई उत्पन्न होती है क्योंकि आश्रित मन निकटता को प्रेम समझता है, और दूरी को अस्वीकृति, परंतुदूरी कभी-कभी आवश्यक होती है जैसे सांस लेने के लिए हवा चाहिए, वैसे ही संबंध को भी अपनी स्वतंत्रता चाहिए।

मानसिक सुरक्षा, आश्रित मन की सबसे बड़ी जरूरत है। वह साथी को पकड़कर रखना नहीं चाहता, वह सिर्फ यह महसूस करना चाहता है कि मैं सुरक्षित हूं, मुझे छोड़ा नहीं जाएगा। परंतु समस्या यह है कि यह सुरक्षा अंदर नहीं है इसलिए वह बाहर तलाशता है। आश्रित मन को ठीक करने के लिए किसी साथी को बदलने की आवश्यकता नहीं होती, आवश्यक है अपने भीतर 'स्व-आश्रय' का निर्माण। जब व्यक्ति स्वयं को सहारा देना सीख जाता है, तब उसे बाहरी सहारे की आवश्यकता कम हो जाती है। यह तीन मार्गों से संभव है। इनमें सबसे पहली है आत्म जागरूकता की साधना, इसके बाद आता है सीमाएं निर्धारित करना, यानी, किसी को कहां तक के व्यवहार की छूट देनी है, यह प्रेम की रक्षा के कवच की तरह काम करती है। तीसरी और अंतिम है अपनी खुद की देखभाल करना, खुद से प्यार करना, अपने भीतर अपने लिए प्रेम उगाना। आत्म-जागरूकता की साधना के



लिए हमें अपने भय को पहचानना होता है, अपने ट्रिगर को समझ कर अपने मन के पैटर्न को देखना होता है। इसका वास्तविक अर्थ है अपने मन को दर्पण दिखाना। जब हम देखते हैं कि हमारा भय वास्तव में हमारे बचपन की लालसाएं हैं, न कि हमारा साथी, तब संबंधों में बोझ कम होता है। आत्म-जागरूकता हमें प्रतिक्रियाओं से मुक्त करती है। हम जान जाते हैं कि यह हमारी कमी है, साथी की गलती नहीं। इसी प्रकार सीमाओं का स्पष्टिकरण दरअसल प्रेम की रक्षा का कवच है। कई लोग सीमाओं को दूरी समझते हैं। परंतु सीमा वास्तव में प्रेम की मर्यादा है। सीमाएँ होने से संबंध स्पष्ट होता है कि कब बात करनी है, कब निजी समय है, कहाँ हम एक-दूसरे की स्वतंत्रता स्वीकारते हैं। सीमा वही है जो नदी को दिशा देती है, नदी बंधन में नहीं बँधती, प्रवाह पाती है।

जब हम किसी दूसरे पर अत्यधिक निर्भर हो जाते हैं, अपने हर काम और हर विचार के लिए उसकी सहमति चाहते हैं, स्वीकृति चाहते हैं तो हम खुद तो कमज़ोर होते ही हैं, अपने साथी को भी परेशान करते हैं, इस हद तक कि उसे हमसे चिढ़ होने लग जाए। इससे बचने का सरल उपाय यह है कि हम अपने भीतर अपने लिए प्रेम जगाएं। इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा और रिश्तों की मिठास कम नहीं होगी। हम जब अपने लिए अपने भीतर प्रेम जगाते हैं, तभी हम बाहरी प्रेम को सहजता से स्वीकार कर पाते हैं। इसका सीधा सा मतलब है अपने मन को विश्राम देना, अपने शरीर को सम्मान देना, अपने अकेलेपन को मित्र बनाना। जब व्यक्ति केवल साथी से ही प्रेम की अपेक्षा करता है, तब संबंध असंतुलित हो जाता है। परंतु जब वह अपने भीतर भी प्रेम उगाता है, तब संबंध खिल उठता है।

कई बार व्यक्ति के भीतर गहरी भावनात्मक चोटें होती हैं। जब कोई हमें छोड़ दे, अलग हो जाए, या हमें अस्वीकृत कर दे, लगातार हमारी उपेक्षा करता रहे तो भावनात्मक चोट सचमुच गहरी होती है और आज के प्रेम में अक्सर दिखाई देती हैं। इन घावों को समझने और भरने के लिए संवाद महत्वपूर्ण है, पर कभी-कभी किसी अनुभवी मार्ग दर्शक, किसी चिकित्सक, या किसी गुरु की शरण भी आवश्यक होती है, क्योंकि कुछ घाव ऐसे होते हैं जो अकेले नहीं भरे जा सकते, उन पर प्रेम, करुणा और समझ की मरहम लगानी होती है। प्रेम एक-दूसरे को पकड़कर रखने का नाम नहीं है। प्रेम का अर्थ है एक-दूसरे को सुरक्षित अनुभव कराना। सुरक्षित संबंध में मन शान्त होता है, भय कम हो जाता है और हृदय खुलने लगता है। पर यह याद रखना भी जरूरी है कि यह कोई दोष नहीं है। यह अधूरे प्रेम की पुकार है। जब हम इसे पहचान लेते हैं और आपसी प्रेम और सहयोग से इसका उपचार कर लेते हैं,तब यही मन सबसे अधिक करुणामयी, संवेदनशील और प्रेमपूर्ण बन जाता है।

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## ढांचा गिराने की योजना संघ के एक नेता ने बनाई थी

**नागपुर:** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेतृत्व की विश्वास में न लेते हुए अयोध्या के विवादास्पद ढांचा को ध्वस्त करने की पूरी योजना संघ के ही एक अति महत्वपूर्ण नेता ने बनायी थी। उस पर सफलतापूर्वक अमल उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के सहयोग से किया गया, ऐसा आरोप है। अयोध्या की घटना के बाद सरसंघचालक वाला साहब देवरस ने उसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य बताया और इस पर बेहद नापसंदगी व्यक्ति की थी। इसके बाद संघ पदाधिकारियों में यह योजना किसकी थी। इस पर दबी दबी चर्चा होने लगी। इसी के बाद एक महत्वपूर्ण नेता की ओर उंगली उठायी जा रही है। इस योजना के सूत्रधार नेता ने अब तक अनेक जिम्मेदारी वाले पदों पर काम किया है और अयोध्या विवाद पर काम किया है और अयोध्या विवाद पर जब सभी संबंधित पक्षों से चर्चा हुई, उस समय इस नेता ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, ऐसा बताया जा रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार ढांचा गिराने की योजना बनाने के बाद यह नेता काफी दिनों तक उत्तर प्रदेश में रहे और इस बीच श्री कल्याण सिंह पर अप्रत्यक्ष दबाव लाकर उन्हें गुमराह किया। करसेवा के दिन विवादागस्त ढांचे तक पहुंचने से केंद्रीय रिजर्व बल के जवानों को कार्यकर्त्ताओं की श्रृंखला बना कर किस तरह रोका गया, उससे इसके पीछे निश्चित योजना होने का संदेह अयोध्या से लौटे अनेक कारसेवकों ने व्यक्त किया। इसी तरह बताया जा रहा है कि दो गुंम्बदगिरा कर नीचे रामलला की प्रतिमा रखने की योजना भी पहले से ही बना ली गयी थी। विवादग्रस्त ढांचा गिराने पर उसकी पूरे देश में क्या प्रतिक्रिया होगी। इसकी कल्पना इस योजना के जनक को नहीं थी, ऐसा नहीं है। मगर जो होना है, वह हो जाने दो की भूमिका लेकर उन्होंने योजना को सहायता से अमल में लाया, ऐसी दबे स्वरों में चर्चा हो रही है। वैसे जो हो चुका उसकी जिम्मेदारी स्वीकार कर भविष्य की रणनीति बनाने में अब संघ नेतृत्व जुट गया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1797- उर्दू-फारसी के प्रख्यात कवि मिर्जा ग़ालिब का जन्म हुआ।
1861- कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहली बार चाय की सार्वजनिक बोली संपन्न हुई।
1911- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता (अब कोलकाता) अधिवेशन के दौरान पहली बार 'जन गण मन' गाया गया।
1934- पर्सिया के शाह ने पर्सिया का नाम बदलकर ईरान करने की घोषणा की।
1937- भारत के राजनेता तथा हिन्दी साहित्यकार शंकर दयाल सिंह का जन्म हुआ।
1939- तुर्की में आये भूकंप से लगभग चालीस हजार लोगों की मौत हुई थी।
1942- परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक लांस नायक अल्बर्ट एक्का का जन्म।
1945- वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए विश्व बैंक की स्थापना की गई।
1949- नीदरलैंड ने आधिकारिक रूप से इंडोनेशिया की स्वतंत्रता को स्वीकार किया।
1960- फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1961- बेल्जियम और कांगो के बीच राजनयिक संबंध बहाल हुए।
1965- बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का जन्म हुआ था।
1968- चंद्रमा की परिक्रमा करने वाला पहला मानव मिशन अपोलो-8 प्रशांत महासागर में उतरा।
1972- उत्तरी कोरिया में नया संविधान प्रभाव में आया।
1975- झारखंड के धनबाद जिले स्थित चासनाला में हुए कोयला खदान दुर्घटना में 372 लोगों की मौत।
1979- सोवियत सेना ने अफगानिस्तान पर हमला किया था।
2001- भारत-पाक युद्ध रोकने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका एवं रूस सक्रिय; लश्कर-ए-तोइबा ने अब्दुल वाहिद कश्मीरी को अपना नया प्रमुख नियुक्त किया। 2002-'ईव' नामक पहले मानव क्लोन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लिया था।
2004- भारत ने तीसरे और अन्तिम वनडे में बांग्लादेश को हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती।
2007- रावलपिंडी के पास पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की गोली मारकर हत्या।
2008- वी. शान्ताराम पुरस्कार समारोह में तारे ज़मीं पर को सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का पुरस्कार मिला था।
2013- बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता फ़ारुख़ शेख़ का निधन हुआ था। 2020- प्रसिद्ध भारतीय नृत्य इतिहासकार, विद्वान और आलोचक सुनील कोठारी का निधन हुआ था।

## बोल ब्यूटीफुल



**ब्रह्मा चेलानी:** जिस पंथनिरपेक्ष दल अवामी लीग ने बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाई थी, उसके अब प्रतिबंधित हो जाने के बाद बांग्लादेश का आगामी चुनाव वस्तुतः इस्लामवादी या इस्लामवाद-समर्थक शक्तियों के बीच मुकाबला बनकर रह गया है।

**अभिजीत मजूमदार:** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी प्रमुख तारिक रहमान 17 वर्षों के निर्वासन के बाद ढाका पहुंचे हैं। बीएनपी को किसी भी प्रकार की राजनीतिक जगह न देना शेख हसीना की एक गंभीर भूल थी, जिसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। उम्मीद है कि बांग्लादेश के चुनावों में भारी जीत की संभावना वाले तारिक रहमान वही गलती नहीं दोहराएंगे और अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने जैसा कदम नहीं उठाएंगे।

**पंकज झा:** यूपी की योगी सरकार ने एक अच्छी पहल की है। स्कूली बच्चों में समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालने की। बच्चों में मोबाइल फोन की लत और स्क्रीन टाइम कम करने के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक है।

# आध्यात्मिक ज्ञान की जोत सार्वभौमिक, सार्वकालिक,सर्वव्यापी स्तर पर जलाए रखने के प्रयासों में जुटा ब्रह्माकुमारी संस्थान

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह डीआईपीआरओ आर

माउंट मुख्यालय से ही संचालित करता है दुनिया में फैले सैंटरों का।

किसी की आलोचना में विश्वास नही रखकर समाज में ज्ञान सेवा की अलग पहचान बनाए हुए है ब्रह्माकुमारी संस्थान

स्वदेशी महोत्सव में आकर्षण का मुख्य केन्द्र बना हुआ है ब्रह्माकुमारी स्टाल-आए दिन उमड़ रहा है दर्शकों का बड़ा हजूम

सनातनी सोच में अध्यात्म, धार्मिक, सेवा, समाज और राष्ट्रवाद की सोच को ऊंचा स्थान दिया गया गया। अध्यात्म की सोच का जन जन में संचार करने के लिए हर पल तैयार रहने वाले संस्थानों में से एक ब्रह्माकुमारी संस्थान की दुनिया में अलग की पहचान है। सेवा की यह सोच आए दिन विस्तृत रूप लेती जा रही है। अक्सर देखने में आया है कि सेवा और ज्ञान की जोत जलाने का जिम्मा पुरुष वर्ग अपने कंधों पर उठाए हुए है लेकिन ब्रह्माकुमारी संस्थान सारी बड़ी जिम्मेदारियां बहने ही संभाले हुए है। यह विश्व की मातृ शक्ति के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। संस्थान के विभिन्न भाषाओं में पीस ऑफ माइंड और अवेकनिंग चैनल भी है। जिनके माध्यम से संस्थान से जुड़े बड़े बड़े विचारक समाज समाज सेवा में लगे है। योग के कार्यक्रमों सहित विभिन्न राज्यों की संस्कृति को प्रदर्शित और परिभाषित कार्यक्रम भी प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा है। जहां भी कार्यक्रम या समारोह आयोजित होते है ब्रह्माकुमारी संस्थान के सेवा स्टाल देखने को मिल ही जाते है।

पंचकूला के प्रेड ग्राउंड में आगामी 28 दिसंबर तक चलने वाले स्वदेशी महोत्सव में जहां एक ओर हमारी सभ्यता और संस्कृति को प्रदर्शित करते कई स्टॉल लगे हुए है वही अध्यात्मवाद की विभिन्न विधाओं को प्रदर्शित और परिभाषित करता ब्रह्माकुमारी संस्थान का स्टाल आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ हुआ। बच्चे बूढ़े जवान महिलाएं बर्बस ही खींचे चले आ रहे है। कल्पवृक्ष की तरह का एक कृत्रिम वृक्ष नई सोच का संचार करता नजर आया। ब्रह्माकुमारी संस्थान की टीम आगंतुकों को समाज और आत्मचिंतन को लेकर जागरूक करती नजर आई। अपने पंडाल में लैपटॉप और मोबाइल से जानकारी देने के साथ साथ साहित्य भी वितरित किया जा रहा है। श्वेत वस्त्र में बीके ऐसे लग रहे है जैसे कि फरिश्ते धरा पर उतर आए हो। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित सरकार के कई मंत्री भी यहाँ पहुंचे और महोत्सव में गहन रुचि दिखाई। सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 10 दिवसीय स्वदेशी महोत्सव में ब्रह्माकुमारी संस्था का स्टॉल आकर्षण का प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र बना हुआ है। सभी धर्मों के लोग यहां आकर खरीदारी के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मजा लेकर ले रहे है।

स्टॉल पर आध्यात्मिक परामर्श,राजयोग ध्यान की जानकारी के साथ-साथ विज़ुअल डॉक्यूमेंट्री मशीनें और वैज्ञानिक स्ट्रेस टेस्ट उपकरण लगाए गए हैं,जो आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। उपकरणों के माध्यम से लोगों को रीयल-टाइम डेटा दिया जा रहा है, जिससे वे यह समझ पाते हैं कि उनका मन कितना तनावग्रस्त, कितना शांत और कितना स्थिर है। इसके पश्चात उन्हें डाकुमेंटरी आधारित विज़ुअल गाइडेड कमेंट्री के माध्यम से मानसिक शांति और आत्म संतुलन का अनुभव कराया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह संस्थान किसी भी धर्म की आलोचना करने में कतई विश्वास नहीं करता। केवल ज्ञान के सार्वभौमिक,सार्वकालिक और सर्वव्यापी संचार में विश्वास रखता है, यही कारण है कि इस संस्थान से हर धर्म के लोग जुड़े हुए है।



महोत्सव भ्रमण में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्माकुमारीज स्टॉल पर विशेष रूप से ब्रह्माकुमारी बहनों से आध्यात्मिक जानकारी का आदान प्रदान संस्कृति की समझ को नए आयाम दे गया। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में ब्रह्माकुमारी द्वारा दी जा रही आध्यात्मिक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था लोगों के मानसिक तनाव और जीवन के बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बदलते परिवेश में यह आध्यात्मिक संस्था आमजन की जरूरत भी बनती जा रही है। ब्रह्माकुमारी प्रतिनिधियों के अनुसार, आध्यात्मिकता और आत्म-जागरूकता के माध्यम से समाज में शांति, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा सकता है। स्टॉल पर सभी आयु वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते नजर आए। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी महोत्सव की छटा देखते ही बनती है। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार समूचे विश्व के 140 देशों में ब्रह्माकुमारी संस्था लोगों को ज्ञान की राह दिखा रहे है। इनका विश्व स्तरीय मुख्यालय राजस्थान के सिरोही जिले में स्थित है, जहां प्रतिदिन हजारों बहन भाईयों के खाने पीने और रहने की बेहतरीन व्यवस्था है। विनम्रता तो इनके स्वभाव का बहुत बडा गहना है। इनके परिधान से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि ये सफेद रंग की पोशाक पहने ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े भाई बहन है। वैसे सफेद पोशाक तो नेता लोग भी पहनते है, उनके बारे में लोगों की धारणा कुछ अलग ही होती है। खैर छोड़िए जब बात ब्रह्माकुमारी संस्थान की हो रही है तो उन्ही के बारे में लिखकर आगे बढ़ना ही सही प्रतीत रहेगा। ब्रह्माकुमारी संस्थान का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू, राजस्थान में स्थित है, जिसे मधुबन के नाम से जाना जाता है, और यह प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का केंद्र है, जहां से आध्यात्मिक शिक्षा, राजयोग ध्यान और विश्व शांति के संदेश का प्रचार किया जाता है, जो दुनिया भर में फैले सेवा केंद्रों को दिशा देता है।

संस्थान की स्थापना का जिक्र करें तो 1937 में पाकिस्तान के कराची में ब्रह्मा बाबा द्वारा स्थापित किया गया और 1950 में इसे माउंट आबू में स्थानांतरित किया गया। अरावली पर्वत श्रृंखला की गोद में स्थित शांति, एकांत और आध्यावाद का दुनिया का बड़ा ऊर्जा का केंद्र माना जाता है।

वहां के प्रमुख स्थल,बाबा की झोपड़ी, बाबा का कमरा, शांति मीनार और दुनिया के सबसे बड़े भवनों में से एक विशाल ओम शांति भवन,जिसे यूनिवर्सल पीस हॉल भी कहा जाता है, संस्थान की कार्यप्रणाली राजयोग ध्यान और नैतिक शिक्षा के माध्यम से विश्व में शांति, प्रेम और सद्भाव फैलाने के कार्य पर टिकी हुई है। यह एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और पर्यटन स्थल भी है जहाँ हर साल हज़ारों लोग आते हैं और अध्यात्मवाद के ज्ञान का वैचारिक अमृत छकते है। माउंट आबू का ब्रह्माकुमारी परिसर सिर्फ एक आश्रम नहीं, बल्कि एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन का केंद्र है जो विश्व बंधुत्व और आंतरिक शांति के शिखर की ओर अग्रसर है। दुनिया में संस्थान की साख बहुत बड़ी है इतना धन इकट्ठा कर सकता है जितना शायद दुनिया का कोई संस्थान एकत्रित नहीं कर सकता लेकिन संस्थान को समर्पित ब्रह्माकुमारी बीके का ध्यान तो पूरी दुनिया को ज्ञान से मालामाल करना है। इस दिशा में संस्थान के बढ़ते कदम बड़े बड़े लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते रहे है। संस्थान में प्रधानमंत्री मोदी से लेकर संघ के बड़े सेवक मोहन भागवत तक अपनी सेवाएं दे चुके है।

# नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से निपटने में जन-जागरूकता निभाएगी अहम भूमिका: राज्यपाल

यस ने सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 26 दिसंबर।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज यहां कहा कि नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध लड़ाई में जनभागीदारी और सतत जागरूकता नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जागरूक और सतर्क नागरिक सरकार एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रयासों को प्रभावी रूप से मजबूत कर सकते हैं।

राज्यपाल ने शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में यूथ एनलाइटनमेंट सोसायटी (यस) द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित किया।

राज्यपाल ने कहा कि संस्कृति और सामाजिक चेतना समाज को उसकी जड़ों से जोड़ती है और सामूहिक प्रगति को सही दिशा प्रदान करती है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में नशा एक वैश्विक समस्या का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि नशा-मुक्त हिमाचल तभी संभव है जब युवा आगे आकर दृढ़ संकल्पित होकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ खड़ा हो।

यूथ एनलाइटनमेंट सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक गतिविधियों में करने से उन्हें नशे से दूर रखा जा सकता है। यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, संस्था के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### सशक्त युवा वही है जो अनुशासन, सेवा और नशे से दूरी बनाए रखे'

उन्होंने कहा, 'सशक्त युवा वही है जो अनुशासन, सेवा और नशे से दूरी बनाए रखे।' उन्होंने नागरिकों से स्वस्थ, नशा-मुक्त और सशक्त हिमाचल प्रदेश के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। इससे पूर्व यूथ एनलाइटनमेंट सोसायटी के राज्य अध्यक्ष मोहित ठाकुर ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों को प्रदर्शित करती एक नुक्कड़ नाटिका भी प्रस्तुत की गई तथा अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, सुन्नी के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

# मुख्यमंत्री से पंजाब नेशनल बैंक के प्रबन्ध निदेशक ने की भेंट

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 26 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से आज यहां पंजाब नेशनल बैंक के प्रबन्ध निदेशक अशोक चन्द्रा ने भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, पीएनबी शिमला सर्कल के जीएम राजेश कुमार, एजीएम वीरेन्द्र शर्मा भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री को देवेन्द्र सिंह श्याम ने कॉफी टेबल बुक की भेंट



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 26 दिसम्बर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह श्याम ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को बैंक की कॉफी टेबल बुक भेंट की। उन्होंने अवगत करवाया कि कॉफी टेबल बुक में बैंक की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों का विवरण दिया गया है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, बैंक के प्रबन्ध निदेशक श्रवण मांटा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# वीर साहिबजादों का बलिदान धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए अमर प्रेरणा: सुरेश कश्यप

चारों साहिबजादों और माता गुजरी जी का त्याग मानव इतिहास में अद्वितीय

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 26 दिसंबर।** धर्म एवं संस्कृति की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु श्री गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान दिवस वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष केशव चौहान ने की, जबकि कार्यक्रम संयोजक परमजीत चड्ढा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेश कश्यप ने कहा, ÷वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह।÷ उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों और दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह जी को स्मरण करते हुए मन शोक से भी भर जाता है और गर्व की अनुभूति भी करता है। जिन बच्चों ने जीवन को ठीक से देखा भी नहीं था, उन्हें अत्यंत क्रूरता से शहीद कर दिया गया, लेकिन उन्होंने धर्म के सामने कभी सिर नहीं झुकाया।

सुरेश कश्यप ने माता गुजरी जी के त्याग, धैर्य और संस्कारों को नमन करते हुए कहा कि बाबा जोरावर सिंह मात्र 9 वर्ष और बाबा फतेह सिंह मात्र 7 वर्ष की आयु में लोभ, भय और दबाव के बावजूद धर्म से विचलित नहीं हुए और सिंहों की तरह मृत्यु को स्वीकार किया। यह माता गुजरी जी द्वारा दिए गए संस्कारों का ही परिणाम था कि साहिबजादों में गुरुओं के मूल्य कूट-कूट कर भरे थे। उन्होंने कहा कि विश्व इतिहास में ऐसा उदाहरण मिलना दुर्लभ है, जहां किसी पिता ने धर्म की रक्षा के लिए स्वयं, अपनी माता और अपने चारों पुत्रों का बलिदान दिया हो। इसी कारण गुरु गोबिंद सिंह जी को ÷सरबंस दानी÷ कहा जाता है। यह कोई सरकारी उपाधि नहीं, बल्कि देश की जनता द्वारा दिया गया सर्वोच्च सम्मान है। सुरेश कश्यप ने नवम गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि कश्मीर के पंडितों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आठ वर्ष की आयु में बालक गोबिंद राय द्वारा अपने पिता से बलिदान देने का आग्रह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। दिल्ली का सीसगंज गुरुद्वारा आज भी देशभक्तों और श्रद्धालुओं के लिए सबसे बड़ा तीर्थ है।

उन्होंने कहा कि यदि नवम गुरु और दशम पिता न होते तो आज भारत में न हिंदू बचता और न सिख, हमारी धर्म-संस्कृति का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। इसलिए गुरु तेग बहादुर जी को ÷हिंद की चादर÷ कहा गया। दशम पिता में वीरता और बलिदान दोनों गुण थे। चमकौर साहिब में युद्ध के दौरान उन्होंने अपने पुत्रों को हंसते-हंसते धर्म के लिए बलिदान हेतु भेजा, यह अद्वितीय साहस और समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब चारों साहिबजादों की शहादत का समाचार आया और प्रश्न उठा कि अब क्या बचा, तब गुरु गोबिंद सिंह जी के शब्द 'चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार' त्याग और दृढ़ संकल्प की पराकाष्ठा को दर्शाते हैं।

# वाहन मालिक अपने आरसी में मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अपडेट करवाएं: अभिषेक मित्तल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 26 दिसंबर।** कार्यालय उप मंडलधिकारी एवं क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण ऊना अभिषेक मित्तल द्वारा ऊना ब्लॉक के सभी वाहन मालिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि परिवहन निदेशालय, शिमला द्वारा पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि वाहनों की आर सी (पंजीकरण प्रमाण पत्र) में मोबाइल नंबर अपडेट न होने के कारण ई-चालान संदेश, नोटिस तथा अन्य परिवहन संबंधी सूचनाएं वाहन मालिकों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्होंने इस समस्या के समाधान हेतु क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण कार्यालय, ऊना में पंजीकृत सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने वाहन के पंजीकरण प्रमाण पत्र में अपना सक्रिय मोबाइल नंबर शीघ्रता से अपडेट करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सभी वाहन मालिक अपना मोबाइल नंबर परिवहन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अथवा क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण कार्यालय, ऊना में कार्यालय समय के दौरान करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर अपडेट करवाने से ई-चालान प्रणाली का सुचारू संचालन सुनिश्चित होगा तथा वाहन मालिकों को आवश्यक सूचनाएं समय पर प्राप्त हो सकेंगी। सभी वाहन मलिक अपना मोबाइल नंबर वह ही दर्ज करे जो आधार से लिंक होना चाहिए। मित्तल ने जनहित में सभी वाहन मालिकों से सहयोग की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा माफिया के खिलाफ शिकंजा, 152 ग्राम चरस पकड़ी

**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** जिला की बागा पुलिस ने नशा माफिया के खिलाफ शिकंजा कसते हुए एक आदतन अपराधी को चरस की खेप के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने शालूघाट में नाकाबंदी के दौरान एक कार सवार से 152 ग्राम से अधिक चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान 36 वर्षीय अनिल कुमार, निवासी गांव समतयाड़ी, तहसील अर्की के रूप में हुई है, जो पहले भी कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बागा थाना की एक टीम शालूघाट में नियमित गश्त और नाकाबंदी पर तैनात थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक कार को चेकिंग के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर कार चालक अनिल कुमार के कब्जे से 152 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर लिया है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस जांच में आरोपी अनिल कुमार की एक लंबी आपराधिक कुंडली सामने आई है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें बागा थाने में दर्ज एक पुराना एनडीपीएस का मामला शामिल है, जिसमें वह 3 किलो से अधिक चूरापोस्त, 19.48 ग्राम अफीम और 53.60 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया था। इसके अलावा, आरोपी पर मारपीट के दो अन्य मामले भी दर्ज हैं, जिनमें से एक बागा थाने में और दूसरा बिलासपुर जिले के बरमाना थाने में पंजीकृत है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आदतन अपराधी होने के बावजूद वह दोबारा नशा तस्करी में कैसे सक्रिय हुआ और इस खेप का स्रोत क्या था।

### कड़ाके की ठंड के मद्देनज़र ऊना जिले में स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में परिवर्तन

**ऊना (अप्रस/रोहित शर्मा)।** ऊना जिले में लगातार गिरते तापमान एवं कड़ाके की ठंड को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन ऊना ने सभी शैक्षणिक संस्थानों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन करने के आदेश जारी किए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 एवं 34(एम) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय उच्च शिक्षा उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) ऊना की संस्तुतियों के आधार पर लिया गया है। जारी आदेशों के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों, प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का संचालन समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक रहेगा। वहीं, जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश 29 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इस अवधि के दौरान समय परिवर्तन के कारण होने वाली शैक्षणिक क्षति की पूर्ति प्रातः प्रार्थना सभा एवं मध्याह्न अवकाश की अवधि को यथोचित रूप से समायोजित कर की जाएगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों, विद्यालय प्रबंधन समितियों तथा अभिभावकों से आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुरा में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक समारोह



**नालागढ़ (अप्रस/पवन कौशल)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुरा में वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरदीप सिंह बावा ने शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें नाटी, भांगड़ा, गिद्दा और हरियाणवी लोक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर शिक्षा, एनएसएस और खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और विधायक के समक्ष विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की मांग रखी। इस पर विधायक हरदीप सिंह बावा ने विद्यालय में नए कमरों के निर्माण का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में विधायक ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# रामचंद्र पठानिया ने दरब्यार स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार

कहा, हिमाचल के शैक्षणिक ढांचे में व्यापक सुधार कर रहे हैं मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 26 दिसंबर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरब्यार का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया, जिसमें कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई देते हुए रामचंद्र पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के शैक्षणिक ढांचे में व्यापक सुधार के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बहुत ही सराहनीय कदम उठाए हैं। इससे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले आम परिवारों के बच्चों को भी बेहतरीन शिक्षा मिलेगी और वे प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के साथ पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। रामचंद्र पठानिया ने कहा कि विद्यार्थियों को नशे से बचाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेशव्यापी अभियान चलाया है। चिट्टे जैसे खतरनाक नशीले पदार्थ के विरोध में वह स्वयं हर जिले में जाकर आम लोगों के साथ पैदल यात्राएं निकाल रहे हैं तथा लोगों से विशेष आह्वान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस मुहिम को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। रामचंद्र पठानिया ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने की अपील की तथा शिक्षकों एवं अभिभावकों से बच्चों पर नजर रखने का आग्रह किया। समारोह में विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्होंने इन बच्चों को अपनी ओर से 8100 रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इससे पहले, प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और विद्यार्थियों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जबकि, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुकेश बन्याल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य नामदेव, कंजयाण पंचायत के प्रधान संदीप चौहान, दरब्यार पंचायत के उपप्रधान संजय राणा, बबली शर्मा, अभिषेक ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एआई आधारित ऑटोमेशन, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग तथा आधुनिक तकनीक विषयों पर उद्यमियों को किया जागरूक

स्मार्ट एम.एस.एम.ई. पर कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 26 दिसंबर।** लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग केन्द्र मंत्रालय एवं उद्योग विभाग सोलन के संयुक्त तत्वावधान में आज यहां स्मार्ट लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम (एम.एस.एम.ई.) उद्योग विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता उद्योग विभाग सोलन के महाप्रबंधक सुरेन्द्र ठाकुर ने की। सुरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को भविष्य में प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए ए.आई. आधारित ऑटोमेशन, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग तथा आधुनिक तकनीक का उपयोग करना चाहिए। इससे जहां उद्योगों की उत्पादकता में बढ़ौतरी होगी वहीं त्रुटियों में भी कमी आएगी।

डिजिटल परिवर्तन विशेषज्ञ सुखप्रीत सिंह ने इस अवसर पर डिजिटल परिवर्तन पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के प्रतिनिधियों को उद्योग 4.0 समाधानों, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टूल्स, और सरल एवं सुलभ डिजिटल अपनाने की रणनीतियों के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की।

सी.ई.एल. स्मार्ट एम.एस.एम.ई. टीम ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं पूरे उद्योग क्षेत्र को सशक्त, तकनीकी रूप से उन्नत, और भविष्य के स्मार्ट उद्योग मॉडल से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने उद्योग विभाग सोलन तथा सभी सहयोगी संस्थानों का सफल आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ज़िला उद्योग केन्द्र सोलन के अधिकारी एवं सोलन क्षेत्र के उद्यमी उपस्थित थे।

# वीर बाल दिवस पर अनुराग सिंह ठाकुर ने याद किया साहिबजादों का सर्वोच्च बलिदान, बढ़ते नशे के जाल पर जताई चिंता

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 26 दिसंबर।** भाजपा हमीरपुर द्वारा नादौन में वीर बाल दिवस श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने नादौन के स्थानीय गुरुद्वारे में माथा टेककर गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इससे पूर्व अनुराग सिंह ठाकुर का नादौन के इंदरपाल चौक पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता विजय अग्निहोत्री, बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, भोरंज के पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान एवं पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। अल्पायु में ही उन्होंने धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए जो अद्वितीय साहस दिखाया, वह युगों-युगों तक देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। साहिबजादों ने अत्याचार के सामने झुकने के बजाय अपने प्राणों का बलिदान देकर यह सिद्ध किया कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा सर्वोपरि है। उनका यह त्याग केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की अमूल्य विरासत है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जनवरी, 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों-साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्?मृति में %वीर बाल दिवस% के रूप में मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस मनाने के पीछे इसका उद्देश्य देश के बच्चों और युवाओं को साहिबजादों के बलिदान से परिचित कराना है। उन्होंने कहा ÷मोदी सरकार ने साहिबजादों को सच्चा सम्मान देते हुए उनकी याद में वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की। वर्षों तक डेरा बाबा नानक में करतारपुर साहिब को हमारे सिख भाई बॉर्डर के इस पार से दूरबीन से किसी तरह निहार कर रह जाते थे, मगर मोदी सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर खुलवाया। जो काम कोई नहीं कर पाया था वो मोदी सरकार ने कर दिखाया। अफगानिस्तान में युद्ध के दौरान वहाँ से गुरु ग्रंथ साहिब जी को भारत लाने हेतु विशेष प्रबंध किए गए। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अजय रिंटू, जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर, जिला भाजपा पदाधिकारी अश्विनी गांधी, रजित भारती एवं दीक्षित गौतम, नादौन मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, बड़सर मंडल के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री, प्रगुण गौतम सहित अनेक वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### धर्मशाला एयरपोर्ट पर अनुराग सिंह ठाकुर ने शांता कुमार से की स्नेहिल भेंट, लिया आशीर्वाद और मार्गदर्शन



हमीरपुर/धर्मशाला: पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज धर्मशाला एयरपोर्ट पर हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से स्नेहिल भेंट की। इस अवसर पर अनुराग सिंह ठाकुर ने शांता कुमार से आत्मीय संवाद करते हुए उनका स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट के दौरान अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि शांता कुमार का संपूर्ण सार्वजनिक जीवन ईमानदारी, सादगी और राष्ट्रसेवा के मूल्यों से प्रेरित रहा है। हिमाचल प्रदेश के विकास में उनके योगदान, संगठनात्मक दृढ़ता और वैचारिक स्पष्टता ने भाजपा को प्रदेश में सशक्त आधार प्रदान किया है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है। शांता कुमार ने भी अनुराग सिंह ठाकुर को जनसेवा, संगठनात्मक मजबूती और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया तथा उनके सक्रिय सार्वजनिक जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह भेंट हिमाचल की राजनीतिक परंपरा में वरिष्ठ नेतृत्व के अनुभव और युवा नेतृत्व की ऊर्जा के समन्वय का सशक्त उदाहरण है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे वरिष्ठ नेताओं का सान्निध्य और मार्गदर्शन संगठन को नई दिशा देने के साथ-साथ जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करता है।


**Government of Himachal Pradesh**
**Jal Shakti Department**
**"Notice Inviting e-tender"**

The Executive Engineer Jal Shakti Vibhag Division Nalagarh invites online tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work (s) through e-tendering process:-

| | | |
|---|---|---|
| **Description of work** | : | **Name of Work: -** Providing Lift Water Supply Scheme to Village Chamdhar, in Tehsil Ramshehar Distt. Solan (HP) (SH:- Construction of Percolation well, Dyke, Pump house cum attendant quarter Construction of Sump well, construction of Main storage tank at Nanoa, Sector storage tank of various capacities at various locations, construction of Retaining / breast walls, laying, jointing, testing and commissioning of GMS pipes conforming to BIS : 1239 in Rising main, gravity main and distribution system, Supply and erection of submersible and Centrifugal pumping machinery along with allied accessories and replacement of old existing pumping machinery along with its accessories). |
| **Estimated cost** | : | 2,43,73,047/- |
| **Earnest Money** | : | 3,18,730/- |
| **Stipulated Time period** | : | Six Months |
| **Cost of tender forms** | : | 5000/- |

1. Last date of filing / uploading the tender through e-tendering: - 08-01-2026upto 11:00 AM. The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website www.hpiph.org.

**HIM SUCHNA AVAM JAN SAMPARK**

**R.O. No. 5287_2025-2026**

**Executive Engineer,**
**JSV Divn.Nalagarh,**
**Distt.Solan (HP).**

AP-6809

# 3 नगर निगमों समेत 1 नगर परिषद-2 नगर पालिकाओं के चुनाव जनवरी में प्रस्तावित, तभी लटका मेयर रिजर्वेशन का ड्रा ऑफ लाट

## यूएलबी और चुनाव आयोग का चुनावों पर चल रहा मंथन, नए साल में घोषणा कभी भी

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा




पंचकूला। नया साल चढ़ते ही नगर निगमों, नगर परिषद समेत नगर पालिकाओं के चुनावी दंगल छिड़ जाएंगे। वजह यह है कि ये तीनों चुनाव जनवरी में प्रस्तावित हैं और प्रदेश की राजनीति में हलचल मचना भी तय है। पंचकूला, अंबाला और सोनीपत के लिए मेयर पद के लिए आरक्षण ड्रा ऑफ लाट में विलंब होने की वजह भी यही मानी जा रही है। हालांकि, प्रदेश में एक नगर परिषद व दो नगर पालिकाओं के चुनाव भी साथ हो सकते हैं। इन निगमों के साथ रेवाड़ी नगर परिषद, रोहतक की सांपला नगर पालिका और हिसार की उकलाना नगर पालिका का कार्यकाल भी समाप्त होगा। ऐसे में इन तीनों शहरी निकायों के चुनाव भी नगर निगमों के चुनाव के साथ हो सकते हैं। माना जा रहा है कि तीनों चुनावों की तैयारियों को लेकर यूएलबी और चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे मंथन के चलते पंचकूला नगर निगम का चुनाव की घोषणा नया साल चढ़ते ही जनवरी के बाद कभी हो सकती है।

गौरतलब है कि इन तीनों निगमों में जनवरी 2026 में चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव की तैयारियों की कड़ी में हरियाणा सरकार ने अंबाला, पंचकूला और सोनीपत नगर निगमों में पार्षदों की सीटों का आरक्षण तय कर दिया था। फिलहाल सोनीपत नगर निगम में राजीव जैन, पंचकूला में कुलभूषण गोयल और अंबाला में शैलजा सचदेवा मेयर हैं। 1 दिसंबर को शहरी स्थानीय निकाय विभाग (यूएलबी) निदेशालय में ड्रा ऑफ लाट होना था, लेकिन यह बैठक स्थगित कर दी गई थी। अब फिर से बैठक की घोषणा होगी।

हरियाणा में नगर निगमों में मेयर व पार्षदों का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किया जाता है। मतदाता मेयर पद के लिए सीधे वोट डालते हैं। इन तीनों नगर निगमों में मेयर पद के आरक्षण का ड्रॉ बाद में निकाला जाएगा। इन तीनों शहरों में एक शहर का महापौर पद इस बार बैकवर्ड क्लास-बी (बीसी-बी) के लिए आरक्षित किया जाना है। ऐसे में शहरी स्थानीय निकाय की तरफ से मेयर पद के लिए आरक्षण ड्रा ऑफ लाट की एक साथ घोषणा भी नए साल पर हो सकती है। हालांकि, विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो चुनाव आयोग भी इन सभी चुनावों को लेकर अपनी रूपरेखा बनाने में जुटा हुआ है। राज्य के तीनों नगर निगमों सोनीपत, अंबाला और पंचकूला में 20-20 वार्ड हैं। शहरी निकाय विभाग के महानिदेशक विकास गुप्ता ने एक आदेश के माध्यम से तीनों नगर निगमों में आरक्षण के हिसाब से वार्डों की संख्या जारी कर दी है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया गया है। गत सितंबर माह में यूएलबी द्वारा जारी की गई नोटिफिकेशन के मुताबिक अंबाला व पंचकूला में सात-सात तथा सोनीपत में आठ वार्ड सामान्य जाति की महिला के लिए आरक्षित होंगे, जबकि अनुसूचित जाति महिला, बीसी-ए, बीसी-ए महिला, बीसी-बी और बीसी-बी महिला के लिए भी वार्डों की संख्या निर्धारित कर दी गई है। भाजपा सरकार ने शहरी निकाय के चुनाव में आरक्षण का प्रावधान किया था।

पंचकूला की बात करें तो मेयर कुलभूषण गोयल का कार्यकाल 5 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। तीनों नगर निगमों में अब मेयर के ड्रॉ पर निगाह टिक गई है। चर्चा यह है कि अंबाला, पंचकूला और सोनीपत में मेयर की सीट किस वर्ग के लिए आरक्षित होगी। चूंकि मेयर का चुनाव जनता सीधे करती है, इसलिए आरक्षण का यह ड्रॉ तय करेगा कि मुकाबला किस दिशा में जाएगा। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि मेयर पद का आरक्षण घोषित होते ही तस्वीर साफ हो जाएगी और मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। फिलहाल अंबाला महिला, सोनीपत व पंचकूला सामान्य जाति के लिए आरक्षित है।

### पंचकूला की राजनीति में असमंजस

पंचकूला में अभी से ही महिला आरक्षित वार्डों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, मगर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी गोटियां अभी से फिट करनी शुरू कर दी हैं। पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में से एक शहर का महापौर पद पर बीसी-बी के लिए आरक्षण के लिए पार्टियों में भागदौड़ शुरू हो गई है। इस श्रेणी के पंचकूला के वार्डों में बीसी-बी श्रेणी में अहीर/यादव, गुर्जर, मेव, मौर्य, लोध, लोधी, लोधा, सैनी और गोसाई समेत कई जातियों के प्रत्याशियों की खोजबीन जारी है।

# पावरग्रिड के सहयोग से एचबीसीएचएंडआरसी पंजाब में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की शुरुआत

कैंसर मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



चंडीगढ़। पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में कैंसर उपचार को और अधिक सशक्त बनाते हुए होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, पंजाब में आज अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण किया गया। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पॉवरग्रिड) की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत अस्पताल को एडवांस्ड सीटी स्कैन और बाइ-प्लेन डीएसए मशीनें प्रदान की गई, जिन्हें औपचारिक रूप से मरीजों की सेवा के लिए समर्पित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता एचबीसीएचएंडआरसी, पंजाब के निदेशक डॉ. आशीष गुलिया ने की।

कार्यक्रम में पावरग्रिड के स्वतंत्र निदेशक शिव तपस्या पासवान, श्रीमती साजल झा और रोहित वासवानी सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इन अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक और इंटरवेंशनल मशीनों की स्थापना से अस्पताल की सटीक इमेजिंग और न्यूनतम इनवेसिव वैस्कुलर प्रक्रियाएं करने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. आशीष गुलिया ने कहा कि यह नई तकनीक पंजाब में मरीजों की देखभाल के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है।

उन्होंने कहा कि ये मशीनें न केवल बेहतर इमेजिंग उपलब्ध कराती हैं, बल्कि कैंसर की प्रारंभिक पहचान और जटिल इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं को संभव बनाती हैं, जिससे कई जानें बचाई जा सकती हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति पावरग्रिड की प्रतिबद्धता के लिए हम उनके आभारी हैं। डॉ. गुलिया ने आगे बताया कि अब 450 बिस्तरों की कुल क्षमता के साथ टाटा मेमोरियल सेंटर, पंजाब उत्तर भारत के सबसे बड़े तृतीयक सार्वजनिक कैंसर देखभाल केंद्रों में से एक बन चुका है, जहां सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना मरीजों को विश्वस्तरीय इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारियों ने एचबीसीएचएंडआरसी पंजाब द्वारा क्षेत्र में कैंसर मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की सराहना की और उम्मीद जताई कि अस्पताल भविष्य में भी इसी समर्पण और ऊर्जा के साथ समाज की सेवा करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने नई सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच सहयोग देश की चिकित्सा अवसंरचना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# खेल मैदान में नन्हे चैंपियनों की चमक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। डी.सी. मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 24 दिसंबर 2025 को किंडरगार्टन से कक्षा चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए एक रंगारंग एवं उत्साहपूर्ण खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक फिटनेस, टीम भावना और आनंदपूर्ण सीख को बढ़ावा देना था। विद्यालय परिसर बच्चों के उत्साह और उल्लास से गूंज उठा, जहाँ नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी आयु और क्षमता के अनुसार आयोजित मज़ेदार दौड़, संतुलन खेल, टीम गेम्स, योग गतिविधियों तथा सुव्यवस्थित मार्च ड्रिल में पूरे जोश के साथ भाग लिया। इन गतिविधियों ने बच्चों में आत्मविश्वास, समन्वय, अनुशासन और खेल भावना को प्रोत्साहित किया। शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने सभी कार्यक्रमों के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को पूरे उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के चेहरों पर खिलखिलाती मुस्कान और उल्लासपूर्ण ऊर्जा ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपिका भारद्वाज ने स्टाफ के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां कम उम्र से ही स्वस्थ शरीर, तेज़ मस्तिष्क और सकारात्मक दृष्टिकोण के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# घर में चोरी की वारदात का खुलासा, धरा गया आरोपी, सोना-नकदी व स्कूटर बरामद

**पंचकूला (अप्रस)।** पंचकूला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने कालका क्षेत्र में हुई घर में चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सोना, नकदी तथा वारदात में प्रयुक्त स्कूटर बरामद कर लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आरोपी मनीष कुमार जैन उर्फ मन्नु, उम्र 41 वर्ष, निवासी टगरा कलीराम, थाना कालका को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की तलाशी के दौरान चोरीशुदा सोने के आभूषण (एक सोने की चेन, एक अंगूठी, दो टॉप्स, दो कांटे), 1,70,000 नकद रुपए तथा वारदात में प्रयुक्त स्कूटर टीवीएस जुपिटर बरामद किया गया। आरोपी की निशानदेही पर घटना स्थल की तस्दीक भी करवाई गई है। 17 दिसंबर को शिकायतकर्ता नवीन कुमार, निवासी गांव टगरा हरीसिंह, थाना कालका ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह सुबह लगभग 11 बजे अपने घर के मुख्य गेट पर ताला लगाकर परिवार सहित चंडीगढ़ गया था।

# मेयर ने वार्ड 20 का खोला रिपोर्ट कार्ड दावा, रिकॉर्ड विकास हुआ

## एसटीपी से लेकर पार्क-सड़क तक बदली तस्वीर

कहा वार्ड के हर गांव को समान रूप से विकास की मुख्यधारा से जोडऩे का प्रयास किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। नगर निगम में मेयर कुलभूषण गोयल अपना कार्यकाल 5 जनवरी को पूरा होने से पहले शहर में बीते पांच वर्षों में करवाए गए विकास कार्यों का रिपोर्टकार्ड सामने रख रहे हैं। कुलभूषण गोयल ने दावा करते हुए कहा है कि वार्ड नंबर 20 में पिछले 5 वर्षों के दौरान ताबड़तोड़ विकास कार्य कराए गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान हुआ है। उन्होंने बताया कि खासतौर पर एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जुड़ी वर्षों पुरानी समस्याओं को दूर किया गया। महापौर गोयल के अनुसार गांव नगल में एसटीपी प्लांट के लिए 80 केडब्ल्यू 3-फेज विद्युत कनेक्शन, जबकि सुखदर्शनपुर, खटौली और कोट में 100-100 केडब्ल्यू 3-फेज कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। गांव टोका में 80 केडब्ल्यू और जलौली में भी आवश्यक विद्युत व विकास कार्य पूरे किए गए। उन्होंने बताया कि वार्ड के विभिन्न गांवों में सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग टाइल्स, पार्कों का विकास, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट, सामुदायिक केंद्र, शमशान घाट, कब्रिस्तान, तालाबों का सौंदर्यीकरण और प्रवेश द्वारों का निर्माण कराया गया है।

गांव जलौली में सामुदायिक केंद्र भवन, शहीद कैप्टन रोहित कौशल के नाम पर सार्वजनिक पार्क, तालाब की सुंदरता और कब्रिस्तान की चारदीवारी का निर्माण किया गया। गांव सुखदर्शनपुर में केनेल हाउस तक सड?, केनेल की चारदीवारी, शिव मंदिर के रास्ते का निर्माण तथा एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई गई। डबकौरी में सामुदायिक केंद्र की चारदीवारी, ड्राइव-वे, पार्क की मरम्मत व हरियाली विकसित की गई। महापौर ने बताया कि खटौली में कई आंतरिक मार्गों का निर्माण, कब्रिस्तान की चारदीवारी, शमशान घाट, खेल स्टेडियम, टांगरी नदी पुल के पास श्मशान घाट और वन देवी मंदिर तक रास्ता बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न गांवों में 12 प्रवेश द्वार, आरसीसी बेंच, मिनी हाई मास्ट और वार्षिक मरम्मत कार्य कराए गए। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 20 के हर गांव को समान रूप से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। आने वाले समय में भी लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन आजाद ने पंचकूला में किया ऑल इंडिया हिंदू शिवसेना संगठन का विस्तार



अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

पंचकूला। ऑल इंडिया हिंदू शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन आजाद ने पंचकूला में सेक्टर 20 में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बड़े ही जोशीले अंदाज में हिंदुत्व का अलख जगाया और सभी हिंदुओं को जातिवाद छोड़ इकट्ठे रहने का संदेश दिया उन्होंने कहा जातिवाद के कारण हिंदू बंट गया और जिसके कारण एक विशेष समुदाय के लोग हिंदुओं को डराने व धमकाने जैसे कार्य करने में लगे हैं परंतु अब ऑल इंडिया हिंदू शिवसेना ने यह बीड़ा उठाया है कि वह सभी हिंदुओं को एकजुट कर एक सशक्त हिंदू राष्ट्र की स्थापना करेंगे। उन्होंने पार्टी के संस्थापक रमेश कुमार कुकू की विचारधारा पर चलने का कार्य किया और हिंदुओं को सशक्त कर सत्य के मार्ग पर चलने और समाज की सेवा करने का संकल्प दोहराया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गोयल ने की इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य गर्व से कहो कि हम हिंदू हैं कि उद्घोष के साथ समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जन-जन तक संगठन की विचारधारा को पहुँचाएँ।

अनिल 'काका जी' (प्रदेश उपाध्यक्ष, हरियाणा), जीवन गर्ग (प्रदेश महासचिव, हरियाणा), अशोक शर्मा (जिला अध्यक्ष, पंचकूला), विनीत तायल (जिला उपाध्यक्ष, पंचकूला), बैठक के दौरान जिला स्तर पर संगठन की मजबूती हेतु चर्चा की गई।

# एस.ए. जैन सीनियर मॉडल स्कूल ने शहीदी सप्ताह मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



अंबाला। गुरु गोबिंद सिंह के बहादुर साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए, एस.ए. जैन सीनियर मॉडल स्कूल ने शहीदी सप्ताह मनाया। जो उनके अद्वितीय साहस, अटूट विश्वास और धर्म और मातृभूमि के प्रति अटूट भक्ति को दर्शाता है। इस अवसर पर स्कूल ने 24 दिसंबर, 2025 को एस.ए. जैन कॉलेज ऑडिटोरियम में कक्षा चौथी से 8वीं के छात्रों के लिए ऐतिहासिक फिल्म चार साहिबजादे की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की। छात्रों को साहिबजादों के वीर जीवन और बलिदानों की एक सम्मोहन दृश्य कहानी पेश की, जिससे उन पर गहरा और स्थायी प्रभाव छोड़ा और बच्चे आध्यात्मिक भावना और ऐतिहासिक सोच की समझ के साथ स्कूल परिसर में लौटे। इसी के साथ स्कूल ऑडिटोरियम लंगर (प्रसाद) की व्यवस्था की गई थी।सभी बच्चों ने बड़ा ही आनंद लिया।इस गतिविधि ने छात्रों के बीच देशभक्ति, साहस और बलिदान के प्रति सम्मान की भावना को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया। इस कार्यक्रम को स्कूल प्रबंधक समिति के सम्मानित सदस्यों, जिनमें प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने पूरे दिल से इसकी सराहना की। इस पहल को एक सार्थक और प्रभावशाली प्रयास बताया जिसने ऐतिहासिक जागरूकता को नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा के साथ खूबसूरती से जोड़ा।

# पंजाब रेसलिंग एसोसिएशन ने पहलवान रवि शर्मा को सम्मानित किया

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता




न्यू चंडीगढ़। फगवाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पंजाब रेसलिंग एसोसिएशन की ओर से समाजसेवी, स्पोर्ट्स प्रमोटर, भाजपा खेल सेल जिला मोहाली के प्रधान एवं दास एसोसिएट्स के संचालक पहलवान रवि शर्मा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम एक स्थानीय होटल में आयोजित एसोसिएशन की अहम बैठक के दौरान हुआ।

इस अवसर पर अखाड़ा मुल्लांपुर गरीबदास के संचालक श्री विनोद शर्मा उर्फ गोलू पहलवान ने बताया कि बैठक का उद्देश्य पंजाब में कुश्ती को नई दिशा देना था। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय कुश्ती कभी विश्व में नंबर वन थी और सभी के सामूहिक प्रयासों से इसकी पुरानी गरिमा वापस लाई जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंजाब रेसलिंग एसोसिएशन को केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग मिलेगा, चाहे वह कोच, मैट या अन्य सुविधाएं हों।

उन्होंने पारंपरिक अखाड़ों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार मैट रेसलिंग को बढ़ावा देने, एनआरआई समुदाय से सहयोग लेने और गांवों में पॉइंट सिस्टम आधारित मुकाबले आयोजित करने का आह्वान किया। सम्मान प्राप्त करते हुए रवि शर्मा ने कहा कि पंजाब की धरती ने हमेशा कुश्ती को आगे बढ़ाया है और युवा पहलवानों को आधुनिक प्रशिक्षण देकर ही भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जा सकता है। कार्यक्रम में पंजाब कुश्ती महासंघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी उपस्थित रहे।

# वीर बाल दिवस पर भाजपा ने छोटे साहिबज़ादों की शहादत को किया नमन, पंचकमल में भावुक कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



पंचकूला। वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय पंचकमल के अटल सभागार में दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादों की अमर शहादत को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी, हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के सलाहकार एवं मुख्य वक्ता सरदार लखविंदर पाल सिंह ग्रेवाल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर छोटे साहिबज़ादों की शहादत पर आधारित लघु फिल्म और प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर उपस्थित जन भावुक हो उठे। सेक्टर-7 गुरुद्वारा कमेटी के कीर्तन जत्था द्वारा शबद कीर्तन भी किया गया।

जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का बलिदान धर्म, सत्य और आत्मसम्मान की अमर मिसाल है। तरुण भंडारी ने कहा कि वीर बाल दिवस युवाओं को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया यह दिवस नई पीढ़ी को साहस, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है।

मुख्य वक्ता सरदार लखविंदर सिंह ग्रेवाल ने गुरु परिवार के बलिदान को भारत की आत्मिक शक्ति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने छोटे साहिबज़ादों को नमन किया।

# चंडीगढ़ में रेड क्रॉस सोसायटी ने जरूरतमंदों के लिए चलाया कंबल वितरण अभियान



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** कड़ाके की सर्दी को देखते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, यू.टी. शाखा चंडीगढ़ द्वारा जरूरतमंद वर्ग को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरण अभियान चलाया गया। यह अभियान उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, यू.टी. शाखा चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर कंबलों का वितरण किया गया, जिनमें गर्ल्स चिल्ड्रन होम स्नेहालय, सेक्टर-15 स्थित वृद्ध आश्रम, पीजीआई एमईआर, सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमएसएच), सेक्टर-16 तथा कुष्ठ आश्रम शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग को सर्दी से राहत प्रदान करना रहा। कंबल वितरण का कार्य यू.टी. रेड क्रॉस की टीम द्वारा नोडल अधिकारी सुश्री पूनम मलिक के नेतृत्व में संपन्न किया गया। इस मानवीय पहल में एम/एस बेबो टेक्नोलॉजी, आईटी पार्क, श्री एस.सी. अग्रवाल (अध्यक्ष, चंडीगढ़ सीनियर सिटीजन एसोसिएशन) तथा पी.के. शर्मा (प्रबंध निदेशक, जनता मॉडल स्कूल, नया गांव) का सराहनीय सहयोग रहा। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, चंडीगढ़ ने शहर के नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों से अपील की है कि वे जरूरतमंद और गरीब वर्ग के कल्याण हेतु आगे भी इसी प्रकार सहयोग करते रहें।

# विधायक चंद्रमोहन ने की स्वदेशी मेले में शिरकत, पार्षदों संग किया अवलोकन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। सेक्टर-5 में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी महोत्सव (स्वदेशी मेला) में आज पंचकूला के विधायक चंद्र मोहन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विधायक चंद्र मोहन ने पूरे मेले का भ्रमण किया और विभिन्न स्टॉलों पर लगे स्वदेशी उत्पादों की जानकारी ली ओर स्वदेशी जागरण मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की। आज मेले में पार्षद गौतम प्रसाद, राजेश निषाद और की गणमान्य भी स्वदेशी मेले में पहुंचे। स्वदेशी जागरण मंच के उत्तर क्षेत्र के संयोजक डॉ. राजेश गोयल एवं उनकी पूरी टीम ने विधायक चंद्र मोहन का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया।

महोत्सव में लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और हरियाणवी संस्कृति की रंगारंग झलक देखने को मिली। हरियाणवी गायक अमित सैनी रोहतकीया ने अपने गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया और हरियाणवी संस्कृति की जीवंत प्रस्तुति दी।

डॉ. राजेश गोयल ने बताया कि इस स्वदेशी महोत्सव का उद्देश्य लोगों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करना और स्थानीय उत्पादकों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। मेले में हस्तशिल्प, आयुर्वेदिक उत्पाद, खादी वस्त्र, घरेलू उपयोग की स्वदेशी वस्तुएं और पारंपरिक खाद्य सामग्री के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचे और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की। कार्यक्रम के दौरान मंच के पदाधिकारी, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। स्वदेशी मेले का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और लोगों में स्वदेशी अपनाने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।इस मौके पर मेला प्रमुख रजनीश गर्ग,जिला प्रमुख अरुण गर्ग, मयूर चौहान,दिनेश गोयल,सुरिंदर गोयल, भजन लाल,हरिंदर मलिक, राजीव गर्ग,सुल्तान सिंह,संजीव गर्ग, सुरिंदर सिंगला,यश अग्रवाल,प्यारे लाल,वो अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य, खेल, संस्कृति और स्वदेशी विचारधारा का भव्य संगम

स्वदेशी महोत्सव लोगों के लिए स्वास्थ्य, खेल, संस्कृति, धर्म और स्वदेशी विचारधारा का एक सशक्त मंच बनकर उभरा। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में शहरवासियों की भागीदारी देखने को मिली। इस मौके पर विशेष तौर पर कश्मीरी लाल जी संगठन मंत्री पहुंचे।आयोजन का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करना और भारतीय संस्कृति व संस्कारों से जोड़ना रहा। महोत्सव के अंतर्गत लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा रक्तचाप, शुगर और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। सैकड़ों लोगों ने इस कैंप का लाभ उठाया। इस अवसर पर राजेश गोयल ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य जांच कैंप समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

# पुलिस कर्मियों ने शहीदी दिवस मनाया

## छोटे साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए लंगर का आयोजन



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** शुक्रवार को शहर के अलग अलग जगहों पर साहिबजादो की शहादत को याद करते हुए अरदास कर लंगर का आयोजन किया। वही थाना 36 में तैनात होमगार्ड वालेंटियर सुखविंदर सिंह सुखी और अन्य पुलिस कर्मियों ने छोटे साहिबजादो की शहादत को याद करते हुए यह कार्यक्रम किया गया। सैक्टर 36 स्थित बीट बॉक्स के पास सुबह साढ़े 10 बजे अरदास हुई। शब्द कीर्तन हुआ।उसके बाद अटूट लंगर का आयोजन किया गया। यह अटूट लंगर देर शाम तक चलेगा। थाना 36 में तैनात एएसआई परनीत कौर ने शहीदी दिवस पर बढ़चढ़ कर अपनी सच्चे मन से सेवा की।

# साहिबजादों का बलिदान धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए अमर प्रेरणा : मोहन लाल बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्षने सोनीपत में वीर बाल दिवस पर साहिबजादों और माता गुजरी के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली शुक्रवार को सोनीपत में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह का बलिदान धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए अमर प्रेरणा है। कार्यक्रम में भाजपा सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मलिक, सोनीपत के महापौर राजीव जैन तथा जिला संयोजक सुमित्रा चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर बड़ौली ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों तथा माता गुजरी जी के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने साहिबजादों के अद्वितीय साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से युवाओं को प्रेरणा लेने का आह्वान किया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि साहिबजादों की शहादत अदम्य साहस और वीरता की अमर गाथा है, जो युगों-युगों तक राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और कर्तव्यनिष्ठ जीवन का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''वीर बाल दिवस मनाने की शुरूआत की ताकि चारों साहिबजादों की बलिदान गाथा हर पीढ़ी तक पहुंचे। साहिबजादों के अद्वितीय साहस और अन्याय के विरुद्ध अडिक संकल्प मानव इतिहास में आने वाली पीढ़ियों को सत्य, धर्म और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर प्रेरित करता रहेगा। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सनातन और सिख परंपरा भारत की गौरवशाली विरासत है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया वीर शाहबजादों को याद कर रही है, लेकिन जिन आक्रांताओं ने भारत पर आक्रमण किया उनका नाम लेने वाला कोई नहीं बचा है। श्री बड़ौली ने कहा कि गुरुओं की परंपरा भारत की आध्यात्मिक और नैतिक शक्ति का आधार है।

श्री बड़ौली ने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज से लेकर गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक, सभी गुरुओं ने मानवता, सेवा, त्याग और साहस का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस युवाओं को अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। श्री बड़ौली ने कहा कि जिन्होंने स्वदेश और स्वधर्म को प्राथमिकता दी, वही देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा। सिख गुरुओं और साहिबजादों का जीवन इसी सत्य का प्रमाण है।

# अटल बिहारी वाजपेई सुशासन और जनकल्याण के आदर्श प्रतीक रहे : बड़ौली



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई सुशासन, जनकल्याण के आदर्श प्रतीक रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी की स्मृति में 25 से 31 दिसंबर तक प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को गन्नौर में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक द्वारा आयोजित सुशासन सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का संपूर्ण राजनीतिक जीवन राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित रहा। अटल जी का मानना था कि शासन का उद्देश्य गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाना होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अटल जी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए सुशासन की अवधारणा को मजबूत कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, सोनीपत प्रभारी सतीश नांदल, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, मार्केट कमेटी अध्यक्ष निशांत छोक्कर, उपाध्यक्ष योगेश कौशिक सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीर साहिबज़ादों के अद्वितीय बलिदान की स्मृति में देवकुल शिक्षा सदन में खंड स्तरीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित




अर्थ प्रकाश संवाददाता

गन्नौर। वीर साहिबज़ादों के अद्वितीय और अमर बलिदान की स्मृति में शुक्रवार को देवकुल शिक्षा सदन परिसर में खंड स्तरीय कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छोक्कर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि शिक्षा विभाग से प्रोफेसर जगबीर देशवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत वीर साहिबज़ादों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। विद्यार्थियों ने शबद-गान, कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से साहिबज़ादों के साहस, त्याग और बलिदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण भावुक और देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया।

मुख्य अतिथि निशांत छोक्कर ने अपने संबोधन में कहा कि दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके साहिबज़ादों का बलिदान केवल सिख इतिहास ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने कहा कि इतनी अल्प आयु में धर्म, सत्य और मानवीय मूल्यों के लिए दिया गया यह बलिदान आने वाली पीढ़ियों को अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता रहेगा।

विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जगबीर देशवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन व देशप्रेम की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर स्कूल संचालक अरुण त्यागी, संजू देशवाल, अजय यादव, सुशील त्यागी एवं प्रधानाचार्य शुभलता त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नए वर्ष पर गुरुदेव श्री आशीष मुनि जी का प्रवचन एवं मंगल पाठ



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** नववर्ष के आगमन पर 1 जनवरी जनवरी को उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री आशीष मुनि जी म.सा आदि ठाणे के प्रवचन एवं पाठ का योजन किया जाएगा। श्री एस.एस जैन सभा सेक्टर 18, चंडीगढ़ में प्रातः 9 बजे से प्रवचन एवं मंगल पाठ होंगे।


## पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 19.12.2025, वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: निविदा सं.: टीएन-166-25-26. [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

SDAH-329/2025-26

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

AP-6817

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, रमनदीप पत्नी सुरेंद्र कुमार, निवासी वार्ड संख्या 17, नाहर कॉलोनी, रतिया, फतेहाबाद, हरियाणा, एक संपत्ति की मालकिन हूँ। मैं उक्त संपत्ति पर आवास फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड, टोहाना से लोन ले रहा हूं। मेरी संपत्ति के दो दस्तावेज, बिक्री विलेख वासिका संख्या 4730 दिनांक 09-02-2016 और 1720 दिनांक 17-07-2013, दोनो रतिया में गुम हो गए हैं और काफी खोजबीन के बावजूद नहीं मिले हैं। मैंने डीडीआर संख्या 13256022501139 और 13256022501137 दर्ज कराई है। यदि किसी को ये दस्तावेज मिलें, तो कृपया आवास फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें। इस सार्वजनिक सूचना की तिथि से 5 दिनों के भीतर कृपया एडवोकेट राजीव मंगला (एडवोकेट लिमिटेड, तोहाना) से संपर्क करें।

एडवोकेट राजीव मंगला
पता- बूथ नंबर 14, सिविल कोर्ट, तोहाना
मोबाइल: 7015827577

AP-6802

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खंड कार्यालय पृथला की ग्राम पंचायतों में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए ठेका टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से छोड़ा जाना है। जिन्हें नीचे दिए गए नियम व शर्तों के आधार पर छोड़ा जाना है, जिसके लिए इच्छुक वैंडर/फर्म खंड कार्यालय में आकार दिनांक 30.12.2025 को सायं 04.00 बजे तक अपनी बिड दर्ज/जमा कराना सुनिश्चित करें।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी
पृथला।

AP-6812

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खंड कार्यालय पलवल की ग्राम पंचायतों में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए ठेका टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से छोड़ा जाना है। जिन्हें नीचे दिए गए नियम व शर्तों के आधार पर छोड़ा जाना है, जिसके लिए इच्छुक वैंडर/फर्म खंड कार्यालय में आकार दिनांक 30.12.2025 को सायं 04.00 बजे तक अपनी बिड दर्ज/जमा कराना सुनिश्चित करें।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी
पलवल

AP-6812

## सार्वजनिक सूचना

**डॉ. खुशप्रीत कौर, डेनिक्सउप मंडलीय मजीस्ट्रेट (ईस्ट)- सह-विवाह अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के न्यायालय में।**

तरुण गुप्ता पुत्र श्री नीरज गुप्ता, स्थायी निवासी मकान सं. 16/6, कबीर नगर, अम्बाला शहर, हरियाणा 134003 एवं अस्थायी निवासी मकान सं. 66, सेक्टर 27-ए, चंडीगढ़ और [illegible]

चूंकि, उक्त नामित: पार्टियों ने इस न्यायालय में तीन कलेंडर माह के भीतर अपने विवाह के पंजीकरण हेतु एक याचिका दर्ज की है, इसलिए आम जनता को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इसमें कोई आपत्ति है तो वह 23.01.2026 को अथवा पूर्व इस न्यायालय में अपनी आपत्ति दर्ज करें, जिसमें असफल होने पर विधि के साथ अनुपालन में विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अधीन विवाह पंजीकृत कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर के अधीन 24.12.2025 को जारी।

एस.डी.एम (ईस्ट)-सह-विवाह अधिकारी
यूटी चंडीगढ़

AP-6803

## व अदालत सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, जुलाना जिला जींद

[illegible]

सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी जुलाना जिला जींद

AP-6802

## सार्वजनिक सूचना

[illegible]

कमल कुमार, अनिता शर्मा
गोकुल शर्मा, शंकुल शर्मा
वसीयत धारक, सम्पदा अधिकारी की ओर से

AP-6801

## गमाडा मोहाली डिवेलपमेंट अथॉरिटी

[illegible]

AP-6806

## ग्रेटर लुधियाणा एरिया डिवेलपमेंट अथॉरिटी, लुधियाणा — जनतक सूचना



[illegible]

AP-6820

## स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

निविदा सूचना सं. S/31/2025-26; दिनांक: 23-12-2025। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

**क्र.सं.-1; निविदा सं. 40/25/5509/ओटी/194/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 15-01-2026**

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: आरडीएसओ विनिर्देश सं. टीआई/एसपीसी/ओएचई/एमआरआई/0142 या नवीनतम के अनुसार एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित मापने और रिकॉर्डिंग उपकरण (एमआरआई) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें अनुलग्नक-ए के अनुसार मूलभूत न्यूनतम शर्तें शामिल हैं। आरडीएसओ की सभी शर्तों और विनिर्देश क्रिस्टल या इसी तरह के मेक/ब्रांड के अनुरूप होना चाहिए। वारंटी अवधि: आपूर्ति के तारीख से 30 महीने तक। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: नहीं, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। (i) मात्रा-एसएसई/आईसी/टीआरडी/कटिहार, एनएफआर (बिहार) के लिए 3 नग। (ii) मात्रा- एसएसई/आईसी ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, न्यू जलपाईगुड़ी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 3 नग। (iii) मात्रा- एसएसई/ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन/ओवरहेड इक्विपमेंट/न्यू अलीपुरद्वार एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 2 नग। (iv) मात्रा- एसएसई/आईसी/टीआरडी/न्यू बंगाईगांव, एनएफआर (असम) के लिए 3 नग। (v) मात्रा- जेई/टीआरडी/पीएचक्यू/लामडिंग, एनएफआर (असम) के लिए 6 नग। (vi) मात्रा- एसएसई/टीआरडी/डिब्रूगढ़, एनएफआर (असम) के लिए 5 नग। (vii) मात्रा- एसएसई/आईसी/टीआरडी/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए 3 नग। (viii) मात्रा- एसएसई/टीआरडी आईसी /न्यू कूचबिहार, एनएफआर, (पश्चिम बंगाल) के लिए 3 नग। पी. एल. नं.: 200026710010।

**क्र.सं.-2; निविदा सं. 30/25/1095बी/ओटी/195/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 12-01-2026**

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: ब्रेक पैड आधा 200 सेमी^2 जैविक सामग्री से निर्मित। विनिर्देश: आरडीएसओ/2013/सीजी-01 आईबी-1 आरडीएसओ/2013/सीजी-01 (आईबी-1)। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 24 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: नहीं, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग: आइटम: 3100337, गैर एस्बेस्टस आधारित ऑर्गेनिक ब्रेक पैड उप आइटम: भारतीय रेलवे पर डिस्क ब्रेक सिस्टम के साथ एलएचबी कोचों के लिए गैर एस्बेस्टस आधारित ऑर्गेनिक ब्रेक पैड ] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। (i) मात्रा- डिब्रूगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 14009 पेयर्स। (ii) मात्रा- पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 19206 पेयर्स। (iii) मात्रा- कटिहार जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए 3352 पेयर्स। (iv) मात्रा- न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 1338 पेयर्स। (v) मात्रा- न्यू बंगाईगांव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 6347 पेयर्स। पी. एल. नं.: 33510350।

**क्र.सं.-3; निविदा सं. 40/25/0382ई/ओटी/196/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 20-01-2026**

संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा: सीलबंद रखरखाव मुक्त बैटरी 1100 एएच वीआरएलए प्रकार, इंटर सेल और एंड सेल कनेक्टर सहित आरडीएसओ के विनिर्देश सं.: [illegible] के अनुरूप। [illegible] (i) मात्रा- न्यू बंगाईगांव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 10 सेट। (ii) मात्रा- डिब्रूगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 10 सेट। पी. एल. नं.: 45170393।

नोट:- निविदा सूचना और निविदा कागजात के पूर्ण विवरण के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट (www.ireps.gov.in) को लॉग ऑन करें। [illegible]

सीएमएम/मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6796



# अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com


## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** भारत शर्मा (Bharat Sharma) पुत्र श्री रवि शर्मा (Ravi Sharma) निवासी वार्ड नं. 14 लाडवा, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम भारत (Bharat) से बदलकर भारत शर्मा (Bharat Sharma) रख लिया है।
एपी-6796

**मैं** कि भारती (आधार नं0- 3672 4171 3666) पुत्री श्री पवन भटनागर निवासी मकान नं0-371 वॉर्ड नं.-3 शिमला मार्ग सत्यनारायण गली कालका तहसील कालका जिला पंचकुला हरियाणा की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम भारती से भारती भटनागर रख लिया है।

**मैं** कि राज कमल सपुत्र श्री जय प्रकाश निवासी मकान नं. 2019/बी, बसंत विहार कालका, तहसील कालका, जिला पंचकुला हरियाणा की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम राज कमल गर्ग से राज कमल रख लिया है।

**मैं** कि शुभम सपुत्र श्री राज कमल निवासी मकान नं. 2019/बी, बसंत विहार कालका, तहसील कालका, जिला पंचकुला हरियाणा की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम शुभम गर्ग से शुभम रख लिया है।
एपी-6797

I, Shish Pal S/o Lehri Singh Village Chahron, PO Jaroda, Tehsil Jagadhri, Distt. Yamuna Nagar 135003, Haryana, India declare that name of mine has been wrongly written as Shishpal in my minor daughter namely Daisy Anttal aged 17 years in her 10th Class educational documents. The actual name of mine is Shish Pal
एपी-6798

I, RAJ KUMAR S/O SH. VINOD KUMAR R/O H NO. 320, SECTOR 56, CHADIGARH HAVE CHANGED NAME OF MY SON PRANAV KUMAR TO PRANAV PATAL
एपी-6799

**मैं,** विपिन कुमार गोयल, पुत्र लाल चंद गोयल, निवासी मकान नंबर 602, टावर 3, एसीएमई ईडन कोर्ट, सेक्टर 91, सोहाना, जिला एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब, ने अपना नाम विपिन कुमार गोयल से बदलकर विपिन कुमार रख लिया है।
एपी-6804

**मैं,** कंवर शाहबाज सिंह सुपुत्र सुखविंदर सिंह निवासी मकान नंबर 315 मिल्क कॉलोनी धनास चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर कंवर स्टाईलस रख लिया है।
एपी- 6805

**मैं,** राजकुमार पुत्र श्री जसमेर सिंह निवासी बसंती देवी मंदिर के पास, गांव रामगढ़ पंचकुला, हरियाणा, मैंने अपना नाम राजकुमार से बदलकर राजकुमार सैनी रख लिया है।
एपी-6802

**मैं,** नलिनी चांदना पत्नी रवि कुमार सहगल वासी मकान नं. 107 कुंज लाल गार्डन शांति नगर जिला हिसार ने अपना नाम बदलकर नलिनी सहगल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

**मैं,** सुभाष चन्दर पुत्र अरूर चंद उप्पल वासी मकान नं.1231-पी, सैक्टर 33-पी, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर सुभाष चन्दर उप्पल से सुभाष चन्दर रखा है।

**मैं,** रिजूल पुत्री नरेंदर राठी वासी मकान नं 373 सैक्टर-3 अर्बन एस्टेट, कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर रिजूल से रिजूल राठी रखा है।

**मैं,** प्रीती गुप्ता पत्नी मनीष Nagori वासी मकान नं 319 सैक्टर 16-17 हिसार-125001 ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर प्रीती गुप्ता से प्रीती Nagori रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** सुनीता रानी पत्नी श्री. अश्वनी कुमार वासी मकान नं.272-ए, सैक्टर-19, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर मीनू से सुनीता रानी रखा है।

**मैं,** अनीता शर्मा पत्नी सुशिल कुमार वासी मकान नं 73, सैक्टर 38-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर अनीता रानी से अनीता शर्मा रखा है।

**मैं,** अक्षय कुमार पुत्र राज कुमार वासी मकान नं 808, आनंद विहार कॉलोनी, हंसी रोड, गली नं.3, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर अक्षय से अक्षय कुमार रखा है।

**मैं,** Balbir सिंह पुत्र Juvaya राम वासी गांव नलवीपर, नलवीपर, कुंजपुरा, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Balbeer सिंह से Balbir सिंह रखा है।

**मैं,** आकाश मदान पुत्र सुरेश कुमार वासी मकान नं.155, सैक्टर-8 अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर आकाश से आकाश मदान रखा है।
एपी-6803

**मैं,** रुक्मिणी देवी, पत्नी JC No. 265597L, रैंक Sub (RT), धीरेंद्र कुमार मिश्र, स्थायी निवासी कपडोरा, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश- 212106 एवं वर्तमान निवासी HQ BTY 207 FD REGT, C/O 56 APO – 926207, यह सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम रुख्मिणी देवी से बदलकर रुक्मिणी देवी कर लिया है तथा मेरी जन्म तिथि 01 जुलाई 1968 से बदलकर 27 दिसंबर 1974 कर दी गई है। भविष्य में मैं सभी अभिलेखों में रुक्मिणी देवी, जन्म तिथि 27 दिसंबर 1974 के नाम से जानी जाऊँगी।

I, Smt, Savita, Wife of No 2813338X Rank NK Name Pawar Satish Baban R/o Village Wanjarwadi, Post Vanjarwadi, Tehsil Nandgaon, Distt Nashik, Maharashtra, Pin-423104 declare that I have changed my name from Savita and Date of birth 01-09-1994 to Savita Satish Pawar and Date of birth 09-04-1994.

I, Smt, Indubai, Mother of No 2813338X Rank NK Name Pawar Satish Baban R/o Village Wanjarwadi, Post Vanjarwadi, Tehsil Nandgaon, Distt Nashik, Maharashtra, Pin-423104 declare that I have changed my name from Indubai and Date of birth 03-04-1967 to Indubai Baban Pawar and Date of birth 25-04-1969.

I, Service No 15323749F Rank HAV Name KRISHNAMURTHY SADHU presently residing at HQ Company, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my Name from KRISHNAMURTHY SADHU to KRISHNAMURTY SADHU. Vide Affidavit Dated: 26/12/2025 before Megistrate Panchkula Haryana
एपी-6807

**मैं,** रिम्पी कोलही पत्नी विकास कोहली निवासी मकान नम्बर 2189, सेक्टर 3, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, थानेसर, कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूँ कि मैने अपना नाम रिम्पी कोलही से बदलकर रिम्पी रख लिया है।

**मैं,** No 13695909Y NK राजेश कुमार (सेवानिवृत ) पुत्र श्री अजमेर सिंह निवासी गांव प्रतापगढ़, पोस्ट ऑफिस सिरसला, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि, जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र के नोटरी के एफिडेविट के अनुसार मैंने अपनी पुत्री का नाम पूनम से बदलकर पूनम रानी रख लिया है।

I, hitherto known as I, Tanya Bindal W/o Aditya Singla R/o House No 13, Block B, Sector 09, Lotus Green City, Thanesar, PO Kurukshetra, Distt Kurukshetra, Haryana-136118 have changed my name and shall hereafter be known as Tanya Singla.
एपी-6808

**मैं,** अनिका बजाज पत्नी अंकित बजाज निवासी मकान न. 1262 सेक्टर 6 करनाल ब्यान करती हूं कि अनिका मिगलानी और अनिका बजाज दोनों मेरे ही नाम है।दोनों नाम एक ही औरत से संबंधित है। मुझे दोनों नामों से जाना जाता है।
एपी-6802

**मैं,** मोनिका पत्नी रोहित कुमार निवासी गली न. 4 करनाल रोड, बालाजी कालोनी, कैथल तहसील व जिला कैथल ब्यान करती हूं कि मेरे पति ने अपना नाम रोहित जांगडा से बदलकर रोहित कुमार रख लिया है।
एपी-6810

**मैं,** विनय शर्मा पुत्र देवी चंद, फ्लैट 46सी, तीसरी मंज़िल, सिग्मा सिटी एक्सटेंशन, पटियाला रोड, लोहगढ़, ज़ीरकपुर, एसएएस नगर, मोहाली, ने अपना नाम बदलकर विनय कुमार रख लिया है।
एपी-6813

I Harpreet Singh S/o Harbans Singh Mehar R/o H.No-133(GF), Sector-36-A, Chandigarh (UT) - 160036, have changed my name to Harpreet Singh Mehar.

**मैं,** सुरेश कुंडू पुत्र दयाल सिंह, निवासी गाँव और पोस्ट ऑफिस ढाकल, तहसील नरवाना, जिला जींद घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने नाबालिग बेटे का नाम यस से बदलकर यश कुंडू कर दिया है। कृपया ध्यान दें।
एपी-6815

## बेदखली सूचना

**मैं,** किसमती देवी पत्नी स्व. मिठू निवासी गांव किठाना तह. राजौन्द जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा लड़का गौरव मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6802

**मैं,** सुरेन्द्र पुत्र सरदारा, गांव जामनी तहसील सफीदों जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र सावन सिंह व उसकी लिव इन रिलेशनशिप पार्टनर माफी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके साथ लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6814

**मैं,** नफे सिंह पुत्र सूदन निवासी गांव खरड़वाल तहसील नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप और पुत्रवधू सोनिया मेरे कहने - सुनने से बाहर है। मैं इन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में कोई भी इन दोनों से लेनदेन करता है तो वह स्वंय जिम्मेवार होगा।
एपी-6802

**मैं,** संदीप पुत्र श्री माम चन्द व निशा पत्नी श्री संदीप निवासी मकान नंबर 223/2 महावीर कॉलोनी लाडवा तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करते हैं कि हमारे पुत्र सौरव की शादी काजल के साथ हुई है और इनके पास एक पुत्र है यह दोनों परिवार का कहना नहीं मानते अपनी मनमर्जी करते हैं परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करते हैं इसीलिए हम अपने पुत्र सौरव व पुत्र वधू काजल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं भविष्य में दोनों से लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6816

## खोया-पाया

**मैं,** बिनोज कुमार, पुत्र स्व. रोशन लाल, निवासी मकान नं. 1680/2, सेक्टर 29-बी, चंडीगढ़, सूचित करता हूँ कि मेरे पिता स्व. रोशन लाल के पक्ष में मकान नं. 709, हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ से संबंधित जीपीए, वसीयत एवं एटीएस के मूल दस्तावेज गुम हो गए हैं और तलाश करने पर भी नहीं मिल पाए हैं।
एपी-6804


**अर्थ प्रकाश** समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लागू की कई नीतियां : सुमन सैनी

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने गांव मसाना, दूधला, मोरथला व मरचेहडी में आयोजित जनसभाओं को किया संबोधित

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र 26 दिसम्बर।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई नीतियों को लागू किया है। लाडो लक्ष्मी योजना लाकर प्रति माह 2100 रुपए दिए जा रहे हैं। इस योजना में योग्य परिवारों की पात्र महिलाएं अपने घर से ही आवेदन कर सकती हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता योजनाएं, स्वास्थ्य एवं मातृ सुरक्षा कार्यक्रम, स्वरोजगार और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी शुक्रवार को गांव मसाना, दूधला, मोरथला व मरचेहडी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इससे पहले कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने फूल मालाओं, पुष्प गुच्छ और सरोपा भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित भविष्य देने का काम किया है। इसी के तहत फसल नुकसान पर मुआवजा, कृषि को आधुनिक बनाने की योजनाएं, समय पर और पारदर्शी खरीद व्यवस्था जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना चलाई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पेंशन योजनाओं में बढ़ोतरी 3200 रुपए प्रति माह किया है, जो दूसरे प्रदेशों से ज्यादा है। सरल और डिजिटल प्रक्रिया ने जरूरतमंदों को सीधा लाभ पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार का संकल्प लिया है। हर जिले में बेहतर और मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं, गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर नागरिक तक पहुंचे।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के नौकरी दी जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शपथ लेने से पहले युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंप कर वायदे को पूरा किया था। युवाओं के लिए कौशल विकास योजनाएं, रोजगार के नए अवसर, डिजिटल और स्टार्टअप को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर हरियाणा की नींव रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा, मूलभूत सुविधाओं से युक्त जीवन देना नायब सरकार की प्राथमिकता है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, चेयरमैन जसविंद्र जस्सी, नायब सिंह पटाक माजरा, सरपंच सुरमुख सिंह, रघबीर सिंह, सतपाल, ऋषिपाल नंबरदार, परमजीत कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को किया नमन

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने वीर बाल दिवस के अवसर पर साहिबजादों को नमन किया। इससे पहले उपाध्यक्षा सुमन सैनी का गांव मसाना में पुष्प गुच्छ देकर व सरोपा भेंट कर स्वागत किया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि जब भी समाज में किसी भी प्रकार का संकट आया तब सिख समाज ने अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। हमें पूर्वजों व महापुरुषों को हमेशा याद रखना चाहिए, जो समाज अपने पूर्वजों को याद रखता है, वहां पर कभी कोई कमी नहीं रहती।

## कशमीर की तरह हरियाणा में शुरू होगा 29 दिसंबर से चिल्ला

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 26 दिसंबर।** जम्मू कश्मीर में भले ही एक सप्ताह पूर्व सर्दी में चिल्लई कला शुरू हो गया है परंतु हरियाणा में यह सर्दी के मौसम का चिल्ला 29 दिसंबर से शुरू होगा। हरियाणा में 40 दिन तक पड़ने वाली तेज भयंकर सर्दी को चिल्ला कहा जाता है।पंचांग और सैकड़ों वर्षों से इस सर्दी को चिला का नाम दिया गया है। बड़े बुजुर्ग यह बताते रहे हैं कि इन 40 दिनों में खान-पान भी विशेष होता है। इस 40 दिनों में खाई हुई चीज शरीर को ताकत देता है। इसीलिए इन 40 दिनों के भीतर घी बादाम काजू तिलगोजा तिल व भूरी मिर्च सहित अन्य मेवे को मिलाकर लड्डू तैयार किए जाते हैं।जिन्हें बड़े चाव से खाया जाता है।यह सभी खान-पान की चीजे शरीर को गर्माहट देती है।गर्म होती है। इसलिए सर्दी में इसका प्रयोग किया जाता है।ताकि सर्दी से बचाव हो सके। इन 40 दिनों के बारे बात करते हुए बुजुर्गों ने बताया कि जब सूर्य धन की संक्रांति पर आता है। उस संक्रांति दिवस से 14 दिन छोड़ दिए जाते हैं तथा उसके बाद के 15 दिन से यह चिल्ला शुरू हो जाता है।धन की संक्रांति के महीने के शेष बचे 15 दिन व आगे लगने वाली मकर संक्रांति के 25 दिन तक यह चिल्ला रहता है अर्थात धन की संक्रांति के 15 दिन व मकर की संक्रांति के 25 दिन। इन दोनों को मिलाकर 40 दिन का जो समय है। इसे चिल्ला बोला जाता है। तथा इसी दौरान अधिक सर्दी पड़ती है। इस सर्दी से बचाव के लिए ही देसी घी गुड़ शक्कर तिल अन्य मेवे मिलाकर मिष्ठान तैयार किया जाता है। तथा इसे खाते हैं। जम्मू कश्मीर में सर्दी जल्दी शुरू हो जाती है। इस कारण वहां चिल्ला धन की संक्रांति से ही माना जाता है। परंतु हरियाणा में धन की संक्रांति के 15 दिन के बाद ही चिल्ला माना जाता है। इसी में देसी घी शक्कर गुड तिल व अन्य खाद्यान्न डालकर मिष्ठान तैयार किए जाते हैं।तथा इसे खाते हैं। यह चिल्ला बसंत पंचमी के नजदीक जाकर समाप्त होता है।क्योंकि उस दौरान धीरे-धीरे सर्दी कम होती जाती है तथा मौसम में गर्माहट आनी शुरू हो जाती है। यह 40 दिन का समय ही हरियाणा में चिल्ला के नाम से मशहूर है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में व कस्बों में इस चिल्ला का इंतजार रहता है। ताकि गरम खाने के लिए लड्डू तैयार किया जाए। इस बार 29 दिसंबर से यह चिल्ला शुरू होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस शिविर में साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** शहर के डांगरा रोड स्थित मॉडल के.एम. विद्यालय टोहाना में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को स्वयंसेवकों के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में फतेहाबाद पुलिस विभाग से एएसआई सुनीता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ कुलदीप सिंह व पवन भी मौजूद रहे। एएसआई सुनीता ने स्वयंसेवकों को बढ़ते साइबर अपराधों और उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर निजी जानकारी, फोटो और लोकेशन सार्वजनिक करने से अपराधी इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। इसलिए सभी को अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखनी चाहिए। बैंकिंग और ओटीपी फॉड के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, पिन या पासवर्ड कभी साझा न करें, क्योंकि बैंक कभी भी फोन पर ऐसी जानकारी नहीं मांगते। संदिग्ध लिंक के खतरे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लॉटरी, इनाम या आकर्षक ऑफर्स के नाम पर आने वाले लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल या कंप्यूटर हैक हो सकता है। उन्होंने छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने साइबर अपराध की रिपोर्टिंग प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी या उत्पीड़न की स्थिति में घबराएं नहीं और तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या आधिकारिक वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व प्रिंसिपल रणधीर पूनियां, ए.एन. बहुगुणा, तरसेम कुमार, संदीप पूनिया, सतपाल नैन, अमन पूनिया, नीति मेहता, अनिल, धर्मवीर सिंह सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने इस उपयोगी सत्र के लिए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

### वीर बाल दिवस पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** आर्य पी.जी. कॉलेज एनएसएस सेल द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए स्लोगन/शब्द लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के गौरवशाली इतिहास और अद्वितीय बलिदानों से अवगत कराना था। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आस्था गुप्ता ने बताया कि वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों द्वारा मुगलकालीन अत्याचारों के विरुद्ध धर्म एवं मानवता की रक्षा में दिए गए अद्वितीय बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस युवाओं को साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा दुडेजा ने कहा कि साहिबजादा अजीत सिंह , साहिबजादा जुझार सिंह , साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह ने समुदाय के सम्मान और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को हिंदी में पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता और वीरता के मूल्यों को अपनाने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. पंकज चौधरी, प्राध्यापिका रजनी शर्मा, बलराज सहित कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### स्कूल में क्षमता निर्माण पर कार्यशाला आयोजित

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम की समझ प्रदान करना और उन्हें नवीनतम शैक्षिक तकनीकों से अवगत कराना है। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल की प्रिंसिपल पूजा छाबड़ा व मुख्य वक्ताओं द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। पूजा छाबड़ा ने बताया कि एन.सी.एफ. विषय पर लगाई गई कार्यशाला का संचालन सी.बी.एस.ई. के रिसोर्स पर्सन शुचि रहेजा और अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस चर्चा के दौरान वक्ताओं द्वारा अध्यापकों से कुछ गतिविधियां भी करवाई गई और शिक्षकों को कक्षा में बच्चों को बेहतर तरीके से पढने् के लिए नए और सरल उपायों की जानकारी भी दी गई, जिनमें सभी अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में प्रिंसिपल पूजा छाबड़ा ने रिसोर्स पर्सन द्वारा दी गई जानकारी पर उनका आभार जताया और कहा कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा भारत में शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा निर्धारित लक्ष्यों का अनुसरण करता है और छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करने पर केंद्रित है। यह ढांचा व्यवहारिक शिक्षा, कौशल विकास और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखने पर भी जोर देता है। इसी अवसर पर स्कूल की तरफ से रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ और लाडवा के आसपास के स्कूलों के प्रतिभागी अध्यापक भी मौजूद रहे।

## रामा सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुताबपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 26 दिसंबर।** कुताबपुर स्थित रामा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी सुशील प्रकाश तथा डॉ. विनय गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस प्रदर्शनी में रामा सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुताबपुर के विद्यार्थियों के साथ-साथ रामा नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने भी विज्ञान से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक सुभाष संधू एवं सुमन संधू ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू के साथ-साथ पूजा, कामिनी एवं सोनिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## अटल जी आधुनिक भारत के नवनिर्माण के पुरोधा थे : कृष्ण कुमार बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 26 दिसंबर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी आधुनिक भारत के नवनिर्माण के पुरोधा थे। अटल जी का स्पष्ट विजन था कि भारत में अंत्योदय कल्याण की परिकल्पना साकार हो तथा संतुलित ग्रामीण विकास के बिना देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। उनके इसी दूरदर्शी मिशन को साकार करने के लिए अपने प्रधानमंत्रीत्व काल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिनके सकारात्मक परिणाम आज देश को मिल रहे हैं। यह विचार हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अटल स्मृति सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में यह सम्मेलन शुक्रवार को स्थानीय वाल्मीकि छात्रावास भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन में महान राजनीतिक एवं सामाजिक दर्शन का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने अपने संपूर्ण राजनीतिक जीवन में ग्रामीण विकास, शिक्षा के प्रसार, सुशासन तथा पारदर्शी प्रशासन की अवधारणा को मजबूती से आगे बढ़ाया।

उन्होंने बताया कि अटल जी के प्रधानमंत्रीत्व काल में देश के कुल बजट का लगभग 62 प्रतिशत पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए आवंटित किया गया। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण अंचलों में सड़क एवं यातायात व्यवस्था, बिजली, शिक्षा, पेयजल तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ और गांवों के जीवन स्तर में सुधार आया।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि देश के सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान की परंपरा भी कारगिल विजय के बाद प्रारंभ हुई, जो स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्रवादी और संवेदनशील सोच की देन है। अटल जी ने ÷जय जवान, जय किसान÷ के साथ ÷जय विज्ञान÷ का नारा देकर देश को तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति की दिशा में अग्रसर किया, जिसकी झलक आज अंत्योदय कल्याण योजनाओं की ऑनलाइन और डिजिटल प्रक्रियाओं में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी देश के ऐसे महान सपूत और बेदाग राजनीतिक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने पूरा जीवन अजात शत्रु के रूप में जिया। वे सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, नैतिक राजनीति और राष्ट्रीय हित के प्रति प्रतिबद्ध रहे। मौजूदा केंद्र एवं राज्य सरकारें अटल जी के भारत निर्माण के संकल्प को साकार करने के मार्ग पर निरंतर अग्रसर हैं।

## धान खरीद घोटाले को लेकर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मिले भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी

धान खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप, कर्मचारियों के तबादले की मांग को लेकर मंत्री से मिले भाकिसं पदाधिकारी

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पूंडरी, 26 दिसंबर।** धान खरीद में सामने आए कथित घोटाले को लेकर भारतीय किसान संघ की एक प्रतिनिधिमंडल टीम ने हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात की। टीम में प्रदेश प्रवक्ता रणदीप आर्य फरल, प्रदेश मंत्री सतीश कुमार ग्योंग, ढांड ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम गोरसी खेड़ी रायवाली, पाला राम क्यो?क सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। टीम ने मंत्री के समक्ष धान खरीद प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं, घोटाले, किसानों को हो रही परेशानी और भुगतान में देरी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कई मंडियों में नियमों की अनदेखी की गई है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने दोषी अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसान संघ की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगी और धान खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाएगा।

भारतीय किसान संघ, हरियाणा ने धान खरीद प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मार्केट कमेटियों तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कर्मचारियों के तत्काल तबादले की मांग की है। इस संबंध में संघ की ओर से हरियाणा की संबंधित कमेटी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा गया है।

## प्रोटेक्शन ऑफिसर सविता राणा की अगुवाई में करनाल के स्कूलों में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**करनाल, 26 दिसंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, करनाल द्वारा 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में प्रोटेक्शन ऑफिसर सविता राणा ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए बच्चों को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया।

इस अभियान के अंतर्गत इंटरनेशनल दून पब्लिक स्कूल, हाई स्कूल चिढ़ाव (करनाल), शाहपुर हाई स्कूल, कमालपुर हाई स्कूल तथा शिवालिक पब्लिक स्कूल, कमालपुर में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान सविता राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाल विवाह को एक गंभीर सामाजिक बुराई बताते हुए इसके दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास में बाधा बनता है और यह कानूनन अपराध भी है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया तथा किसी भी प्रकार के बाल विवाह की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को देने की अपील की।

कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों ने महिला एवं बाल विकास विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान करनाल को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है।

## वीर बाल दिवस मानवता के लिए श्रद्धा और प्रेरणा का दिवस है: डा. श्रीप्रकाश मिश्र

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 26 दिसंबर।** वीर बाल दिवस प्रतिवर्ष गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में साहस, दृढ़ता और नैतिक शक्ति का विकास करना है। वीर बाल दिवस छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान की याद में मनाया जाने वाला एक राष्ट्रीय पर्व है। वीर बाल दिवस मानवता के लिए श्रद्धा और प्रेरणा का दिवस है। यह विचार वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित वीर बाल संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने छोटे साहिबजादो को नमन करते कहा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा वीर बाल दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने वाला एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है। गुरु गोविंद सिंह के पुत्र

बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी को सरहिंद के नवाब वज़ीर खान के दरबार में पेश किया गया। उनकी आयु मात्र लगभग 8 और 6 वर्ष के आसपास थी, लेकिन दिल में हिम्मत पर्वत के समान अडिग थी। दरबार में क़ाज़ी और अन्य अधिकारी मौजूद थे। वज़ीर खान ने उन्हें तरह तरह के प्रलोभन और धमकियां दीं। यदि वे इस्लाम कबूल कर लें, तो उन्हें बड़े-बड़े खिताब, जागीरें और आरामदायक जीवन दिया जाएगा। यदि वे धर्म न बदलें, तो उन्हें कठोर से कठोर सज़ा दी जाएगी। इतनी कम उम्र में भी साहिबजादों ने किसी प्रकार का भय या लालच नहीं दिखाया। साहिबजादा जोरावर सिंह जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे अपने दादा गुरु तेग बहादुर जी के पोते हैं, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए शहादत दी, और वे भी उसी मार्ग पर चलने को तैयार हैं।

## वीर बाल दिवस पर बोले सुभाष बराला: बलिदान, संस्कार और प्रकृति सेवा ही राष्ट्र निर्माण का मार्ग

# इतिहास की सही समझ ही राष्ट्र सेवा की पहली सीढ़ी : बराला

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 26 दिसंबर।** राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने कहा कि यदि हम समाज और देश में सही अर्थों में बड़ा योगदान देना चाहते हैं, तो हमें अपने इतिहास की गहन और प्रामाणिक समझ होना अत्यंत आवश्यक है। जब तक हम अपने अतीत के बलिदानों और संघर्षों को सही संदर्भ में नहीं समझेंगे, तब तक राष्ट्र सेवा की भावना अधूरी रहेगी।

सांसद शुक्रवार को गुरुद्वारा गुरु नानक धर्मशाल साहिब, टोहाना में वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। उन्होंने गुरुद्वारा में मत्था टेककर क्षेत्र व देश की खुशहाली की अरदास की और संगत को गुरु परंपरा के महान आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इससे पूर्व उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बस स्टैंड, टोहाना में पौधारोपण किया और कहा कि प्रकृति की रक्षा करना भी सेवा और बलिदान की भावना का ही विस्तार है।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति, मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उनकी यात्रा ने साबित किया कि सुधार और जागरण का मार्ग प्रेम, करुणा और सत्य से प्रशस्त होता है। लेकिन इसी कालखंड में भारत पर बाबर के आक्रमण शुरू हो चुके थे। आगे चलकर नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी ने पूरे देश में भ्रमण कर धर्म, संस्कृति और आत्मसम्मान की अलख जगाई। उनका बलिदान केवल सिख धर्म के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए था और यह भारतीय इतिहास का एक महान अध्याय है। सांसद ने कहा कि इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दशम गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। उनकी शिक्षाओं में आध्यात्मिक ज्ञान और शस्त्र का संतुलन देखने को मिलता है, जो राष्ट्र रक्षा और आत्मरक्षा का प्रेरक संदेश देता है। सांसद ने कहा कि सन् 1705 में आनंदपुर साहिब में मुगल सेना ने गुरु गोविंद सिंह जी पर भीषण आक्रमण किया, जिसमें अनेक सिख योद्धाओं ने धर्म और न्याय की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी। इसी संघर्ष के दौरान छोटे साहिबजादे , साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी को गिरफ्तार कर लिया गया। मुगल शासकों ने उन्हें धर्म छोड़ने के बदले जीवनदान देने का प्रस्ताव दिया, लेकिन गुरु साहिब की शिक्षा से संस्कारित साहिबजादों ने इतनी कम उम्र में भी साहस, सत्य और संयम का अद्भुत परिचय देते हुए धर्म परिवर्तन अस्वीकार कर दिया और दीवार में जीवित चिनवाया जाना स्वीकार किया।

कार्यक्रम में एसडीएम आकाश शर्मा, रमन मड़िया, टीएम विनोद कुमार, गुरमीत सिंह आहूजा, सन्नी मेहता, बिट्टू, जसकिरत आहूजा, नितिन मेहता, काला प्रधान, विल्सन नैन, रविंद्र मेहता, राकेश सैनी, कृष्ण कुमार, जोरा सिंह समैंन, दलजीत कन्हड़ी सहित गुरुद्वारा प्रबंधन समिति सदस्य और विद्यालयों के छात्र-शिक्षक, स्थानीय गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।

# झारखंड में है सोलह भुजाओं वाली मां का तीर्थ, यहां होती सभी मनोकामनाएं पूर्ण



झारखंड राज्य में कई ऐसे उपासना स्थल हैं, जो सनातन धर्मावलंबियों की अटूट आस्था का केंद्र हैं। उनमें एक बेहद महत्त्वपूर्ण आस्था केंद्र है दिउड़ी मंदिर। दिउड़ी की मां भगवती प्राचीन महिमामयी देवीस्थानों में से एक मानी जाती हैं। यह स्थान मनौती पूर्ण करने के विशिष्ट केंद्र के रूप में लोक आस्था का केंद्रबना हुआ है। इसके गुंबदनुमा मीनारयुक्त शिखर और संपूर्ण ऊपरी भाग पर विविध देव मूर्तियों का सुंदर अंकन है। एक ऊंचे प्लेटफार्म पर बने नए मंदिर के ठीक बीच में विभिन्न आकार-प्रकार के पाषाण खंडों से बने पुराने मंदिर का ढांचा और उसी के बीच गर्भगृह में माता के दर्शन होते हैं।

गर्भगृह के अंदर लगभग साढ़े तीन फीट ऊंची माता रानी का आकर्षक विग्रह काले चमकदार पत्थर का बना हुआ है। यहां मां की मूर्ति में सोलह भुजाएं बनी हुई हैं, जबकि अन्य प्रतिमाओं में आमतौर आठ भुजाएं ही होती हैं। वस्त्र-आभूषणों और पुष्पों से सुसज्जित मां की यह प्रतिमा कमल दल पर विराजित है। सबसे खास बात यह है कि यहां पूजा-अर्चना आदिवासी धार्मिक परम्परा के ब्राह्मण पाहन और सनातन पंडा-पुजारी दोनों समान रूप से करते हैं। यहां के एक पुजारी मनसा पाहुन बताते हैं, 'हमारी कुल परम्परा के अनुसार, इस मंदिर की स्थापना कलिंग जाते समय स्वयं सम्राट अशोक ने पाहुन श्रेष्ठ के आशीर्वाद के उपरांत की थी।'

मां दिउड़ी की स्थापना की कथा आदिवासियों के एक बड़े समुदाय 'असुर' से भी जुड़ी है। मां दिउड़ी इनकी अधिष्ठात्री शक्ति हैं। विवरण मिलता है कि वर्ष 1300 ईस्वी के आसपास सिंहभूम के मुंडा राजा केरा ने युद्ध में पराजित होने के बाद यहां एक विशेष अनुष्ठान के तहत मां की साधना कर उन्हें जाग्रत किया था, जिसके फलस्वरूप न सिर्फ उन्हें खोया हुआ राज्य मिल गया, पहले की तरह सर्वत्र सुख-शांति कायम हो गई।

इस तीर्थ में माताजी के साथ-साथ गणेश जी, शिव शंकर, श्रीभैरव, मां काली, मां अन्नपूर्णा, पाहुन पीठ, लोक देवी-देवता और ब्रह्म देवता का स्थान है। प्रत्येक मंगलवार, शनिवार, रविवार और साल के दोनों नवरात्रों, पहली जनवरी, करमा, सरहुल जैसे पर्वों में भक्तों की भारी उपस्थिति से यहां महामेला लग जाता है। कहते हैं, जो जिस भाव को लेकर आता है, मां उसे निश्चित रूप से पूरा करती है।

# चिंता है मन का सबसे बड़ा विकार: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** हम में से कई लोगों को अपने जीवन में कभी-न-कभी कोई गंभीर या जीवन को बदल देने वाली शारीरिक बीमारी होगी। बीमारी और उसका इलाज, दोनों ही हमारे सोचने और महसूस करने के तरीके को प्रभावित कर सकते हैं। यह जानकारी उन लोगों को कोई शारीरिक बीमारी है जो उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है,और उन लोगों के लिए भी है जो उनकी देखभाल करते हैं। आयुर्वेद में दो प्रकार के रोग बताए गए हैं। पहला, शारीरिक रोग और दूसरा, मानसिक रोग। जब शरीर का रोग होता है, तो मन पर और मन के रोग का शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है। शरीर और मन का गहरा संबंध है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंधकार, ईर्ष्या, द्वेष आदि मनोविकार हैं। ये मन के रोग हैं। इन मनोविकारों में एक विकार है-चिंता। यह मन का बड़ा विकार है और महारोग भी है।जब आदमी को चिंता का रोग लग जाता है तो यह मनुष्य को धीरे-धीरे मारता हुआ आदमी को खोखला करता रहता है। चिंता को चिता के समान बताया गया है, अंतर केवल इतना है चिंता आदमी को बार-बार जलाती है और चिता आदमी को एक बार। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा मनुष्य को चिंता नहीं चिंतन करना चाहिए। जब भी चिंता सताती है, तब-तब मनुष्य को भगवान का चिंतन करना चाहिए। चिंता से घिरा जो भी आदमी चिंता का भार भगवान पर छोड़ निश्चित होने का अभ्यास करेगा उसको चिंता का रोग भी नहीं लगता और उसकी समस्याओं के समाधान भगवद्कृपा से स्वतः निकलते रहते हैं। चिंता करने वाले व्यक्ति के लिए एक दरवाजा ऐसा है जो उसके लिए कभी भी बंद नहीं होता। वह है भगवान का दरवाजा।चारों तरफ से घिरे इंसान को भगवान का दरवाजा पार निकालता है। गीता में कहा गया है कि जो भक्त अपने को भगवान के प्रति समर्पित करता हुआ अपना भार भगवान पर छोड़ देता है तो भगवान उसके भार को वहन करते हैं।जो चिंता करता रहता है उसका चेहरा बुझता-मुरझाता रहता है और जो परमात्मा का चिंतन करता है उसका चेहरा चमकता है।

मनीषीश्रीसंत ने कहा आदमी अभ्यास व वैराग्य से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। स्पष्ट है कि चिंता के संबंध में भी आदमी को परमात्मा पर पूरा भरोसा करके अभ्यास के द्वारा अपने स्वभाव में परिवर्तन करते हुए चिंता मुक्ति और सुखमय जीवन जीने का प्रयत्न करना चाहिए। आपने उस आक्रोश और शक्तिहीनता की स्थिति को अपने भीतर दबा लिया। लंबे समय में यह नाराजगी और हीन भावना आपके व्यक्तित्व का हिस्सा बन गई। इसकी वजह से आप कुछ चिड़चिड़ा व्यवहार भी करने लगे। इस तरह के पक्ष का सबसे बड़ा नुकसान यह भी था कि उसने आपकी अधिकांश ऊर्जा का क्षय किया। आपके स्वभाव को अलग ही दिशा में मोड़ दिया। आप अपने इन भावों से जो आपके मन में गहरे बैठे हैं मुक्ति का प्रयास करते हैं और अपने लिए संघर्ष की स्थिति पैदा कर लेते हैं। इससे बचना चाहिए। इस तरह के किसी पक्ष को अगर आप जीतना चाहते हैं तो पहले स्वयं ही तय कीजिए कि आपकी सबसे बड़ी समस्या क्या है।

अतुल मुनि जी ने फरमाया अपने प्रति पूरी तरह ईमानदार रहें कि आपको अपना कौनसा पक्ष स्वीकार्य नहीं है। एक बार जब आप उस पक्ष के बारे में पता लगा लें तो उसके नुकसान और फायदे के बारे में भी सोचें। तलाशें कि इस पक्ष का सबसे बेहतर फायदा आप क्या उठा सकते हैं। इस नकारात्मक पक्ष का सकारात्मक पहलू क्या हो सकता है।

# विधायक देवेंद्र कादियान ने पुरखास में बीपीएचयू भवन का शिलान्यास व लड़सौली में कम्यूनिटी सेंटर का किया उद्‌घाटन



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने पुरखास गांव में लगभग 40.31 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) भवन का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। विधायक कादियान ने इसके बाद लड़सौली गांव में लगभग 15 लाख रुपए की लागत से तैयार कम्यूनिटी सेंटर का उद्घाटन भी किया।

उन्होंने बताया कि सामुदायिक केंद्र गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होते हैं। इसके माध्यम से ग्रामीण विवाह, सामाजिक और अन्य कार्यक्रमों के लिए बाहर नहीं भटकेंगे और स्थानीय स्तर पर सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव-गांव में बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीण जीवन सशक्त और सुविधाजनक बने। उन्होंने आश्वासन दिया कि शहर के साथ-साथ गांवों में भी विकास कार्यों के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गांवों में और भी बुनियादी और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण जीवन और अधिक सशक्त और आरामदायक बनेगा।इस मौके पर वीरेंद्र नैन, सुरजीत राठी, लड़सौली सरपंच प्रतिनिधि प्रिर्यव्रत, संजय पूर्व सरपंच, पुरखास सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार, जिप सदस्य सीता गुलिया, बाहदुर सरपंच, रिंकू सेक्रेटरी, ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, सुरेश जेई, एसडीओ सचिन, कर्मबीर सरपंच, गुलाब सिंह, रणबीर, राज नंबरदार, सुंदर मोर, करतार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आत्मा के कल्याण के लिए भक्ति के पहलू को विशेषता देनी ही होगी



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

महापुरुषों ने जीवन के कल्याण के लिये जो फैसले दिये हैं वो सब ठोक बजाकर दिए हं, देखभाल कर दिये हैं। जीवन को जी कर, हर पहलू को देख कर जो ये निचोड़ निकाला कि इन्सान किसी युग में पैदा हो जाये, जीवन में आनन्द के लिये, जीवन के उत्थान के लिये, आत्मा के कल्याण के लिये वाकई ही तुझे ये ढंग अपनाना ही होगा। ये नाता जोड़ना ही होगा, इस पहलू को विशेषता देनी ही होगी, इसके बगैर बात बनने वाली नहीं है। वो फिर चाहे कोई भी हो, किसी भी घराने में पैदा हुआ हो। वो चाहे दुनियावी दृष्टि से कितनी सम्पन्नता वाला हो, कितनी लियाकत वाला हो, वो कोई मायने नहीं रखता है। महापुरुषों-सन्तों ने आज भी गीत, कविता, व्याख्यान के रुप में इस ओर ध्यान दिलाने का प्रयास किया है और इस प्रकार से बार-बार जब ये हमें सुनाया जाता है, समझया जाता है, इस तरफ ध्यान दिलाया जाता है, जैसे कि अक्सर अंग्रेजी की वो लाईन इस्तेमाल की जाती है कि Yes, this needs constant hammering. (हां, इसके लिए लगातार चोट मारने की जरुरत होती है) यानि कि बार-बार वो हथौड़ा वहीं पर जैसे कि कबीर जी ने उत्तर दिया था कि कील के ऊपर बार-बार हथौड़ा मारना Constant hammering (लगातार चोट) नहीं होगी तो ढीला हो जायेगा, बस जायेगा, दूर निकल जायेगा। तो इस तरफ संजीदगी बहुत जरुरी है। वैसे तो कहा यह जता है कि जीवन को इस तरह से जिया जाये कि इस प्रकार से हल्का-फुल्का महसूस किया जाये तो उसके लिये भी बात फिर वही आती है कि अगर हम सत्य को, भक्ति को और नेकियों को गंभीरता से लेते हैं तभी वास्तविकता में हमारी उससे संजीदगी हो पाती है और उसमें से अपने आप को उबार लेते हैं इसीलिये इसको गम्भीरता से लेना जरुरी है। यानि की ये महसूस करना कि तमाम पहलू जो हमारे जीवन में आनन्द और उत्थान लाने का साधन हैं, जो जरिया हैं, जो मोड़ हैं तो इन साधनों को wाकई हम उस प्रकार से अहमियत देंगे तभी हमें महसूसियत होगी और हमारे जीवन को वो महत्ता प्राप्त होगी जो औरों के लिए भी कल्याणकारी है।

महापुरुषों ने हर युग में हर दौर में किसी रुप में भी वो धरती पर आये, सतयुग में भी अगर हम पड़ते हैं, जैसा कि कहते हैं कि वेदों की रचना हजारों वर्ष पहले हुई तो उस वक्त भी वाकई ही माया के जो असर होते हैं उसका जिक्र आया है, वैर-वास्तों के जिक्र आये हैं। तो उस वक्त भी इन्सान की फितरत में ये कुछ चीज़े रही हैं इसीलिये उन्होंने उस वक्त भी जिक्र किए हैं। आज से सदियों पहले महापुरुषों ने कुछ बातें कहीं तो उस वक्त भी इन्सान की फितरतें ऐसी रही हैं। इसलिये अगर इन्सान का वजूद ही ऐसा है, इसकी फितरत ही उस प्रकार से होती है इसलिये इस सन्देश की अहमियत भी हमेशा से रही है और आज भी उसकी अहमियत है। इसलिये बोलों को केवल बोल ही न समझना, बालों को केवल कान-रस तक सीमित न रखना बल्कि इसको वो दौलत मानना कि- अमरीक लाल ये रतन, कि वाकई ही ये बहुत कीमती हैं।

इन्हें सुन कर आनन्द आ रहा है, इसे बयान करके आनन्द आ रहा है 7 वा?ई ही इसको अगर पूरी तरह से अपना लिया जाये तो फिर चलते-फिरते, इन तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए हम उसका पूरा आनन्द महसूस करते रहेंगे।

## पंचांग

शनिवार, 27 दिसंबर, 2025, सूर्योदयः 07:12 ए एम, सूर्यास्तः 05:32 पी एम, चन्द्रोदयः 11:49 ए एम, चन्द्रास्तः 12:24 ए एम, दिसम्बर 28, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः शनिवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः सप्तमी - 01:09 पी एम तक, नक्षत्रः पूर्व भाद्रपद - 09:09 ए एम तक, योगः व्यतीपात - 12:22 पी एम तक, करणः वणिज - 01:09 पी एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 12:39 ए एम, दिसम्बर 28 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः मीन, राहुकालः 09:47 ए एम से 11:05 ए एम, गुलिक कालः 07:12 ए एम से 08:30 ए एम, यमगण्डः 01:40 पी एम से 02:57 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:02 पी एम से 12:43 पी एम, दुर्मुहूर्तः 07:12 ए एम से 07:54 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:54 ए एम से 08:35 ए एम, अमृत कालः 04:00 ए एम, दिसम्बर 28 से 05:34 ए एम, दिसम्बर 28, वर्ज्यः 06:35 पी एम से 08:09 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आज के दिन आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है मुमकिन है कि आप जरूरत से ज्यादा खर्च करें।

**वृषः** आज अगर आप ऐसे अच्छे कामों में थोड़ा समय लगाएं, तो काफी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**मिथुनः** आज आपके मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे। अपने सब विचारों को एक साथ रखकर सोचें, इससे जो निष्कर्ष निकलेगा।

**कर्कः** परेशानियों के बारे में सोचते रहने और तिल का ताड़ करने की आपकी आदत आपके नैतिक ताने-बाने को कमजोर कर सकती है।

**सिंहः** कार्यशैली में बदलाव होगा। भवन बदलने के योग हैं। अपने व्यवहार से लोगों को खुश करेंगे।

**कन्याः** आज आपकी कंपनी का किसी दुसरी कंपनी से डील फाईनल हो सकती है। आपकी तरक्की को देखकर पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान पहले की अपेक्षा ओर ज्यादा बढ़ जाऐगा।

**तुलाः** दफ्तर में अपनी गलती स्वीकार करना आपके पक्ष में जाएगा। लेकिन आपको इसे सुधारने के लिए विश्लेषण की जरूरत है।

**वृश्चिकः** आज आप सरकारी या गैर-सरकारी संस्था से जुड़ेंगे। किसी दोस्त के साथ गलतफहमी अप्रिय हालात खड़े कर सकती है।

**धनुः** आज कोई भी फैसला अपनी सोच-विचार से ही लें। किसी ओर के द्वारा लिया गया निर्णय आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है।

**मकरः** वक्त पर आपकी मदद किसी की जिंदगी बचा सकती है। यह बात आपके परिवार वालों को प्रेरित करेगी।

**कुंभः** आज आपको अनैतिक कार्यों में न उलझने की सलाह देते हैं। महत्वपूर्ण लोगों के साथ बातचीत करते वक्त अपने शब्दों को गौर से चुनें।

**मीनः** आज आपके सोचे हुए कार्य आसानी से पूरे हो जाऐंगे। जिससे मन खुशनुमा रहेगा। आज आपका मन किताबें पढ़ने का करेगा।

# हिमगिरि पब्लिक स्कूल में ध्यान, तनाव व नशा मुक्त विषय पर बच्चों के लिए काउंसलिंग आयोजित



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। शहर के बापौली रोड़ स्थित हिमगिरी पब्लिक स्कूल में तनाव, ध्यान, जल संरक्षण, नशा एवं आपदा से निपटने के उपाय विषय पर एक जागरूकता-आधारित काउंसलिंग सेशन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रणबीर कुंडू अर्थशास्त्र प्राध्यापक नें शिरकत की।

अपने संबोधन में रणबीर कुंडू ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया, विशेष रूप से इंस्टाग्राम की अत्यधिक लत बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। उन्होंने बताया कि आभासी दुनिया की तुलना, लाइक्स-फॉलोअर्स की दौड़ और साइबर दबाव के कारण कई बच्चे मानसिक तनाव, अवसाद और गलत रास्तों की ओर बढ़ जाते हैं, जो कभी-कभी अत्यंत गंभीर परिणामों तक पहुँच सकता है। उन्होंने समय रहते संवाद, मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों को ध्यान, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए वक्ता ने स्पष्ट किया कि नशा व्यक्ति के भविष्य और परिवार-दोनों को प्रभावित करता है। इसके साथ ही जल संरक्षण विषय पर बोलते हुए जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया गया।

आपदा प्रबंधन सत्र में आग, भूकंप व अन्य आपात स्थितियों में संयम, सतर्कता और सही निर्णय लेने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया का सीमित व सकारात्मक उपयोग, जल संरक्षण, नशा-मुक्त और तनाव-मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

## नवनियुक्त थाना प्रभारी एसीपी गीता फोगाट का सनपेड़ा सरपंच व त्यागी ब्राह्मण महासभा ने किया सम्मान

# कानून सभी के लिए समान, किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं: एसीपी गीता फोगाट

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार





गन्नौर। बड़ी एचएसआईआईडीसी थाना की नवनियुक्त थाना प्रभारी एसीपी गीता फोगाट का सनपेड़ा गांव के युवा सरपंच प्रमोद ढाका व पंचों ने पुष्प गुच्छ व त्यागी ब्राह्मण महासभा ने स्मृति चिन्ह द्वारा हार्दिक अभिनंदन स्वागत किया। नवनियुक्त थाना प्रभारी एसीपी गीता फोगाट ने कहा कि वे गांव के युवाओं को नशा जागरूकता के प्रति, संस्कारों व बुजुर्गों का सम्मान के प्रति जागरूक करें ताकि गांव का युवा नशे से दूर रहकर पढ़ लिखकर कामयाबी हासिल करें। गांव का युवा आगे बढ़ेगा तो समाज व देश आगे बढ़ेगा और तरक्की करेगा।

गीता फोगाट ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आमजन की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। थाना क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस हर समय सतर्क एवं तत्पर रहेगी। कानून सभी के लिए समान है और क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, अपराध, नशा तस्करी, सट्टा, चोरी, लूट या महिला उत्पीड़न को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि कानून का पालन करने वाले नागरिकों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। थाना जनता के लिए हमेशा खुला रहेगा। आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से सुना व हल किया जाएगा।

पीड़ित व्यक्ति बिना किसी भय के थाना आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। उनकी क्षेत्रवासियों से अपील है कि वे पुलिस का सहयोग करें, अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस और जनता के सहयोग से ही सुरक्षित, शांत और अपराधमुक्त समाज का निर्माण संभव है। सनपेड़ा गांव के युवा सरपंच प्रमोद ढाका ने नवनियुक्त थाना प्रभारी की कार्य शैली की सराहना की । इस अवसर पर सभा के प्रधान महाबीर सिंह शर्मा बजाना वाले , दयानंद , मिंटू, नरेश, विनोद आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

# सिवाना माल गांव में ग्राम स्तरीय गोष्ठी का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

गोहाना (सोनीपत)। गांव सिवांना माल में सहायक गन्ना अधिकारी, गोहाना कार्यालय द्वारा एक दिवसीय ग्राम स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक गन्ना विकास अधिकारी डा. रघुवेन्द्र जून ने की। इस अवसर पर एडीओ संजय खतरी, डा. सुखबीर पुनिया, शुगर मिल गोहाना से गन्ना प्रबंधक धर्मवीर कदयान, गन्ना विकास अधिकारी महावीर शर्मा तथा सीएसआई अरूण ने भाग लिया।गोष्ठी में गन्ना तकनीकी प्रयोजन मिशन के तहत वर्ष 2025-26 के लिए गन्ने की नोटिफाइड एवं सिफारिशी किस्मों की बिजाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को दी जाने वाली अनुदान योजनाओं की जानकारी दी गई। डॉ. रघुवेन्द्र जून ने बताया कि प्रदर्शन प्लॉट लगाने पर किसानों को 3,000 से 5,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जाएगा, जिसका लाभ किसान अधिकतम 5 एकड़ तक ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत गन्ने के साथ अन्य फसलों की बिजाई करने पर 3,200 रुपये प्रति एकड़ की दर से अधिकतम 2 एकड़ तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

# आशीष त्यागी बने भाजपा किसान मोर्चा सोनीपत के जिला उपाध्यक्ष, संगठन में खुशी की लहर

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भारतीय जनता पार्टी जिला सोनीपत किसान मोर्चा में संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए टेहा गांव के सरपंच आशीष त्यागी को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के किसानों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।नियुक्ति के उपरांत आशीष त्यागी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, किसान मोर्चा के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की किसान हितैषी नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं को हर गांव और हर किसान तक पहुंचाने के लिए किसान मोर्चा को और अधिक सक्रिय किया जाएगा।आशीष त्यागी ने कहा कि किसान मोर्चा को प्रत्येक गांव में मजबूत और सक्रिय बनाया जाएगा, ताकि किसानों की समस्याओं को समय पर सुना जा सके और उनका समाधान सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि किसानों के सम्मान, समृद्धि और सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है और किसान मोर्चा इस दिशा में एक सेतु के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ युवाओं और किसानों को पार्टी से जोड़ना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। इसके लिए गांव-गांव संपर्क अभियान, बैठकों और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उनकी नियुक्ति पर भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा जिले में और अधिक सशक्त रूप से कार्य करेगा।









## राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण व विशेषज्ञ समिति का गठन

# आईएएस डा. अंकुर गुप्ता ने चेयरमैन व आरएस वर्मा ने सदस्य के रूप में पदभार संभाला

**सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी अहम जिम्मेदारी**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा





**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 24 दिसंबर।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने हरियाणा के लिए राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) तथा राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति का गठन कर दिया है। यह अधिसूचना पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी की गई है। नवगठित प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. अंकुर गुप्ता की नियुक्ति की गई है, जबकि श्री राम स्वरूप वर्मा (सेवानिवृत्त आईएएस) को सदस्य बनाया गया है। इनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है। दोनों अधिकारियों ने शुक्रवार देर शाम अपना पदभार संभाल लिया है। वहीं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, हरियाणा के निदेशक सदस्य-सचिव के रूप में कार्य करेंगे। प्राधिकरण को पर्यावरणीय मंजूरियों से जुड़े मामलों में निर्णय लेने का अधिकार होगा, जो राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की सिफारिशों पर आधारित होंगे। सभी निर्णय बैठकों में लिए जाएंगे और सामान्यतः सर्वसम्मति से होंगे। बहुमत से लिए गए निर्णयों का पूरा विवरण केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

प्राधिकरण की सहायता के लिए गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष महाबीर प्रसाद शर्मा (सेवानिवृत्त आईएफएस) होंगे। समिति में पर्यावरण, विज्ञान और अभियंत्रण के क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञों को शामिल किया गया है, जिससे परियोजनाओं का वैज्ञानिक और निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके। अधिसूचना के अनुसार, प्राधिकरण और समिति के अध्यक्ष व सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिए पद पर रहेंगे। सभी निर्णय बैठकों में लिए जाएंगे और प्राथमिकता सर्वसम्मति को दी जाएगी। यदि किसी मामले में बहुमत से निर्णय होता है, तो उसके पक्ष और विपक्ष के मतों को स्पष्ट रूप से दर्ज कर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। हितों के टकराव से बचने के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं, ताकि निर्णय प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। किसी भी सदस्य को उन परियोजनाओं से दूर रहना होगा, जिनसे वह पूर्व में परामर्श या आकलन के रूप में जुड़ा रहा हो। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से हरियाणा में विकास परियोजनाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को संतुलित और मजबूत ढांचा मिलेगा, जिससे राज्य में हरित विकास को नई दिशा मिलेगी। चंडीगढ़ के पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि अनुभवी प्रशासनिक और तकनीकी अधिकारियों की यह टीम हरियाणा में औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचे और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

इससे न केवल पर्यावरणीय स्वीकृतियों की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी, बल्कि सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। कुल मिलाकर, एसईआईएए हरियाणा का यह पुनर्गठन राज्य में पर्यावरणीय शासन को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम माना जा रहा है।

## पुलिस ने चरस समेत आरोपी तस्कर को किया काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** यूटी पुलिस के ऑपरेशन सैल ने चरस की सप्लाई करने वाले आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान 24 वर्षीय हिमाचल के जिला मंडी के रहने वाले ईशान शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 764 ग्राम चरस बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि ऑपरेशन सैल पुलिस यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते बीते दिन एरिया में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान जब पुलिस बस स्टॉप जीरी मंडी चौक सेक्टर 39 के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से 764 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि पकड़ा गया आरोपी तस्कर यह प्रतिबंधित सामान पराशर झील के पास जिला मंडी हिमाचल प्रदेश से लाता था और आगे इसे यूटी चंडीगढ़ के इलाके में बांटता और बेचता था।उसने यह भी बताया कि आसान पैसे के लिए उसने बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों का धंधा शुरू किया था।

### तुम जियो हजारों साल



शुभम को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं






## ईसीजी तकनीशियन का काम नहीं करेगा नर्सिंग स्टाफ

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंचकूला सिविल सर्जन द्वारा नर्सिंग स्टाफ से ईसीजी तकनीशियन का करवाए जाने के आदेशों का नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन ने विरोध कर दिया है। एसोसिएशन ने अधिकारियों के आदेश मानने से इनकार करते हुए कहा कि इस संबंध में गत दिवस मोबाइल पर वाट्सअप संदेश जारी किया गया है। एसोसिएशन की अध्यक्ष विनीता बांगड़ ने आज यहां जारी एक जानकारी में कहा कि यह कार्य क्लास फोर के अंतर्गत आता है। आज से दस वर्षों पहले भी ईसीजी टैक्नीशियन का कार्य क्लास फोर जिनके पास इसका डिप्लोमा किया हुआ है को दिया गया है। सिविल अस्पताल पंचकूला में कुछ ईसीजी टैक्नीशियन से पीएमओ आफिस में क्लर्क का कार्य करवाया जा रहा है,जोकि नियमों का विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि ईसीजी टैक्नीशियन तथा नर्सिंग स्टाफ की अलग पोस्ट व अलग कोर्स होता है। नर्सिंग स्टाफ द्वारा पहले से ही जनसेवा को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी में क्रिटिकल पेशेंट की ईसीजी की जाती है लेकिन इसे काम का हिस्सा बनाना उचित नहीं।नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन ने कहा कि इस संबंध में आला अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है, बहुत जल्द विभाग के महानिदेशक तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव से मुलाकात की जाएगी।

## जेकेजी फाउंडेशन ने मनाया क्रिसमस का पर्व



अर्थ प्रकाश/सतनाम सिंह

**चंडीगढ़, 25 दिसंबर।** जेकेजी डिजिटल, फाउंडेशन सेक्टर-22 के एमडी गुरतेजबीर सिंह द्वारा क्रिसमय पर्व के मौके पर पुक्कार पाठशाला के सहयोग से जीरकपुर में गरीब व मजदूरों के बच्चों को जरूरत के सामान व उपहार भेंट किया गया।

फाउंडेशन के एमडी गुरतेजबीर सिंह ने बताया कि ऐसे पर्व व त्यौहारों के मौकों पर सभी सक्षम व्यक्तियों को ऐसे बच्चों की मदद करनी चाहिए। इस सार्थक पहल का हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए हम पुक्कार - द वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी, ज़ीरकपुर का हार्दिक धन्यवाद करते हैं।

स्वादिष्ट होममेड चॉकलेट्स के लिए जिया कामरा, जलालाबाद का विशेष आभार, जिन्होंने इस आयोजन में मिठास और अपनापन जोड़ा।

बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर उपस्थित सभी लोगों को अत्यंत खुशी और प्रेरणा मिली।

जेकेजी फाउंडेशन, जो जेकेजी डिजिटल, चंडीगढ़ का हिस्सा है, इस अवसर पर पूरी टीम–दीपिका, चिराग, इंदर और साहिल–की उपस्थिति पर गर्व महसूस करता है और आशा, काइंडनेस और मुस्कान फैलाने की अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।












अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# भारत की नियामक क्रांति: कैसे 2025 ने 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को आदत बना दिया!

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

2010 के शुरुआती वर्षों में भारत में व्यापार करना किसी बाधा दौड़ जैसा लगता था, जिसमें बीच रास्ते में ही बाधाएं खड़ी कर दी जाती थीं। क्या आप जानते हैं कि कभी निर्माण की अनुमति लेने के मामले में भारत कुल 190 देशों में 184वें स्थान पर था? क्या आप जानते हैं कि सिर्फ अनुमति लेने में ही 186 दिन यानी छह महीने से ज्यादा नौकरशाही की भेंट चढ़ जाते थे? इस दौरान न कोई काम शुरू होता था, न रोजगार पैदा होते थे। यह कोई इत्तेफ़ाक नहीं था। यह दशकों से चली आ रही नियामक ज्यादितियों, विरासत में मिले नियंत्रण और कारोबार के प्रति अविश्वास का परिणाम था।

उस नुकसान को ठीक करना एक दिन में संभव नहीं था। इसे ठीक करने में 11 साल की लगातार सुधार प्रक्रिया लगी, जिसमें कई ऐसे काम हुए जो दिखते तो नहीं थे लेकिन बहुत जरूरी थे। पर 2025 अलग रहा। इस साल भारत ने सिर्फ कारोबार को आसान बनाने से आगे बढ़कर कारोबार को सच में आज़ाद करना शुरू किया। अगर 1991 उदारीकरण का साल था, तो 2025 नियमों से मुक्ति (डिरेग्यूलेशन) का साल बन गया। 1991 ने भारत में नई ऊर्जा जगाई थी, और 2025 ने उस ऊर्जा को बिना बंधन के आगे बढ़ने का खुला माहौल दिया।

**ठहरे हुए विकास चक्र से बाहर निकलना:** कई दशकों तक भारतीय कंपनियां जानबूझ कर छोटी ही रहती थीं। यह इसलिए नहीं कि उनमें महत्वाकांक्षा कम थी, बल्कि इसलिए कि बढ़ने पर सज़ा मिलती थी। 10वां, 20वां या 100वां कर्मचारी रखने पर लगभग 29 केंद्रीय श्रम क़ानूनों में छिपे नियम सक्रिय हो जाते थे। कंपनी बढ़ाते ही जांच, इंस्पेक्टर और कानूनी जोखिम बढ़ जाते थे। इसलिए कंपनियों के लिए समझदारी यही थी कि वे 'छोटी' ही बनी रहें।

**यह मानसिकता आखिरकार 2025 में टूट गई:** सरकार ने 'छोटी कंपनियों' के लिए टर्नओवर की लिमिट को दस गुना बढ़ाकर 100 करोड़ कर दिया, जिससे ग्रोथ को जानबूझकर सीमित करने का इंसेंटिव खत्म हो गया। साथ ही, दर्जनों ओवरलैपिंग लेबर कानूनों को चार आसान लेबर कोड में बदल दिया गया, जिससे अनिश्चितता की जगह स्पष्टता आई। संदेश साफ था– अब बड़े होने पर कोई सज़ा नहीं मिलेगी। ग्रोथ पर अब शक नहीं किया जाएगा।

**अनुपालन की बाधाओं को हटाना:** कई वर्षों तक भारत की विनिर्माण क्षमता कौशल या क्षमता की कमी से नहीं, बल्कि ज़्यादा नियमों के बोझ से रुकी हुई थी। क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ), जिन्हें मूल रूप से गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बनाया गया था, समय के साथ इतने बढ़ गए कि तैयार उत्पादों से लेकर कच्चे माल और महत्वपूर्ण इनपुट तक, हर चीज़ के लिए अनिवार्य सर्टिफिकेशन ज़रूरी हो गया।

इसका नतीजा उल्टा और नुकसानदायक रहा। एक तरफ 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा दिया गया, वहीं दूसरी तरफ कंपनियों को ऐसे इनपुट आयात करने पर मजबूर होना पड़ा जो सिर्फ क्यूसीओ मानकों को पूरा करते हों-अक्सर ज्यादा लागत और ज्यादा समय के साथ। निर्यात महंगे हो गए, न कि इसलिए कि भारतीय कंपनियाँ कमज़ोर थीं, बल्कि इसलिए कि अनुपालन (कंप्लायंस) खुद सप्लाई चेन का हिस्सा बन गया था।

इस समस्या को समझते हुए सरकार ने क्यूसीओ की बड़ी समीक्षा की। 76 उत्पाद श्रेणियों से अनिवार्य नियम हटाए गए और 200 से अधिक श्रेणियों को डिरेग्यूलेशन के लिए चिन्हित किया गया। जो काम पहले वर्षों में धीरे-धीरे होता, वह अब बड़े पैमाने पर और तेज़ी से किया गया। सिर्फ एक साल में भारत ने वह डिरेग्यूलेशन गति पकड़ ली, जो पहले बहुत धीमे और टुकड़ों में आगे बढ़ती थी। संदेश साफ़ था– मैन्युफैक्चरिंग भारत में होनी चाहिए, कागज़ी कार्रवाई नहीं।

इस गति को एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) के जरिए मज़बूत किया जा रहा है, जो ?25,060 करोड़ के आउटले वाली छह साल की पहल है, जिसमें एमएसएमई और पहली बार एक्सपोर्ट करने वालों के लिए ?20,000 करोड़ की बढ़ी हुई एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी शामिल है। यह डीरेगुलेशन सिर्फ़ मंत्रालय की गतिविधियां नहीं थीं, बल्कि आरबीआई और सेबी भी महत्वपूर्ण डीरेगुलेशन के साथ इस मिशन में शामिल थे। सालों तक, पूंजी जुटाने का मतलब था ढेर सारे कागज़ों में उलझना, जहाँ ज़रूरी बात शोर में खो जाती थी। सेबी के हालिया सुधारों ने ऑफर डॉक्यूमेंट्स को आसान बनाया है, जिससे निवेशक उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित कर सकें जो सच में मायने रखती हैं। कैपिटल मार्केट को आखिरकार स्पष्टता को पुरस्कृत करने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है, न कि कंप्लायंस की बाज़ीगरी के लिए।

इस बीच, आरबीआई ने दशकों से चले आ रहे ओवरलैपिंग निर्देशों को खत्म करने का काम किया है। लगभग 9,000 सर्कुलर को 11 कैटेगरी और 30 फंक्शनल एरिया में 238 मास्टर डायरेक्शन में मिलाकर, यह एक बड़े और कन्फ्यूज़िंग आर्काइव को एक सिंगल, पढ़ने लायक फ्रेमवर्क में बदल रहा है। अब कंप्लायंस सस्ता, तेज़ और बहुत कम भ्रामक रह गया है।

**ग्लोबल इंटीग्रेशन– सिर्फ़ 1 साल में 3 बड़े एफटीए:** अगर बिज़नेस के पास बेचने के लिए कोई जगह ही न हो, तो ईज ऑफ डूइंग का कोई मतलब नहीं है। 2025 में यूके, ओमान और न्यूज़ीलैंड के साथ तीन बड़े फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) करके, भारत ने ग्लोबल मार्केट में एंट्री की 'लागत' को प्रभावी ढंग से कम कर दिया है। उदाहरण के लिए, भारत-ओमान सीईपीए में 'टियर्ड रूल्स ऑफ़ ओरिजिन' के लिए एक खास प्रावधान शामिल था, जिसने सर्टिफिकेशन को आसान बनाया और भारतीय पेट्रोलियम उत्पादों और ज्वेलरी के लिए तुरंत ज़ीरो-ड्यूटी एक्सेस दिया। न्यूज़ीलैंड के साथ, भारत के 100 प्रतिशत एक्सपोर्ट पर ज़ीरो ड्यूटी मार्केट एक्सेस है।

**पोर्ट में भीड़ बनाम समुद्री गति:** 2013-14 में, जहाज़ भारतीय बंदरगाहों पर लगभग चार दिन बेकार खड़े रहे। हर रुका हुआ जहाज़ फंसी हुई पूंजी थी, व्यापार में देरी हो रही थी, और प्रतिस्पर्धा कम हो रही थी। 2025 तक, औसत टर्नअराउंड टाइम घटकर एक दिन से भी कम हो गया।

इस साल, संसद ने 1908 और 1925 के समुद्री कानूनों को पांच आधुनिक कानूनों से बदल दिया, जिनमें बिल ऑफ़ लेडिंग, तटीय शिपिंग, समुद्र द्वारा माल ढुलाई, मर्चेंट शिपिंग और बंदरगाहों के शासन को शामिल किया गया है। 1908 और 1925 के औपनिवेशिक काल के कानूनों को बदलकर, इन सुधारों ने समुद्री शासन को आधुनिक बनाया है, विवादों को कम किया है, और लॉजिस्टिक्स लागत को कम किया है, जिससे भारत 21वीं सदी के मानकों के साथ अपनी नीली अर्थव्यवस्था का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए तैयार है।

सबसे शांत लेकिन सबसे मज़बूत सबूत– भारत में एक्टिव कंपनियों की संख्या 2025 में लगभग दोगुनी हो गई

मार्च 2014 में, भारत में 9.52 लाख एक्टिव कंपनियां थीं। मार्च 2025 तक, यह संख्या बढ़कर 18.51 लाख हो गई। यह लगभग दोगुना होना किसी एक इंसेंटिव या स्कीम से नहीं हुआ। यह अनुमान लगाने की क्षमता से हुआ। कम रुकावटों से। ऐसे नियमों से जिन्होंने सफलता को सज़ा देना बंद कर दिया। जब बिज़नेस चुपचाप बढ़ते हैं, तो इसका आमतौर पर मतलब होता है कि सिस्टम अब रास्ते में नहीं आ रहा है।

**जन विश्वास के साथ 'इंस्पेक्टर राज' को खत्म करना:** जन विश्वास मायने रखता था, लेकिन सिर्फ एक नारे के रूप में नहीं। जन विश्वास 1.0 और 2.0 के माध्यम से 200 से अधिक छोटे तकनीकी अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाया गया और सैकड़ों पुराने नियम खत्म किए गए। इसका असली असर संस्कृति में दिखा– अब कागज़ात में गलती को अपराध नहीं माना जाता।

इससे भी ज़्यादा ज़रूरी बात यह है कि रेगुलेशन में ढील सिर्फ़ दिल्ली तक सीमित नहीं रही।

सात एनडीए शासित राज्यों ने पहले ही 1,000 से अधिक नियमों को अपराध की श्रेणी से हटा दिया है, ताकि सुधार सीधे वहां पहुंचे जहां कारोबार असल में चलता है-फैक्ट्री, गोदाम, बंदरगाह और जिला कार्यालय।

**यहीं 2025 सच में अलग नजर आता है:** केंद्र अकेले डिरेग्यूलेशन नहीं कर रहा था, बल्कि पूरे सिस्टम को इसके साथ जोड़ा। 2025 को किसी एक सुधार के लिए नहीं, बल्कि शासन के दृष्टिकोण में बदलाव के लिए याद किया जाएगा।

ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस अब केवल एक इंडेक्स नहीं है जिसे भारत पीछा करता है, यह अब एक आदत बन चुकी है जिसे पूरा सिस्टम अपनाता है।

## अधिकारी सुशासन की दिशा में करें उत्कृष्ट कार्य: सचिन गुप्ता




- सचिन गुप्ता ने राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विभागों को दी बधाई
- राज्य स्तर पर शिक्षा विभाग को प्राप्त हुआ सुशासन पुरस्कार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले विभागों के अधिकारियों को बधाई देते हुए अन्य विभागों के अधिकारियों का आह्वान किया कि वे भी अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करें।

सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई पढ़े रोहतक, लिखे रोहतक पहल पर सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर जिला की प्राथमिक शिक्षा को पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जबकि जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य वाहिनी पहल, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी को बेहतर प्रिंट, इलैक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया प्रबंधन तथा नगर निगम को सुविधा मंच पोर्टल एवं जीआईएस लैब स्थापित करने पर जिला स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई पढ़े रोहतक, लिखे रोहतक पहल की टीम को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित किया।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत पढ़े रोहतक, लिखे रोहतक जुलाई 2025 में प्रारंभ की गई एक जिला-स्तरीय पहल है, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं में साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता से जुड़ी गंभीर शैक्षिक कमियों को दूर करना है। कम लागत और आसानी से अपनाए जा सकने वाले इस मॉडल ने रोहतक को राज्य का एक लाइटहाउस जिला बना दिया है, जिसकी नवाचारी पहलें अब पूरे हरियाणा राज्य में लागू किए जाने के लिए तैयार हैं।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन विभागों को जिला स्तरीय सुशासन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। जिला में महिलाओं के स्वास्थ्य और निवारक देखभाल की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य वाहिनी नामक विशेष मोबाइल मेडिकल पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रीटा गोयल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. कोमल तथा खंड विस्तार शिक्षक यह पहल जिला की महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और इसकी शीघ्र पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं तक स्वास्थ्य सेवाएं सीधे पहुंचाना है, ताकि हर महिला को स्क्रीनिंग, निदान और समय पर उपचार की सुविधा मिल सके।

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी संजीव कुमार को जिला स्तरीय सुशासन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह पुरस्कार इस कार्यालय द्वारा प्रिंट, इलैक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया के बेहतर प्रबंधन तथा प्रैस प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय के लिए प्रदान किया गया है। विभाग द्वारा जिला प्रशासन की अनेक पहल के अलावा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जन तक पहुंचाने में विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तर पर नगर निगम की टीम को पोर्टल विकसित करने के लिए सुशासन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को 'जीरो फेटेलिटी माह' के रूप में मनाएगी यूपी सरकार

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को शून्य करने के लक्ष्य के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को 'जीरो फेटेलिटी माह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2026, 01 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश का परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज और सूचना विभाग सहित सभी संबंधित स्टेकहोल्डर विभागों को समन्वित रूप से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में प्रदेश के सभी जनपदों में 25 दिसंबर से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सड़क सुरक्षा माह के दौरान चलाये जाने वाले विशेष अभियानों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जीरो फेटेलिटी के लक्ष्य को पाने के उद्देश्य से प्रदेश के परिवहन एवं पुलिस विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस क्रम में प्रदेश में 363 हाई रिस्क कॉरिडोर चिह्नित किये हैं, जहां सख्त प्रवर्तन अभियान चलाये जाएंगे। इसके साथ ही पहले से चल रही जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना के तहत चुने गये 20 जनपदों में 233 क्रिटिकल पुलिस थाना क्षेत्रों का चयन किया गया है। जिनमें विशेष अभियान चलाकर दुर्घटनाओं पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग, लेन उल्लंघन, गलत दिशा में वाहन चलाने, हेलमेट व सीट-बेल्ट न पहनने, रिफ्लेक्टर टेप, फॉग लाइट, बिना परमिट व बिना फिटनेस संचालित वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

जनवरी माह में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा, ताकि दोपहिया चालकों में हेलमेट पहनने की आदत विकसित की जा सके। रोड एक्सीडेंट से होने वाली मौतों की संख्या में कमी लायी जा सके। लोक निर्माण विभाग व अन्य रोड ओनिंग एजेंसियों को चिह्नित किये गये 1484 ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधार कार्यों जैसे- रोड मार्किंग, साइनेज और क्रैश बैरियर लगाने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल सुधारने, एएलएस एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने तथा ट्रॉमा केयर सेंटरों में गैप, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर की कमी दूर करने के जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं।

**शिक्षा और सूचना विभाग चलायेगा जागरूकता अभियान**

पंचायती राज विभाग, प्रत्येक ग्राम सभा में सड़क सुरक्षा पर बैठकें आयोजित करेगा, जो ग्रामीण स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ने वाली सड़कों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के जरूरी इंतजाम को सुनिश्चित करेगीं। तो वहीं शिक्षा विभाग स्कूलों में चित्रकला, भाषण और नाटक प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा, जबकि सूचना विभाग परिवहन विभाग के साथ मिलकर यातायात नियमों के व्यापक प्रचार–प्रसार का कार्य को अंजाम देगा। सरकार का लक्ष्य है कि इन समन्वित प्रयासों से विशेषकर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, जनवरी 2026 में सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जाए और सीएम योगी आदित्यनाथ के 'जीरो फेटेलिटी' के सपने को साकार किया जा सके। साथ ही इस अभियान को आगे भी लागू किया जाएगा।

## छोटे साहिबज़ादों और माता गुजरी जी की अमर शहादत को समर्पित 'शहीदी जोड़ मेल': हरमीत सिंह कालका

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि साहिब-ए-कमाल, धन धन साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादों और माता गुजरी जी की अमर शहादत को समर्पित 'शहीदी जोड़ मेल' शुक्रवार, 26 दिसंबर को गुरुद्वारा माता सुंदरी जी में अत्यंत श्रद्धा, भावना और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है।

सरदार कालका ने कहा कि यह शहीदी जोड़ मेल अमृत वेला से लेकर शाम 5 बजे तक चलेगा, जिसके दौरान गुरबाणी कीर्तन, कथा-विचार तथा शहीदों की महान कुर्बानी को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि समागम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन सिख इतिहास के उस स्वर्णिम अध्याय की याद दिलाता है, जहाँ अल्पायु में भी धर्म, सत्य और अटल विश्वास के लिए अद्वितीय बलिदान दिया गया।

उन्होंने समस्त संगत से अपील की कि वे अपने परिवारों सहित अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर छोटे साहिबज़ादों और माता गुजरी जी की अमर शहादत को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा इस पावन अवसर के साक्षी बनें। सरदार कालका ने कहा कि शहीदी जोड़ मेल केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए त्याग, सहनशीलता और चढ़दी कला का प्रेरणास्त्रोत है, जो सदैव सिख कौम की आत्मा को प्रकाशमान करता

## घर से चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। कुरुक्षेत्र पुलिस ने घर से चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने घर से चोरी करने के आरोप में रजत वासी शहतुत मंडी अम्बाला व प्रथम उर्फ शुभम उर्फ गोढा वासी बकरा मार्किट अम्बाला को गिरफ्तार करके 40 हजार रुपये बरामद करने में सफलता हासिल की है।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर एबीजीपी, सहकारी बैंक व एसबीआई ने उपभोक्ता जागरूकता के लिए भविष्य के सहयोग की घोषणा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



जालंधर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर एसीएसटीआई, सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक (मुख्यालय), जालंधर में सायं 4 बजे से 5 बजे तक एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में उमेश कुमार, संयुक्त निबंधक ( पीसीएस-1), सहकारी समितियां, जालंधर मंडल; सुधीर कुमार, वरिष्ठ डाकपाल, जी.पी.ओ., जालंधर सिटी; तथा हरबंस लाल भट्टी, वरिष्ठ प्रबंधक, जालंधर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक शामिल थे।

भारतीय स्टेट बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारी दीपक शर्मा एवं रमेश कुमार भगत भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में दीपक शर्मा ने आश्वासन दिया कि भारतीय स्टेट बैंक भविष्य में बैंक के भीतर तथा अपने उपभोक्ताओं के बीच उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देगा तथा इस दिशा में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता इंदरजीत सिंह, उपाध्यक्ष, एबीजीपी पंजाब ने संगठन के उद्देश्यों, गतिविधियों तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा एवं नैतिक व पारदर्शी व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा देने में एबीजीपी की भूमिका पर एक प्रभावशाली एवं जानकारीपूर्ण संबोधन दिया। अधिवक्ता अनिल भगत ने भी सभा को संबोधित करते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उमेश कुमार, संयुक्त निबंधक पीसीएस-1, सहकारी समितियाँ, जालंधर मंडल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में उपभोक्ता जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने तथा भविष्य में एबीजीपी के साथ मिलकर कार्य करने का आश्वासन दिया। सम्मान एवं कृतज्ञता के प्रतीक स्वरूप अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। उमेश कुमार को श्री रविंदर पाल सिंह, अध्यक्ष, एबीजीपी पंजाब द्वारा; सुधीर कुमार को जुगल किशोर, सचिव, एबीजीपी द्वारा; तथा श्री हरबंस लाल भट्टी को अधिवक्ता इंदरजीत सिंह, उपाध्यक्ष, एबीजीपी पंजाब द्वारा सम्मानित किया गया।

## महाप्रबंधक पूर्व रेलवे मिलिंद देऊस्कर का आरेडिका व फोर्ज्ड व्हील प्लांट रायबरेली दौरा, कोच निर्माण व पर्यावरण कार्यों का लिया जायजा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**रायबरेली।** महाप्रबंधक पूर्व रेलवे (कोलकाता) मिलिंद देऊस्कर ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक-26.12.2025 को दौरा किया। श्री देऊस्कर ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में ओपेन लाइन रेल संचालन में कोच संबंधित कई मुददों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

महाप्रबंधक पूर्व रेलवे ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप, आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान कोच वेल्डिंग की गुणवत्ता, साइडवाल, लेजर कटिंग मशीन, कोच रूफ वेल्डिंग, तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया। आगे इसी क्रम में श्री देऊस्कर ने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया। यहॉं फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के विभिन्न चरणों का अवलोकन किया।

श्री देऊस्कर ने आरेडिका प्रशान्ति परिसर का दौरा किया। प्रशान्ति परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आरेडिका में किए जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे- वर्षा जल संरक्षण के लिए नवनिर्मित तालाबों, वर्षा जल संचयन बिन्दुओं एवं मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कर विकसित किये जा रहे क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीएफए बीएल मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक अकमल वदूद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामला आरोपी के पिता ने खुद अपने बेटे को किया पुलिस के हवाले

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। ज़ीरकपुर क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में गुरुवार शाम को आरोपी के पिता ने खुद अपने बेटे को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन की ज्यूडिशियल हिरासत में भेज दिया। उल्लेखनीय है कि 21 अगस्त 2025 को थाना जीरकपुर में पीड़िता की माता की शिकायत पर उनके पड़ोस में रहने वाले इमरान (25) के खिलाफ उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया था।बीते दिनों पीड़ित परिवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया था कि केस दर्ज होने के बावजूद आरोपी को न तो गिरफ्तार किया गया और न ही कोई ठोस जांच आगे बढ़ी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि आरोपी के पारिवारिक मेंबर लगातार उन पर समझौते का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। इस मामले में जांच अधिकारी लाभ सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार आरोपी और उसके जानकारों के घर छापेमारी कर रही थी। जिसके चलते आरोपी के पिता ने खुद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन की ज्यूडिशियल हिरासत में भेज दिया।

### सराहनीय हैं उपलब्धियां या बाकि हैं चुनौतिया

## पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के तीन वर्ष: उम्मीदें, प्रयोग और हकीकत

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

पंजाब में मार्च 2022 में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार भारी जनादेश के साथ सत्ता में आई थी। व्यवस्था परिवर्तन,



भ्रष्टाचार-मुक्त शासन और आम आदमी के हितों को केंद्र में रखने के वादों ने जनता में नई उम्मीद जगाई थी। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में बनी यह सरकार अब अपने लगभग तीन वर्ष पूरे कर चुकी है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि भावनाओं से ऊपर उठकर इस शासनकाल का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाए।

सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि उसका ईमानदार शासन का दावा रहा है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं में डिजिटल पहल, जैसे ई-रजिस्ट्री और सेवाओं का ऑनलाइन विस्तार, भ्रष्टाचार को कम करने की दिशा में सकारात्मक कदम माने गए। स्वास्थ्य क्षेत्र में 'मोहल्ला क्लीनिक' मॉडल को पंजाब में लागू करने की कोशिश और सरकारी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में कुछ सुधार भी सरकार के खाते में जाते हैं। शिक्षा क्षेत्र में स्कूलों के नवीनीकरण और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया गया, हालांकि इसके परिणाम अभी भविष्य में ही स्पष्ट होंगे।

नशा-मुक्त पंजाब का सपना आप सरकार के एजेंडे का प्रमुख हिस्सा रहा। इस दिशा में सख्ती के दावे, गिरफ्तारी और संपत्ति जब्ती जैसे कदम उठाए गए, पर जमीनी स्तर पर नशे की समस्या अब भी उतनी ही गंभीर बनी हुई है। इसे सरकार के लिए सबसे बड़ी परीक्षा कहा जा सकता है।

दूसरी ओर, आलोचनाओं की सूची भी छोटी नहीं है। चुनाव से पहले किए गए कुछ बड़े वादे–जैसे महिलाओं को 1000 प्रतिमाह सहायता–अब तक पूरे नहीं हो सके, जिससे




भरोसे को ठेस पहुँची है। राज्य की आर्थिक स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। कर्ज का बोझ बढ़ा है और राजस्व बढ़ाने के ठोस और स्थायी उपाय अपेक्षित स्तर तक सामने नहीं आ पाए हैं। विपक्ष का आरोप है कि सरकार प्रशासन से अधिक प्रचार पर ध्यान दे रही है। कृषि और ग्रामीण विकास के मोर्चे पर भी तस्वीर मिश्रित है। किसानों की आय बढ़ाने और फसल विविधीकरण की बातें तो हुईं, पर ठोस नीतिगत बदलाव सीमित रहे। ग्रामीण रोजगार, पंचायत स्तर पर विकास और बुनियादी सुविधाओं में सुधार को लेकर असंतोष के स्वर सुनाई देते हैं।

राजनीतिक स्तर पर यह भी कहा जाता है कि पंजाब सरकार पर दिल्ली नेतृत्व का प्रभाव अधिक है, जिससे संघीय भावना और राज्य की स्वायत्तता पर सवाल खड़े होते हैं। हालांकि, मान सरकार इसे राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर समन्वय के रूप में प्रस्तुत करती है।

निष्कर्षतः, आप सरकार के तीन साल न तो पूरी तरह विफल कहे जा सकते हैं और न ही अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरे उतरने वाले। यह कार्यकाल प्रयोगों, साहसिक दावों और कुछ वास्तविक प्रयासों का मिश्रण रहा है। अब समय है कि सरकार घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस परिणामों पर ध्यान दे, क्योंकि जनता ने उसे बदलाव के लिए चुना था–प्रचार के लिए नहीं। पंजाब में विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं, ऐसे में आने वाला समय ही तय करेगा कि मान सरकार उम्मीदों की सरकार साबित होती है या अवसर चूकने वाली।

**–दिनेश दिक्षित**
राजनीतिक विश्लेषक

### 22 महीने बाद हुई जीरकपुर नगर परिषद की बैठक हंगामेदार

# शहर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों पर पार्षदों का फूटा गुस्सा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 26 दिसंबर।** 22 महीने के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हुई जीरकपुर नगर परिषद की बैठक शुक्रवार को पूरी तरह हंगामेदार साबित हुई। शहर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर पार्षदों का गुस्सा बैठक में खुलकर सामने आया। हालांकि, बैठक से जनता को जिन ठोस फैसलों की उम्मीद थी, वह हंगामे और आरोपङ्कप्रत्यारोप की भेंट चढ़ती नजर आई। बैठक शुरू होते ही पार्षदों ने आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या, सीवरेज सिस्टम की बदहाली, टूटी-फूटी सड़कों, एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की कार्यप्रणाली और नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे कथित नाजायज शोरूमों व अवैध निर्माण जैसे गंभीर मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। कई पार्षदों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर तेजी से फैल रहा है, लेकिन मूलभूत सुविधाएं लगातार बदतर होती जा रही हैं। बैठक के दौरान सबसे बड़ा सवाल नगर परिषद के करीब 800 करोड़ रुपये के फंड को लेकर उठा।

पार्षदों ने आरोप लगाया कि इतना भारी-भरकम बजट होने के बावजूद शहर की हालत में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। उन्होंने पूछा कि आखिर यह फंड कहां खर्च किया जा रहा है? किन योजनाओं पर कितना पैसा लगाया गया? जनता के सामने इसका पारदर्शी हिसाब क्यों नहीं रखा जा रहा?

इन सवालों को लेकर बैठक में कई बार माहौल इतना गरम हो गया कि तीखी नोक-झोंक शुरू हो गई। कुछ पार्षदों ने अधिकारियों पर लापरवाही और मनमानी के आरोप लगाए, वहीं जवाब में प्रशासनिक पक्ष की सफाई से असंतोष और बढ़ गया। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि बैठक की कार्यवाही को कुछ समय के लिए बाधित करना पड़ा। पार्षदों का कहना था कि शहर के लोग लंबे समय से सीवरेज ओवरफ्लो, सड़कों पर गड्ढों, बरसात में जलभराव और आवारा कुत्तों के हमलों से परेशान हैं, लेकिन नगर परिषद सिर्फ कागजी योजनाओं तक ही सीमित रह गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जनता का भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा। पार्षदों को उम्मीद थी कि 22 महीने बाद बुलाई गई इस बैठक में शहर की समस्याओं को लेकर ठोस फैसले लिए जाएंगे और कोई स्पष्ट रोडमैप सामने आएगा, लेकिन हंगामे और आपसी आरोपों के बीच बैठक का नतीजा शून्य ही नजर आया। बैठक के बाद भी यह सवाल कायम है कि क्या नगर परिषद आने वाले समय में वास्तव में जमीनी स्तर पर बदलाव ला पाएगी या फिर शहर की समस्याएं यूं ही फाइलों में दबकर रह जाएंगी।

> शहर के विकास कार्य को लेकर मीटिंग हुई थी। जिसमें लोगों की समस्याओं को लेकर पार्षदों की शिकायतों को सुना गया, जिसके बाद समस्याओं पर अमल करते हुए जल्द हल किया जाएगा।
>
> **परविंदर भट्टी, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ज़ीरकपुर**

# सोसायटी मंदिर के नजदीक खुली मीट की दुकान का विरोध, शिवसेना हिंद व स्थानीय लोगों का फूटा गुस्सा

### धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप, प्रशासन से दुकान हटाने की मांग

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 26 दिसंबर।** ढकोली क्षेत्र की कामधेनू सोसायटी में मंदिर के बिल्कुल नजदीक चल रही मीट की दुकान को लेकर स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में भारी रोष देखने को मिला। बुधवार को शिवसेना हिंद के कार्यकर्ताओं और सोसायटी निवासियों ने एकजुट होकर दुकान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से इसे तुरंत हटाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि धार्मिक स्थल के समीप मीट की दुकान खुलना न केवल धार्मिक आस्थाओं के विरुद्ध है, बल्कि इससे क्षेत्र का सामाजिक और धार्मिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मंदिर में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में ठीक पास में मीट की दुकान चलने से लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस संबंध में पहले भी कई बार मौखिक रूप से प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ती जा रही है। बुधवार को गुस्साए लोगों ने दुकान के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

शिवसेना हिंद के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मीट की दुकान को मंदिर परिसर के नजदीक से नहीं हटाया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास इस तरह की गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे आपसी सौहार्द बिगड़ने की आशंका रहती है।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन से मांग की कि धार्मिक स्थलों के आसपास मीट, मछली और शराब जैसी दुकानों पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखना चाहते हैं, लेकिन अपनी आस्था के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं करेंगे।

फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कब तक संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करता है और स्थानीय लोगों की मांगों पर क्या फैसला लिया जाता।

## भाजपा ने नई वार्डबंदी पर आपत्तियां पेश कीं

**डेराबस्सी, 26 दिसंबर (चौहान)।** भारतीय जनता पार्टी ने शहर में प्रस्तावित नई वार्डबंदी को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज करवाई हैं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश गांधी और वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी की अगुवाई में भाजपा नेताओं ने आज नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह को लिखित रूप में अपने इतराज सौंपे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुकेश गांधी और गुरदर्शन सिंह सैनी ने कहा कि प्रस्तावित नई वार्डबंदी नियमों को ताक पर रखकर राजनीतिक दबाव में आम आदमी पार्टी के संभावित उम्मीदवारों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि नई वार्डबंदी में कई गंभीर खामियां हैं, जिनके संबंध में आज औपचारिक रूप से आपत्तियां दर्ज करवाई गई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया तो भाजपा अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार वार्डबंदी के नक्शे को सार्वजनिक करने के बाद आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए कम से कम सात दिन से लेकर अधिकतम 30 दिन का समय दिया जाना चाहिए, लेकिन 22 तारीख को नक्शा सार्वजनिक करने के बाद मात्र 26 तारीख तक का ही समय दिया गया, जो नियमों के खिलाफ है। भाजपा नेताओं ने कहा कि नई वार्डबंदी आमतौर पर जनसंख्या बढ़ने या विभिन्न वार्डों में मतदाताओं के संतुलन में भारी अंतर होने की स्थिति में की जाती है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी वार्ड में बहुत अधिक वोट हों और किसी में बहुत कम, तभी पुनर्विभाजन की जरूरत पड़ती है। जबकि डेराबस्सी में पहले लगभग 42 हजार वोट थे और अब करीब 50 हजार वोट हैं, ऐसे में नई वार्डबंदी की कोई विशेष आवश्यकता नहीं बनती।

# वार्ड बंदी का नक्शा बना सियासी बवाल की जड़, कौंसिल खन्ना में हंगामा, कांग्रेस ने सरकार पर लगाया सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

> मुंसिपल एक्ट के अनुसार वार्ड बंदी 15 साल की जा सकती है, परन्तु खन्ना में अभी 10 साल ही हुए,क्या यह सत्ता का दुरुपयोग नही

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 26 दिसंबर।** शुक्रवार की शाम कौंसिल खन्ना में प्रस्तावित वार्डबंदी को लेकर राजनीतिक टकराव खुलकर सामने आ गया है। वार्डबंदी के नक्शे को समय पर सार्वजनिक न करने के आरोपों के बीच कांग्रेस के कौंसिल प्रधान कमलजीत सिंह व अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने आम आदमी पार्टी सरकार और नगर कौंसिल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की, पत्रकारों से बातचीत करते हुए कौंसिल प्रधान कमलजीत सिंह ने कहा कि जब हाउस की मीटिंग के लिए आधिकारिक कॉल दी गई थी, तभी कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी चरणजीत सिंह ने मात्र शाम पांच बजने के पांच मिनट पहले ही वार्डबंदी का नक्शा मीटिंग हॉल में लगाया। इतना ही नहीं, वही नक्शा हाथ में लेकर वे मीटिंग हॉल में पहुंचे, जिससे साफ होता है कि पार्षदों को पहले से जानकारी देने की कोई मंशा नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह और उनके साथ सभी कांग्रेसी पार्षद मीटिंग हॉल पहुंचे तो वहां जानबूझकर अंधेरा किया गया था। प्रधान के अनुसार सरकारी अधिकारियों ने बिजली कटवा दी थी, ताकि नक्शा लगा कर साबित करना चाहते है कि हमने नक्शा तो पहले ही लगा दिया था, इस घटना के बाद मीटिंग हाल में भारी हंगामा हुआ और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई, नारेबाजी के बाद हाल की जिसके बाद लाइट चालू की गई। प्रधान कमलजीत सिंह ने कहा कि मुंसिपल एक्ट के अनुसार 15 साल बाद ही वार्ड बंदी की जा सकती है,परन्तु खन्ना में अभी 10 साल ही हुए है,इसके बावजूद सरकार ने वार्ड बंदी की, सरकार अपनी पावर का गलत इस्तेमाल कर रही है जनता बदार्शत नही करेगी, उन्होंने कहा शुक्रवार यानी 26 दिसंबर को नक्शा लगाया गया है,

नियमों के अनुसार 31 तारीख तक वार्डबंदी के नक्शे पर एतराज दर्ज करवाए जा सकते हैं, लेकिन बीच में रविवार की छुट्टी डालकर आम जनता और पार्षदों का समय जानबूझकर कम किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक नहीं बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है।

### प्रशासन ने आरोप किए खारिज

वहीं नगर कौंसिल के ईओ चरणजीत सिंह ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वार्डबंदी का नक्शा नियमानुसार तय समय पर लगाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नक्शा सोमवार तक नगर कौंसिल परिसर में लगा रहेगा और प्रधान द्वारा लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं।

### कोटली का बयान फिर चर्चा में

इस पूरे विवाद के बीच पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली का बयान एक बार फिर चर्चा में आ गया है। प्रधान कमलजीत सिंह ने कहा कि दो दिन पहले हमारे पूर्व मंत्री कोटली ने जो कहा था, वह अब सच साबित हो रहा है। कोटली ने कहा था कि यह वार्डबंदी नहीं बल्कि पाड़बंदी है और मौजूदा नक्शा इसी बात की पुष्टि करता है।

### राजनीतिक माहौल गरम

शहर की वार्डबंदी को लेकर बढ़ते विवाद ने राजनीति को पूरी तरह गरमा गई है। प्रधान ने कहा यह वार्ड बंदी जनता के अधिकारों पर हमला है, उधर, वहीं आम आदमी पार्टी सरकार और प्रशासन नियमों के तहत प्रक्रिया पूरी होने का दावा कर रहे हैं। प्रधान ने कहा कि अगर आने वाले दिनों में यदि एतराजों को गंभीरता से नहीं सुना गया, तो यह मामला अदालत तक भी पहुंच सकता है।

# गांव सूंडरा की पंचायती ज़मीन पर रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर चल रही अवैध माइनिंग, माइनिंग विभाग के अधिकारी बेसुध

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 26 दिसंबर।** निकटवर्ती गांव सूंडरा में रात के अंधेरे में अवैध माइनिंग का एक गंभीर मामला सामने आया है। गांववालों और गांव के सरपंच के मुताबिक, माइनिंग माफिया बिना किसी डर के ज़मीन खोद रहे हैं, जिससे सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान हो रहा है। उन्होंने माइनिंग डिपार्टमेंट के अधिकारियों से कार्रवाई करने की अपील की है।

गांव सूंडरा की सरपंच परमजीत कौर ने माइनिंग के संबंध में कार्रवाई करने के लिए लेटर लिखा था। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सूंडरा की पंचायती ज़मीन, जो नदी में पड़ती है, में रात के समय अनजान लोग मिट्टी, रेत और बजरी की अवैध माइनिंग कर रहे हैं। इस संबंध में पंचायत ने चौकी इंचार्ज मुबारिकपुर से अपील की थी कि वे इन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें। जिसके बाद कुछ समय के लिए अवैध माइनिंग पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन अब कुछ दिनों से फिर से अज्ञात लोगों द्वारा रात के समय कई बार अवैध माइनिंग की जा रही है। गांववालों का आरोप है कि माइनिंग का काम देर रात शुरू होता है ताकि प्रशासन की नज़र से बचा जा सके। भारी जेसीबी मशीनों और टिप्परों का इस्तेमाल करके मिट्टी और रेत की गैर-कानूनी माइनिंग की जा रही है।

शिकायत करने वालों ने लोकल प्रशासन और माइनिंग डिपार्टमेंट के अधिकारियों से मांग की है कि इस गैर-कानूनी धंधे को तुरंत रोका जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि गैर-कानूनी माइनिंग की वजह से न सिर्फ पंचायती ज़मीन को नुकसान हो रहा है, बल्कि भारी गाड़ियों की आवाजाही से गांव की सड़कें और शांति भी भंग हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन और माइनिंग डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो वे बड़ा संघर्ष करने को मजबूर होंगे।

इस बारे में संपर्क करने पर मुबारिकपुर चौकी इंचार्ज कुलवंत सिंह ने कहा कि इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर माइनिंग डिपार्टमेंट के अधिकारी उनसे कोई शिकायत करते हैं, तो वे इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

इस बारे में जब माइनिंग विभाग के एसडीओ रविंदर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वे पिछले दो दिनों से सूंडरा गांव में अपनी टीम भेज रहे हैं, लेकिन गैर-कानूनी माइनिंग में शामिल लोग उनके पहुंचने से पहले ही भाग जा रहे हैं। जिससे इस गोरखधंधे में शामिल लोग बच गए हैं, लेकिन उनकी टीम सूंडरा गांव की पंचायती जमीन पर नजर रखे हुए है।

# सेंट कबीर के विद्यार्थियों ने इंटर-स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में जीती ट्रॉफी

### पढ़ाई के साथ-साथ खेड वी बच्चों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैः डॉ. आशीष सरीन

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 26 दिसंबर।** स्कूल कैटेगरी फुटबॉल टूर्नामेंट 2025, जो सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गाँव बोहन में आयोजित किया गया था, में विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। सेंट कबीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चग्गरां होशियारपुर के एम.डी. डॉ. आशीष सरीन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस फुटबॉल टूर्नामेंट में ÷सेंट कबीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चग्गरां÷ की टीम ने वी हिस्सा लिया और अपने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में जय सिंह, मिलनजीत, साहिल प्रीत, राजदीप, जगमोहन, कपिल, गौरव, कनव, हरमन, गगन आदि ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया और विजेता हुए। इस खुशी के अवसर पर डॉ. आशीष सरीन ने बच्चों को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल बच्चों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

इस दौरान बच्चों के अभिभावकों ने डॉ. आशीष सरीन का बहुत धन्यवाद किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर अभिभावकों ने सेंट कबीर स्कूल के मेहनती स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया। स्कूल के प्रिंसिपल श्री गोपाल कृष्ण अरोड़ा जी ने भी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को इस उपलब्धि के लिए मुबारकबाद दी।

## खन्ना के जेठी नगर कॉलोनी के लोगों ने छोटे साहिबजादों की शहादत की याद में लगाया लंगर



अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

**खन्ना, 26 दिसंबर।** शुक्रवार की सुबह खन्ना की जेठी नगर कॉलोनी के रहने वाले स्थानीय निवासियों द्वारा छोटे साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी व राहगीर लंगर ग्रहण किया, मौके पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौंद व वीसी विंग के अध्यक्ष राजिंदर सिंह जीत, पार्षद परमप्रीत सिंह पोंपी, वावा आदि लोगों को लंगर वितरित कर साहिबजादों को श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मौजूद अमित मित्तल, जस्सी मथारू व दीपा लोगों ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से लगातार यह लंगर लगाते आ रहे हैं। उनका कहना है कि यह आयोजन साहिबजादों की कुर्बानी को याद रखने और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से हर साल किया जाता है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि साहिबजादों ने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे, सेवा और एकता का संदेश जाता है।

# अंडर-14 क्रिकेट होशियारपुर ने कपूरथला टीम को 8 विकेट से हराकर जीत दर्ज की: डा. रमन घई

> होशियारपुर की ओर से युवराज ठाकुर ने नवाद 70 रन तथा राजवीर, ईशान अत्तर ने 4-4 व मनन ने 2 विकेट लिए

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएसन द्वारा आयोजित अंडर-14 लड़कों की इंटर-डिस्ट्रिट टूर्नामैंट में होशियारपुर की टीम ने कपूरथला टीम को 8 विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि 50-50 ओवरों के इस मैच में होशियारपुर की टीम ने टॉस जीतकर कपूरथला की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में उतारा।

होशियारपुर की टीम की शानदार गेंदबाजी के आगे कपूरथला की सारी टीम 33.4 ओवरों में 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें शुभकरमन सिंह ने 35 रन तथा युवराज सिंह ने 23 बनाएं। होशियारपुर की टीम द्वारा शानदार गेंदबाजी करते हुए राजवीर सिंह तथा ईशान अत्तर ने 4-4 विकेट तथा कप्तान मनन ने कपूरथला के 2 खिलाड़ियों का आउट किया। 50 ओवरों में जीत के लिए 124 रनों का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने उतरी होशियारपुर टीम ने युवराज ठाकुर की शानदार नवाद 70 रन की बदौलत 25.2 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाकर 7 विकेट से यह मैच जीत लिया। होशियारपुर की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम के उपकप्तान युवराज ठाकुर ने 83 गेंदों का सामना करते हुए 70 नॉट आउट रन, हरदितदीप सिंह सैनी ने 19 रन तथा जश्नसैनी ने 14 नेट आउट रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। डा. घई ने बताया कि इस जीत के साथ होशियारपुर की टीम को 4 अंक प्राप्त हुए।

उन्होंने बताया कि होशियारपुर का अगला मुकाबला जिला फतेहगढ़ साहिब की टीम के साथ 28 दिसंबर को होशियारपुर में खेला जाएगा। होशियारपुर की टीम की इस बड़ी जीत पर एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत खेलां, विवेक साहनी, डा.पंकज शिव ने समूह एसोसिएसन की ओर से बधाई दी। होशियारपुर की इस जीत पर होशियारपुर के जिला मुख्य कोच दलजीत सिंह, जूनियर कोच दलजीत धीमान, पंकज पिंका, दिनेश शर्मा, ग्राउंडमैन सोढी राम ने बधाई देते हुए आशा प्रगट की कि टीम अगले मैचों में भी अपना बढ़िया प्रदर्शन जारी रखेगी। जिला मुख्य ट्रेनर कुलदीप धामी व कोच तारा चंद ने भी टीम को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। टीम की इस जीत पर जिला महिला कोच दविंदर कौर कल्याण व जूनियर महिला कोच निकिता कुमारी ने टीम के बढिया प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए टीम को शुभकामनाएं दी।

## मुबारिकपुर रेलवे अंडरपाथ पर ट्रैफिक पुलिस सख्त, ओवरलोडेड टिप्परों के काटे चालान



**डेराबस्सी, 26 दिसंबर (चौहान)।** स्थानीय गांव मुबारिकपुर रेलवे अंडरपाथ से नियमों का उल्लंघन कर गुजरने वाले ओवरलोडेड टिप्परों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। आज पुलिस ने स्पेशल नाकाबंदी करके कई टिप्परों के चालान काटे और कुछ को सीज भी किया गया। ये ओवरलोडेड टिप्पर खुलेआम ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इन टिप्परों मे अंडरपाथ की तय ऊंचाई और वजन लिमिट से ज्यादा सामान भरा हुआ था, जिससे अंडरपाथ के खराब होने का खतरा था। इन ओवरलोडेड टिप्परों की वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। ओवरलोड और बड़ी गाड़ियों की वजह से इस रास्ते पर अक्सर लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम राहगीरों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी होती है। वर्णनीय है कि एसडीएम अमित गुप्ता ने इस रास्ते पर इन टिप्परों की आवाजाही पर रोक लगाई हुई है लेकिन इसके बावजूद ये टिप्पर दिन रात नियमों की उल्लंघना करते सरेआम दौड़ते हैं और समस्या उत्पन्न करते हैं। मुबारिकपुर ट्रैफिक पुलिस ने इन ओवरलोडेड टिप्परों को रोकने के लिए कार्रवाई की है। ट्रैफिक इंचार्ज मुबारिकपुर हरकेश सिंह ने बताया कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद टिप्पर चालक नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। आज की गई कार्रवाई के दौरान मौके पर ही कई गाड़ियों पर भारी जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और पब्लिक प्रॉपर्टी की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। किसी भी ओवरलोडेड गाड़ी को अंडरपाथ से गुजरने नहीं दिया जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जुब्बल–नावर–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य जारी: रोहित ठाकुर

**शिक्षा मंत्री जुब्बल में 1.46 करोड़ से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण, विकास कार्यों की दी जानकारी**

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 26 दिसंबर।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शुक्रवार को अपने गृह क्षेत्र जुब्बल के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने लगभग 1 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरथाटा (बटाडगलू) का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य संस्थान रिकॉर्ड दो वर्षों की अवधि में बनकर तैयार हुआ है। इसके निर्माण से ग्राम पंचायत बरथाटा, कठासु और बढ़ाल पंचायत के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में इस समय 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन सभी स्वास्थ्य संस्थानों की स्वीकृति पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दी गई थी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरथाटा का शिलान्यास भी उसी दौरान किया गया था। उन्होंने कहा कि बरथाटा, बढ़ाल धार और कठासु पंचायतों से उनका पारिवारिक और भावनात्मक संबंध रहा है, जिसके चलते पूरे विधानसभा क्षेत्र की तरह इन क्षेत्रों में भी विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। यह स्वास्थ्य केंद्र भी उन्हीं प्रयासों का परिणाम है।

सड़कों के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए रोहित ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-3 के तहत भगोलीङ्कबरथाटा सड़क को 18 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से स्तरोन्नत किया जा रहा है, जिसका करीब 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। वहीं कठासुङ्कसावड़ा सड़क के उन्नयन पर 19 लाख 13 हजार रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिसका लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त नाबार्ड योजना के अंतर्गत मिहाना खड्ड से बढ़ाल लेहरोटी बनाना कटारला सड़क का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है, जिस पर 14 करोड़ 59 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए गंभीर और प्रभावी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटखाई एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में उभर कर सामने आया है, जहां मेडिसिन, गायनी, नेत्र रोग, बाल रोग सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय लोग बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीज भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोटखाई में शीघ्र ही एक बड़े ट्रॉमा सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं सिविल अस्पताल जुब्बल, जो क्षेत्र का एक पुराना और महत्वपूर्ण अस्पताल है, वहां भी स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। अस्पताल में ईसीजी सुविधा स्थापित कर दी गई है और एक्स-रे मशीन को भी दुरुस्त किया गया है, जिससे मरीजों को बेहतर जांच और उपचार की सुविधा मिलेगी। शिक्षा मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मरीजों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। अस्पताल में बिजली हीटर, कंबल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही पानी की टंकियों की नियमित सफाई और सुरक्षा के निर्देश भी दिए गए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। रोहित ठाकुर ने कहा कि सेब की बागवानी हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने सेब के समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक रूप से 2 रुपये की बढ़ोतरी की है। मंडी मध्यस्थता योजना के तहत 153 करोड़ रुपये की राशि एकमुश्त जारी कर बागवानों की लंबित देनदारियों का भुगतान किया गया, जिसमें 90 करोड़ रुपये पिछली भाजपा सरकार के समय की लंबित राशि शामिल थी। इसके अलावा बागवानों को अधिक वजन के नाम पर होने वाली ठगी से बचाने के लिए यूनिवर्सल कार्टन लागू किया गया, जिससे छोटे और सीमांत किसानों को विशेष लाभ मिला है।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर जुब्बल–नावर–कोटखाई कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, कोटखाई तहसील यूनियन प्रधान गुमान सिंह चौहान, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोतीलाल सिथता, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कालटा, ग्राम पंचायत बरथाटा के प्रधान गोपाल चौहान, बढ़ाल पंचायत प्रधान कुलदीप पिरटा, कठासु पंचायत प्रधान गीता नाजटा सहित आसपास की पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल रांटा, खंड चिकित्सा अधिकारी संजय आनंद, उपमंडलाधिकारी जुब्बल गुरमीत नेगी, बीडीओ जुब्बल करण सिंह, एसएचओ जुब्बल चेतन चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबजादों के बलिदान को दी राष्ट्रीय पहचान

## 26 दिसंबर को घोषित किया 'वीर बाल दिवस': डॉ. राजीव बिंदल

**नालागढ़ के टांग उपरली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल रहे मुख्य वक्ता**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन, 26 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के टांग उपरली में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि वीर बाल दिवस हर वर्ष 26 दिसंबर को मनाया जाता है, जो सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को नमन करने का दिन है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की ऐतिहासिक घोषणा कर साहिबजादों के बलिदान को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाई।

डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से देश की नई पीढ़ी को भारतीय इतिहास के उस स्वर्णिम अध्याय से जोड़ने का कार्य हुआ है, जिसे लंबे समय तक उपेक्षित रखा गया। यह निर्णय केवल एक दिवस की घोषणा नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, धर्म और बलिदान परंपरा को सम्मान देने का संकल्प है।

उन्होंने साहिबजादों की शहादत का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1705 में मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर सरहिंद के नवाब वज़ीर खान ने साहिबजादा जोरावर सिंह (9 वर्ष) और साहिबजादा फतेह सिंह (7 वर्ष) को इस्लाम धर्म स्वीकार न करने पर जीवित दीवार में चुनवा दिया। इतनी अल्प आयु में धर्म और सत्य के लिए दिया गया यह बलिदान मानव इतिहास में अद्वितीय है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि वीर बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को साहिबजादों के साहस, अटूट विश्वास, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज अपने गौरवशाली इतिहास और वीरों के बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहा है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजीव बिंदल को फेनी केसरी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रत्नपाल सिंह, बिहारी लाल शर्मा, के.एल. ठाकुर, लखविंदर राणा, बलबीर ठाकुर, आशुतोष वैध, धनो राम काला, सरवन चंदेल, जोगिन्दर जिन्दू, लाल चंद, नसीब सिंह, गुरमीत सिंह, कृष्ण संगर सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बद्दी के स्वास्तिक का अंडर-14 जिला टीम में चयन

## ऊना में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेगा गेंदबाजी

अर्थ प्रकाश/विक्रम ठाकुर

**बद्दी, 26 दिसंबर।** बद्दी के अमरावती अपार्टमेंट में रहने वाले चंबा के डग गांव के स्वास्तिक पुत्र बेअंत सिंह की अंडर14 जिला क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। स्वास्तिक बद्दी के बीएल स्कूल में 8वीं कक्षा का छात्र है। स्वास्तिक का चयन टीम में गेंदबाज के तौर पर हुआ है। उसे वीरवार को जिला क्रिकेट एसोशिएशन की ओर से पत्र मिला है। जिसके आधार पर उसके पिता ने स्वास्तिक को ऊना मे लगने वाले केंप में छोड़ा है। कैंप के बाद यहां पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सोलन की ओर से गेंदबाजी करेगा।

स्वास्तिक ने बताया कि उसे क्रिकेट का बचपन से शौक रहा है और बद्दी के दशहरा मैदान में उसके कोच




अनिल शर्मा से वह गेंदबाजी का प्रशिक्षण भी ले रहा है।

# वीर साहिबजादों का बलिदान साहस, श्रद्धा और धर्मनिष्ठा की अमर मिसाल: संजीव कटवाल

## ठियोग के फागू में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल रहे मुख्य वक्ता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ठियोग, 26 दिसंबर।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने ठियोग विधानसभा क्षेत्र के फागू में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और गरिमा के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव कटवाल ने कहा कि वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों–साहिबजादा जोरावर सिंह (9 वर्ष) और साहिबजादा फतेह सिंह (7 वर्ष) के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1705 में मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर सरहिंद के नवाब वज़ीर खान द्वारा इन मासूम साहिबजादों को इस्लाम धर्म न अपनाने के कारण जीवित दीवार में चुनवा दिया गया, जो मानव इतिहास की सबसे क्रूर घटनाओं में से एक है।

संजीव कटवाल ने कहा कि इतनी कम आयु में साहिबजादों ने जिस साहस, अटूट विश्वास और धर्म के प्रति निष्ठा का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि बच्चों और युवाओं को सत्य, धर्म और आत्मसम्मान के लिए अडिग रहने की प्रेरणा देने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी और उनके परिवार का बलिदान यह संदेश देता है कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए यदि सर्वोच्च त्याग भी करना पड़े, तो पीछे नहीं हटना चाहिए। ऐसे महान बलिदान से ही राष्ट्र और समाज को दिशा मिलती है।

कार्यक्रम में सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह कंवर, मंडल अध्यक्ष दूनी चंद कश्यप, सत प्रकाश, प्रत्याशी अजय श्याम, संजय और राजू कश्यप सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने वीर साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# सरदार पटेल युनिवर्सिटी इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल में राजकीय महाविद्यालय बासा का शानदार प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 26 दिसंबर।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल ग्रुप-2 जो राजकीय महाविद्यालय करसोग में इस वर्ष मनाया गया यह प्रतियोगिता संगीत की अलग-अलग विधाओं पर आधारित आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय बासा ने संगीत की चार विधाओं जिसमें शास्त्रीय गायन, समूह गान, ग़ज़ल गायन एवं लोकगीत प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए समूह गान में प्रथम स्थान, गजल एवं शास्त्रीय गायन में द्वितीय स्थान हासिल कर राजकीय महाविद्यालय बासा का नाम रोशन किया इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में जतिन, अंकित, काव्य, पूजा, वोनिका, दीक्षा, चांदनी एवं अंशुल थे राजकीय महाविद्यालय बासा के संगीत विभाग के प्रोफेसर रोहित ठाकुर एवं डॉ शिवराम जी के मार्गदर्शन में सभी छात्र एवं छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया इसके लिए राजकीय महाविद्यालय बासा के प्राचार्य डॉक्टर पूर्ण चंद चौहान जी ने सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की और यह कहा कि इस उपलब्धि राजकीय महाविद्यालय बासा के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

# स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों की जिंदगी से जुड़ी हैं इसे हल्के में ना ले सरकार: जय राम ठाकुर

**पीएम कौशल विकास योजना के तहत 2.27 करोड़ युवाओं को किया प्रशिक्षित**

**डॉक्टर के खिलाफ सरकार ने जल्दबाजी में लिया निर्णय, फिर से जांच का दे रही है आश्वासन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मंडी, 26 दिसंबर।** मंडी में मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्थाओं का बंटाधार कर रही है। जो चीजें लोगों के जीवन से जुड़ी हैं, सरकार को उन्हें गंभीरता से लेना चाहिए और उनसे प्राथमिकता से निपटना चाहिए। लेकिन ऐसा प्रदेश में कहीं भी देखने को नहीं मिल रहाहै। ताजा घटनाक्रम प्रदेश के एंबुलेंस कर्मियों द्वारा दो दिन की हड़ताल करने का और प्रदेश के लगभग 3000 डॉक्टर द्वारा मास कैजुअल लीव पर जाने के मामले में सरकार ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। जबकि यह प्रदेश के लाखों लोगों के जीवन से जुड़ा मामला था। एंबुलेंस कर्मी लंबे समय से अपने भुगतान, ओवरटाइम आदि की मांग कर रहे थे। बार-बार सरकार को अल्टीमेटम दे रहे थे लेकिन सरकार द्वारा उनकी शिकायतों को अनसुना किया गया जिसका परिणाम आज सबके सामने है। आज पूरे प्रदेश भर में हजारों की संख्या में लोग एंबुलेंस का और उससे ज्यादा मरीज अस्पतालों में इलाज के लिए डॉक्टर की राह देखते रहे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एम्बुलेंस और चिकित्सा जैसी सुविधाएं आपात सुविधा होती है। यदि किसी को एंबुलेंस चाहिए और उसे नहीं मिली तो उसकी जान पर भी बन जाती है लेकिन सरकार को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता तभी कोई भी समाधान निकालने की कोशिश नहीं की गई। 102 एंबुलेंस सेवा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए है। किसी भी महिला को प्रसव के समय यदि एंबुलेंस न मिले तो उस पर और उसके परिवार पर क्या बितती है उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। यह तो उस बच्चे के साथ भी अन्याय है जिसने अभी तक दुनिया नहीं देखी। समस्याओं का समाधान सरकारों को सूझबूझ के साथ करना चाहिए, उन्हें अपने तेवर नहीं दिखाने चाहिए। यह स्थिति बहुत गंभीर है और सरकार को इस मामले में बहुत संवेदनशीलता से काम करना चाहिए।

मंडी के नामधारी गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में जयराम ठाकुर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहबज़ादों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मात्र 6 वर्ष के फतेह सिंह और 9 वर्ष के जोरावर सिंह ने मुगलिया बर्बरता के सामने झुकने से इनकार करते हुए अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अद्वितीय कुर्बानी दी। खिलौनों से खेलने की उम्र में दी गई यह शहादत मानवता, दृढ़ संकल्प और साहस का ऐसा उदाहरण है, जिसकी तुलना इतिहास में कहीं और नहीं मिलती। धर्म परिवर्तन के नाम पर मासूम बच्चों को दीवारों में चुनवाने जैसी अमानवीय क्रूरता के सामने न झुकने वाला यह बलिदान पूरे देश के लिए गर्व का विषय है और साहबज़ादों द्वारा दिखाया गया मार्ग हमारे भविष्य को दिशा देता रहेगा।

# वीर बाल दिवस पर सांसद सुरेश कश्यप ने गुरुद्वारा साहिब बस स्टैंड शिमला में टेका माथा

**शिमला, 26 दिसंबर (अप्रस)।** भाजपा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब, बस स्टैंड शिमला में शीश नवाया तथा गुरु श्री गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों का बलिदान धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए दिया गया ऐसा अमूल्य उदाहरण है, जो सदैव देशवासियों को त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि कम आयु में भी धर्म और सत्य की रक्षा के लिए दिया गया बलिदान इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में अमर हो जाता है।

सांसद सुरेश कश्यप ने गुरु परंपरा को नमन करते हुए देशवासियों से साहिबजादों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से जसविंदर सिंह, कंवलजीत सिंह, हरपाल सिंह, परविंदर सिंह, विनी सिंह एवं इंद्र पाल सिंह उपस्थित रहे। गुरुद्वारा समिति के सदस्यों ने सांसद सुरेश कश्यप का स्वागत किया तथा वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

# आज के प्रस्तावित वाहन पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**ऊना, 26 दिंसबर (अप्रस/रोहित शर्मा)।** ऊना में आज 27 दिसम्बर को आयोजित की जाने वाली पासिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऊना अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि टेस्ट की नई तिथि निर्धारित होने पर अभ्यर्थियों को जल्द सूचित किया जाएगा।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय की वैश्विक मंच पर शानदार उपलब्धि

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा




**गोहर 26 दिसंबर।** अभिलाषी विश्वविद्यालय की एसोसिएट डायरेक्टर (रिसर्च) डॉ. आरती शर्मा ने वियतनाम के कैन थो शहर में 19-20 दिसंबर 2025 को आयोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'नए समय में वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी और नवाचार का विकास' में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। यह सम्मेलन टे डो विश्वविद्यालय द्वारा नैन कैन थो विश्वविद्यालय एवं यूनिवर्सिटी ऑफ़ फान थियेट के सहयोग से आयोजित किया गया। डॉ. शर्मा ने 'सूखे के तनाव से फैगोपाइरम एस्कुलेंटम की आकृति और शरीर क्रिया विज्ञान पर पड़ने वाले असर' विषय पर प्रस्तुति दी, जिसमें सूखा तनाव से उत्पन्न चुनौतियों तथा जलवायु-सहिष्णु कृषि पर उसके प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। उनके शोध की अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय द्वारा सराहना की गई।

भारत, चीन, जापान, कंबोडिया, ताइवान, इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर सहित विभिन्न देशों से 300 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ यह सम्मेलन वैश्विक शैक्षणिक आदान-प्रदान का सशक्त केंद्र बना। विज्ञान के साथ-साथ डॉ. शर्मा ने गाला डिनर के दौरान भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को भी प्रस्तुत किया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति में हिमाचली परंपराएं और भारतीय देशभक्ति की झलक देखने को मिली। सांस्कृतिक आदान-प्रदान में उनके योगदान की टे डो विश्वविद्यालय के निदेशक द्वारा विशेष रूप से सराहना की गई।

डॉ. शर्मा ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति विशेष रूप से माननीय चांसलर डॉ.आर.के. अभिलाषी, माननीय प्रो-चांसलर डॉ. एल.के. अभिलाषी, माननीय कुलपति प्रो. एच.के. चौधरी, डीन (शैक्षणिक कार्य) डॉ. एस.के. शुक्ला, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, चेयरपर्सन डॉ. नरवदा अभिलाषी, वाइस-चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी तथा सचिव श्री नरेंद्र कुमार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से वे शोध उत्कृष्टता और सांस्कृतिक कूटनीति के माध्यम से संस्थान का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकीं।

# भाजपा हिमाचल में संगठन विस्तार की बड़ी पहल, विभिन्न प्रकोष्ठों में प्रदेश व जिला स्तर पर व्यापक नियुक्तियां

**पूर्व-कर्मचारी, गोवंश, व्यापार, शिक्षक व पंचायतीराज प्रकोष्ठों को नई ऊर्जा, भाजपा ने घोषित की नई टीम**

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला, 26 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने संगठन को और अधिक सशक्त, व्यापक और प्रभावी बनाने की दिशा में विभिन्न प्रकोष्ठों में प्रदेश एवं जिला स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्तियों की घोषणा की है। प्रदेश नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत ये नियुक्तियां की गई, जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

**पूर्व-कर्मचारी प्रकोष्ठ:** भाजपा प्रदेश पूर्व-कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक सुरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सह-संयोजकों के रूप में सुमन बन्याल, राम स्वरूप ठाकुर, सुभाष पुरोहित, सुभाष शास्त्री, राजेन्द्र शर्मा, अर्जुन सिंह, गोपाल झिल्टा, मीमांशी शर्मा शाह, जीएल वर्मा, रवि वर्मा, अमित शर्मा (आईटी) एवं राकेश कपूर (सोशल मीडिया) को दायित्व सौंपा गया है। जिला संयोजकों में मंडी से हरीश चंद ठाकुर, कुल्लू से प्रेम कुमार, ऊना से हरभजन सिंह, सोलन से जयचन्द शर्मा, कांगड़ा से ब्रह्मानन्द, पालमपुर से विजय कुमार गुलेरिया, सुंदरनगर से चमन शर्मा, लाहौल-स्पीति से रमेश माल्टा, चंबा से उत्तम चंद, शिमला से मदन शर्मा, बिलासपुर से लेख राम कोडल, हमीरपुर से सतीश गौतम, नूरपुर से गुरवचन सिंह वेदी, किन्नौर से जगत सिंह नेगी, सिरमौर से राजेन्द्र सिंह (बब्बी) तथा देहरा से धर्मवीर सिंह को नियुक्त किया गया है।

**गोवंश प्रकोष्ठ:** प्रदेश संयोजक अशोक शर्मा ने बताया कि प्रदेश सह-संयोजकों के रूप में अरविंद शर्मा, दिक्षित नारायण, मनोहर लाल शर्मा, भूपेन्द्र सिंह एवं शिमला देवी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला स्तर पर मंडी से ललित कुमार, कुल्लू से सचिन सूद (संयोजक) व विशाल शर्मा (सह-संयोजक), ऊना से विवेक (संयोजक) व ब्रिज बाला (सह-संयोजक), सोलन से राजन सिंह (संयोजक) व अशोक कुमार (सह-संयोजक), पालमपुर से दीपक नाग (संयोजक) व रजनीश (सह-संयोजक), लाहौल-स्पीति से शेर लाल, शिमला से ब्रिजमोहन शर्मा (संयोजक) व सत्य कंवर (सह-संयोजक), बिलासपुर से रूप लाल शर्मा (संयोजक) व गौरव सिंह (सह-संयोजक), हमीरपुर से राजेश कुमार (संयोजक) व हंसराज लाल (सह-संयोजक), नूरपुर से नरेंद्र शर्मा (संयोजक) व राज कुमार शर्मा (सह-संयोजक), महासू से मोती राम नेगी (संयोजक) व राजेन्द्र नेटा (सह-संयोजक), किन्नौर से अनुराग नेगी (संयोजक) व श्याम सोसायन (सह-संयोजक), सिरमौर से सुरेश शर्मा (संयोजक) व अजय गुप्ता (सह-संयोजक) तथा देहरा से जितेन्द्र कुमार (संयोजक) व पवन कुमार (सह-संयोजक) नियुक्त किए गए हैं।

**व्यापार प्रकोष्ठ:** प्रदेश संयोजक गोविंद ठाकुर ने जानकारी दी कि प्रदेश सह-संयोजक के रूप में शम्भू गुप्ता और विनीत गोयल को दायित्व सौंपा गया है। जिला संयोजकों में मंडी से आशुतोष पाल, कुल्लू से गोपाल बदवा, ऊना से मोहन लाल, सोलन से पंकज वर्मा, कांगड़ा से रोहित कुमार, पालमपुर से राजकुमार मंगलानी, सुंदरनगर से अनिल सूद, लाहौल-स्पीति से वरुण महंत, चंबा से विजेन्द्र शर्मा, शिमला से संजय कालिया, बिलासपुर से नरेन्द्र पंडित, हमीरपुर से सुनील कुमार सोनी, नूरपुर से अनीश महाजन, महासू से हेमन्त शेली, किन्नौर से विपिन नेगी तथा सिरमौर से मनीष अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।

**शिक्षक प्रकोष्ठ:** प्रदेश संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि प्रदेश सह-संयोजकों के रूप में देवेंद्र कोटला, रविन्द्र सिंह, रमेश ज्योति, सुमन शर्मा, डॉ. हेमराज राणा, अश्वनी डडवाल, वर्षा ठाकुर, प्रो. प्रदीप कुमार वैद्य, ज्ञान चंद तथा विद्या नंद शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। जिला स्तर पर शिमला से भाग चंद चौहान (संयोजक) व गंगा राम शर्मा (सह-संयोजक), महासू से पिताम्बर पिस्टा व जगदीश शुक्ला, सिरमौर से अजय शर्मा व भगवान सिंह, बिलासपुर से मनोज कुमार व ओम प्रकाश, हमीरपुर से यशवीर सिंह जम्वाल व राजेश कंवर, ऊना से सतीश कुमार व देशराज, मंडी से प्रो. रविन्द्र ठाकुर व कल्याण सिंह ठाकुर, कांगड़ा से धर्मेन्द्र कंवर व अजय आचार्य, पालमपुर से अनिल नाग व रमेश कपूर, देहरा से मनीष शर्मा व मनीष कुमार, नूरपुर से करम सिंह जसवाल व कुलदीप चंवाल, कुल्लू से गजेन्द्र ठाकुर व निरंजन शर्मा, चंबा से जीत राम व संतराम, किन्नौर से सुमीत नेगी व सतीश कुमार तथा लाहौल-स्पीति से करसैन दोरजे व प्रेम सिंह को नियुक्त किया गया है।

**पंचायतीराज प्रकोष्ठ:** प्रदेश संयोजक विनोद ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सह-संयोजकों के रूप में रमेश शर्मा, सुखदेव विजय भट्ट, मंगल राम शर्मा, सिकन्दर कुमार एवं चन्द्र मोहन शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। जिला संयोजकों में मंडी से देवेंद्र राणा, कुल्लू से विजय ठाकुर, ऊना से बलबीर सिंह, सोलन से कृष्ण चंद, कांगड़ा से दयानन्द चड्डा, पालमपुर से राजेन्द्र मेहता, सुंदरनगर से मनोज शर्मा, लाहौल-स्पीति से संजीव कुमार, चंबा से विनोद कुमार, शिमला से छब्बर सिंह पाल, बिलासपुर से सतीश कुमार, हमीरपुर से सुभाष ठाकुर, नूरपुर से कुलदीप पाठक, महासू से अमी चंद चंदेल, किन्नौर से अनूप कुमार, सिरमौर से बिजेश गायल तथा देहरा से सोमदत्त शर्मा को नियुक्त किया गया है। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों और संगठनात्मक मजबूती को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# अंतरराज्यीय आदान-प्रदान कार्यक्रम (ISYEP) के अंतर्गत विविध गतिविधियों, ज्ञानवर्धक सत्रों एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान से परिपूर्ण रहा

अर्थ प्रकाश संवाददाता।

**नई दिल्ली द्वारका।** प्रतिभागियों अंतरराज्यीय आदान-प्रदान कार्यक्रम (ढ्ढस्ङ्घश्वक्क) के अंतर्गत आज का दिन विविध गतिविधियों, ज्ञानवर्धक सत्रों एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान से परिपूर्ण रहा। प्रतिभागियों ने सुबह 5:00 बजे से दिन की शुरुआत की तथा यौगिक एवं ध्यान सत्र के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक संतुलन प्राप्त किया। नाश्ते के उपरांत 9:30 बजे प्रतिभागियों ने मनोरंजन हेतु क्रिकेट का आनंद लिया।

10:00 बजे से दस्तावेज़ीकरण एवं संबंधित विषयों के समाधान पर कार्य किया गया। 11:00 बजे शहीदी दिवस की जानकारी अभिषेक शर्मा, एवं दिनेश, भरतपुर जिले के प्रतिभागियों एवं माय भारत दक्षिण पश्चिम दिल्ली की तरफ से धीरज द्वारा दी गई। तत्पश्चात 11:15 से 12:05 बजे तक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (हरूरू), स्वयं सहायता समूह पर विस्तृत जानकारी, नवीन कोटिया, सामुदायिक अधिकारी, हरूरू द्वारा प्रदान की गई।

12:05 से 12:30 बजे तक डीजी लॉकर एवं ई-संजीवनी ऐप का परिचय एवं पंजीकरण कराया गया। रेखा ने बताया कि डीजी लॉकर हमारे दस्तावेजों की डिजिटल फाइल के रूप में कार्य करता है तथा ई-संजीवनी में 24×7 डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध है, इसलिए इन पर पंजीकरण आवश्यक है।

इसके बाद 12:30 से 1:00 बजे तक अंजलि शर्मा द्वारा हर्बल साबुन निर्माण की मास्टर गतिविधि आयोजित की गई।

दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक सत्र 7: ÷युवा एवं भारत में एकता और विविधता÷ विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। विषय था –

÷वन नेशन, वन लैंग्वेज: क्या यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है या हानि पहुँचाता है?

मुख्य वक्ता सचिदानंद त्रिपाठी, प्रोफेस, एवं श्रीमती राजकुमारी सना, प्रोफेसर, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, रहे। निर्णायक मंडल में अनिल अरोड़ा सह संपादक निदेशक चेतन एडव. एवं कोमल तेवतिया उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-

विजेता टीम: पक्ष में

1. प्रथम स्थान - सुश्री कृष्णा शर्मा (सीकर)
2. द्वितीय स्थान - सुश्री रश्मि प्रजापत (सीकर)
3. तृतीय स्थान - श्री युवराज प्रधान (अलवर)

आज के वाद विवाद कार्यक्रम के संचालक प्रोफेसर सचिदानंद त्रिपाठी और प्रोफेसर राज कुमारी सना साथ ही निर्णायक मंडल के सदस्य कोमल



तेवत्तिया और अनिल अरोड़ा का सम्मान और धन्यवाद सुरेन्द्र बोकन एवं श्रीमती करिश्मा द्वारा किया गया। इस प्रकार आज का दिन ज्ञान, सहभागिता एवं अनुभवों से परिपूर्ण रहा, जो प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर गायत्री पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



अर्थ प्रकाश / हनुमान शरण पांडे / अयोध्या।गायत्री पब्लिक स्कूल, रेवतीगंज में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुष्पांजलि कार्यक्रम के उपरांत आयोजित गोष्ठी में विद्यालय के प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने अटल बिहारी बाजपेयी के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे कवि, पत्रकार, ओजस्वी वक्ता और कुशल संपादक थे। सबको साथ लेकर चलने की अद्वितीय क्षमता के धनी अटल जी राजनीति के भीष्म पितामह माने जाते हैं। वे भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त भारत की परिकल्पना करते थे। प्रधानाचार्या शिखा दुबे ने कहा कि परमाणु संपन्न देशों की परवाह न करते हुए दो परमाणु परीक्षण कराना तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी में भाषण देना अटल जी के साहस, दृढ़ व्यक्तित्व और देशप्रेम का परिचायक है। उन्होंने यह भी कहा कि अस्थिरता के दौर से गुजर रही भारतीय राजनीति को स्थायित्व प्रदान करने का श्रेय भी अटल बिहारी बाजपेयी को जाता है। उनकी रचनाओं में भारतीय संस्कृति, दार्शनिक परंपरा और व्यावहारिक राजनीति का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। गोष्ठी में एस. एन. तिवारी एवं सरस्वती तिवारी ने भी अटल जी के जीवन और विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रभा शंकर शुक्ल, जमुना यादव, शिव सागर, शिव पूजन पाठक, विश्वजीत मौर्य, अभिषेक मिश्रा, विपिन सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# वीर बाल दिवस पर भाजपा चंडीगढ़ द्वारा सुखमणि साहिब पाठ, कीर्तन दरबार एवं लंगर सेवा का भव्य आयोजन



अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़- भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर मनी माजरा गोविंदपुरा, वार्ड नंबर 6 स्थित कम्युनिटी सेंटर के साथ वाले मैदान में सुखमणि साहिब का पाठ एवं कीर्तन दरबार का श्रद्धापूर्ण और भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक पूर्व पार्षद जगतार सिंह जग्गा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबला रहे, जबकि सह संयोजक धर्मेंद्र सैनी, परवीन नारंग, बलजिंदर गुजराल, दीदार सिंह, जुझार सिंह एवं अवतार सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वय, सेवा एवं व्यवस्थाओं के स्तर पर अहम भूमिका निभाई।

यह आयोजन सिख इतिहास के अमर अध्याय, दसवें पातशाह गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के अतुलनीय बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धा, समर्पण और राष्ट्रभाव के साथ संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक वर्ष वीर बाल दिवस के अवसर पर ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को साहिबजादों के त्याग, शौर्य और धर्म रक्षा के संदेश से जोड़ती है। साहिबजादों का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए साहस, आत्मबल और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का जीवंत उदाहरण है।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा तथा चंडीगढ़ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने कीर्तन दरबार में माथा टेककर देश, प्रदेश और समाज की सुख-शांति, समृद्धि और एकता की कामना की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सभी जिलों के अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों से आए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने अपने संदेश में कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि धर्म, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों ने अत्याचार के सामने झुकने के बजाय सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी हमें सत्य, साहस और राष्ट्रहित के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इन्हीं आदर्शों के साथ समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में निरंतर जुटी हुई है।

कार्यक्रम के दौरान शब्द-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर सेवा, समानता और भाईचारे की महान परंपरा के प्रतीक स्वरूप लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों ने प्रसाद रूप में लंगर ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की मजबूती और सामाजिक सद्भाव के संकल्प के साथ हुआ।



## न्यूज ब्रीफ

# वीर बाल दिवस के अवसर पर पौधे बचाने और पेड़ बनाने का संकल्प



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़-आज वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों और उनके समस्त बलिदानी परिवार को कोटि कोटि नमन करते हुए जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन की ओर से फाउंडेशन के संस्थापक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने पौधे बचाने और पेड़ बनाने का संकल्प लिया।उन्होंने बताया उनका फाउंडेशन ट्री एम्बुलेंस के सहयोग से फाउंडेशन द्वारा ट्राइसिटी में रोपित सभी 25 वाटिकाओं में लगाए गए सभी द्धपौधों को पेड़ बनाने की ओर अग्रसर है। शाही ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार से हमे प्रकृति के प्रति सम्मान,सेवाभाव और संतुलन का संदेश मिलता है,यहाँ प्रकृति को ईश्वर का रूप माना गया है ( पवन गुरु,पानी पिता,माता धरत महत ),लालच और शोषण से दूर रहकर सेवा,नि:स्वार्थ कर्म और संतोष के साथ सभी प्राणियों से प्रेम और आदर करने की शिक्षा मिलती है जो पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए परम आवश्यक है। गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार का धर्म और न्याय के लिए सर्वोच्च बलिदान हमे सिखाता है,कि मानवता और प्रकृति का एक दूसरे से घनिष्ठ संबंध है।उनके जीवन और शिक्षाओं से यह सीख मिलती है कि प्रकृति का सम्मान,निस्वार्थ सेवा और लालच का त्याग ही एक स्थायी और स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण का मार्ग है।

# सेक्टर 32सी/डी के ग्रीनबेल्ट में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश/ वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़, चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा सेक्टर 32सी/डी के ग्रीनबेल्ट क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय के निर्माण कार्य का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की पार्षद श्रीमती अंजू कात्याल ने नारियल तोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस मौके पर नगर निगम के इंजीनियरिंग विभाग, हॉर्टिकल्चर डिवीजन नंबर-2, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

इस मौके पर पार्षद अंजू कात्याल ने कहा कि ग्रीनबेल्ट और आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक शौचालय की लंबे समय से मांग की जा रही थी। इस मांग को पूरा करने के लिए नगर निगम द्वारा यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना नगर निगम की प्राथमिकता है और यह परियोजना स्वच्छ भारत मिशन की दिशा में एक और सकारात्मक प्रयास है। इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा किया जाएगा। शौचालय में साफ-सफाई, पानी की उचित व्यवस्था, दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाएं तथा पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। हॉर्टिकल्चर डिवीजन द्वारा ग्रीनबेल्ट की हरियाली को बनाए रखते हुए निर्माण कार्य किया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पार्षद अंजू कात्याल और नगर निगम का आभार व्यक्त किया।

# गाजीपुर रोड स्थित मोना ग्रीन्स में नारी शक्ति द्वारा साहिबजादों की शहादत को समर्पित लंगर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/ जीरकपुर (संदीप सिंह बावा) जीरकपुर : गाजीपुर रोड स्थित मोना ग्रीन्स-2 सोसायटी में आज नारी शक्ति की ओर से श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला प्रमुख मोनिका शर्मा ने कहा कि आज का दिन कोई सामान्य दिन नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए आत्ममंथन और प्रेरणा का दिन है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में, जब बच्चे खिलौनों से खेलते हैं, उस उम्र में साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। अत्याचार के आगे झुकने से इनकार कर उन्होंने अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो आज भी समाज को दिशा देता है। विशेष रूप से बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अल्प आयु में दिखाई गई वीरता पहाड़ों से भी ऊँची थी।

# आयुष्मान के भुगतान और शिकायतों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश ने मारी बाजी, मिला अवार्ड

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा आयोजित नेशनल ग्रीवांस वर्कशॉप में साचीज को मिला सम्मान
- जुलाई-25 से अब तक पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना 2200 करोड़ का किया गया भुगतान
- मजबूत सॉफ्टवेयर सिस्टम से बढ़ी पारदर्शिता, गंभीर बीमारियों के इलाज पर खर्च में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 26 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। डबल इंजन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (क्क-द्भछ्वड्ड) के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश ने एक बार फिर देशभर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। प्रदेश ने योजना के दावों के त्वरित भुगतान, गंभीर बीमारियों के इलाज पर बढ़ते खर्च और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस उपलब्धि के लिए नेशनल ग्रीवांस वर्कशॉप में स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज़ को सम्मानित किया

**अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग लाभ उठा रहे**

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसके तहत पात्र लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना को केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक कवच के रूप में लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष जुलाई 2025 से अब तक प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों को लगभग 2200 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह भुगतान करीब 1300 करोड़ रुपये था। एक वर्ष के भीतर दावों के भुगतान में लगभग दो गुनी वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि न केवल योजना के बेहतर क्रियान्वयन को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग योजना का लाभ उठा रहे हैं।

**दावों का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय सीमा के भीतर**

सीईओ ने बताया कि योगी सरकार ने अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए अनुपूरक बजट में 1500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था भी की है। योगी सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्वीकृत दावों का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि निजी और सरकारी अस्पतालों को किसी प्रकार की वित्तीय परेशानी न हो और मरीजों को निर्बाध इलाज मिलता रहे। ऐसे में भुगतान प्रक्रिया को और अधिक तेज एवं पारदर्शी बनाने के लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज़ द्वारा सॉफ्टवेयर सिस्टम को मजबूत किया गया है। साथ ही एजेंसी में कार्यरत कोर टीम की संख्या भी बढ़ाई गई है, जिससे दावों की जांच और स्वीकृति में लगने वाला समय कम हुआ है। इसका सीधा लाभ मरीजों और अस्पतालों दोनों को मिल रहा है। गंभीर और उच्च-स्तरीय बीमारियों के इलाज में भी प्रदेश ने बड़ी प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी जैसी विशेषज्ञ सेवाओं के लिए कुल 894.1 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक इन सेवाओं के लिए 1370.2 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि अब गरीब और मध्यम वर्ग के लोग भी बड़े और महंगे इलाज तक आसानी से पहुंच बना पा रहे हैं।

**गंभीर बीमारियां भी लोगों की पहुंच में**

साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि कैंसर (ऑन्कोलॉजी) सेवाओं में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक ऑन्कोलॉजी सेवाओं के लिए 449.62 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह राशि 285.43 करोड़ रुपये थी। यह मुख्यमंत्री योगी की उस सोच का परिणाम है, जिसमें गंभीर बीमारियों के इलाज को गरीबों की पहुंच में लाने पर विशेष जोर दिया गया है।

**शिकायतों का निस्तारण भी जल्द से जल्द**

शिकायत निस्तारण के मामले में भी प्रदेश ने अन्य राज्यों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। जनवरी 2025 से अब तक आयुष्मान योजना के तहत कुल 41,582 शिकायतें और अनुरोध ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त हुए। इनमें से 41,458 शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा 18 दिसंबर-25 को आयोजित नेशनल ग्रीवांस वर्कशॉप में स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज़, उत्तर प्रदेश को सम्मानित किया गया। वर्कशॉप में देश के 37 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हुए थे, जिनमें उत्तर प्रदेश के साथ तमिलनाडु, सिक्किम और चंडीगढ़ को भी सम्मान मिला।

# MC चंडीगढ़ ने अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज़ किया; 2,781 चालान जारी किए गए

- स्ट्रीट वेंडर्स को वेंडिंग साइट्स खाली करने के लिए 1 जनवरी तक का समय दिया गया

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की प्रवर्तन शाखा ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ अपने अभियान को तेज़ कर दिया है ताकि पैदल चलने वालों की आवाजाही सुचारू हो, सड़कें बाधा रहित रहें और नागरिक नियमों का सख्ती से पालन हो।

01.12.2025 से 25.12.2025 की अवधि के दौरान, प्रवर्तन फील्ड स्टाफ ने नियमित और विशेष अभियान चलाए, जिसके दौरान लागू नगर निगम कानूनों और विनियमों का उल्लंघन करते हुए सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के कुल 2,781 चालान जारी किए गए।

नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर ने



स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि शहर में काम करने वाले सभी अवैध विक्रेताओं को हटाया जाएगा और नागरिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। सभी पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स को निर्देश दिया गया है कि वे अनुमत वेंडिंग घंटों के तुरंत बाद अपनी निर्धारित वेंडिंग साइट्स से अपने सामान, उपकरण और तिरपाल हटा लें।



हालांकि, पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर, नगर निगम ने पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स को रात 10:00 बजे के बाद अपनी पंजीकृत वेंडिंग साइट्स से अपने सामान, तिरपाल हटाने के लिए सात दिन का समय (01.01.2026 तक) दिया है। यह स्पष्ट कर दिया गया है कि 01.01.2026 के बाद, रात 10:00 बजे के बाद वेंडिंग साइट्स पर पाए जाने वाले किसी भी सामान, उपकरण या तिरपाल को प्रवर्तन शाखा बिना किसी और नोटिस के हटा देगी।

इसके अलावा, सभी पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स जो अपने आवंटित स्थलों से वेंडिंग नहीं कर रहे हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से अपने निर्धारित वेंडिंग स्थानों से ही काम करने का निर्देश दिया गया है।

नियमित प्रवर्तन गतिविधियों के अलावा, अस्थायी अतिक्रमण को प्रभावी ढंग से हटाने और पूरे शहर में सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

नगर निगम चंडीगढ़ विक्रेताओं और आम जनता से इस पहल में पूरा सहयोग देने की अपील करता है जिसका उद्देश्य नागरिक सुविधाओं में सुधार करना और स्थापित नगर निगम विनियमों का पालन सुनिश्चित करना है।

# वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के तत्वावधान में मॉरीशस से पधारे वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के माननीय अध्यक्ष देवोत्रम संतोखी एंव वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह का अशोक होटल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मॉरीशस चैप्टर के अध्यक्ष और एंव वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंह का स्वागत सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्री राम के नारों के साथ किया।वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनय प्रताप सिंह ने अंग वस्त्र तथा रुद्राक्ष माला पहनाकर उनका स्वागत किया, जिसके बाद वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य बाबू ने फूलों के गुलदस्ते देकर उनका अभिनंदन किया।संतोखी ने अपने संबोधन में हमें प्रेरित करते हुए नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता, भारतीयता के साथ हिंदू सभ्यता, संस्कृति और संस्कार के बारे में जोर दिया और इसे आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और मूल्यों को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए और विश्व में हिंदू संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने मॉरीशस और भारत के संबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध बहुत पुराने हैं और हमें इन्हें और मजबूत बनाने की आवश्यकता है।वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन भारतीय संस्कृति और धार्मिक भावनाओं का एक महत्वपूर्ण संगठन है। इसका मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा और प्रचार करना है। फेडरेशन विभिन्न देशों में हिंदू समुदायों को एकजुट करने और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पण भाव से काम करता है।फेडरेशन के माध्यम से हिंदू समुदाय अपनी संस्कृति और धर्म को विश्वभर में फैला रहा है। यह संगठन हिंदू धर्म के मूल्यों और सिद्धांतों को बढ़ावा देता है और लोगों को अपनी संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है।वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन की गतिविधियों से हिंदू समुदाय को अपनी संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूक किया जा रहा है।हालांकि सनातन धर्म एक प्राचीन और व्यापक धर्म है, जो हिंदू धर्म के रूप में भी जाना जाता है। यह धर्म वेदों और उपनिषदों पर आधारित है, और इसके मुख्य सिद्धांत हैं - सत्य, अहिंसा, और आत्म-ज्ञान। सनातन धर्म में भगवान की विभिन्न रूपों में पूजा की जाती है, जैसे कि ब्रह्मा, विष्णु, और शिव। यह धर्म जीवन के चार पुरुषार्थों - धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष - को महत्व देता है। सनातन धर्म का उद्देश्य आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष प्राप्त करना है। यह धर्म विश्वभर में फैला हुआ है और इसके अनुयायी विभिन्न



संस्कृतियों और परंपराओं का पालन करते हैं।


बैठक में फेडरेशन के युवा इकाई के राष्ट्रीय संयोजक सौरभ कुमार, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं मरघट हनुमान मंदिर के महंत आदरणीय वरुण शर्मा , सलाहकार संध्याकृष्ण बजाज, प्रो. चंद्रकांता माथुर, कोसाध्यक्ष सुभाष चंद गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार, राजेश अग्रवाल चार्टर्ड एकाउंटेंट, चाणक्य पोतदार के साथ-साथ अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया।

## टाइटन 'बीऑन' ब्रांड नाम से लैब में बने हीरे के कारोबार में उतरेगी



**नई दिल्ली** टाटा समूह की अग्रणी आभूषण निर्माता कंपनी टाइटन ने शुक्रवार को 'बीऑन - फ्रॉम द हाउस ऑफ टाइटन' ब्रांड लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी 29 दिसंबर को मुंबई में पहला स्टोर खोलेगी। 'बीऑन' ब्रांड घड़ियां, इत्र, साड़ियां और हैंडबैग जैसी जीवनशैली श्रेणियों के अलावा महिलाओं की आभूषण संबंधी जरूरतों पर केंद्रित होगा। टाइटन निकट भविष्य में मुंबई और दिल्ली में दो और स्टोर खोलने की योजना बना रही है। भारत में पिछले 2-3 वर्षों में प्रयोगशाला में बने हीरों का बाजार तेजी से बढ़ा है, और टाइटन इस उभरती श्रेणी में भागीदारी बढ़ाना चाहती है।

## इस साल औद्योगिक-लॉजिस्टिक क्षेत्रों की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची



**नई दिल्ली** इस साल भारत में औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षेत्रों की मांग अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। रियल एस्टेट कंपनी सेविल्स इंडिया के अनुसार, 24 बड़े शहरों में कुल 7.65 करोड़ वर्ग फुट जगह पट्टे पर ली गई, जो पिछले साल 6.45 करोड़ वर्ग फुट थी। पट्टे पर ली गई जगह का 29 फीसदी हिस्सा निर्माण क्षेत्र, 28 फीसदी हिस्सा तृतीय पक्ष लॉजिस्टिक कंपनियों और 12 फीसदी हिस्सा ई-कॉमर्स कंपनियों ने लिया। अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और पुणे में कुल पट्टेदारी में 20 फीसदी वृद्धि हुई। दिल्ली-एनसीआर सबसे अच्छा क्षेत्र रहा, जहां इस साल 1.3 करोड़ वर्ग फुट जगह पट्टे पर ली गई।

## दिल्ली में जीआरएपी-3 लागू, पेट्रोल पंपों में कन्फ्यूजन

**नई दिल्ली** दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार होने के कारण जीआरएपी-4 हटाकर जीआरएपी-3 लागू कर दिया गया। इससे इंडस्ट्री, बिजनेस और ट्रांसपोर्ट को राहत मिली और कंस्ट्रक्शन गतिविधियों पर लगी पाबंदियां भी हटा दी गईं। हालांकि दिल्ली सरकार ने कहा कि नो पीयूसी, नो फ्यूल अभियान जारी रहेगा, लेकिन कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया। इससे पेट्रोल पंप ऑपरेटरों में भ्रम पैदा हो गया है कि अब फ्यूल कैसे दिया जाएगा। अभियान के दौरान लगभग 2.5 लाख पीयूसी सर्टिफिकेट जारी किए गए और 10,000 से अधिक गाड़ियां इंस्पेक्शन में फेल हुईं। यह अभियान वायु गुणवत्ता सुधार में असरदार साबित हुआ है। डीलर्स का कहना है कि स्पष्ट आदेश जारी होना जरूरी है, ताकि कानून-व्यवस्था में कोई समस्या न आए और अभियान प्रभावी तरीके से जारी रह सके।

## अडाणी ग्रुप ने 86,000 करोड़ की 33 डील्स पूरी की



### पोर्ट्स और सीमेंट में सबसे ज्यादा निवेश

**मुंबई** जनवरी 2023 से अब तक अडाणी ग्रुप ने 33 कंपनियों और प्रोजेक्ट्स में कुल 86,000 करोड़ रुपए का निवेश किया। सबसे अधिक निवेश पोर्ट्स (28,145 करोड़) और सीमेंट (24,710 करोड़) सेक्टर में हुआ। पावर सेक्टर में 12,251 करोड़, ट्रांसमिशन/डिस्ट्रीब्यूशन में 2,544 करोड़ और नए बिजनेस में 3,927 करोड़ रुपए खर्च हुए। अडाणी पोर्ट्स ने अप्रैल 2023 में ऑस्ट्रेलिया का एनक्यूएक्सटी टर्मिनल 21,700 करोड़ रुपए में खरीदा। इसके अलावा कराईकल, गोपालपुर, एस्ट्रो ऑफशोर और तंजानिया का दार एस सलाम पोर्ट भी अधिग्रहित किए गए। अंबुजा, एसीसी, पेन्ना और आईटीडी सीमेंटेशन जैसी कंपनियों में हिस्सेदारी खरीदी गई। पावर सेक्टर में लैंको, विदर्भ इंडस्ट्रीज और कोस्टल एनरजन शामिल हैं। जनवरी 2023 में अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद ग्रुप के शेयरों की मार्केट वैल्यू 1 लाख करोड़ कम हुई। सेबी ने सितंबर 2023 में आरोप खारिज किए।

# न्यूजीलैंड में सुजुकी फ्रॉन्क्स की बिक्री पर लगाई रोक

**नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड में सुजुकी फ्रॉन्क्स की सेल्स पर मारुति सुजुकी ने रोक लगा दी है। मारुति सुजुकी ने यह फैसला फ्रॉन्क्स क्रैश टेस्ट में मिली 1 स्टार रेटिंग के बाद लिया है। कंपनी की सुजुकी फ्रॉन्क्स को ऑस्ट्रेलेशियन न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (एएनसीएपी) क्रैश टेस्ट में सिर्फ 1 स्टार रेटिंग मिली है।

टेस्ट में रियर पैसेंजर सीटबेल्ट फेल हो गया, जिससे डमी अनकंट्रोल्ड होकर आगे की सीट से टकरा गई। एएनसीएपी ने इसे रेयर लेकिन सीरियस सेफ्टी इश्यू बताया। न्यूजीलैंड में बिकी 1,115 फ्रॉन्क्स के ओनर्स को एडवाइजरी जारी की गई कि रियर सीट्स में पैसेंजर्स न बिठाएं। एएनसीएपी ने फुल-विड्थ फ्रंटल टेस्ट में रियर सीटबेल्ट फेलियर नोट किया। इससे रियर डमी पूरी तरह अनरिस्ट्रेंड हो गई। एएनसीएपी सीईओ कार्ला हूरवेग ने कहा, सीटबेल्ट फेलियर रेयर और सीरियस है। रियर सीट्स में एडल्ट और चाइल्ड पैसेंजर्स न बैठें जब तक फेलियर की वजह पता चलकर फिक्स न हो जाए। कार को एडल्ट और चाइल्ड ओक्यूपेंट प्रोटेक्शन में लो स्कोर दिया गया है।



सुजुकी ने कहा कि सेफ्टी सबसे ऊपर है, हाई लेवल पर जांच चल रही है। फ्रॉन्क्स न्यूजीलैंड में जून 2025 और ऑस्ट्रेलिया में अगस्त 2025 से बिक रही थी।

## 2025 में आईपीओ से कंपनियों ने 2 लाख करोड़ जुटाए

### पिछले दो साल में 701 आईपीओ से 3.8 लाख करोड़ आए




**मुंबई** 2025 में कंपनियों ने 365 से ज्यादा इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के जरिए रिकॉर्ड 1.95 लाख करोड़ रुपए जुटाए। इसमें मेनबोर्ड के 106 आईपीओ के जरिए 1.83 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए, ये कुल राशि का 94 प्रतिशत है। ये जानकारी मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की स्ट्रैटजी रिपोर्ट में सामने आई है। आईपीओ के प्रदर्शन के मामले में पिछला साल यानी 2024 भी काफी मजबूत रहा। 2024 में 336 आईपीओ से 1.90 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। पिछले दो साल में कुल 701 आईपीओ से 3.8 लाख करोड़ रुपए आए। ये 2019 से 2023 के पूरे पांच सालों में जुटाए गए 3.2 लाख करोड़ रुपए से काफी ज्यादा है।

## एफएसएसएआई ने हर्बल और फ्लावर ड्रिंक्स को चाय कहने पर लगाया प्रतिबंध

### जड़ी-बूटियों पर आधारित ड्रिंक्स को 'चाय' के नाम से बेचना कानूनी रूप से गलत



**मुंबई** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाने-पीने के कारोबारियों को चेतावनी दी है कि जड़ी-बूटियों और पौधों पर आधारित ड्रिंक्स को चाय के नाम से बेचना अब कानूनी रूप से गलत होगा। एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया कि केवल कैमेलिया साइनेंसिस नामक चाय के पौधे से बनी ड्रिंक ही चाय कहलाने के योग्य है। एफएसएसएआई के अनुसार कई कंपनियां अपने उत्पादों को 'हर्बल टी', 'फ्लावर टी', 'रुइबोस टी' जैसे नामों से बेच रही हैं, जबकि ये असली चाय से नहीं बने हैं। ऐसे मामलों में उपभोक्ता को गुमराह किया जा रहा है। नियामक ने कहा कि इस तरह की ब्रांडिंग अब कानूनी तौर पर मान्य नहीं होगी और इसके लिए कार्रवाई की जा सकती है। एफएसएसएआई ने मैन्युफैक्चरर्स, पैकर्स, मार्केटर्स, सेलर्स, आयातकों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे इस नियम का पालन करें। इसके अलावा राज्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों बाजारों में नियमों की निगरानी करेंगे और उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। रेगुलेटर का कहना है कि यह कदम उपभोक्ताओं को सही जानकारी देने और खाद्य उत्पादों की गलत ब्रांडिंग को रोकने के लिए उठाया गया है। इससे उपभोक्ता यह जान सकेंगे कि जो ड्रिंक वे खरीद रहे हैं, वह असली चाय है या जड़ी-बूटियों और पौधों से बना हर्बल ड्रिंक।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 367.25 अंक, निफ्टी 99.80 अंक नीचे आया

**मुम्बई**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच ही सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट कम कारोबार होने से आई है।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 367.25 अंक करीब 0.43 फीसदी टूटकर 85,041.45 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 99.80 अंक फिसलकर 26,042.30 पर बंद हुआ था। आज करोबार के दौरान आईटी शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर दबाव आया। निफ्टी आईटी इंडेक्स एक फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा, ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा शेयर गिरावट पर बंद हुए। दूसरी ओर एफएमसीजी, मेटल और कमोडिटीज के शेयरों में तेजी रही।

लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर नीचे आये। निफ्टी मिडकैप 136.90 अंक नीचे आकर 60,314.45 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 13.50 अंक टूटकर 17,695.10 पर थे।सेंसेक्स पैक में टाइटन, एनटीपीसी, एचयूएल, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ में रहे जबकि बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, बीईएल, एमएंडएम और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे। व्यापक बाजार में भी आज गिरावट रही।



घरेलू इक्विटी बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। इसका कारण साल के अंत में छुट्टियों के कारण होने वाले कम कारोबार के साथ ही मुनाफा फावसूली हावी रहना भी था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से भी बाजार पर दबाव आया।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोर रही। के साथ हुई। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव डाला, जिससे शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 183.42 अंक गिरकर 85,225.28 के स्तर पर पहुंच गया। वहींनिफ्टी 46.45 अंक फिसलकर 26,095.65 पर कारोबार करता दिखा। इससे पहले बुधवार को बाजार बंद होने से पहले सेंसेक्स 116.14 अंक की गिरावट के साथ 85,408.70 पर और निफ्टी 35.05 अंक टूटकर 26,142.10 पर बंद हुआ था। वहीं एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 225 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी बढ़त में रहे, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट कमजोर रहा। अमेरिकी और भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को क्रिसमस की छुट्टी के कारण बंद थे। इस बीच, ब्रेंट क्रूड ऑयल 0.11 फीसदी बढ़कर 62.31 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# टाटा सिएरा को 11.49 लाख रुपये की एक्स-शोरूम पर किया लॉन्च

**नई दिल्ली**

पिछले कुछ दिनों से कई लोग टाटा सिएरा की ही बातें कर रहे हैं। कंपनी ने इस कार को 11.49 लाख रुपये की एक्स-शोरूम पर लॉन्च करके मार्केट में हलचल मचा दी है। हालांकि, जाहिर है कि यह कार इतने रुपये में तो नहीं बिकेगी।

एक्स-शोरूम कीमत में कई अन्य खर्चे जोड़े जाते हैं तब जाकर कार की ऑन-रोड प्राइस आती है जिसका ग्राहक को पेमेंट करना होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि सिएरा की ऑन-रोड कीमत कितनी है? जो लोग इस कार को खरीदने का प्लान कर रहे हैं उनके लिए यह जानना जरूरी हो जाता है। बता दें कि टाटा सिएरा को पेट्रोल और डीजल इंजन के साथ कई अलग-अलग वेरिएंट्स में लाया गया है, जिनकी एक्स-शोरूम कीमत 11.49 लाख रुपये से शुरू होकर टॉप मॉडल के लिए 21.29 लाख रुपये तक जाती है। टाटा सिएरा का बेस वेरिएंट स्मार्ट प्लस के नाम से आता है। यह वेरिएंट पेट्रोल इंजन के साथ आता है और इसकी एक्स-शोरूम कीमत 11,49,000 रुपये है। नई दिल्ली में इसे खरीदने पर इसमें 1,14,900 रुपये आरटीओ यानी रोड टैक्स के लिए जोड़े जाएंगे। इसके बाद इसमें 55,041 रुपये इंश्योरेंस के लिए और 11,490 रुपये अन्य खर्चों के लिए जोड़े जाएंगे। इन सभी खर्चों को जोड़ने के बाद कुल कीमत होती है 13,30,431 रुपये और यही नई दिल्ली में सिएरा के बेस वेरिएंट की ऑन-रोड कीमत है। आपको इतने रुपयों का ही पेमेंट करना होगा।


जब से सिएरा लॉन्च हुई है तब से इसने मार्केट में धमाल मचा रखा है।



इसके फीचर्स ने सभी का ध्यान खींचा। यह कार कई सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स के साथ आती है। साथ ही इसमें कई प्रीमियम फीचर्स जैसे कि पैनोरमिक सनरूफ, एलईडी लाइट्स, डुअल जोन क्लाइमेट कंट्रोल, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, अंडर थाई सपोर्ट और वायरलेस चार्जर आदि दिए गए हैं।

## जनवरी 2026 में 16 दिन बैंक बंद रहेंगे

### साप्ताहिक अवकाश और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय त्योहार भी शामिल




**मुंबई** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जनवरी 2026 के लिए बैंक छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। इस महीने में कुल 16 दिन बैंक बंद रहेंगे, जिनमें साप्ताहिक अवकाश और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय त्योहार शामिल हैं। साप्ताहिक अवकाश के अंतर्गत प्रत्येक रविवार यानी 4, 11, 18 और 25 जनवरी को बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा महीने का दूसरा और चौथा शनिवार, 10 और 24 जनवरी को भी बैंक बंद रहेंगे। मुख्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय छुट्टियों में 1 जनवरी को नया साल, 2 जनवरी को नए साल का जश्न और 3 जनवरी को हजरत अली का जन्मदिन शामिल हैं। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कोलकाता में बैंक बंद रहेंगे। 14 और 15 जनवरी को मकर संक्रांति और पोंगल के त्योहार के चलते अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और अन्य शहरों में बैंक नहीं खुलेंगे। 16 और 17 जनवरी को चेन्नई में तिरुवल्लुवर दिवस और उझावर थिरुनाल पर छुट्टी रहेगी। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती और बसंत पंचमी पर कुछ राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। 26 जनवरी को पूरे देश में गणतंत्र दिवस के कारण बैंक बंद रहेंगे। हालांकि छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहेंगी।

# इस साल बाजार निवेशकों की पूंजी 30 लाख करोड़ बढ़कर 475 लाख करोड़ के पार

### एफआईआई ने इस साल अब तक 1.57 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचे

**नई दिल्ली**

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने इस साल अब तक 1.57 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं, जो पिछले साल की 1.21 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। जनवरी में सबसे ज्यादा लगभग 78,000 करोड़ रुपये की बिकवाली हुई।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक एफआईआई ने 40,227 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। दिसंबर में भी बिकवाली जारी रही और इस महीने अब तक 13,177 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए हैं। भारी बिकवाली के बावजूद बीएसई सेंसेक्स ने 78,507 से बढ़कर 85,408 तक की छलांग लगाई यानी करीब 9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

एनएसई निफ्टी-50 सूचकांक भी 2025 में लगभग 9 प्रतिशत बढ़ा। सूचीबद्ध कंपनियों की कुल पूंजी इस साल 444 लाख करोड़ से बढ़कर 475 लाख करोड़ रुपये हो गई। सोने के दाम इस साल बढ़कर 1.40 लाख रुपये प्रे ति 10 ग्राम हो गए, जबकि चांदी के दाम 1.77 लाख से बढ़कर 2.27 लाख रुपये प्रति किलो हो गए।

इसने निवेशकों को अच्छा मुनाफा दिया। इस साल 103 कंपनियों ने आईपीओ के जरिए 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक जुटाए। हालांकि, स्मॉल और मिडकैप शेयरों में



निवेशकों को उतना लाभ नहीं मिला। इसके बावजूद बाजार पूंजी में कुल 30 लाख करोड़ रुपये की तेजी दर्ज हुई। बाजार` के विश्लेषकों के अनुसार अगले वित्त वर्ष में निफ्टी की आय में लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

## सोना 722 रुपए बढ़कर 1,38,819, चांदी भी 8,009 रुपए महंगी



### अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने-चांदी के वायदा भाव रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**मुंबई**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार को जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। इस सप्ताह लगातार चौथे कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमतें सार्वजे निक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। मजबूत वैश्विक संकेतों और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के कारण कीमती धातुओं में यह उछाल दर्ज किया गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के वायदा भाव में मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत हुई।सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 477 रुपये की तेजी के साथ 1,38,574 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 1,38,097 रुपये था। इस समय सोना 722 रुपये की तेजी के साथ 1,38,819 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,38,991 रुपये का अब तक का सर्वोच्च स्तर भी छू लिया। वहीं चांदी के वायदा भावों में भी रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 584 रुपये की बढ़त के साथ 2,24,374 रुपये प्रति किलो पर खुला। पिछले सत्र में चांदी 2,23,790 रुपये पर बंद हुई थी। कारोबार के दौरान चांदी 8,009 रुपये की उछाल के साथ 2,31,799 रुपये तक पहुंच गई। दिन के दौरान इसने 2,32,741 रुपये प्रति किलो का ऑल टाइम हाई दर्ज किया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने-चांदी के वायदा भाव रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना 4,523.50 डॉलर प्रति औंस पर खुला और कारोबार के दौरान 4,561.60 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। वहीं, चांदी 72.72 डॉलर प्रति औंस पर खुली और 75.49 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर को छू लिया।

## योद्धा ने नया इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर योद्धा ट्रिवो किया लॉन्च

**नई दिल्ली**



भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक कॉमर्शियल मोबिलिटी कंपनी योद्धा ने अपना नया इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर योद्धा ट्रिवो लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे खास तौर पर शहरों में सामान पहुंचाने और माल ढुलाई की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया है।

यह एक हेवी ड्यू एल5 इलेक्ट्रिक कार्गो 3-व्हीलर है, जिसे लेकर कंपनी का कहना है कि यह मजबूत बिल्ट और स्मार्ट टेक्नॉलजी के साथ ही जीरो-एमिशन परफॉर्मेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन पेश करता है।

योद्धा ट्रिवो की एक्स शोरूम प्राइस 4.35 लाख रुपये से शुरू होकर 4.75 लाख रुपये तक जाती है। ट्रिवो योद्धा का भारतीय बाजार में दूसरा प्रोडक्ट है। इससे पहले योद्धा ईपीओडी के रूप में इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा लॉन्च किया गया है, जो कि बेहतर माइलेज और भरोसेमंद परफॉर्मेंस की बदौलत अपने सेगमेंट में अच्छा कर रहा है। अब योद्धा ने ट्रिवों के रूप में इलेक्ट्रिक कार्गो सेगमेंट में एंट्री मारी है, ताकि भारत में बढ़ती लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स की मांग को पूरा किया जा सके।

योद्धा ट्रिवो को अर्बन और सेमी-अर्बन सिटीज में भारी सामान ढोने के लिए पेश किया गया है। इसमें 10 किलोवॉट का पावरफुल इलेक्ट्रिक मोटर लगा है, जो कि 48 किलोमीटर प्रति घंटे की टॉप स्पीड देने में सक्षम है। इसमें 11.8 केडब्ल्यूएच की फिक्स्ड बैटरी या 7.6 केडब्ल्यूएच की स्वैपेबल बैटरी का विकल्प मिलता है, जो कि एक बार फुल चार्ज होने पर 130 से 150 किलोमीटर तक चल सकता है।

यह रेंज इसे दिन भर के कामों के लिए पर्याप्त बनाती है। योद्धा ट्रिवो की बैटरी को फुल चार्ज होने में 4-5 घंटे लगते हैं। इसकी पेलोड क्षमता 1200 किलोग्राम की है। योद्धा ट्रिवो के फीचर्स की बात करें तो मजबूत मेटल बॉडी डिजाइन और पूरी तरह बंद केबिन इसे खास बनाता है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह हर मौसम में ड्राइवर को सुरक्षा और आराम देता है। इसमें 4.50-10 8 पीआर टायर लगे हैं। इसकी 13 डिग्री तक चढ़ने की क्षमता इसे फ्लाईओवर, रैंप और खराब सड़कों पर भी आसानी से चलने में मदद करती है।

## भारत में सार्वजनिक बैंकों का एकीकरण तेज, विदेशी निवेश बढ़ा

### पहले दो चरणों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 27 से घटकर 12 रह गए

**नई दिल्ली**

सरकार ने 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बड़ा और विश्वस्तरीय बनाने की योजना तेज कर दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार इस दिशा में भारतीय रिजर्व बैंक और बैंकों के साथ चर्चा शुरू हो चुकी है। पहले दो चरणों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 27 से घटकर 12 रह गए हैं। प्रमुख विलय में यूनाइटेड बैंक और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का पंजाब नेशनल बैंक में, सिंडिकेट बैंक का केनरा बैंक में, इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में, आंध्रा बैंक और कॉरपोरेशन बैंक का यूनियन बैंक में और देना तथा विजया बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय शामिल है। सरकार ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के एक अे धिकारी ने बताया कि रणनीतिक बिक्री मार्च 2026 तक पूरी होने की संभावना है। निजी बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश में तेजी देखी गई है। जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन ने यस बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी जबकि यूएई की एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने आरबीएल बैंक में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की। बीमा कानून संशोधन विधेयक, 2025 पारित होने के बाद अब बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश संभव है। साथ ही,



जीएसटी दर में कटौती से बीमा कंपनियों को भी लाभ मिलेगा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 में दो लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर को पार करने की संभावना है।

# इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन में त्याग और बलिदान का भाव हो : मुख्यमंत्री

वीर बाल दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए योगी आदित्यनाथ, सिख गुरुओं के अमर बलिदान को किया नमन

सीएम ने साहिबज़ादों के शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के लिए प्रधानमंत्री का किया धन्यवाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 26 दिसंबर।** धर्म रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के सुपुत्रों की स्मृति में वीर बाल दिवस एवं श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष पर शुक्रवार को आयोजित कीर्तन समागम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन में त्याग और बलिदान का भाव हो। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं ने स्वदेश और स्वधर्म के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की जो परंपरा स्थापित की, वही हमारी प्रगति का मार्ग है।

वीर बाल दिवस के अवसर पर शबद पाठ और कीर्तन समागम का आयोजन मुख्यमंत्री आवास, 5 कालिदास मार्ग पर हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम की शुरुआत में गुरु ग्रंथ साहिब को माथे लगाकर प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने शबद कीर्तन और साहिबज़ादों के अमर बलिदान की गाथा को सुना। कीर्तन पाठ करने वाले बच्चों को पटका पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने 'छोटे साहिबज़ादे' नाम की पुस्तिका का विमोचन भी किया।

उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाना, उनके स्वधर्म और स्वदेश के प्रति अमर बलिदान को नमन करने का अवसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने देशभर के सिख समाज की भावना को स्वीकार करते हुए इस दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास भारत में भक्ति और शक्ति का इतिहास है। गुरु नानक देव जी ने सिख धर्म की जो अलख जगाई, उसके प्रचार-प्रसार के लिए देश के कोने-कोने में गए। गुरु तेग बहादुर जी और गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने त्याग और बलिदान से इसे अनुकरणीय बनाया।

शबद कीर्तन समागम में मुख्यमंत्री ने सिख गुरुओं की परंपरा, उनके त्याग और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस का 350वां वर्ष मनाया जा रहा है और मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे कई बार उनके शहीदी दिवस के कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला। यह विशेष संयोग था कि जिस समय हम गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे, उसी दिन 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के हर स्कूल, कॉलेज और कार्यालय में वीर बाल दिवस के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं तथा साहिबज़ादों की गाथाएं पाठ्यक्रम में शामिल की गई हैं, ताकि नई पीढ़ी को बलिदान की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन में त्याग और बलिदान का भाव होता है। सिख धर्म की लंगर परंपरा सामाजिक समरसता का उदाहरण है,



जहाँ किसी की जाति या धर्म नहीं पूछा जाता। गुरु गोबिंद सिंह जी ने समाज को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज, माता गुजरी देवी, बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस प्रत्येक भारतीय युवा के लिए प्रेरणा का दिन है। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के आयोजनों में डबल इंजन सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में आनंद साहिब का पाठ और अरदास हुई। इसके बाद वह मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' एवं असीम अरुण के साथ लंगर में भी सम्मिलित हुए।

## दिल्ली-एनसीआर में जहरीली हवा से हालात गंभीर- डॉक्टरों दी लोगो को सलाह

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / दिल्ली-एनसीआर में एयर पॉल्यूशन लगातार खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (त्तक्ष्) 500 के पार पहुंच चुका है, जिससे लोगों के लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। जहरीली हवा का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। डॉ. नावेद सिद्दीकी (क्ख्रू) के अनुसार, प्रदूषित हवा से फेफड़ों और दिल को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति सबसे ज्यादा खतरनाक है। कई डॉक्टरों ने सांस से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को कुछ महीनों के लिए दिल्ली-एनसीआर छोड़ने तक की सलाह दी है। डॉ. नावेद सिद्दीकी का कहना है कि इस समय दिल्ली-एनसीआर की एयर क्वालिटी कई इलाकों में सीवियर कैटेगरी में बनी हुई है। दूर तक देखने पर हर तरफ धुआं-धुआं नजर आ रहा है और पिछले कई हफ्तों से हवा बेहद जहरीली बनी हुई है। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, घर से बाहर निकलने से बचें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। साथ ही, समय-समय पर डॉक्टर से परामर्श लेते रहें। डॉ. सिद्दीकी ने बताया कि अस्पतालों में आने वाले अधिकांश मरीज सांस लेने में तकलीफ, जुकाम, आंखों में जलन, आंखों से पानी आना, लालिमा और गले में खराश जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं। उनका कहना है कि दिल्ली का प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर पहुंच चुका है और अगर आज इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में यह लोगों की जिंदगी के लिए घातक साबित हो सकता है।



## न्यूज ब्रीफ

### मुकरबा चौक पर बुलेटप्रूफ गाड़ी और अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/अनिल गुप्ता /आउटर नार्थ दिल्ली के समयपुर बादली थाना अंतर्गत मुकरबा चौक पर पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से अवैध हथियार और बुलेटप्रूफ गाड़ी बरामद की गई है, पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही का संदेश गया है। आउटर नार्थ डिस्ट्रिक्ट डीसीपी हरेश्वर के स्वामी ने मीडिया को बताया कि दीपक मान पहले भी एक हत्या के मामले में शामिल रहा है और अंकित श्व हनी के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने इनके खिलाफ स्न्ढ्ढक्र नंबर 1320/25 दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई कर रही है, पुलिस के अनुसार, ये बदमाश इलाके में अपराध करने की फिराक में थे। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का संदेश गया है। फिलहाल पुलिस ने बताया कि ये बदमाश अपने आसपास के इलाके में आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे आज पुलिस की टीम ने इनकी गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया था और अब इन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लोक सभा अध्यक्ष ने त्रिपुरा विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री बिस्वा बंधु सेन के निधन पर शोक व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली, 26 दिसंबर 2025ः लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने त्रिपुरा विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री बिस्वा बंधु सेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनके परिवार को संबोधित एक संदेश में, श्री बिरला ने कहाः 'श्री बिस्वा बंधु सेन जी के असामयिक निधन का समाचार सुनकर मुझे अत्यंत दुख हुआ । प्रगाढ़ पीड़ा की इस घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएँ शोकाकुल परिवार के साथ हैं । श्री सेन का जीवन त्रिपुरा की जनता की सेवा के लिए समर्पित रहा । त्रिपुरा विधान सभा के पीठासीन अधिकारी के रूप में उन्होंने लोकतांत्रिक परंपराओं और विधायी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ किया । उनके निधन से त्रिपुरा के राजनीतिक और विधायी क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और इस कठिन समय में आपको और सभी शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने का संबल प्रदान करें। मेरी विनम्र श्रद्धांजलि ।

### अटल ज्ञानदीप सम्मान से सम्मानित हुए रणजीत यादव खाकी वाले गुरूजी



अर्थ प्रकाश/ हनुमान शरण पांडे / अयोध्या। अयोध्या के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में नियुक्त समाजसेवी सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव को सुरक्षा के साथ सेवा भावना के चलते उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अटल ज्ञानदीप सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण जी महाराज और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र व निदेशक राष्ट्र धर्म प्रकाशन श्री मनोजकांत के कर कमलों से स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान कर अलग अलग क्षेत्रों से कुल 6 लोगों को सम्मानित किया गया,जिसमें अयोध्या से खाकी वाले गुरूजी के नाम से प्रसिद्ध उपनिरीक्षक रणजीत यादव सम्मिलित रहे! इस कार्यक्रम के संयोजक प्रसिद्ध गीतकार रामायण धर द्विवेदी रहे! ज्ञात हो कि रणजीत यादव द्वारा अपनी ड्यूटी को वरीयता देते हुए शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है,इनके द्वारा अयोध्या के जयसिंहपुर वार्ड के मलिन बस्ती के गरीब, असहाय और भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को नवम्बर, 2021 से निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। इस समय खुले आसमान में पेड़ के नीचे कुल 70 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। शिक्षण के साथ ही उन्हें कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर, कटर, पेन,बैग, वस्त्र, चप्पल इत्यादि भी लोगों के सहयोग से निःशुल्क प्रदान करते हैं। रणजीत यादव ने शिक्षा की इस मुहिम को अपना स्कूल नाम दिया है! रणजीत यादव ने मलिन बस्ती के बच्चों के माता-पिता को जागरूक करके 35 बच्चों का एडमिशन नजदीक के सरकारी स्कूल में करवा दिया है अब वह सब रोजाना स्कूल जाते हैं। पुलिस की व्यस्ततम ड्यूटी से समय निकाल कर वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के कारण अयोध्या वासी प्यार से इन्हें फ्रखाकी वाले गुरुजीफ्र नाम से बुलाते हैं। रणजीत यादव द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किये जा रहे अनुकरणीय प्रयास के लिए अटल ज्ञानदीप सम्मान 2025 प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

नई दिल्ली कवि-हृदय राजनेता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर आज भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आदरणीय श्री नितिन नबीन जी तथा दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा जी के साथ सम्मिलित हुई।

श्रद्धेय अटल जी राजनीति और कविता के दुर्लभ संगम थे। उनके लिए सत्ता सेवा थी और शब्द राष्ट्रचेतना के स्वर। वे केवल राजनेता नहीं, काव्य-हृदय थे, जिनकी कविताओं में राष्ट्रप्रेम, करुणा और लोकतंत्र की आत्मा सजीव रूप में प्रवाहित होती है।



उनकी संवेदनशील लेखनी आज भी देश के जनमानस को दिशा और प्रेरणा देती है।

श्रद्धेय अटल जी के विचार और उनकी काव्यमयी स्मृतियां जनसेवा के इस यज्ञ में हमें सदैव प्रेरित करती रहेंगी।

इस आयोजन को अर्थपूर्ण बनाने वाले सभी कविजनों का आभार तथा कला और संस्कृति विभाग को इसके सफल आयोजन के लिए साधुवाद।

इस अवसर पर कैबिनेट सहयोगी श्री प्रवेश साहिब सिंह जी, श्री मनजिंदर सिंह सिरसा जी, श्री रविन्द्र इन्द्राज जी, श्री कपिल मिश्रा जी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## आनंद पर्वत थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः कुख्यात व आदतन लुटेरा गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश / अनिल गुप्ता /नई दिल्ली - डीसीपी सेंट्रल डिस्ट्रिक निधिन वाल्सन ने बताया कि केंद्रीय जिला पुलिस के अंतर्गत थाना आनंद पर्वत की टीम ने एक कुख्यात और आदतन लुटेरे को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित और समन्वित कार्रवाई में की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान *आकाश (उम्र 26 वर्ष), निवासी आनंद पर्वत नगर, दिल्ली* के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय श्री अंकुर पंघाल, जेएमएफसी-05, तिस हजारी कोर्ट, पश्चिम जिला द्वारा 03.11.2025 को एफआईआर संख्या 126/24, धारा 392/394/411/34 आईपीसी के तहत गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे। गैर-जमानती वारंट की तामील का कार्य थाना आनंद पर्वत के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र को सौंपा गया था, जो थाना प्रभारी आनंद पर्वत तथा एसीपी पटेल नगर के पर्यवेक्षण में कार्य कर रहे थे।22.12.2025 को हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र को विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि आरोपी रात लगभग 10:30 बजे होली चौक, बलजीत नगर, आनंद पर्वत के पास आएगा। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र ने सादे कपड़ों में मौके पर निगरानी रखी। कुछ ही देर में आरोपी के वहां पहुंचते ही उसे गुप्त सूचना देने वाले की मदद से मौके पर ही दबोच लिया गया। गहन पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह जल्दी पैसा कमाने के उद्देश्य से चोरी और लूट की वारदातों में शामिल रहा है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी एक आदतन अपराधी है और थाना आनंद पर्वत का बैड कैरेक्टर (BC) घोषित किया जा चुका है।



1.एफआईआर संख्या 94/2020, धारा 392/34 आईपीसी, थाना आनंद पर्वत

2.एफआईआर संख्या 126/2024, धारा 392/394/34 आईपीसी, थाना आनंद पर्वत

दिल्ली पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफलगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## योगी सरकार का बड़ा कदम, अनुसूचित जाति बाहुल्य 12,492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत सामाजिक समावेशन को मिल रही नई मजबूती

2025-26 तक 40त्न से अधिक अनुसूचित जाति आबादी वाले गांवों का सर्वांगीण विकास लक्ष्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 26 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे और कोई भी वर्ग मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समावेशन को मजबूती मिल सके। वर्ष 2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों की न्यूनतम जनसंख्या 500 निर्धारित की गई है, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

**ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर बनाने का प्रयास**

इन ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का निर्माण, सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बोरवेल, डिजिटल लाइब्रेरी, ट्रांसफॉर्मर, मोटर शेड, शवदाह गृह तथा पाइपलाइन एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**कार्यों में तेजी लाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू**

इस संबंध में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री शिव प्रसाद ने बताया कि समाज कल्याण की कार्यदायी संस्था क्क्रष्ठष्ह्र के माध्यम से अब तक 2562 ग्रामों में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 910 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के टर्मिनल वर्ष को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब ग्राम पंचायतों को ही कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। इससे एक ओर जहां प्रशासनिक प्रक्रिया सरल हुई है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है।

**सामाजिक समावेशन को किया जा रहा सशक्त**

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से योगी सरकार न केवल गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि अनुसूचित जाति समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी ठोस और दूरदर्शी पहल कर रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए ठोस नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो, हमीरपुर द्वारा भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



अर्थ प्रकाश /हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), 26 दिसंबर 2025। भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय संचार ब्यूरो, हमीरपुर द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोरंज, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विशेषज्ञ व्याख्यान प्रमुख रहे। स्वास्थ्य विषयों पर श्री अमरदीप सिंह, स्वास्थ्य शिक्षक, भोरंज द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधि श्री जी. सी. भाटिया एवं श्री अनिल कुमार ने सहभागिता की तथा बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता से संबंधित विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर श्री कुलवंत सिंह, खंड विकास अधिकारी, भोरंज खंड, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन एर. अनिल कुमार, प्राचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोरंज के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता प्राप्त की।

## धूमधाम से मनाया गया सिखों के दशम गुरु गोविंद सिंह का जन्मोत्सव

अर्थ प्रकाश / हनुमान शरण पांडे / अयोध्या। सिखों के दशम गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी का पावन जन्मोत्सव प्रकाश पर्व अयोध्या में श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब से निकाली गई शोभायात्रा की अगुवाई पंच प्यारों के साथ गुरु ग्रंथ साहिब की पावन सवारी ने की। शोभायात्रा शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण करती हुई पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंची। शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और गुरु गोविंद सिंह जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की गई तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। विशी छाबड़ा,प्रतिपाल सिंह पाली,रवि सिंह ,गगन सिंह छाबड़ा शीलम पांडेय, साधना,नेहा, पूजा यादव, अमरजीत कौर करमजीत सिंह छाबड़ा वरिष्ठ पत्रकार परमजीत कौर समाजसेविका परमिंदर कौरआदित्य प्रताप सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## माता-पिता बच्चों को बाणी और विरासत से जोड़ने के लिए उन्हें गुर इतिहास से अवगत कराएं : विधायक कुलवंत सिंह

गतका प्रतियोगिताओं में खालसा सेवा दल गतका अखाड़ा विजेता रहा

गुरुद्वारा नानक दरबार में शीघ्र शुरू होगा गतका अखाड़ा - फूल राज सिंह

शस्त्र कला में स्टंटबाज़ी और बाज़ीगरी का कोई स्थान नहीं - हरजीत ग्रेवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 26 दिसंबर 2025 ।** छोटे साहिबज़ादों और माता गुजर कौर जी की अतुलनीय शहादत की स्मृति को समर्पित, गतका एसोसिएशन जिला एस.ए.एस. नगर तथा सरब सांझा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित द्वितीय जिला स्तरीय गतका टूर्नामेंट के दौरान सिख युद्धकला के रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिले। गतका एसोसिएशन ऑफ पंजाब के तत्वावधान में सेक्टर-91 स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार के समीप मैदान में आयोजित इन पारंपरिक मुकाबलों में खालसा सेवा दल गतका अखाड़ा मोहाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिसल शहीदां गतका अखाड़ा द्वितीय तथा माता साहिब देवा गतका अखाड़ा (बालिकाएं) ने तृतीय स्थान हासिल किया।

लड़कियों की सोटी-फर्री (व्यक्तिगत) प्रतियोगिता में इशप्रीत कौर ने प्रथम और हरमनप्रीत कौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में लड़कों की श्रेणी में इंदरजीत सिंह प्रथम तथा बघेल सिंह द्वितीय रहे।

इस अवसर पर शस्त्र कला का फाइनल मुकाबला हलका विधायक सरदार कुलवंत सिंह ने विश्व गतका फेडरेशन के अंतरराष्ट्रीय मामलों के डायरेक्टोरेट के चेयरमैन फूल राज सिंह, नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल तथा सोसाइटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ करवाया।

अपने संबोधन में विधायक कुलवंत सिंह ने साहिबज़ादों की अद्वितीय शहादत का स्मरण करते हुए संगत को गुरु साहिब द्वारा दर्शाए मार्ग पर चलने, बाणी व विरासत की रक्षा करने और सेवा भावना को सुदृढ़ बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को अधिक से अधिक गुर इतिहास से परिचित कराएं। गुरुद्वारा साहिब में बच्चों के धार्मिक प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए उन्होंने सोसाइटी के प्रयासों की सराहना की तथा अगले वर्ष और अधिक बच्चों को इन आयोजनों से जोड़ने की अपील की।

सोसाइटी के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद फूल राज सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्षिक टूर्नामेंट में जिले की नौ गतका टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट युद्धकला प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस पारंपरिक खेल को विदेशों में और अधिक लोकप्रिय बनाने, बच्चों को बाणा और सिखी से जोड़ने तथा अधिक से अधिक गतका टीमें तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों में गतका फेडरेशनों का गठन किया जा रहा है। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और सोसाइटी की ओर से घोषणा की कि शीघ्र ही गुरुद्वारा नानक दरबार में विशेषज्ञ गतका कोच की देखरेख में एक गतका अखाड़ा प्रारंभ किया जाएगा।

गतका प्रमोटर ग्रेवाल ने गतका खेल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु साहिब द्वारा प्रदत्त इस शस्त्र विद्या में स्टंटबाज़ी और बाज़ीगरी का कोई स्थान नहीं है और सभी गतका अखाड़ों तथा खिलाड़ियों को ऐसी गतिविधियों से दूर रहना चाहिए।



इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में हरसिमरन सिंह बल डीएसपी, राजिंदर सिंह सिद्धू अध्यक्ष, रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर 90-91, कुलदीप सिंह समाणा, आर.पी. शर्मा एवं हरपाल सिंह चन्ना (दोनों पूर्व एम.सी.), अमरजीत सिंह सेक्टर 94, गुरदीप सिंह टिवाणा, गुरमीत सिंह, निहाल सिंह, गुरबीर सिंह, पलविंदर सिंह गोराया, विक्रमजीत सिंह, हरपाल सिंह, जसमिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह सराओ और दिलदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट के निर्णायक मंडल में हरसिमरन सिंह, शैरी सिंह, नरिंदरपाल सिंह, परदीप सिंह, अनमोलप्रीत कौर, मोनिका, जगप्रीत सिंह तथा हरप्रीत कौर ने सेवाएं निभाईं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में उभरते क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को खेल में असाधारण प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। 14 साल के वैभव ने घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल और अंडर-19 क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया है। वैभव ने जिस प्रकार से आक्रामक पारियां खेली है उससे उनकी तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से भी होने लगी है। प्रशसंकों का मानना है जिस प्रकार सचिन अपने कैरियर की शुरुआत में खेलते थे। वैसे ही वैभव भी खेल रहे हैं।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 5 से 18 साल के बच्चों को खेल, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान, समाज सेवा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। इस साल कुल 20 बच्चों को इस सम्मान के लिए चुना गया था, जिनमें वैभव शामिल थे।

इस सप्ताह की शुरुआत में उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 84 गेंद में 190 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और 15 छक्के शामिल थे। उन्होंने सिर्फ 36 गेंद में अपना शतक पूरा किया और लिस्ट ए क्रिकेट इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए।

वह सबसे उम्र में रणजी और आईपीएल खेलने वाले बल्लेबाज हैं। वैभव को पिछले साल सबसे कम उम्र में आईपीएल अनुबंध मिला था। तब उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था। अपने पहले आईपीएल मैच से पहले इस क्रिकेटर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर 19 मैच में 58 गेंदों पर ही शतक लगा दिया था। वहीं साल 2024 में अंडर-19 एशिया कप में भी उन्होंने दो अर्धशतक के साथ ही 44 की औसत से 176 रन बनाए थे। वैभव ने

आईपीएल के पहले ही मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। तब उन्होंने 20 गेंदों में 34 रन बनाए थे। अपने पहले आईपीएल में केवल सात पारियों में 14 साल के इस खिलाड़ी ने 36.00 की औसत और 206 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ शतक के साथ ही वह टी20 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाला खिलाड़ी बन गये। तब उन्होंने केवल 35 गेंदों में ही 7 चौके और 11 छक्के लगाकर शतक बनाया था। वहीं इंडिया अंडर 19 टीम के इंग्लैंड दौरे में वैभव ने 78 गेंदों में 143 रन बनाए जिसमें 13 चौके और 10 छक्के शामिल थे। ये इस टूर्नामेंट में सबसे तेज शतक था।

# विराट लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने वाले बल्लेबाज बने, बेवन का रिकार्ड तोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की ओर से खेल रहे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने दूसरे दिन गुजरात के खिलाफ 77 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर एक और रिकार्ड अपने नाम किया है। विराट अब लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के माइकल बेवन का रिकार्ड तोड़ा है। विराट ने 57.87 की औसत से रन बनाये जबकि बेवन ने 57.86

की औसत से बनाये थे।

विराट ने पहले मैच में आंध्र प्रदेश के खिलाफ शतक लगाया था। वहीं इस बार उन्होंने 61 गेंदों में 77 रन बनाए की पारी खेली जिसमें 13 चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने ये रहन 126 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बनाये। इस पारी के बाद लिस्ट ए क्रिकेट में उनका औसत अब सबसे ज्यादा 57.87 पहुंच गय है।

वहीं सबसे अधिक औसत के मामले में तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के सैम हैन का औसत 57.76 है। वहीं भारत के चेतेश्वर पुजारा औसत के मामले में चौथे नंबर पर हैं। उनका औसत 57.01 जबकि भारत के ही रुतुराज गायकवाड़ का औसत 56.68 है।

विराट ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान विराट तीन पारियों में 302 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने जिसमें उनका औसत 151.00 और स्ट्राइक रेट 117.05 था, जिसमें दो लगातार शतक और एक अर्धशतक शामिल था। दो बार शून्य पर आउट होने के बाद विराट ने अपनी अगली 6 पारियों में 146.00 के औसत से 584 रन बनाए।

# रिंकू सिंह ने 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से लगाया शतक, टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल होते ही दिखाया दम



**राजकोट (एजेंसी)।** रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में शतक लगाकर साबित कर दिया कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारत की टीम में उनका चयन क्यों हुआ है। रिंकू ने शुक्रवार 26 दिसंबर को राजकोट में चंडीगढ़ के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 मैच में फॉर्म में वापसी करते हुए 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से सिर्फ 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। द्रुष्टटी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टीम में शामिल होते ही उन्होंने अपना दम दिखाया और चयन को सही साबित किया।

उत्तर प्रदेश के कप्तान रिंकू ने अपनी टीम को आगे बढ़कर लीड किया और 60 गेंदों में 106* रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे उन्होंने चंडीगढ़ टीम से मैच पूरी तरह छीन लिया। यह रिंकू का दूसरा लिस्ट-ए शतक था। रिंकू की पारी में क्लीन हिटिंग और स्मार्ट शॉट सिलेक्शन देखने को मिला क्योंकि उन्होंने 11 चौके और चार छक्के लगाए। राजकोट में उनके रन 176.67 के शानदार स्ट्राइक रेट से आए।

मैच की बात करें तो अभिषेक गोस्वामी के सस्ते में आउट होने के बाद उत्तर प्रदेश शुरुआती मुश्किल में आ गया था। वहां से, आर्यन जुयाल और ध्रुव जुरेल ने मोर्चा संभाला और चंडीगढ़ के खिलाफ दूसरे विकेट के लिए 96 रनों की अच्छी साझेदारी करके पारी को संभाला। जुयाल ने 118 गेंदों में 7 चौकों और आठ छक्कों की मदद से शानदार 134 रन बनाए, जबकि स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज जुरेल ने 57 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 67 रनों का योगदान दिया।

# एशेज सीरीज में बॉक्सिंग-डे टेस्ट के पहले ही दिन गिरे 20 विकेट

**–ऑस्ट्रेलिया को मिली 46 रनों की बढ़त**



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से यहां शुरू हुए एशेज क्रिकेट सीरीज के बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच का पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा। ऑट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 152 रनों पर ही सिमट गयी। इसके बाद लगा कि इंग्लैंड के पास बड़ा स्कोर बनाने का अवसर था पर वह असफल रही और अपनी पहली पारी में 110 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार मैच में एक ही दिन में कुल 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड की ओर से जोश टंग ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से माइकल नेसर ने चार विकेट मिले।

इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 4 रन बना लिए थे। स्कॉट बोलैंड 4 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि ट्रेविस हेड ने अपना खाता नहीं खोला था। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 42 रनों की बढ़ मिली थी। इस प्रकार दिन के अंत में उनकी बढ़त 46 पर पहुंच गयी।

इससे पहले आज सुबह इंग्लैंड ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। माइकल नेसर ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए, जबकि उस्मान ख्वाजा ने 29 और एलेक्स कैरी ने 20 रन बनाये। टीम के पांच बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। इंग्लैंड की आरे से जोश टंग से सबसे अधिक 5 विकेट लिए जबकि गस एटकिंसन को 2 विकेट मिले, ब्रायडन कार्स और कप्तान बेन स्टोक्स ने 1-1 विकेट लिया।पहली पारी में टीम 45.2 ओवर में ही 152 रन पर ढेर हो गई। कंगारू टीम का एक भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं जमा सका। इंग्लैंड की तरफ से टंग ने अपने टेस्ट करियर में पहली बार एक पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने जैक वेदराल्ड 10, मार्नस लाबुशेन 6, स्टीव स्मिथ 9, माइकल नेसर 35 और स्कॉट बोलैंड 0 का विकेट लिया। वहीं गस एटकिंसन ने दो विकेट लिए। ब्रायडन कार्स और बेन स्टोक्स को एक-एक विकेट मिला।

इसके बाद इंग्लैंड के बड़ा स्कोर बनाने के सपने को ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और माइकल नेसर की जोड़ी ने तोड़ दिया। टीम ने 16 रनों के अंदर ही चार विकेट खो दिये।

स्टार्क ने जैक क्रॉली को 5 और बेन डकेट को 2 जबकि नेसर ने जैकब बेथेल 1) और स्टार बल्लेबाज जो रूट को खाता खोले बिना ही पेवेलिन भेज दिया। । सबसे अधिक 41 रन हैरी ब्रूक ने बनाये।

इंग्लैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में ही 110 रन पर पेवेलिन लौट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से माइकल नेसर ने 10 ओवर में एक मेडन सहित 45 रन देकर चार विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड को तीन विकेट मिले जबकि मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए। इस मैच में मेजबान टीम की कप्तान स्मिथ कर रहे हैं क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस टीम से बाहर हैं। वहीं स्पिनर नाथन लायन भी फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर हैं। इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर की जगह गस एटकिंसन को शामिल किया है।


# अमित मिश्रा ने बताया प्लेऑफ में पहुंच सकती हैं ये चार टीमें

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा ने कहा है कि कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 के प्ले ऑफ में पहुंच सकती हैं। इस पूर्व स्पिनर के अनुसार गुजरात टाइटंस को भी खिताबी दौड़ में कमजोर नहीं माना जा सकता है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, केकेआर, एमआई, एसआरएच, आरसीबी और जीटी। मेरे ख?याल से इन पांच में से कोई चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेगी। वहीं अमित ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को खिताबी दावेदार नहीं माना है जिससे सभी को हैरानी हुई है। सीएसके पांच बार की विवेता रही है।



मुंबई इंडियंस और आरसीबी ने नीलामी से पहले ही पसंदीदा खिलाड़ियों का रिटेन कर अपनी टीम मजबूत की है। वहीं अन्य टीमों ने मिनी नीलामी के जरिये टीम की ताकत बढ़ायी है। केकेआर ने कैमरन ग्रीन को रिकॉर्ड 25.2 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि सनराइजर्स ने लियाम लिविंगस्टन को 13 करोड़ रुपये में खरीदा। आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी और फाइनल मुकाबला 31 मई को खेला जाएगा

# वेंकटेश अय्यर के लिए आरसीबी की प्लेइंग 11 में जगह बनाना मुश्किल : पूर्व कप्तान




नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की मिनी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए 7 करोड़ रुपए खर्च किए लेकिन पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इस आकर्षक टी20 लीग के शुरुआती चरण में इस तेज गेंदबाजी हरफनमौला को एकादश में जगह मिलना मुश्किल होगा। मौजूदा चैंपियन RCB ने इस महीने की शुरुआत में नीलामी में अय्यर की पूर्व टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को पीछे छोड़कर इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने 16 दिसंबर को अबू धाबी में हुई नीलामी में अय्यर, जैकब डफी और मंगेश यादव समेत कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और मजबूत किया। 'जियोस्टार' के विशेषज्ञ कुंबले ने कहा, 'वेंकटेश अय्यर के लिए शुरुआती एकादश में जगह बनाना मुश्किल होगा। आप जीतने वाली टीम में संदेह पैदा नहीं करना चाहते। इसी सोच के चलते फ्रेंचाइजी ने रवि बिश्नोई पर बोली नहीं लगाई ताकि सुयश शर्मा को किसी अनुभवी भारतीय स्पिनर से खतरा महसूस न हो।' उन्होंने कहा, 'RCB को लगा था कि अय्यर को कोई और फ्रेंचाइजी अधिक बोली लगाकर खरीद लेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसलिए वे वेंकटेश अय्यर को पाकर खुश हैं।' कुंबले की कप्तानी में आरसीबी 2009 सत्र का उपविजेता बना था। वह 2011 में इस टीम के मुख्य कोच बने थे। इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने आईपीएल विजेता टीम के मूल खिलाड़ियों को बरकरार रखकर अच्छा काम किया है।

# चोपड़ा ने टी20 विश्वकप की अपनी पसंदीदा टीम में भी शुभमन को नहीं किया शामिल

**–श्रेयस को कप्तान बनाया**




**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप के लिए अपनी पसंदीदा टीम चुनी है। चोपड़ा की इस टीम में श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया गया है पर अनुभवी बल्लेबाज शुभमन गिल को शामिल नहीं किया गया है। इससे पहले टी20 विश्वकप के लिए जो भारतीय टीम घोषित की गयी थी उसमें भी शुभमन को जगह नहीं मिली थी। वहीं अब चोपड़ा ने उन 15 खिलाड़ियों को शामिल किया, जो विश्व के लिए चुने जाने के दावेदार थे, पर उन्हें जगह नहीं मिली थी। दोनो ही टीमों में जगह नहीं मिलने से साफ है कि अभी शुभमन को शीर्ष टॉप-30 टी20 खिलाड़ियों में भी जगह नहीं मिली है।

पसंदीदा टीम घोषित करने के बाद चोपड़ा ने कहा कि शुभमन को इसलिए जगह नहीं दी है क्योंकि उन्हें टीम के लिए किसी एंकर की जरूरत नहीं थी। इस पूर्व बल्लेबाल ने कहा, हमने उन्हें टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट के लिए छोड़ दिया है। इस समय जो माहौल बनाया गया है, उसके अनुसार ही हमने उन्हें नहीं जगह दी है जबकि कहा जा रहा है कि हमें उन्हें लेना चाहिए था। कई लोग कहते हैं कि मैं शुभमन का समर्थन करता रहा हूं। इस बार तो मैंने भी उन्हें जगह नहीं दी है। वहीं विश्वकप के लिए चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने कहा कि शुभमन की योग्यता पर कोई सवाल नहीं है पर इस समय टीम को किसी बल्लेबाज की नहीं बल्कि एक बैकअप विकेटकीपर की जरूरत थी। गौरतलब है कि भारतीय टीम टी20 विश्वकप में सैमसन और अभिषेक को सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतार सकती है जबकि ईशान किशन को रिजर्व खिलाड़ी रखा गया है।


शुभमन की जगह पर चोपड़ा ने भी यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ को पारी की शुरुआत के लिए रखा है। वहीं विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत और जितेश शर्मा को शामिल किया है। केएल राहुल रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखे गये हैं। चोपड़ा ने साफ किया कि राहुल उनकी अंतिम ग्यारह में नहीं रहेंगे। चोपड़ा ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ऋुणाल पांड्या को भी दल में शामिल किया है। चोपड़ा ने आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए इन दोनों को शामिल किया है।

**चोपड़ा की टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय पसंदीदा टीम**

मुख्य खिलाड़ीः श्रेयस अय्यर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, ऋषभ पंत, जितेश शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, ऋुणाल पंड्या, दीपक चाहर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज और भुवनेश्वर कुमार।

बेंचः मोहम्मद शमी, केएल राहुल, विप्रज निगम, शशांक सिंह।

# पहली बार आईपीएल खेलने को लेकर उत्साहित हैं मंगेश




नई दिल्ली । पहली बार आईपीएल खेलने जा रहे मध्यप्रदेश के बांए हाथ के युवा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मंगेश यादव बेहद उत्साहित है। मंगेश ने कहा कि मिनी नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरबीसी) ने जब उन्हें 5.2 करोड़ रुपए में खरीदा तो उन्हें इसका भरोसा नहीं हुआ। ये उनके लिए किसी सपने के सच होने के समान है। मंगेश के अनुसार चार फ्रेंचाइजियों के बोली लगाने से भी वह हैरान थे। मंगेश 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। आरसीबी में वह तेज गेंदबाज यश दयाल की जगह शामिल किये गये हैं। इस युवा तेज गेंदबाज ने कहा है कि उन्हें अपने राज्य के अनुभवी खिलाड़ियों से जो सलाह मिली उससे भी उससे लाभ मिला है। इस क्रिकेटर ने कहा कि मुझे सीनियर क्रिकेटरों रजत पाटीदार, वेंकटेश अय्यर और आनंद राजन से भी सहयोग मिला है। आईपीएल में सफलता के उत्साह के बाद भी मंगेश का माना है कि घरेलू क्रिकेट सबसे अहम है और उसकी पर उनका ध्यान रहेगा। साथ ही कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की ओर से अच्छा प्रदर्शन करना है।

# इरफान पठान ने सुपर जायंटस की बल्लेबाजी को कमजोर बताया



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने आईपीएल 2026 के लिए की लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाजी को कमजोर बताया है। पठान ने कहा कि जिस प्रकार से टीम ने मिनी नीलामी में खरीददारी की है। उसमें भी उसने गेंदबाजी पर ही जोर दिया। इससे उसके पास अच्छे गेंदबाज तो काफी हो गये हैं पर अच्छे बल्लेबाजों की उसे कमी है। की जरूरत है। पठान ने कहा टीम के पासा एनरिक नॉर्टजे जैसा तेज गेंदबाज और वानिन्दु हसरंगा जैस स्पिनर है। उसके पास तेज गेंदबाजी सहित सभी क्षेतों में अच्छे विकल्प हैं पर बल्लेबाजों की कमी नजर आती है। पठान ने कहा, आयुष बडोनी और अब्दुल समद के अलावा उसे एक और अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। मुझे उम्मीद थी कि वह लिविंगस्टोन जैसे किसी खिलाड़ी को खरीदेगा पर ऐसा नहीं हुआ। कुल मिलाकर टीम को अभी भी कम से कम पांच अच्छे स्तर के बल्लेबाज चाहिये। उन्होंने स्ट्रेलियाई विकेटकीपर जोश इंग्लिस को 8.6 करोड़ रुपए में खरीदने पर भी सवाल उठाते हुए कह कि उसे केवल चार आईपीएल मैचों के लिए खरीदना फायदेमंद नहीं है। हैं। वहीं पूर्व बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने कहा, अगर आप सुपरजायंटस के बल्लेबाजी क्रम को देखें तो वह भी सनराइजर्स की ही तरह ही आक्रामक हैं पर उसके बल्लेबाज लंब पारियां नहीं खेल सकते। इंग्लिस अगर पूरे सत्र के लिए उपलब्ध होते तो भी फायदेमंद नहीं रहते। इसका कारण है कि वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए नहीं रखे गये हैं। अब्दुल समद, आयुष बडोनी, एडेन मार्करम, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, हिम्मत सिंह, ऋषभ पंत (कप्तान), निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, शाहबाज अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, मयंक यादव, अवेश खान, मोहसिन खान, मणिमारन सिद्धार्थ, दिगवेश राठी, प्रिंस यादव, आकाश सिंह।

# हॉकी इंडिया लीग के बाद विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा लक्ष्य हरमनप्रीत




चेन्नई । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि टीम का लक्ष्य विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। । हरमनप्रीत ने कहा कि हॉकी इंडिया लीग के बाद टीम विश्व कप की तैयारी करेगी। हरमनप्रीत सिंह ने कहा, पिछले दो ओलंपिक में हमने कांस्य पदक जीते हैं जिससे विश्वकप में हम बढ़े हुए मनोबल से उतरेंगे। हॉ लीग के बाद हमारे पास विश्व कप की तैयारी के लिए पर्याप्त समय रहेगा। हॉकी इंडिया लीग 3 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक खेली जाएगी। लीग की शुरुआत 3 जनवरी को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में तमिलनाडु ड्रैगन्स बनाम हैदराबाद तूफान्स मुकाबले से होगी। इस लीग में कुल आठ टीमें शामिल होंगी जिसमें तमिलनाडु ड्रैगन्स, हैदराबाद तूफान्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स (डिफेंडिंग चैंपियन), वेदांता कलिंगा लांसर्स, रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स और एचआईएल गवर्निंग काउंसिल हैं। लीग सिंगल राउंड–रॉबिन फॉर्मेट में होगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। इसमें 23 और 25 जनवरी को क्वालीफायर मुकाबले के बाद 26 जनवरी को भुवनेश्वर में फाइनल खेला जाएगा।

# सूरज शर्मा ने जीते सीनियर और जूनियर 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल राष्ट्रीय खिताब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने शुक्रवार को 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (RFP) पुरुष वर्ग में सीनियर और जूनियर दोनों राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किए। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित इस प्रतियोगिता में सूरज ने पहले जूनियर फाइनल में 30 हिट्स के साथ स्वर्ण पदक जीता और बाद में सीनियर फाइनल में भी दबदबे के साथ खेलते हुए 31 हिट्स के साथ दूसरा खिताब हासिल किया।

सीनियर फाइनल में सूरज ने दमदार शुरुआत करते हुए अपने पहले 20 में से 19 निशाने साधे और कुल 31 हिट्स के साथ मुकाबला समाप्त किया। वह पंजाब के डिफेंडिंग चैंपियन विजयवीर सिद्धू से तीन हिट्स आगे रहे, जिन्हें 28 हिट्स के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। राजस्थान के भावेश शेखावत ने 24 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। अंकुर गोयल 14 हिट्स के साथ चौथे स्थान पर रहे। उन्हें आंध्र प्रदेश के मुकेश नेलावल्ली के खिलाफ लगातार तीन शूट-ऑफ खेलने पड़े, जिसके बाद मुकेश 12 हिट्स के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

हरियाणा के आदर्श सिंह ने पांच हिट्स के साथ छठा स्थान हासिल किया। क्वालिफिकेशन राउंड में अंकुर गोयल ने 582-203 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। विजयवीर सिद्धू 580-183 के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि आदर्श सिंह ने 579-223 के साथ तीसरा स्थान पाया। मुकेश नेलावल्ली 579-173 के साथ चौथे स्थान पर रहे। बाद में स्वर्ण पदक जीतने वाले सूरज शर्मा ने 579-123 के साथ पांचवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, जबकि भावेश शेखावत ने 577-223 के साथ शीर्ष छह में जगह बनाई।

जूनियर पुरुष आरएफपी फाइनल में भी सूरज शर्मा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 30 हिट्स के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुकेश नेलावल्ली ने 25 हिट्स के साथ रजत पदक हासिल किया। हरियाणा के जतिन ने शूट-ऑफ के बाद 22 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। समीर 17 हिट्स के साथ चौथे, भाव्या शर्मा आठ हिट्स के साथ पांचवें और अभिनव चौधरी छह हिट्स के साथ छठे स्थान पर रहे। सीनियर टीम स्पर्धा में पंजाब ने 1725 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। टीम में विजयवीर सिद्धू, उधयवीर सिद्धू और राजकंवर सिंह संधू शामिल थे।

हरियाणा ने 1722 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि नेवी ने 1711 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। जूनियर टीम वर्ग में हरियाणा ने 1705 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश ने 1689 के साथ रजत और नेवी ने 1667 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिताएं शनिवार, 27 दिसंबर 2025 को भोपाल स्थित एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी में जारी रहेंगी, जहां 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस महिला फाइनल आयोजित किए जाएंगे। दिन का पहला फाइनल सुबह 9:00 बजे शुरू होगा।

